CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

रजत जयंती विशेष संस्करण

3 राज्य
8 संस्करण
19.52 लाख
पाठक

मुजफ्फरनगर, सोमवार 15 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक २४४ पृष्ठ 12+12 मूल्य रुपये 5.00

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि शाह टाइम्स देहरादून अपनी पत्रकारिता की सफल यात्रा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत जयंती अंक का प्रकाशन कर रहा है। उत्तराखंड राज्य निर्माण की 25 वर्षों की यात्रा के साथ दैनिक शाह टाइम्स राज्य की विकास यात्रा में अपनी सहभागिता निभाते हुए निरंतर आगे बढ़ रहा है।

21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखंड का दशक बनाने तथा राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष में उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने के लिए हम विकल्पहीन संकल्प के साथ प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रहे हैं। राज्य के समग्र विकास की हमारी सोच को साकार करने में शाह टाइम्स भी अपनी सकारात्मक पत्रकारिता के मिशन के साथ सहयोगी बने, यही अपेक्षा है। शाह टाइम्स की गढ़वाल एवं कुमाऊं के विभिन्न क्षेत्रों तक पहुंच उसकी पाठकों में लोक. प्रियता का प्रमाण है। समाजहित से जुड़े दायित्वों के निर्वहन की इसकी निरंतरता बनी रहे, यही मेरी कामना है। शाह टाइम्स के 25 वर्ष रजत जयंती अंक के सफल प्रकाशन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।



**पुष्कर सिंह धामी,**
**मुख्यमंत्री उत्तराखंड**

यह अत्यन्त प्रसन्नता का विषय है कि **दैनिक शाह टाइम्स** की और से रजत जयंती अंक का प्रकाशन किया जा रहा है। किसी भी समाचार पत्र के लिए 25 वर्षों की सफल यात्रा का कालखण्ड निश्चय ही गर्व और सम्मान की अनुभूति का विषय होता है।

सामाजिक सरोकारों तथा सार्वजनिक हित से जुड़कर ही समाचार पत्रों की वास्तविक सार्थकता सिद्ध होती है। राज्य सरकार द्वारा संचा. लित जनहितकारी नीतियों और योजनाओं को समाज के अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने का दायित्व निभाना ही सार्थक पत्रकारिता मानी जाती है।

सामाजिक सरोकारों के प्रति पत्रकारिता के महत्त्वपूर्ण दायित्वों के कारण ही इसे लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है। सार्थक पत्रका. रिता का उद्देश्य यही होना चाहिए कि वह प्रशासन और समाज के बीच एक सशक्त कड़ी का कार्य करे। दैनिक शाह टाइम्स अपनी स्वस्थ पत्रकारिता की प्रतिबद्धता के साथ प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सहभागी बने, यही अपेक्षा है। दैनिक शाह टाइम्स के 25 वर्षों की इस रजत जयंती यात्रा एवं इसके सफल प्रकाशन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



**बंशीधर तिवारी**
**महानिदेशक सूचना एवं लोक संपर्क उत्तराखंड**

**आज हृदय** अपार संतोष और गर्व से भरा है कि 25 वर्ष पूर्व दैनिक शाह टाइम्स के रूप में जिस छोटे से पौधे को मैंने अपने हाथों से सींचा था, आज वह एक विशाल, घना और छायादार वटवृक्ष बन चुका है। हमें इस बात का भी गौरव है कि इस पूरी यात्रा में हमने पत्रकारिता के उच्च आदर्शों और मूल्यों को कभी डिगने नहीं दिया। इस गौरवपूर्ण रजत जयंती वर्ष के पावन अवसर पर, मैं अपने समस्त प्रबुद्ध पाठकों, सम्मानित विज्ञापनदाताओं, स्नेही शुभचिंतकों और प्रत्येक कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी को हृदय की अतल गहराइयों से हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं अर्पित करता हूं।

**सम्पादक**




# 25 वर्ष: सच का बेमिसाल सफर

**देहरादून।** पत्रकारिता केवल सूचना देना नहीं, समाज को दिशा देना भी है। इस विचारधारा को आत्मसात करते हुए, वर्ष 1999 में मुजफ्फरनगर से प्रकाशित होने वाला प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक शाह टाइम्स, पृथक राज्य बनने के बाद उत्तराखंड की भूमि पर वर्ष 2001 में पहली बार कदम रखता है। राज्य गठन के साथ ही समाचार जगत में यह एक नया अध्याय था। कुमाऊं मंडल से हल्द्वानी संस्करण और गढ़वाल मंडल से देहरादून संस्करण के रूप में शाह टाइम्स ने अपने क्षेत्रीय संस्करणों का शुभारंभ किया। यह केवल एक अखबार की शुरुआत नहीं थी, बल्कि नवोदित राज्य के विकास की यात्रा में एक सहयोगी की भूमिका और समाज के प्रति एक उत्तरदायित्वपूर्ण यात्रा का आरंभ था। उत्तराखंड के निर्माण से लेकर विकास तक के हर मोड़ का साक्षी बनने की यात्रा।

### प्रकाशन यात्रा: शब्दों से सरोकार तक

उत्तराखंड के निर्माण के साथ ही जब नई व्यवस्थाएं आकार ले रही थीं, उसी समय शाह टाइम्स ने इस नवोदित राज्य की नब्ज को पहचाना। हल्द्वानी और देहरादून से शुरू हुए इन दो संस्करणों ने पहाड़ के गांवों से लेकर राजधानी के गलियारों तक, जनभावनाओं को स्वर देने का कार्य किया। यह यात्रा केवल समाचार छापने की नहीं थी। यह यात्रा जन-सरोकारों की, स्थानीय मुद्दों की, और नीतियों पर जन अभिव्यक्ति को स्थान देने और सवाल उठाने की थी।

### सकारात्मक पत्रकारिता का दर्पण

पिछले 25 वर्षों में जब उत्तराखंड ने राजनीतिक उठापटक, प्राकृतिक आपदाएं और विकास की ऊंचाइयों के बीच संतुलन साधने की कोशिश की, तब शाह टाइम्स हर मोड़ पर एक सजग प्रहरी के रूप में खड़ा रहा। चकराता के जंगलों में आग हो या जोशीमठ का भू-धंसाव, चारधाम यात्रा की कठिनाइयां हों या राज्य की राजनीति में आया संकट हो।

शाह टाइम्स की रिपोर्टिंग ने जनता की समस्याओं को न केवल उजागर किया, बल्कि नीति-निर्माताओं तक पहुंचाया। सरकार की जनहितकारी योजनाओं को भी प्रभावशाली ढंग से जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राजनीतिक तटस्थता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता इस अखबार की सबसे बड़ी पहचान रही है।



**एम. फहीम 'तन्हा'**

### चुनौतियों भरा, लेकिन डिगा नहीं सफर

पिछले 25 वर्षों में शाह टाइम्स ने पत्रकारिता के उसूलों पर कभी समझौता नहीं किया। कई बार बाजार की प्रतिस्पर्धा ने चुनौती दी, कभी तकनीकी संसाधनों की कमी ने रफ्तार धीमी की, तो कभी राजनीतिक दबावों ने कठिन हालात खड़े किए। लेकिन हल्द्वानी और देहरादून संस्करण की टीमों ने सर्दी, गर्मी, बरसात की परवाह किए बिना खबरों की तलाश में, सच्चाई की खोज में, और जनहित की रक्षा में अपना संपूर्ण योगदान दिया।

### जनता का प्रेम: सबसे बड़ा पुरस्कार

खबरें छुपाता नहीं, छापता है के स्लोगन को आत्मसात करते हुए दैनिक शाह टाइम्स ने राज्य के हर जिले, हर तहसील और हर कस्बे तक अपनी पकड़ बनाई। इस अखबार को पाठकों ने हमेशा विश्वसनीय साथी माना। एक ऐसा साथी जो, न तो सनसनी फैलाता है, न ही किसी प्रकार की चाटुकारिता की पत्रकारिता करता है, बल्कि तथ्यों के साथ सच की बात करता है। 25 वर्षों बाद भी शाह टाइम्स पत्रकारिता में एक सम्मानित नाम है और जनता का अटूट विश्वास भी।

### ऐतिहासिक दिन: जब एनडी तिवारी बने सम्पादक

दैनिक शाह टाइम्स के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय तब जुड़ गया, जब उत्तराखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री, पंडित नारायण दत्त तिवारी, देहरादून के सुभाष रोड स्थित अखबार के कार्यालय में पधारे। यद्यपि उनका आगमन एक शिष्टाचार भेंट तक सीमित था, किंतु संपादकीय कक्ष की दहलीज पर कदम रखते ही उनके भीतर का जन्मजात पत्रकार सहसा जाग उठा। उन्होंने बिना किसी औपचारिकता के तत्काल तत्कालीन स्थानीय संपादक नरेंद्र सेठी और उप-संपादक मोहम्मद शाहनजर के साथ उस दिन की प्रमुख खबरों पर गहन विमर्श किया। लगभग एक घंटे तक, पंडित तिवारी ने स्वयं बड़ी दिलचस्पी और गहनता से समाचार संपादन की कमान संभाली। यह अविस्मरणीय क्षण दैनिक शाह टाइम्स की संपादकीय स्वतंत्रता, उसकी अकाट्य साख और पत्रकारिता के प्रति उसकी अडिग गंभीरता का एक उदात्त प्रमाण बन गया।

### समर्पण की टीम

किसी भी अखबार की सफलता के पीछे एक जुझारू टीम होती है। हल्द्वानी और देहरादून की टीमों सहित शाह टाइम्स के सभी संस्करणों में प्रत्येक स्टेशन पर कार्यरत संपादकीय टीम के साथियों ने समाचारों की डेडलाइन से परे जाकर, जनसरो. कारों, क्षेत्रीय मुद्दों और लोक संस्कृति को महत्व दिया। संवाददाताओं से लेकर संपादकों तक, सभी ने ग्राउंड रिपोर्टिंग को प्राथमिकता दी, जिससे अखबार कुर्सी से नहीं, जमीन से जुड़ा महसूस हुआ। शाह टाइम्स की संपादकीय टीम का संचालन कार्यकारी संपादक के रूप में 21 वर्षों से आनन्द बत्रा सुमन सफलतापूर्वक अंजाम दे रहे हैं।

### नवाचार और भविष्य की ओर दृष्टि

आज जब पारंपरिक रूप से चलने वाला प्रिंट मीडिया डिजिटल हो रहा है, तो शाह टाइम्स ने भी डिजिटल विस्तार, सोशल मीडिया, और मोबाइल रीडिंग जैसे पहलुओं में अपने प्रभावी कदम बढ़ाए हैं। पत्रका. रिता के मूल्य, निष्पक्षता, उत्तरदायित्व व जनहित से जुड़े सरोकार जैसे सिद्धांत डिजिटल होने के बावजूद जस के तस हैं।

### रजत से स्वर्ण की ओर

25 वर्षों की यह रजत यात्रा शाह टाइम्स की सदाबहार प्रासंगिकता का प्रतीक है। उत्तराखंड के जन-जीवन से जुड़ाव, राज्य के हर मोड़ पर सच्चाई को सामने रखने का साहस के प्रति निष्ठा। यही शाह टाइम्स की पहचान है। अब यह रजत पड़ाव स्वर्णिम भविष्य की ओर बढ़ते कदमों की तैयारी है। **शब्द रुके नहीं हैं, यात्रा जारी है।**

## 8 संस्करणों का सफर

## दमदार भूमिका

### मुजफ्फरनगर




शाह पब्लिकेशन द्वारा 6 सितंबर 1999 को जनसरोकारों और सकारात्मक पत्रकारिता के दृष्टिकोण को आगे रखते हुए शुरू किया गया हिंदी दैनिक समाचार पत्र शाह टाइम्स आज तीन राज्यों में 8 संस्करणों के साथ निष्पक्ष और सबसे भरोसेमंद पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। इन राज्यों के विकास में शाह टाइम्स ने सदैव एक प्रेरक की भूमिका निभाई है। यह अखबार 25 वर्षों में एक विशाल वृक्ष बन गया, जो उत्तर भारत में हिंदी पत्रकारिता का मजबूत स्तंभ है। इसकी लोकप्रियता का अंदाजा इसके स्लोगन खबरें छुपाता नहीं। छापता है की व्यापक पहचान और पाठकों के बीच इसकी विश्वसनीयता से लगाया जा सकता है। यह अखबार पूरे उत्तराखंड में एकमात्र ऐसा प्रकाशन है जो सभी जिलों में सामान्यत: एक समान पठन सामग्री उपलब्ध कराता है, जिससे क्षेत्रीय एकता को बढ़ावा मिला।

### देहरादून

26 मार्च 2001 को उत्तराखंड की राजधानी देहरादून से गढ़वाल संस्करण की शुरुआत करने वाला दैनिक शाह टाइम्स उत्तराखंड के गढ़वाल मंडल की पत्रकारिता में एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन चुका है। इस अखबार ने राज्य के सामाजिक, राजनी. तिक, आर्थिक और सांस्कृतिक परि.श्य में घटित तमाम प्रमुख घटनाओं को न केवल सूक्ष्मता से कवर किया, बल्कि विकास से जुड़ी जनसमस्याओं को भी प्रभावशाली ढंग से उजागर किया।



### नई दिल्ली



देश की राजधानी नई दिल्ली से 29 नवंबर 2002 अपने नई दिल्ली संस्करण की शुरुआत कर राष्ट्रीय पत्रकारिता के क्षेत्र में एक सशक्त उपस्थिति दर्ज की। ऐतिहासिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण दिल्ली न केवल भारत की सत्ता का केंद्र है, बल्कि विविधता में एकता, आधुनिकता और परंपरा का अद्वितीय संगम भी है। अपनी निर्भीक पत्रकारिता और वस्तुनिष्ठ .ष्टिकोण के साथ यह संस्करण राष्ट्रीय राजधानी के सामाजिक व राजनीतिक परि. श्य का एक विश्वसनीय दर्पण बन चुका है।

### मुरादाबाद



दैनिक शाह टाइम्स ने मुरादाबाद 11 अप्रैल 2003 में अपने मुरादाबाद संस्करण की शुरुआत की। पीतल नगरी के नाम से प्रसिद्ध मुरादाबाद न केवल अपने हस्तशिल्प उद्योग के लिए जाना जाता है, बल्कि यह सांस्कृतिक विविधता, व्यापारिक सक्रियता और शैक्षणिक प्रगति का भी केंद्र रहा है। इन वर्षों में दैनिक शाह टाइम्स ने मुरादाबाद मंडल की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक गतिविधियों को निष्पक्ष, संवे. दनशील तथा जनपक्षधर पत्रकारिता के माध्यम से प्रस्तुत किया।


### हल्द्वानी



22 अप्रैल 2003 को कुमाऊं संस्करण के साथ दैनिक शाह टाइम्स ने कुमाऊं मंडल में जनभावनाओं, विकास संबंधी मुद्दों और प्रशासनिक गतिविधियों को निष्पक्षता और गंभीरता से प्रस्तुत करते हुए इसने जनता और शासन के बीच संवाद का मजबूत माध्यम तैयार किया है। क्षेत्रीय सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता के चलते यह संस्करण कुमाऊं की पत्रकारिता में एक विश्वसनीय महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

### मेरठ

मेरठ संस्करण की शुरुआत मेरठ 13 फरवरी 2007 में हुई थी। ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक .ष्टि से समृद्ध मेरठ न केवल 1857 की क्रांति की पहली चिंगारी के लिए जाना जाता है, बल्कि यह आज भी खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और उद्योग के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। मेरठ मंडल की राजनीतिक हलचलों, सामा. जिक बदलावों, प्रशासनिक नीतियों और जन आंदोलन की गहराई से रिपोर्टिंग करते हुए शाह टाइम्स ने जनता की आवाज को मजबूती से उठाया है।



### जुड़े पत्रकारिता व साहित्य के बड़े हस्ताक्षर

शाह टाइम्स की इस 25 वर्षों की रजत यात्रा में पत्रकारिता एवं लेखन के प्रसिद्ध हस्ताक्षर डॉ. मेहरुद्दीन खां, पत्रकारिता के भीष्म पितामह के नाम से प्रसिद्ध श्याम अंजान और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. कमलेश्वर सहित कई अन्य बड़े वरिष्ठ पत्रकारों और साहित्यकारों के उल्लेखनीय योगदान एवं सहयोग ने अखबार की सफलता को नई ऊंचाइयां दीं। जिसमें संपादकीय टीम के साथ तकनीकी टीम और अन्य स्टाफ का भी महत्वपूर्ण योगदान है।

### बरेली



बरेली संस्करण की 18 जुलाई 2003 को में शुरुआत कर शाह टाइम्स ने रुहेलखंड क्षेत्र की पत्रकारिता में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ा। सांस्कृतिक, धार्मिक और औद्योगिक दृष्टि से विशिष्ट पहचान रखने वाला बरेली, झुमका नगरी के नाम से प्रसिद्ध है और यहां का सर्जिकल, फर्नीचर व बांस उद्योग राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ चुका है। पत्रकारिता के माध्यम से यह संस्करण बरेली के विकास यात्रा का सजीव दस्तावेज बन चुका है।

### लखनऊ



उप्र की राजधानी लखनऊ से 1 अगस्त 2009 आठवें संस्करण की शुरुआत की। अपनी तहजीब, नवाबी विरासत और साहित्यिक परंपरा के लिए प्रसिद्ध लखनऊ न केवल प्रशासनिक और राजनीतिक केंद्र है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कला और उद्योग के क्षेत्र में भी इसकी विशिष्ट पहचान है। अपनी निष्पक्ष, सटीक और जनहितकारी पत्रकारिता के माध्यम से यह संस्करण लखनऊ और उत्तर प्रदेश के विकास यात्रा का सशक्त साक्षी बन चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन विभागों को भी मिलेगी कैशलेस चिकित्सा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षक दिवस पांच सितम्बर को सभी शिक्षकों के लिए की गई कैशलेश चिकित्सा सुविधा का लाभ देने की घोषणा की गई थी। इस सुविधा का लाभ बेसिक, माध्यमिक, उच्च शिक्षा के साथ ही श्रम, समाज कल्याण व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के शिक्षकों-कर्मचारियों को भी मिलेगा। माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से इन सभी विभागों को पत्र भेजकर निर्धारित प्रोफार्मा पर सूचना मांगी गई है। मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुसार बेसिक, माध्यमिक व उच्च शिक्षा विभाग के शिक्षकों के साथ ही शिक्षामित्रों, अनुदेशकों व रसोइयां को इस योजना का लाभ मिलना था।

### यूपी का रहस्यमयी मठ, जो भी अंदर गया, जिंदा नहीं बचा

**बलिया।** यूपी के बलिया में एक रहस्यमयी मठ है, जिसके अंदर जिसने भी प्रवेश किया, वह जिंदा नहीं बचा। इसकी मान्यता काफी अजीबो-गरीब है। यहां आज दिन तक कोई ऐसा मठाधीश नहीं रहा, जो जीते जी मठ से कभी बाहर निकला हो। इस मठ में खुद कपिलमुनि पांडेय ने तपस्या करते हुए एक लक्ष्मण रेखा खींच दी थी। साथ ही आदेश दिया था कि कोई भी मठाधीश इस सीमा को पार न करे। तब से लेकर आज तक इस मठ की परंपरा और डर, दोनों बरकरार हैं। यहां के मठाधीश बाहर की दुनिया नहीं देख सकते हैं। यह रहस्यमयी मठ बैरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत रकबा टोला गांव में है। इस मठ का नाम मुन जी बाबा की मठिया है। वर्तमान मठाधीश जयनारायण पांडेय के अनुसार वह इस परंपरा की आठवीं पीढ़ी में महंथ हैं।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नियुक्ति पर लगाई रोक, सरकार से मांगा जवाब

# कंप्यूटर शिक्षक भर्ती में गैर बीएड धारकों को झटका

**प्रयागराज, वार्ता**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कंप्यूटर शिक्षक भर्ती में गैर बीएड धारकों को तगड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने सहायक अध्यापक (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) कंप्यूटर पदों की भर्ती में गैर बीएड डिग्रीधारकों की नियुक्ति पर रोक लगा दी है।



कंप्यूटर शिक्षक भर्ती में बीएड की अनिवार्यता समाप्त करने पर सरकार से दो हफ्ते में जवाब तलब किया है। हालांकि, भर्ती प्रक्रिया जारी रहेगी। यह आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति अरुण कुमार की अदालत ने जौनपुर निवासी प्रवीन मिश्रा व अन्य की ओर से वर्ष 2024 में बने छठे संशोधन नियम और उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से 2025 में विज्ञापित सहायक अध्यापक भर्ती को चुनौती देने

**सरकार की दलील मानने से किया इन्कार**

वाली याचिका पर दिया है। कोर्ट ने कहा कि इस पद पर नियुक्ति के लिए बीएड की डिग्री अनिवार्य है, जबकि राज्य सरकार ने इसे केवल वांछनीय योग्यता बताकर भर्ती की राह आसान करने की कोशिश की। कोर्ट ने साफ किया कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की अधिसूचना को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि छठे संशोधन नियम व आयोग के विज्ञापन में कहा गया कि कंप्यूटर शिक्षक के पद पर बीएड केवल वरीयता मानी जाएगी, अनिवार्य नहीं, जबकि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की अधिसूचना के मुताबिक कंप्यूटर शिक्षक के पद पर नियुक्ति के लिए बीएड अनिवार्य योग्यता है। इसके खिलाफ याचियों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। याचियों के अधिवक्ता ने दलील दी कि एनसीटीई की 12 नवम्बर 2014 की अधिसूचना में बीएड को माध्यमिक स्तर के सभी अध्यापक पदों के लिए न्यूनतम योग्यता घोषित किया गया है। इसलिए राज्य सरकार इसे बदल नहीं सकती। वहीं राज्य सरकार के अधिवक्ता ने दलील दी कि 2018 की भर्ती में बीएड योग्य अभ्यर्थियों की कमी के कारण बड़ी संख्या में पद रिक्त रह गए थे। छात्रों के हित में संशोधन कर अधिक उम्मीदवारों को अवसर देने की कोशिश की गई। अदालत ने सरकार की दलीलों को मानने से इन्कार कर दिया।

### यूपी के सर्वोदय विद्यालयों और छात्रावासों में श्रमदान शुरू

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने राज्य के सभी सर्वोदय विद्यालयों और छात्रावासों में हर रविवार को श्रमदान अभियान शुरू किया है। इस पहल के तहत विद्यार्थी खुद अपना परिसर सजाएंगे। इस कार्यक्रम का मकसद विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को नई गति देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक और अभिनव कदम बढ़ाया है। सीएम योगी के मार्गदर्शन और समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के निर्देश पर प्रदेश के सभी जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों और राजकीय छात्रावासों में प्रत्येक रविवार श्रमदान कार्यक्रम शुरू हो गया है। सरकार की इस नई पहल के तहत अब सर्वोदय विद्यालयों और छात्रावासों में हर रविवार को विद्यार्थियों द्वारा श्रमदान किया जाएगा, ताकि वो अपने परिसर को खुद सजा सकें और साफ-सुथरा रख सकें। इस कार्यक्रम का मकसद विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है, साथ ही बागवानी के जरिए से पर्यावरण चेतना भी बढ़ाना है। श्रमदान कार्यक्रम के तहत प्रत्येक रविवार को विद्यालय और छात्रावास में टूटी हुई कुर्सियां, मेज और अन्य फर्नीचर की मरम्मत की जाएगी, पानी की टंकियों और नालियों की सफाई एवं कचरा निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# यूपी में आज रात से भारी बारिश की चेतावनी

**लखनऊ, वार्ता**

पूरे प्रदेश में दो दिन तक अभी उमस और परेशान करेगी। सोमवार देर शाम से मौसम में बदलाव की उम्मीद है। तापमान भी गिर सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार मध्यांचल में सोमवार व मंगलवार को कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश की संभावना है। वहीं पूर्वांचल में भारी या मध्यम बारिश हो सकती है। आंचलिक मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार देर शाम से पूर्वांचल में भारी बारिश की संभावना है, जिसकी शुरुआत नेपाल बार्डर से सटे कुशीनगर व अन्य जिलों से हो सकती है। बारिश उत्तर से दक्षिण की ओर स्थानांतरित होगी। तीन से चार दिन तक बारिश के आसार हैं। तराई क्षेत्र में अच्छी बारिश की उम्मीद है, लेकिन रविवार और सोमवार को प्रदेश में छिटपुट



**दो दिन और सताएगी गर्मी-उमस**

बूंदाबांदी के बीच उमस परेशान करती रहेगी। सोमवार के बाद से पश्चिमी राजस्थान में मानसून की विदाई शुरू हो जाएगी। उत्तर प्रदेश में फिलहाल अभी ऐसी स्थिति नहीं है। लो प्रेशर एरिया की वजह से सोमवार शाम से मध्यांचल में मध्यम बारिश हो सकती है, लेकिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश का खास असर देखने को नहीं मिलेगा। यूपी में बीते कुछ दिनों से भारी उमस और गर्मी का सामना करना पड़ा है। लखनऊ और उसके आसपास के क्षेत्रों में सुबह से शाम तक धूप बनी रही।

# चावल के दाने पर तस्वीर देख चौंके राहुल

**रायबरेली, वार्ता**

अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी उस समय चौंक गए, जब उन्होंने अपनी तस्वीर चावल के एक दाने पर देखी। कलाकार ने अरहर के दाने पर भी राहुल की तस्वीर उकेरी थी। इसे देखकर राहुल गांधी ने कलाकार की जमकर तारीफ की। रायबरेली के कलाकार मो. नसीम ने राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी की चावल पर बनी तस्वीरें नेता प्रतिपक्ष को भेंट कीं।

कलाकार मो. नसीम ने बताया कि राहुल गांधी ने यह तस्वीरें देखकर कहा कि इतनी महीन कारीगरी कैसे कर लेते हैं? उन्होंने आश्वासन दिया कि हमारी सरकार आई, तो ऐसा सम्मान देंगे, जिसे आपने सोचा



**रायबरेली के कलाकार ने गिफ्ट किया मोमेंटो**

तक नहीं होगा। नसीम ने बताया कि 11 सितंबर को सांसद राहुल गांधी रायबरेली पहुंचे तब उनसे मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी की तस्वीर को चावल के एक दाने पर बनाया। दाल के दाने पर उन्होंने एक्रेलिक पेंट्स से राहुल गांधी की तस्वीर बनाई और उन्हें गिफ्ट की। नसीम ने बताया कि पिछले 25 वर्ष यानी 1999 से यह कलाकारी कर रहे हैं। 5 बार का वर्ल्ड रिकॉर्ड उनके नाम है। रायबरेली का नाम पूरी दुनिया मे रोशन किया है। मो. नसीम ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी उनके हुनर की तारीफ की थी, सम्मान भी दिया था। मो. नसीम के घर पर इसी तरह से चावल के दाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन सहित दिग्गज हस्तियों का चित्र बनाकर रखा ह। मो. नसीम ने बताया कि कई बार मुंबई में नेताओं और अभिनेताओं ने उन्हें सम्मानित किया है। अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा का दाल के दाने पर चित्र बनाने के बाद उन्होंने भी अमेठी में मिलने के लिए उन्हें बुलाया है।

### शुरुआत में राहुल गांधी को छोटा-मोटा पटाखा देना चाहिए: केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** राहुल गांधी के रायबरेली दौर को लेकर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने तीखा व्यंग करते हुए कहा कि शुरुआत में राहुल गांधी को हाइड्रोजन बम के स्थान पर छोटा-मोटा पटाखा देना चाहिए था। राहुल गांधी के रायबरेली दौरे के दौरान दिए गए बयान को लेकर रविवार को कटाक्ष करते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स लिखा कि कांग्रेस को अपने मनमौजी नेता राहुल गांधी के हाथों में सीधे एटम बम या हाइड्रोजन बम नहीं थमाना चाहिए था। शुरुआत में उन्हें कोई छोटा-मोटा पटाखा देना चाहिए था।

# सभी भारतीय भाषाओं का सम्मान करें

**नई दिल्ली, वार्ता**

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत में कई भाषाएं बोली जाती हैं। इनमें हिंदी देश की सबसे बड़ी आबादी में बोली जाने वाली भाषा है। 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया था। इसी फैसले को याद करते हुए 14 सितंबर 1953 को हिंदी दिवस मनाने का फैसला लिया गया।

अपने संदेश में उन्होंने कहा कि हमारा देश मूलतः भाषा प्रधान राष्ट्र है। हमारी भाषाएं संस्कृति, इतिहास, परंपराओं, ज्ञान, विज्ञान, दर्शन और अध्यात्म को पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम रही हैं। हिंदी दिवस के अवसर हम हिंदी सहित सभी



**हिंदी दिवस पर अमित शाह की अपील**

भारतीय भाषाओं का सम्मान करें और एक आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और विकसित भारत की ओर अग्रसर हों।

उन्होंने यह भी कहा कि भारत की भाषाओं की सबसे बड़ी ताकत यह है कि उन्होंने हर वर्ग और समुदाय को अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में बिहू के गीत, तमिलनाडु में ओवियालु की आवाज़, पंजाब में लोहड़ी के गीत, बिहार में विद्यापति के पद, बंगाल में बाउल संतों के भजन, कजरी गीत और भिखारी ठाकुर का बिदेसिया - इन सभी ने देश की संस्कृति को जीवंत और कल्याणकारी बनाए रखा है। गृह मंत्री ने कहा कि संत तिरुवल्लुवर के पद दक्षिण में उतनी ही श्रद्धा से गाए जाते हैं जितनी उत्तर में उन्हें रुचि के साथ पढ़ा जाता है और कृष्णदेव. राय दक्षिण में भी उतने ही लोक. प्रिय थे जितने उत्तर में। अमित शाह ने कहा कि सुब्रमण्यम भारती की देश भक्तिपूर्ण रचनाएं हर क्षेत्र के युवाओं में राष्ट्रीय गौरव की भावना जगाती हैं। गोस्वामी तुलसीदास हर भारतीय के लिए पूजनीय हैं और संत कबीर के दोहे तमिल, कन्नड़ और मलयालम में अनुवादित पाए जाते हैं।



**सेंसेक्स** 81101.32
**निफ्टी** 24868.60



**सोना रु.** 109707
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 128008
प्रति किलो




# महंगाई के आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दो सप्ताह की तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों का रुख महंगाई के आंकड़ों और अमेरिका में फेडरल रिजर्व के नीतिगत ब्याज दरों के बारे में फैसले पर निर्भर करेगा।

खुदरा मूल्य आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े गत शुक्रवार को बाजार बंद होने पर जारी किए गए थे। वहीं कल यानी सोमवार को थोक महंगाई के आंकड़े भी जारी होंगे। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत दरों पर बैठक मंगलवार और बुधवार को होगी और दूसरे दिन बयान जारी किया जाएगा। इन सभी कारकों का बाजार पर असर देखने को मिलेगा। खुदरा महंगाई दर जुलाई की तुलना में बढ़कर 2.07 प्रतिशत पर रही। खाद्य मुद्रास्फीति जहां एक बार फिर शून्य से नीचे रही, वहीं गैर-खाद्य मुद्रास्फीति भी नियंत्रण में है। इससे बाजार में निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। निवेशकों की नजर अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता पर भी रहेगी। बीते



सप्ताह शेयर बाजार में प्रमुख सूचकांक पांचों दिन बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,193.94 अंक (1.48 प्रतिशत) की साप्ताहिक तेजी के साथ शुक्रवार को 81,904.70 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 373 अंक यानी 1.51 प्रतिशत चढ़कर 25,114 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियां भी दिग्गज कंपनियों की राह पर रहीं। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.10 प्रतिशत और स्मॉलकैप 1.90 प्रतिशत मजबूत हुए। सप्ताह के दौरान निफ्टी आईटी सूचकांक में चार प्रतिशत के अधिक की तेजी रही। सार्वजनिक बैंकों का सूचकांक करीब तीन प्रतिशत बढ़त में रहा। ऑटो और धातु सूचकांक दो प्रतिशत के अधिक चढ़े। निफ्टी फार्मा में करीब दो प्रतिशत की तेजी रही।

टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूह का सूचकांक एक प्रतिशत टूट गया। सेंसेक्स की 30 में से 25 कंपनियों के शेयर हरे निशान में रहे। बीईएल में 7.63 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। बजाज ऑटो का शेयर 6.99 प्रतिशत, इंफोसिस का 5.62 प्रतिशत और अडानी पोर्ट्स का 5.36 प्रतिशत चढ़ा। एक्सिस बैंक का शेयर 4.65 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में रहा। बजाज फिनसर्व, टाटा मोटर्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टेक महिंद्रा के शेयर तीन प्रतिशत से अधिक मजबूत हुए। मारुति सुजुकी, टीसीएस और भारतीय स्टेट बैंक में दो प्रतिशत के अधिक की साप्ताहिक तेजी रही। ट्रेंट का शेयर 7.15 प्रतिशत टूट गया। टाइटन में 2.57 फीसदी, इटरनल में 2.35 फीसदी और हिंदुस्तान यूनिलिवर में 2.01 प्रतिशत की गिरावट रही।


### रुपए में रही 17 पैसे की साप्ताहिक गिरावट

**मुंबई।** रुपया बीते सप्ताह दबाव में रहा और ऐतिहासिक निचले स्तर तक लुढ़कने के बाद 16.75 पैसे की साप्ताहिक गिरावट में शुक्रवार को 88.26 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भारतीय मुद्रा गत सप्ताह गुरुवार को 88.35 रुपए प्रति डॉलर तक फिसल गयी थी। उसी दिन बीच कारोबार में यह 88.49 रुपए प्रति डॉलर तक भी लुढ़की थी। निजी और सार्वजनिक बैंकों की डॉलर लिवाली से रुपए पर दबाव रहा, हालांकि घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के बाजार से पैसा निकालने से रुपए को कुछ समर्थन मिला और यह सप्ताहांत पर 88.26 रुपए प्रति डॉलर रहा।

# चावल नरम, गेहूं-चीनी मजबूत, खाद्य तेलों में घटत-बढ़त, दालों के दाम बढ़े

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव गिर गए, जबकि गेहूं में तेजी रही। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया, जबकि दालों के दाम बढ़ गए।

घरेलू थोक जिस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 18 रुपए कम होकर सप्ताहांत पर 3,759 रुपए प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं 10 रुपए महंगा होकर 2,859.13 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत भी 24 रुपए बढ़ गयी और सप्ताहांत पर यह 3,334.63 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। सरसों तेल की औसत कीमत 68 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल में 288 रुपए और वनस्पति में 112 रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गयी। सूरजमखी तेल 70 रुपए और पाम ऑयल 140 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वहीं सोयाबीन तेल 30 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। बीते सप्ताह दाल-दलहनों के दाम बढ़ गए। उड़द दाल में 42 रुपए और दाल मूंग में 38 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी देखी गयी। तुअर दाल भी आठ रुपए महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत 23 रुपए प्रति क्विंटल



बढ़ गई। चना दाल के भाव कमोबेश स्थिर रहे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में लगातार दो सप्ताह की नरमी के बाद फिर तेजी लौट आयी। गुड़ के औसत भाव करीब 54 रुपए प्रति क्विंटल और चीनी के 29 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7892.79 रुपए, मसूर काली 8115.39 रुपए, मूंग दाल 10089.95 रुपए, उड़द दाल 10446.72 रुपए, अरहर दाल 10571.89 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2859.13 रुपए और चावल 3759 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4329.01 रुपए और गुड़ 4980.74 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## कीमत बढ़ने से कम सोना खरीद रहे लोग, कैरेट पर भी कर रहे समझौता

**नई दिल्ली।** सोने की कीमत आसमान पर होने के कारण लोगों ने गहने-जेवरात की खरीद कम कर दी है, यहां तक कि कैरेट पर भी समझौता कर रहे हैं, इसके बावजूद सर्राफा व्यापारियों की चांदी है। दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,13,000 रुपये प्रति दस ग्राम से ऊपर है, जो पहले कभी नहीं देखा गया था। यह इस साल 30 प्रतिशत से ज्यादा महंगा हुआ है।

यहां भारत मंडपम में 13 से 15 सितम्बर तक जारी तीन दिवसीय दिल्ली ज्वेलरी एंड जेम्स फेयर 2025 में मीडिया से बात करते हुए इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की महिला शाखा की राष्ट्रीय अध्यक्ष हेतल वकील वालिया ने कहा कि ऊंची कीमत के अलावा एक और तथ्य है जो लोगों की पसंद को प्रभावित कर रही है। अब महिलाएं भारी जेवर की बजाय हल्के जेवर ज्यादा पसंद करती हैं जिन्हें वे ऑफिस या घरों में भी रोजाना पहन सकें, न कि सिर्फ खास मौकों पर। इसलिए, लोग शादियों में भी हल्के जेवर दे रहे हैं। यह जेब के लिए किफायती भी है और फैशन पसंद युवा वर्ग के लिए बिल्कुल सही है। यही कारण है कि अब बड़े सेट ज्यादा नहीं बिक रहे हैं। ज्वेलरी डिजाइनर वालिया ने कहा कि हमारे देश में कुछ भी हो जाए, लोग शादी-विवाह में गहने जरूर देते हैं। लेकिन बजट को देखते हुए अब वे कैरेट पर समझौता कर रहे हैं। दक्षिण भारत में पहले 22 कैरेट से कम का सोना बिकता ही नहीं था, अब वहां भी 18 कैरेट का सोना बिकने लगा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में नौ केरेट के सोने को भी हॉलमार्क देने का फैसला करते हुए सरकार ने अब उसकी बिक्री को भी मान्यता दे दी है। द बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (टीबीजेए) के चेयरमैन रामअवतार वर्मा ने भी स्वीकार किया कि लोग अब पहले के मुकाबले कम सोना खरीद रहे हैं, लेकिन दाम इतने ऊंचे हैं कि व्यापारियों की आय बिल्कुल भी प्रभावित नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि सोने की कीमत अभी और बढ़ेगी, क्योंकि पहले भी दाम में कितनी ही तेज उछाल के बाद भी इसने कभी वापस मुड़कर नहीं देखा। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) के आंकड़े भी इस बात की पुष्टि करते हैं। उसका कहना है कि इस साल देश में सोने की खपत पांच साल के निचले स्तर पर 600 से 700 टन के बीच रह सकती है। पिछले साल यह 802.8 टन रही थी। अप्रैल-जून तिमाही में खपत 10 प्रतिशत कम होकर 134.9 टन रही थी।

# बॉर्डर खुला, चार दिन बाद दिखी चहल-पहल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नेपाल में अंतरिम सरकार के गठन के बाद भारत-नेपाल सीमा पर हालात धीरे-धीरे सामान्य होने लगे हैं। सील रुपईडीहा बॉर्डर सुबह 10 बजे खोल दिया गया। इससे दोनों देशों के नागरिकों व मालवाहक वाहनों का आवागमन शुरू हो गया।

कड़ी जांच के बाद ही सभी को आगे भेजा जा रहा है। सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। इस बीच आईसीपी के पास लैंड पोर्ट में लगी ट्रकों की कतार भी करीब समाप्त हो गई। नेपाल में उपद्रव और बॉर्डर सील होने के कारण भारत-नेपाल व्यापार पांच दिन तक ठप रहा। इस दौरान भारत के निर्यातकों का करीब 22 करोड़

**खत्म हुई ट्रकों की कतार, दोनों देशों के नागरिकों व मालवाहक वाहनों का आवागमन शुरू**

रुपए का टर्नओवर प्रभावित हुआ है। वहीं, लैंड पोर्ट प्रशासन को भी 12 लाख रुपए से अधिक का नुकसान उठाना पड़ा। राहत की बात यह रही कि नेपाल के हालात को देखते हुए ट्रकों से सामान्य शुल्क ही लिया गया। इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) में प्रतिदिन रुकने पर लगने वाला जुर्माना माफ कर दिया गया। आवागमन शुरू होने से शनिवार सुबह बॉर्डर पर रौनक लौटी। करीब 10 हजार लोग नेपाल से भारत आए। एसएसबी के अनुसार करीब पांच हजार नेपाली नागरिक भी यहां से नेपाल गए। साप्ताहिक अवकाश के कारण नेपाल में सरकारी कार्यालय बंद रहे। रविवार से सरकारी कार्यालयों के भी खुलने की उम्मीद है, जिससे हालात और भी सामान्य होंगे। बॉर्डर खुलने से स्थानीय व्यापारियों ने भी राहत की सांस ली। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष बलराम मिश्रा, संरक्षक विजय मित्तल और रतन अग्रवाल ने बताया कि धीरे-धीरे व्यापार पटरी पर लौटने की उम्मीद है। व्यापारी नेताओं के अनुसार शनिवार को नेपाल से बड़ी संख्या में खरीदार रुपईडीहा बाजार आए। इससे एक दिन में करीब 50 लाख रुपए के कारोबार की उम्मीद है। नेपाली नागरिकों ने सबसे ज्यादा खाद्य पदार्थों की खरीद की।













**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेगें। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

25 Years Anniversary

मुजफ्फरनगर, सोमवार 15 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 244 पृष्ठ 12+12 मूल्य रुपये 5.00

शाह टाइम्स रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 22 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

### सूचना

सभी सम्मानित पाठकों और विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि **दैनिक शाह टाइम्स** के रजत जयंती विशेषांक के क्रम में आज का अंक 12 + 12 = 24 पृष्ठ का है।

**-व्यवस्थापक**

### असम में 5.8 तीव्रता का भूकंप, मकानों में दरारें आईं

**नई दिल्ली।** असम में रविवार शाम 4:41 बजे 5.8 तीव्रता का भूकंप आया। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र असम के उदलगुरी में 5 किलोमीटर की गहराई पर था। इसके झटके पश्चिम बंगाल और पड़ोसी देश भूटान तक महसूस किए गए। भूकंप के बाद गुवाहाटी में लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए। अब तक कहीं से जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। हालांकि, कई मकानों में दरारें आ गई हैं। भूकंप के बाद असम के कई जिलों में मकानों में दरार आ गई है। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि असम में बड़ा भूकंप आया। सभी की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करता हूं, सभी सतर्क रहें।

### अमृतसर मंदिर में ग्रेनेड हमले के आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्रपेश

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अमृतसर के एक मंदिर में ग्रेनेड हमला करने के मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। एनआईए की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार एनआईए ने शुक्रवार को मोहाली (पंजाब) की विशेष अदालत में दाखिल आरोपपत्र में विशाल गिल, भगवंत सिंह उर्फ मन्ना भट्टी और दीवान सिंह उर्फ सनी पर अमृतसर के छेहरटा स्थित ठाकुरद्वारा सनातन मंदिर पर हमले की साजिश रचने और उसे अंजाम देने का आरोप लगाया है। एनआईए के अनुसार विशाल गिल उन दो बाइक सवार हमलावरों में से एक था, जिन्होंने 15 मार्च, 2025 तड़के ग्रेनेड फेंका था।

### आयकर रिटर्न भरने की आखिरी तारीख आज

**नई दिल्ली।** आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की सोमवार को आखिरी तारीख है और ऐसे में आयकर विभाग ने लोगों को अंतिम समय में संभावित परेशानी से बचने के लिए रविवार को ही अपना रिटर्न भरने की सलाह दी। विभाग ने सोशल मीडिया के माध्यम से रविवार को बताया कि अपना आयकर रिटर्न आज ही दाखिल करें। अक्सर देखा जाता है कि जब बड़ी संख्या में लोग अंतिम समय में लॉगइन करते हैं, तो सर्वर हैंग होने या प्रक्रिया धीमी होने की शिकायत आती है। उल्लेखनीय है कि आयकर रिटर्न भरने की आखिरी तारीख फिलहाल 15 सितम्बर है।

### जनगणना की मॉकड्रिल अक्टूबर से शुरू होगी

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी प्रशासनिक कवायद जनगणना-2027 की शुरुआत से पहले पूरे तंत्र की जांच-परख के लिए एक अक्टूबर से मॉकड्रिल शुरू होगी। सूत्रों ने बताया कि मॉक ड्रिल 60 दिन चलेगी। इस दौरान, जनगणना की तमाम गतिविधियां जांची जाएंगी।

## भारत की सात और संपत्तियां यूनेस्को विरासत बनीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- **सात स्थलों के जुड़ने के बाद भारत की कुल धरोहरों की संख्या 69 हुई**

**नई दिल्ली।** भारत की सात नई प्राकृतिक धरोहरों को यूनेस्को की विश्व धरोहर की टेंटेटिव लिस्ट (अस्थायी सूची) में शामिल किया गया है। इनमें महाराष्ट्र के पंचगनी और महाबलेश्वर के डेक्कन ट्रैप्स तथा आंध्र प्रदेश की तिरुमला पहाड़ियां प्रमुख हैं। इन सात स्थलों के जुड़ने के बाद भारत की कुल धरोहरों की संख्या 69 हो जाएगी।

इनमें 49 सांस्कृतिक, 3 मिश्रित और 17 प्राकृतिक श्रेणी की धरोहरें शामिल हैं। यूनेस्को के स्थायी प्रतिनिधिमंडल भारत की इन जगहों के चयन पर बताया कि इन धरोहरों को सूची में शामिल किया जाना देश की समृद्ध सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सूची में शामिल सात नए स्थलों पर एक नजर-डेक्कन ट्रैप्स (पंचगनी और महाबलेश्वर, महाराष्ट्र), सेंट मैरी आइलैंड क्लस्टर का भूवैज्ञानिक धरोहर (उडुपी, कर्नाटक), मेघालयन एज गुफाएं (ईस्ट खासी हिल्स, मेघालय), नगा हिल ओफियोलाइट (किफाइरे, नगालैंड), एर्रा मट्टी डिब्बालु (विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश), तिरुमला हिल्स का प्राकृतिक धरोहर (तिरुपति, आंध्र प्रदेश), वरकला का प्राकृतिक धरोहर (केरल)। विगत 12 सितम्बर को किए गए औपचारिक ऐलान में कहा गया कि कुल सात प्राकृतिक धरोहरें सूची में जोड़ी गई हैं। यूनेस्को की प्रक्रिया के अनुसार, किसी भी धरोहर को विश्व धरोहर सूची में शामिल करने से पहले उसका टेंटेटिव लिस्ट (अस्थायी सूची) में होना अनिवार्य है। यूनेस्को में भारत के प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को उनके इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया है।

## भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया

- **सूर्यकुमार ने छक्का लगाकर जिताया, कुलदीप ने तीन विकेट लिए**



**दुबई।** भारत ने एशिया कप के छठे मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। टीम ने 128 रन का टारगेट 16वें ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

पाक ने दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में टॉस जीत बल्लेबाजी चुनी और 9 विकेट खोकर 127 रन बनाए साहिबजादा फरहान (40 ) और शाहीन अफरीदी (33) के अलावा कोई बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सका। कुलदीप यादव ने 3 विकेट झटके। बुमराह और अक्षर पटेल को 2-2 विकेट मिले। एक-एक विकेट पंड्या और वरुण चक्रवर्ती को मिला। भारत के ओपनर अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा ने 31-31 रन की पारियां खेलीं। सूर्यकुमार यादव ने नाबाद 47 रन बनाए।

# मैं शिव भक्त, जहर निगल लेता हूं

## असम में पीएम बोले- कांग्रेस ने घुसपैठियों को दिया बढ़ावा, गरीबों को ठुकराया

**गुवाहाटी, वार्ता**



हमारे लिए जनता भगवान

- **मोदी ने 18,500 करोड़ के इन्फ्रास्ट्रक्चर व इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी के असम दौरे का रविवार को दूसरा दिन था। उन्होंने दरांग और गोलाघाट के नुमालीगढ़ में 18,500 करोड़ के इन्फ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

पीएम ने दोनों जगहों पर जनसभाएं भी कीं। प्रधानमंत्री ने दरांग में कहा कि जब हमने भूपेन हजारिका को भारत रत्न दिया था, तो कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा था कि मोदी, नाचने-गाने वालों को भारत रत्न दे रहा है। मुझे कितनी ही गालियां दें, मैं भगवान शिव का भक्त हूं, सारा जहर निकाल लेता हूं। लेकिन जब किसी और का अपमान होता है, तो मुझसे रहा नहीं जाता। नुमालीगढ़ में पीएम ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में गरीबों को ठुकराया गया। आदिवासियों के साथ अन्याय हुआ। हमारा मंत्र नागरिक देवो भव: है। हमारे लिए जनता भगवान है। देश के नागरिकों को असुविधा न हो, भाजपा सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री शनिवार शाम गुवाहाटी पहुंचे थे। वे एयरपोर्ट से सीधा लोकगायक भूपेन हजारिका की विशेष श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। इसके बाद रात में स्टेट गेस्ट हाउस में ठहरे थे। असम से पहले पीएम ने मिजोरम और मणिपुर में कई विकास परियोजनाओं की शुरुआत की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी योजनाओं का लाभ यहां चाय बागानों में काम करने वाले भाई और बहनों को भी हो रहा है। उनका हित हमारी प्राथमिकता है। सरकार टी गार्डन में काम करने वाली महिलाओं को मदद दे रही है। उनके स्वास्थ्य, बच्चों की शिक्षा पर हमारा बहुत जोर है। यहां माता और शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए भी योजनाएं चला रही है। कांग्रेस के समय इन श्रमिकों को टी कंपनी के भरोसे छोड़ दिया गया था। लेकिन हम उनके घर, बिजली, पानी और स्वास्थ्य की चिंता कर रहे हैं। असम के विकास का दौर शुरू हो चुका है। असम ट्रेड और टूरिज्म का बड़ा सेंटर बनेगा। हम मिलकर नया असम बनाएंगे।

### अब असम में बांस से बनेगा एथेनॉल

- **पीएम ने असम बायो एथेनॉल संयंत्र का किया उद्घाटन**

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम में नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) में असम बायो एथेनॉल संयंत्र का उद्घाटन किया और नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) में पालीप्रोपाइलीन संयंत्र की आधारशिला भी रखी। पीएम मोदी ने कहा कि आज यहां बांस से एथेनॉल बनाने की शुरुआत हुई है। इसका असम के लोगों को फायदा होगा। सरकार यहां के किसानों को बांस की खेती करने में मदद करेगी और खरीदी भी करेगी। असम और पूर्वोत्तर आत्मनिर्भर भारत अभियान का केंद्र है। पीएम मोदी ने कहा कि असम को 12 हजार करोड़ की सौगात दी गई है। ये उद्यम असम के विकास को गति देंगे। मैं सभी को प्रोजेक्ट्स के लिए बधाई देता हूं। भारत दुनिया का सबसे तेजी से विकसित होने वाला देश है। जैसे-जैसे भारत विकसित हो रहा है, वैसे-वैसे बिजली, ईंधन की जरूरतें बढ़ रही हैं।

### नासिक में सीबीआई ने दो फर्जी कॉल सेंटरों का किया भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने महाराष्ट्र के नासिक में दो अवैध कॉल सेंटरों का भंडाफोड़ किया है, जो स्वगन बिजनेस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से चलाए जा रहे थे। सीबीआई के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि 11 सितम्बर को चार व्यक्तियों और कुछ अज्ञात सरकारी अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी कि नामजद लोग नासिक में स्वगन बिजनेस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से दो अवैध कॉल सेंटर चला रहे हैं और ब्रिटिश नागरिकों से बीमा एजेंट या सरकारी अधिकारी बन कर ठगी कर रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि इन अवैध सेंटरों को चलाने वाले आरोपियों की पहचान गणेश और श्याम कामनकर के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि इन सेंटरों पर लगभग 60 लोग काम कर रहे थे। ये लोग इंटरनेट के माध्यम से कॉल करते थे, जाली नंबरों और दस्तावेजों का उपयोग करके नकली बीमा पॉलिसी बेचने के नाम पर पीड़ितों से क्रेडिट या डेबिट कार्ड की जानकारियां हासिल कर ठगी करते थे। सीबीआई ने नासिक और कल्याण में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर आठ कम्प्यूटर, आठ फोन, फर्जी बीमा पॉलिसी, पांच लाख रुपये नकद और कुछ आपत्तिजनक डिजिटल साक्ष्य बरामद किए हैं।

## लखनऊ में बड़ा विमान हादसा टला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- **उड़ान भरने से ठीक पहले रोकी गई फ्लाइट**
- **सांसद डिंपल यादव समेत 151 यात्री थे सवार**

**लखनऊ।** अमौसी एयरपोर्ट से दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट में शनिवार सुबह उस वक्त दहशत का माहौल पैदा हो गया, जब इंजन में तकनीकी गड़बड़ी से विमान को अचानक रोक दिया गया। यात्रियों की जान सांसत में आ गई। विमान को रनवे से वापस लौटाया गया।

यात्रियों को दूसरे विमान से दिल्ली रवाना किया गया। वहीं इंजीनियरों की टीम देर तक विमान में गड़बड़ी का पता लगाती रही। मामला शनिवार सुबह का है। इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 6ई-2111 चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से सुबह 10.30 बजे के आसपास उड़ान भरकर 12.30 बजे तक दिल्ली पहुंच जाती है। सुबह विमान उड़ान के लिए तैयार था। यात्रियों की बोर्डिंग हो चुकी थी। विमान रनवे पर पहुंचा। उसके इंजनों ने रफ्तार पकड़नी शुरू की। उड़ान से ठीक पहले इंजन थ्रस्ट लेते हैं, जिससे एक झटके में विमान जमीन छोड़कर हवा में आ जाता है। लेकिन, दिल्ली जाने वाली यह उड़ान रनवे से उड़ान ही नहीं भर पाई। समाजवादी पार्टी से सांसद डिंपल यादव और गोंडा के सपा नेता सूरज सिंह विमान में सवार थे। सूरज सिंह ने सोशल मीडिया पर मामले को साझा किया। उन्होंने बताया कि वह लखनऊ से दिल्ली जा रहे थे। उन्हें 2बी सीट मिली थी। वह विमान में सवार हुए। विमान के रनवे पर पहुंचने के बाद इंजनों को थ्रस्ट नहीं मिला। तकनीकी गड़बड़ी के चलते ऐसा हुआ। लिहाजा इंडिगो के विमान को वापस लौटा लिया गया, लेकिन तेज रफ्तार विमान को अचानक रोक देने से यात्रियों में दहशत पैदा हो गई। यात्रियों को शांत करवाकर दूसरे विमान से दिल्ली भेजा गया। वहीं इंडिगो एयरलाइंस से जुड़े सूत्रों का कहना है कि रनवे पर विमान आगे नहीं बढ़ पा रहा था। इसके चलते विमान की जांच करवाई गई। इंडिगो एयरलाइंस से जुड़े सूत्रों ने बताया कि रनवे से विमान को लौटाने के बाद इंजीनियरों की टीम ने खराबी तलाशी।

## बसपा में बड़ा संगठनात्मक बदलाव

### मायावती ने अशोक सिद्धार्थ को सौंपा अहम दायित्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- **सिद्धार्थ अब छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर व गुजरात में संगठन को करेंगे मजबूत**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने पार्टी संगठन में व्यापक फेरबदल करते हुए अपने समधी और वरिष्ठ नेता अशोक सिद्धार्थ को केंद्रीय कोऑर्डिनेटर नियुक्त कर उन्हें चार अहम राज्यों की जिम्मेदारी सौंपी है।

हाल ही में पार्टी में वापसी करने वाले अशोक सिद्धार्थ अब छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और गुजरात में संगठन को मजबूत करेंगे। इससे पहले इन राज्यों की जिम्मेदारी रणधीर सिंह बेनीवाल के पास थी। अब बेनीवाल को सेक्टर-चार का कोऑर्डिनेटर बना दिया गया है, जिसकी जिम्मेदारी अभी तक डा. लालजी मेधांकर संभाल रहे थे। श्री मेधांकर को नए फेरबदल के तहत सेक्टर-पांच का प्रभारी बनाया गया है। वहीं, सेक्टर-छह अब पूर्व विधायक अतर सिंह राव संभालेंगे। यह जिम्मेदारी अब तक पूर्व विधायक धर्मवीर सिंह के पास थी। सेक्टर-एक और सेक्टर-दो में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सेक्टर-एक पूर्व सांसद रामजी गौतम के पास रहेगा, जबकि सेक्टर-दो की जिम्मेदारी पूर्व सांसद राजाराम के पास बनी रहेगी। मायावती ने संगठनात्मक ढांचे को बेहतर बनाने के लिए देश को छह सेक्टरों में विभाजित किया है।

हर सेक्टर में तीन से चार राज्यों को शामिल किया गया है। इन सेक्टरों के कार्यों की समीक्षा पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद करेंगे।

### हैदराबाद के स्कूल में ड्रग्स फैक्ट्री का खुलासा

**हैदराबाद।** तेलंगाना के हैदराबाद में पुलिस ने एक प्राइवेट स्कूल के अंदर ड्रग्स फैक्ट्री का खुलासा किया। मेधा स्कूल नाम के स्कूल के डायरेक्टर मालेला जया प्रकाश गौड़ सहित 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने स्कूल के क्लास रूम और रस्ट्रिकटेड एरिया को अल्प्राजोलम का प्रोडक्शन फैक्ट्री बना दिया था। अल्प्राजोलम का इस्तेमाल ताड़ी बनाने में किया जाता है। यह एक नशीला पदार्थ है, जो तेलंगाना में बैन है। पुलिस ने बताया कि बिल्डिंग के सेकेंड फ्लोर पर लगभग छह महीने से फैक्ट्री चल रही थी। ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर क्लास चलती थी। फैक्ट्री में छह दिन ड्रग्स बनती थी।

## राजनीतिक दलों के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग गंभीर मामला: सुप्रीम कोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- **कहा: ठोस कानून क्यों नहीं, चुनाव आयोग और केंद्र से तीन नवम्बर तक जवाब मांगा**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि ऐसे राजनीतिक दल जो इनएक्टिव हैं, उनके जरिए टैक्स चोरी और मनी लॉन्ड्रिंग गंभीर मुद्दा है। यह सीधे लोकतंत्र और चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता से जुड़ा है।

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग, विधि आयोग और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर 3 नवम्बर तक जवाब मांगा है। पूछा है कि दलों के पंजीकरण और नियमन के लिए अब तक ठोस कानून क्यों नहीं बनाया गया। एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय ने जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि आयकर विभाग की छापामारी में दो दलों इंडियन सोशल पार्टी और युवा भारत आत्म निर्भर दल के जरिये 500 करोड़ के फर्जी चंदे का मामला सामने आया था। नेशनल सर्व समाज पार्टी के जरिये 271 करोड़ का लेन-देन पकड़ा गया था। आरोप है कि हवाला और कमीशनखोरी के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग के लिए ही ये दल बनाए गए थे। इनका चुनाव से कोई लेना-देना नहीं। याचिकाकर्ता की दलील में कहा गया है कि करीब 90 प्रतिशत दल कभी चुनाव नहीं लड़ते।

### पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल केजेएस ढिल्लो का दावा

## ऑपरेशन सिंदूर के वक्त बंकर में छिपे थे आसिम मुनीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- **बोले- पाक एयर डिफेंस हमारी एक मिसाइल भी नहीं रोक पाया**



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना से रिटायर लेफ्टिनेंट जनरल केजेएस ढिल्लो ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के वक्त पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर एक बंकर में छिप गए थे।

जंग खत्म होने के बाद जनता की नजरों से बचने के लिए खुद को फील्ड मार्शल के पद पर प्रमोट कर लिया। ढिल्लो ने आगे कहा कि भारत ने 7 मई को 11 पाकिस्तानी एयरबेस पर सटीकता से हमला किया। पाकिस्तान का एयर डिफेंस इतना कमजोर था कि हमारी एक भी मिसाइल को रोक नहीं सका। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों के मारे जाने के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओके) में आतंकी ढांचे तबाह किए थे। साथ ही पाकिस्तान के एयरबेस को भी नुकसान पहुंचाया था। 10 मई को दोनों देशों के बीच युद्ध खत्म हुआ था। केजेएस ढिल्लो ने कहा कि जब पाकिस्तान के डीजीएमओ 10 मई को दोपहर 3:35 बजे हमारे डीजीएमओ को फोन करते हैं और युद्धविराम की भीख मांगते हैं, तो हमारे लिए यह जीत है।

## बारिश के चलते वैष्णो देवी यात्रा फिर से रोकी गई

- **यूपी में चार, हिमाचल में 133% ज्यादा बारिश**

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम के चलते वैष्णो देवी यात्रा को फिर से रोका गया।

19 दिन स्थगित रहने के बाद यात्रा रविवार से शुरू होनी थी, लेकिन तेज बारिश के चलते इसे अगले आदेश तक स्थगित किया गया। 26 अगस्त को मंदिर के ट्रैक पर लैंडस्लाइड में 34 तीर्थयात्रियों की मौत हुई थी। उप्र में बारिश के बाद गंगा, यमुना समेत नदियों का जलस्तर अब भी बढ़ा हुआ है। बलिया में चक्की नौरंगा गांव में 5 मकान और 5 दुकानें नदी में समा गईं। इस मानसून सीजन राज्य में 654.2एमएम बारिश हुई जो औसत 679.3एमएम बारिश से 4 फीसदी कम है। हिमाचल के मंडी जिले के धर्मपुर में सपड़ी रोह गांव में लैंडस्लाइड हुई। कई घरों तक मलबा पहुंच गया। राज्य में 12 सितम्बर तक 133फीसदी ज्यादा बारिश रिकॉर्ड हुई है।

# कार का एक्सल टूटने से महिला की मौत

## भैसानी कट के पास कार पलटने से हुआ हादसा, बच्ची समेत तीन लोग घायल

**हरिद्वार जा रहा था दिल्ली निवासी तुलसीराम का परिवार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** बाईपास पर भैसानी कट के पास रविवार को वैगनआर कार एक्सल टूटने के कारण पलट गई, जिसमें एक महिला की मौत हो गई, जबकि बच्ची समेत तीन लोग घायल हो गए। कार सवार लोग दिल्ली से हरिद्वार जा रहे थे।

दिल्ली निवासी तुलसीराम अपनी पत्नी संतोष, बेटे नितेश, बेटी गीता और चार साल की बच्ची कासवी के साथ रविवार को वैगन आर कार में सवार होकर हरिद्वार जा रहे थे। हाइवे पर भैंसानी कट के पास अचानक कार का एक्सल टूट गया, जिससे पहिया भी निकल गया। इस हादसे में कार पलटने से कार सवार चारों यात्री घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल संतोष पत्नी तुलसीराम को जिला अस्पताल रैफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। बताया जाता है कि पूरा परिवार दिल्ली के वसंत विहार से हरिद्वार जा रहा था। जैसे ही कार पुरकाजी बायपास के भैंसानी कट पर पहुंची तो हादसा हो गया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला को लगी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला को गोली लग गयी। गंभीर रूप से घायल हुई महिला को मेरठ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर दूसरी और गोलीकांड को लेकर बुढ़ाना पुलिस ने भी अपनी जांच शुरु कर दी है। वैसे गांव में इस गोलीकांड को लेकर तरह तरह की चर्चाए जन्म ले रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार यह बुढ़ाना कोतवाली की उमरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव का मामला बताया गया है। अपने ही घर में मौजूद एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लग गयी। जिसमें महिला घायल हो गयी। उक्त घायल महिला का ससुर उत्तराखंड राज्य में पीएसी का जवान बताया गया है और उन्हीं की लाइसेंसी पिस्टल घर पर रखी थी। इस मामले में परिजनों का कहना है कि ये घटना इत्तेफाकन हुई है। उनके मुताबिक महिला घर में साफ सफाई कर रही थी कि तभी अचानक से पिस्टल नीचे गिर गई और उससे गोली चलने से महिला के पैर में जा लगी हालांकि दूसरी और बुढ़ाना पुलिस भी इस मामले की गहनता से जांच कर रही है। बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक से जब इस संबंध में बातचीत हुई तो उन्होंने बताया कि उक्त घटना के सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच की जा रही है ताकि सच्चाई सामने आए। उधर उमरपुर चौकी इंचार्ज भी गांव में पहुंचे।

# रिटायर्ड इंजीनियर को अरेस्ट होने का डर दिखा कर 33 लाख ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सेवानिवृत्त इंजीनियर को साइबर अपराधियों ने शिकार बनाते हुए उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर मनी लांड्रिंग के आरोपों में फंसाया, मुकदमा, वारंट और गिरफ्तारी का भय दिखाकर 33 लाख से अधिक की रकम खातों में जमा कराई। ठगी के शिकार पीड़ित ने साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में रहने वाले सेवानिवृत्त इंजीनियर को मोबाइल पर आई कॉल में बताया कि वह भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) से बात कर रहे हैं। उन पर आरोप लगाया कि वह गैर कानूनी विज्ञापन, धोखा व परेशान करने वाले संदेश भेज रहे हैं। कार्रवाई के लिए यह केस दरियागंज दिल्ली पुलिस स्टेशन भेज दिया है। इसके बाद उनके पास दूसरा फोन आया, जिसमें कॉलर ने अपना नमा विजय खन्ना बताया और दरियागंज पुलिस स्टेशन से खुद को बड़ा अधिकारी बताते हुए बात की। विजय खन्ना ने व्हाट्सएप कॉल कर बताया कि उनके विरुद्ध गैर कानूनी कार्यों एवं मनी लॉन्ड्रिंग की शिकायत मिली है। फोन पर कहा गया कि उन्होंने एक नया खाता केनरा बैंक में खोला है। राजेंद्र गोयल के मना करने पर उन पर खाता खोलना स्वीकार करने का दबाव बनाया। बात न मानने पर उनके विरुद्ध अरेस्ट वारंट जारी होने की जानकारी देते हुए स्पेशल टीम द्वारा गिरफ्तारी करने की बात बताकर डराया गया। फोन करने वाले ने रिटायर्ड इंजीनियर राजेंद्र गोयल के साथ पूरी सहानुभूति भी दिखाई और उनको बचाने का भरोसा भी दिया। इस अज्ञात अधिकारी विजय खन्ना ने उनको अरेस्ट वारंट निरस्त करने व खुली जांच करने के लिए न्यायाधीश एवं ईडी अधिकारी राहुल गुप्ता नई दिल्ली के नाम एक प्रार्थना पत्र लिखने को कहा। हैरत की बात यह है कि कई घंटे इस अज्ञात शातिर ठग के डिजीटल अरेस्ट में रहने के कारण रिटायर्ड इंजीनियर सुध खो बैठे और उसके चंगुल में फंस गये। वो जैसे कहता रहा वो करते रहे। इस तरह दबाव डालकर और डराकर शातिर ठग ने राजेंद्र गोयल से कई खातों में 33 लाख से अधिक की रकम ट्रांसफर करा ली। इसके बाद आरोपियों के फोन नहीं आये राजेंद्र ने सम्पर्क करने का प्रयास किया तो सभी नंबर बंद आने लगे। ठगी का अहसास होने के बाद पीड़ित राजेंद्र ने पुलिस को सूचना दी और साइबर थाने में केस दर्ज कराया। साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

### एडीजीसी फौजदारी वीरेंद्र कुमार नागर ने दिया इस्तीफा



**मुजफ्फरनगर।** सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी एडीजीसी वीरेंद्र कुमार नागर ने अपने पद से व्यक्ती गत कारणों से त्याग पत्र दे दिया है।

जिलाधिकारी को भेजे गए अपने त्याग पत्र में बताया कि वह अपने व्यक्तिगत व पारिवारिक कारणों से त्याग पत्र दे रहे हैं। नागर बहुत ही अपने कार्य मे लगनशील और मेहनती रहे हैं यह अपने पद पर गत 2018 से कार्यरत थे।



मुजफ्फरनगर: स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन देते रेल यात्री संघ के पदाधिकारी।

# भारत-पाक मैच के विरोध में हिंदू संगठनों ने झण्डा फूंका

**बीसीसीआई पर लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पाकिस्तान के साथ भारत के क्रिकेट मैच खेलने के विरोध में आज शिवसेना प्रदेश प्रमुख ठाकुर सिंह के आह्वान पर सैकड़ो शिव सैनिकों ने हृदय स्थल शिव चौक पर पाकिस्तान के राष्ट्रीय ध्वज पर जूते चप्पल मारते हुए आग के हवाले किया।

शिवसेना के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी एस डी मार्केट स्थित मंदिर में एकत्र हुए और यहां से प्रदेश महासचिव डॉक्टर योगेंद्र शर्मा के नेतृत्व में जोरदार नारेबाजी करते हुए शिव चौक पहुंचे और पाकिस्तान के झंडे पर जूते चप्पल मार कर पुतला फूंका।

शिवसेना नेता मनोज सैनी ने कहा कि पाकिस्तान लगातार भारत में आतंकवादी वारदात करता आ रहा है अभी कुछ समय पर पहलगाम में जिस तरह पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा हिंदुओं का धर्म पूछ कर कतले आम किया उसकी आग अभी तक ठंडी भी नहीं हुई ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च करने वाले भाजपा सरकार का खून इतनी जल्दी कैसे ठंडा हो गया कि भारत सरकार समर्पित बीसीसीआई ने पैसे के लिए आज भारत पाकिस्तान का मैच खिलाने को मजबूर हो गई भारत सरकार ने पाकिस्तान से मैच खेलने की अनुमति देकर भारतीय नागरिकों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।

इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मंडल उपाध्यक्ष गौतम कुमार, अमरीश त्यागी, अखिलेश पुरी नगर अध्यक्ष जितेंद्र गोस्वामी जिला महासचिव आशीष शर्मा, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा सुनीता मलिक, नगर उपाध्यक्ष नेहा गोयल, जिला उपाध्यक्ष गोपी वर्मा, वीरेंद्र त्यागी, संदीप मित्तल, सचिन कपूर, जोगी राहुल वाल्मीकि, सचिन प्रजापति, अंकित बालियान, मोंटी पाल, हिंदू नेता अखिलेश शर्मा, पंडित संजीव शास्त्री, विवेक शर्मा, रविंद्र शर्मा, मीनल राजपूत, कुणाल गर्ग, मोनू चौधरी, संजय प्रजापति आदि मौजूद रहे।



# रेल यात्री संघ ने स्टेशन अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रेलवे स्टेशन पर दैनिक रेल यात्री संघ के अध्यक्ष घनश्याम भगत महामंत्री दीपक गुप्ता के नेतृत्व में दैनिक रेल संघ का प्रतिनिधि मंडल अपने विभिन्न मांगों के लिए रेलवे स्टेशन अधीक्षक पवन चौधरी से मिला।

संघ के अध्यक्ष घनश्याम भगत ने रेलवे स्टेशन अधीक्षक को दैनिक रेल यात्रियों की समस्याओं को बताया रेलवे विभाग ने शालीमार एक्सप्रेस को 15 अक्टूबर तक रद्द किया हुआ है जिसकी वजह से डेली ड्यूटी पर जाने वाले यात्री वे पंजाब राजस्थान जाने वाले यात्रियों को हो रही समस्या के बारे में अवगत कराया गया शालीमार एक्सप्रेस को रदद ना किया जाए शालीमार गाड़ी को लुधियाना रेलवे स्टेशन तक अप डाउन करके चलाया जाए सहारनपुर से सुबह दिल्ली जाने वाली 64560 पैसेंजर गाड़ी में डिब्बों की संख्या बहुत ही कम है।

इस पैसेंजर ट्रेन में डिब्बों की संख्या बढाये जाये यात्री आराम से बैठकर सफर कर सके , वरिष्ठ नेता सुरेंद्र मित्तल ने मुजफ्फरनगर रुट पर नई ट्रेन चलावने का आग्रह किया ,मासिक पास वाले यात्रियों से टिकट खिड़की पर सम्मानजनक व्यवहार किया जाए अन्य समस्याओं को बताया गया इस अवसर पर वरिष्ठ नेता संरक्षक सुरेंद्र मित्तल राजू भाटिया जी दीपक गुप्ता संजय पाल लोकेंद्र सिंह सुमित भाई पारस, प्रोफेसर सुधीर कुमार, विनीत जैन आदि उपस्थित रहे।

# अंजली उत्तरेजा को मिली हिंदी रत्न मानद उपाधि

## इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज है कवयित्री का नाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुज़फ्फरनगर की ख्यातिप्राप्त कवयित्री अंजली उत्तरेजा गुप्ता को विश्व हिंदी दिवस पर विश्व हिंदी रत्न मानद उपाधि सम्मान प्रदान किया गया। नेपाल की संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउन्डेशन नेपाल द्वारा आयोजित विश्व हिंदी कविता प्रतियोगिता में उनकी उत्कृष्ट रचना के आधार पर यह सम्मान दिया गया। अंजली उत्तरेजा गुप्ता का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स (2025) में दर्ज है। वे एक यूट्यूबर, मेकअप आर्टिस्ट हैं और कई पुस्तकों के साझा संकलनों का संपादन व योगदान कर चुकी हैं। वे कई ओपन माइक मंचों पर अपनी



कविताओं का प्रभावशाली पाठ कर चुकी हैं और अब उनकी कविताएँ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सुनी जाएँगी।

सम्मान प्राप्त करते हुए अंजली ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर कविता का मूल्यांकन होना गौरव का विषय है। शब्द प्रतिभा संस्था निष्ठा और लगन से साहित्यकारों को प्रोत्साहित कर रही है, जो अत्यंत प्रशंसनीय है।

प्रतियोगिता में देश-विदेश से हजारों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 265 कवि-कवयित्रियों का चयन किया गया। संस्था के अध्यक्ष आनन्द गिरि मायालु ने अंजली के व्यक्तित्व और लेखन की सराहना करते हुए कहा कि उनकी कविताओं में सहजता और समाज को रूपांतरित करने की क्षमता दिखाई देती है। इस उपलब्धि से मुज़फ्फरनगर सहित पूरे साहित्यिक जगत में हर्ष और बधाई की लहर है।

# वेतन रुकने पर स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन ने दी कार्य बहिष्कार की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** काम में लापरवाही और बिना अवकाश के गैरहाजिर रहने वाले पालिका के दो अधिकारियों और 10 कर्मचारियों का वेतन रोक दिया गया है। 12 लोगों का वेतन रुक जाने से कर्मचारियों में भारी आक्रोश फैल गया है। स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने ईओ को चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र वेतन जारी नहीं हुआ तो कार्य बहिष्कार और हड़ताल के लिए मजबूर होना पड़ेगा। हालांकि सोमवार को इस मुद्दे पर ईओ और संगठन के बीच वार्ता होने वाली है।

दरअसल शासन में हुई शिकायतों के आधार पर पालिका में कुछ विवादित प्रकरणों को लेकर विशेष ऑडिट का काम चल रहा है।

ऑडिट टीम को वांछित दस्तावेज और पत्रावलियां उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं, टीम प्रभारी ने इसकी शिकायत ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह से की तो उन्होंने जांच में दोषी पाये जाने पर अधिकारियों और संबंधित लिपिकों के वेतन आहरण पर रोक लगा दी गई। इसके साथ ही डयूटी के प्रति लापरवाही बरतने, बिना अवकाश सूचना के गायब रहने पर भी कुछ कर्मचारियों का वेतन रोका है। इसी को लेकर अब पालिका में संगठन और प्रशासन के बीच टकराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन ने वेतन जारी नहीं करने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है।

### शादी का झांसा देकर युवक पर बंधक बनाकर दुष्कर्म का आरोप

**मोरना।** शादी का झांसा देकर युवती के साथ आरोपी ने दुष्कर्म किया साथ ही पीड़िता ने दूसरे धर्म के युवक पर भी बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव निवासी युवती ने बताया की दूसरे गांव निवासी युवक ने उसके साथ शादी करने का वादा कर नाबालिग अवस्था मे दुष्कर्म किया। तथा बालिग हो जाने तक अपने गैर सम्प्रदाय के दोस्त संग रहने को कहा युवती ने आरोप लगाते हुए बताया की गैर सम्प्रदाय के आरोपी युवक ने भी बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। अब बालिग होने पर आरोपी उसके साथ शादी से इनकार कर रहा है। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# सदस्यता अभियान में युवाओं ने थामा लोकदल का दामन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र का राष्ट्रीय लोकदल द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान बड़े उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। इस अभियान में क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों से भारी संख्या में कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं आम नागरिकों ने भाग लेकर राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वाले कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों और विचारधारा से प्रभावित होकर संगठन से जुड़े हैं तथा पार्टी को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार मुख्य अतिथि उपस्थित रहे उनके साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र चेयरमैन, मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, जिला अध्यक्ष संदीप मलिक सहित अनेक जिम्मेदार पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कार्यक्रम में मौजूद रहे।

सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर राष्ट्रीय लोकदल की रीति-नीति और किसानों के मसीहा भारत रत्न स्व. चौधरी चरण सिंह के विचारों पर प्रकाश डाला।

कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल ही वह पार्टी है जो किसानों, मजदूरों, नौजवानों, महिलाओं और समाज के अंतिम पायदान तक खड़े व्यक्ति की सच्ची आवाज बनकर उनके हक और अधिकार की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में समता और न्याय की स्थापना की जा सकती है। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र की जनता का सम्मान कैबिनेट मंत्री बनाकर बढ़ाया है, विशेषकर दलितों एवं पिछड़ों का गौरव बढ़ाया है। साथ ही उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में एनडीए की सरकार है जिसका नेतृत्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी कर रहे हैं और हम लोग यह कह सकते हैं कि आज उत्तर प्रदेश में कानून का राज स्थापित होने के साथ-साथ सभी समाज के लोगों को राजनीतिक व सामाजिक रूप से भागीदारी मिलने का भी काम हो रहा है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष अनिल कुमार गौतम, महामंत्री प्रदीप गुर्जर, बशारत खान, धीरसिंह प्रधान, धर्मेन्द्र राठी, सत्य प्रकाश शर्मा, साजिद राणा दिलीप खान मसरूर मेंबर दिलशाद प्रधान हुजैफा प्रधान आदि उपस्थित रहे।




पुरकाजी: पुरकाजी में रालोद के सदस्यता अभियान में बोलते मंत्री अनिल कुमार।

# हाइवे पर बाइक सवारों के बीच हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**मामूली सी साइड लगने पर भिड़ गए दो पक्ष**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ/सिखेड़ा।** जानसठ मुजफ्फरनगर मार्ग पर मामूली सी बाइक टक्कर के बाद शुरू हुई कहासुनी ने गंभीर रूप ले लिया।और मारपीट हो गयी।यह घटना सिखेड़ा क्षेत्र में तब हुई जब दो बाइक सवारों के बीच बाइक की साइड लगने पर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक जा पहुंचा, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। थाना सिखेड़ा क्षेत्र के गांव दाहखेड़ी निवासी मुरसलीन के द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह किसी काम से मुजफ्फरनगर की ओर जा रहा था। इसी दौरान, पीछे से आ रहे सिखेड़ा निवासी असलम पुत्र इस्लाम ने अपनी बाइक से उसकी बाइक में साइड मार दी। मुरसलीन ने असलम को सावधानी से बाइक चलाने की सलाह दी, जिस पर दोनों में तीखी बहस हो गई। बहस जल्द ही मारपीट में बदल गई। तो वही मारपीट में मुरसलीन को चोटें आईं, जिसके बाद उसने सिखेड़ा थाने में असलम के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की। सिखेड़ा पुलिस ने आरोपी असलम को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कथा सुनने गई बुजुर्ग महिला के गले से चेन झपटी

**चल रहे लाइव प्रसारण में कैद हुआ घटनाक्रम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** धार्मिक आस्था के बीच अपराध का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। शहर के एक सत्संग भवन में कथा सुनने पहुँची एक बुजुर्ग महिला श्रद्धालु को शातिर महिला चोर गैंग ने निशाना बनाते हुए गले से सोने की चौन झपट ली। वारदात की हैरतअंगेज बात यह रही कि पूरा घटनाक्रम यूट्यूब चौनल पर चल रहे कथा प्रसारण में लाइव कैद हो गया। पीड़िता के बेटे ने इस संबंध में थाना पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया है। बताया गया कि कथा में भीड़ का फायदा उठाकर महिला गैंग की सदस्य पीड़िता के पास पहुँची और झपटा मारकर चेन ले उड़ी। पुलिस ने सत्संग कार्यक्रम की वीडियो फुटेज अपने कब्जे में लेकर आरोपित महिलाओं की तलाश शुरू कर दी है।सत्संग भवन में कथा सुनने पहुँची महिला के गले से सोने की चौन झपटने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला गौशाला शामली रोड निवासी पुष्कर गोयल पुत्र गोपाल राज स्वरूप ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुष्कर ने पुलिस को बताया कि उनकी माता 70 वर्षीया विनोद बाला धार्मिक प्रवृत्ति की महिला हैं। वो 11 सितम्बर को शामली रोड पर ही स्थित सत्संग भवन में कथा श्रवण के लिए गई थी। यहां पर कथा वाचक पं. धर्मेन्द्र शास्त्री द्वारा पिछले छह दिनों से श्रीमद भागवत कथा की जा रही थी। उनकी माता ने अपने गले में उस समय करीब 35 ग्राम सोने की चौन पहन रखी थी, जिसकी कीमत करीब सवा तीन लाख रुपये बताई गई है। पुष्कर ने बताया कि उनकी माता जब गली से सत्संग भवन पहुंची तो गली से ही कुछ महिलाएं उनके पीछे लग गई थी और वो भी उनके साथ सत्संग में चली गई। पुष्कर गोयल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कथा की समाप्ति के बाद जब आरती होने लगी तो इन महिलाओं ने भीड़ का लाभ उठाते हुए उनकी माता तक धक्का मुक्की करके पहुंचने के बाद उनके गले से सोने की चौन झपट ली।

इसका उनकी माता को उस समय पता नहीं चला और वो घर वापस लौट आई। कुछ देर बाद जब उन्होंने अपने गले से चौन गायब पाई तो इसकी जानकारी परिवार को दी। पुष्कर गोयल ने बताया कि उन्होंने कथा स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के साथ ही कथा आयोजन के यूट्यूब चैनल पर हो रहे लाइव प्रसारण की वीडियो को देखा तो गैंग की महिलाओं की करतूत रिकॉर्ड पाई गई।

उनकी माता के गले से चैन झपटने वाली महिलाओं के चेहरे भी वीडियो फुटेज में साफ नजर आ रहे हैं। इसके बाद इन महिलाओं की जानकारी जुटाने के लिए पुष्कर ने अपने स्तर से प्रयास किये, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर पुलिस से शिकायत की। शहर कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश रोरिया ने बताया कि अज्ञात महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी और लाइव प्रसारण की वीडियो की भी जांच की जा रही है। जल्द ही महिलाओं को पहचान कराकर पकड़ा जायेगा।

# सऊदी से फोन कर ठग लिए 1.69 लाख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सऊदी अरब में बैठे एक शातिर युवक ने सूजडू निवासी युवक को फोन कॉल कर भावनात्मक रूप से बीमारी का हवाला देकर जाल में फंसाया और मदद के नाम पर उससे 1.69 लाख रुपये ठग लिए गए। मामले का खुलासा होने पर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की, जिस पर मुरादाबाद के शातिर युवक और उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

थाना खालापार क्षेत्र के सूजडू के मौहल्ला खालसा पटी निवासी आरिफ पुत्र इस्लामुद्दीन ने पुलिस को बताया कि उसके साथ सऊदी अरब में बैठे एक युवक ने ठगी कर ली है। आरिफ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 अगस्त को उसके पास विदेशी नम्बर से एक फोन कॉल आया। फोन करने वाले युवक ने अपना नाम अजहर पुत्र रईस निवासी गांव गढी सलेमपुर जनपद मुरादाबाद बताया। अजहर ने कहा कि वो सऊदी में है और वहां पर उसके दोस्त की माता की तबियत बहुत खराब है, उसको पैसों की जरूरत है। वो यहां से उनके अकाउंट में पैसे भेज देगा, आप दोस्त को भेज देना आरिफ ने कहा कि वो अजहर की बातों में आ गया और उन्होंने अपनी पुत्री जकिया का अकाउंट नम्बर और दूसरी बैंकिंग डिटेल अजहर नामक युवक को भेज दी।आरिफ ने पुलिस को बताया कि अजहर ने व्हाटसएप पर सऊदी सेंट्रल बैंक की एक डिपोजिट स्लिप भेजी और फोन कॉल करके बताया कि उसने जकिया के अकाउंट में 2.50 लाख रुपये भेज दिये है, लेकिन इसको रिसीव होने में एक दो दिन लग सकते हैं। इसलिए वो उसके दोस्त को अभी कुछ पैसे अपने पास से भेज दें। अजहर ने आरिफ को व्हाटसएप पर अपने दोस्त का फोन नम्बर और डिटेल सेंड कर दी। इसके बाद आरिफ के पास कुछ देर बाद अजहर के दोस्त का फोन आया और बंटी निवासी गांव मिमला जनपद बिजनौर बताते हुए खाता संख्या दिया। इसमें आरिफ ने पैसा भेजना शुरू कर दिया।

आरिफ ने 19, 20 और 21 अगस्त को अलग अलग ट्रांजक्शन से बताये गये खाते में 01 लाख 69 हजार 800 रुपये भेज दिये। इसके बाद भी अजहर द्वारा जमा कराये गये पैसे उनके खाते में नहीं आने पर 9 सितम्बर को आरिफ ने अजहर के नम्बर पर कॉल किया, आरोप है कि अजहर ने बेरूखी से बात की और कहा कि उसने किसी भी दोस्त का नम्बर नहीं दिया और न ही पैसे मांगे। आरिफ ने फिर दूसरे नम्बरों पर कॉल किया तो रिसीव नहीं हुआ। ठगी का अहसास होने पर आरिफ ने पुलिस से शिकायत की। थाना प्रभारी महावीर चौहान ने बताया कि आरिफ की शिकायत पर अज्ञात शातिर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कार्यवाही की जा रही है।

### नाबालिग गैंग चाकू-बेल्ट लेकर फैला रहा दहशत

**मुजफ्फरनगर।** शहर के मोहल्ला खालापार थाने के पास इन दिनों कुछ नव युवक और नाबालिग बच्चे जमावड़ा लगाकर खुलेआम माहौल बिगाड़ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ये बच्चे हाथों में चैन वाले चाकू और बेल्ट लेकर सड़कों पर गाली-गलौज करते हैं और ग्रुप बनाकर राहगीरों से मारपीट तक कर देते हैं। लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद चौकी इंचार्ज ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस वजह से आमजन में भय का माहौल है और मोहल्ले में बच्चों व महिलाओं का निकलना तक मुश्किल हो गया है। नाराज़ लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि थाना पुलिस स्तर पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे सीधे एसएसपी से मिलकर इस समस्या का समाधान कराने की मांग करेंगे। प्रकरण को लेकर चौकी प्रभारी लोकेश गौतम से स्थानीय लोग नाराज।

# बालू निकाल रहे मजदूर को मगरमच्छ ने खींचा

■ ग्रामीणों की सूचना पर गौताखोरों ने शुरू की तलाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** गंगा नदी मे भैंसा बोगी उतारकर रेत निकाल रहा ग्रामीण रहस्यमय परिस्थितियों मे लापता हो गया। ग्रामीणों ने मगरमच्छ द्वारा निगल जाने की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस द्वारा गोताखोर की सहायता से लापता हुए चन्द्रबोस सैनी को गंगा नदी मे तलाश किया गया किन्तु शाम तक उसका कोई पता नहीं चल सका था। पुलिस ने साथ मे रेत निकालने वाले दो व्यक्तियों से गहनता से पूछताछ की है। परिजनों ने प्रशासन से गंगा नदी मे रेसक्यू ऑपरेशन जारी रखने व वहां मौजूद दर्जनों मगरमच्छ को पकडकर दूसरे स्थान पर छोड़ने की मांग की है।



भोपा थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव मजलिसपुर तौफीर निवासी 45 वर्षीय चन्द्रबोस सैनी पुत्र हरदयाल सैनी पांच बीघा भूमि का किसान है तथा गंगा नदी से बालू निकाल कर उसे बेंच कर परिवार की आजीविका चलाता है। रविवार की सुबह चन्द्रबोस सैनी चचेरे भाई अरुण व परिवार के ही विनोद के साथ गांव से कुछ दूर बह रही बाण गंगा मे भैंसा बोगी द्वारा बालू निकालने गया था। अरुण व विनोद ने बताया की चन्द्रबोस गंगा के मध्य बोगी ले जाकर अर्धनग्न होकर रेत को फावडे से निकाल कर भर रहा था। लगभग आधी बोगी भर चुकी थी। विनोद व अरुण कुछ दूरी पर यही कार्य कर रहे थे। की अचानक चन्द्र बोस गायब हो गया। लघु शंका के लिए चले जाने को मानकर विनोद व अरुण ने काफी समय तक चन्द्र बोस की प्रतीक्षा की।लेकिन काफी देर बाद भी जब चन्द्रबोस नहीं लौटा। उसके कपड़े व मोबाइल किनारे पर रखे मिले।

जिसके बाद विनोद व अरुण ने परिजनों को चन्द्रबोस के गायब होने की सूचना दी। सेकड़ो ग्रामीणों की भीड़ मौके पर इकठा हो गयी और नदी मे चन्द्रबोस की तलाश की किन्तु उसका कोई पता नहीं चल सका। ग्राम प्रधान योगेश कुमार चौहान ने बताया की गंगा मे दर्जनों बड़े मगरमच्छ रहते हैं।

जिनमे एक विशाल बताया गया है। ग्रामीण मगरमच्छ द्वारा हमला कर चन्द्रबोस को निगल जाने की आशंका जता रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने गौताखोर की सहायता से घंटो चन्द्रबोस की तलाश की किन्तु उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने अरुण व विनोद से भी पूछताछ शुरू कर दी है। भाई बिजेंद्र सहित ग्रामीणों ने प्रशासन से एसडीआरएफ टीम को बुलाकर गंगा मे रेसक्यू कराने की मांग की है। चन्द्र बोस के परिवार मे पत्नी सुनीता के अलावा पुत्री कामिनी 21वर्ष, चांदनी19, अन्नू 15 रमा 13 व पुत्र अभिषेक 17 वर्ष हैं।

## चैकिंग के दौरान तीन संदिग्ध दबोचे

**मीरापुर।** रामराज पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। थाना प्रभारी निरीक्षक रवेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में 13 सितंबर की रात संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान अहमदवाला बांध, के निकट से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनिल कुमार पुत्र सुन्दर निवासी ग्राम दक्षिणी घटायन थाना जानसठ, जोनी पुत्र धर्मवीर निवासी ग्राम नूनीखेड़ा थाना जानसठ, तथा महताब आलम पुत्र शरीफ आलम निवासी ग्राम गंगसोना थाना फलावदा, मेरठ के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि इनके कब्जे से अवैध देशी शराब चेतक मार्का की कुल 60 फूटी बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है।

# अलग अलग स्थानों पर दो किशोरियों ने खाया जहर

■ परिजनों की डांट से क्षुब्ध होकर उठाया कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** अलग-अलग स्थानों पर दो किशोरियों ने जीवन लीला समाप्त करने के उद्देश्य से घर में रखी हुई कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में दोनों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को भी सूचना मिल गयी है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के कश्यप समाज की एक नवयुवती अपने पड़ोस में रहने वाले एक युवक से प्यार करती है। नवयुवती युवक से शादी करने की इच्छुक है लेकिन परिजन इसके लिए तैयार नहीं हैं। आज जब नवयुवती ने अपने परिजनों से फिल्मी स्टाइल में युवक से शादी करवाने की बात कही तो परिजनों ने नवयुवती को डांट डपट दिया। बस इसी बात से क्षुब्ध होकर नवयुवती ने जहर खा लिया। नवयुवती को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरी घटना गांव गढ़ी सखावतपुर चौकी क्षेत्र के एक गांव की है। आज इस गांव में दो सगी बहनें किसी बात पर लड पड़ी तो पिता ने दोनों को धमका दिया तो छोटी पुत्री ने बस इसी बात से क्षुब्ध होते हुए घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में किशोरी को एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों किशोरियों का इलाज चल रहा है। उधर दोनों घटनाओं की सूचना बुढ़ाना पुलिस को भी मिल गयी थी।

## व्यापारी के घर पहुंचे भाजपा नेता नितिन

**बुढ़ाना।** लगभग 11 लाख रुपये से भी अधिक कीमत के सोने चांदी के जेवरात, 04 हजार रुपये की नगदी और मोबाइल लूट की घटना की खबर सुनकर भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन मलिक पीड़ित परिवार के आवास पर पहुंचे। नितिन मलिक ने उनसे घटना की पूरी जानकारी ली और बुढ़ाना पुलिस को फोन कर लूट का शीघ्र खुलासा किए जाने की बात कही। भाजपा के वरिष्ठ नेता और भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नितिन मलिक ने आज सुबह मंदवाडा वाया बुढ़ाना मार्ग पर लूट की बडी घटना होने के बाद पीड़ित के घर पहुंचकर कुशल क्षेम जाना और घटना की जानकारी ली और पुलिस अधिका. रियों को फोन कर घटना का शीघ्र खुलासा कर बदमाशों को गिरफ्तार कर कड़ी सबक सिखाने की भी बात कही और ऐसी घटना दुबारा ना हो ऐसी सज़ा होनी चाहिए। सबको मालूम होना चाहिए यह उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रदेश है योगी के राज में ऐसी घटनाए नही होनी चाहिएं।

# पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए सपा ने भेजी राहत सामग्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन ने बताया कि पंजाब में आई विनाशकारी बाढ़ के पीड़ितों के लिए समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट महानगर अध्यक्ष बॉबी त्यागी तथा समा. जवादी पार्टी नेताओं द्वारा सपा पदा. धिकारियों कार्यकर्ताओं के सहयोग से राहत सामग्री भेजने का निर्णय लिया गया था।

इसी क्रम में अनेक पदाधिका. रियों कार्यकर्ताओं द्वारा राहत सामग्री सपा कार्यालय पर लगातार जमा करके पंजाब बाढ़ पीड़ितों को भेजी जा रही है। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर लगातार समाजवादी पार्टी के नेताओं पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा राहत सामग्री भेजने का क्रम जारी है।



# आईआईए कैम्पस कनेक्ट पोर्टल का किया गया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) की 311वीं केंद्रीय कार्यकारिणी समिति (सीईसी) की बैठक लखनऊ स्थित आईआईए भवन, गोमती नगर में संपन्न हुई। इस अवसर पर आईआईए चैप्टर द्वारा विकसित एक नई पहल आईआईए कैंपस कनेक्ट पोर्टल का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ किया गया।

इस पोर्टल का शुभारंभ केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल एवं आईआईए राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने संयुक्त रूप से बटन दबाकर किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री मती अनुप्रिया पटेल ने अपने संबोधन में पोर्टल की सराहना करते हुए कहा कि निश्चित रूप से इस पोर्टल से युवा शक्ति को अवश्य लाभ मिलेगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पोर्टल प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश में रोजगार सृजन और कौशल विकास का एक प्रभावी माध्यम बनेगा। इस अवसर पर आईआईए मुजफ्फरनगर के चौप्टर चेयरमैन अमित जैन ने पोर्टल की उपयोगिता पर प्रकाश डालने से पहले अपने चैप्टर की लंबित समस्याओं ख्र अमन रोलिंग मिल, प्लासा होटल एवं दयाचंद इंजीनियरिंग की रुकी हुई सब्सिडी के शीघ्र समाधान हेतु केंद्रीय नेतृत्व से आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आईआईए कैंपस कनेक्ट पोर्टल उद्योग एवं शैक्षणिक संस्थानों के बीच मजबूत सेतु का कार्य करेगा।

साथ ही यह युवाओं को उनकी योग्यता और कौशल के अनुसार अवसर प्रदान कर प्रदेश व देश के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान करेगा। बैठक में यह मत व्यक्त किया गया कि आईआईए कैंपस कनेक्ट पोर्टल भविष्य में प्रदेश सरकार की कौशल विकास योजनाओं तथा केंद्र सरकार की स्टार्टअप और एमएसएमई नीतियों को जमीनी स्तर पर लागू करने में सहायक सिद्ध होगा।

यह पहल न केवल मुजफ्फरनगर चैप्टर के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक रोल मॉडल के रूप में सामने आएगी। इस बैठक में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों के साथ-साथ मुजफ्फरनगर चैप्टर से चेयरमैन अमित जैन, सेक्रेटरी राहुल मित्तल, स्पेशल सेक्रेटरी अमन गुप्ता, आईवाईसी (आईआईए युवा विंग) के कैप्टन अनमोल अग्रवाल तथा जॉइंट सेक्रेटरी राज शाह सहित अन्य पदा. धिकारी उपस्थित रहे।

# किन्नर भाई का मर्डर करने वाला कलयुगी भाई दबोचा

**बुढ़ाना।** अपने किन्नर भाई के हिस्से को हड़पने की नीयत से किन्नर की हत्या करने वाले फरार सगे भाई को आज बुढ़ाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव मंदवाडा निवासी इरशाद सैफी 6 वर्ष पूर्व किन्नर बन गया था और उसने अपना नाम मुस्कान रख लिया था। वह शामली जिले के थानाभवन कस्बे में बधाई मांगने का काम अन्य किन्नरों संग करता था। वह उसी दौरान अपने गांव मंदवाडा आया हुआ था। जिस मकान में किन्नर रह रहा था उसमें उसके अन्य भाई साजिद, अहसान और शमशेर उर्फ मूंछ उसका हिस्सा हड़पने की नीयत से मकान में कई दिनों से चिनाई का काम चलाए हुए थे। इसी वर्ष बीती 5 जून की सुबह लगभग 06 बजे इसी बात को लेकर आपस में तनाव हुआ तो किन्नर के एक भाई ने अपनी पत्नि की मदद से किन्नर को पकड़कर ईंटों के प्रहार से हमेशा के लिए मौत की नींद सुला दिया था। अब पुलिस ने इस मामले में फरार चल रहे साजिद उर्फ गुलशेर पुत्र नूर मौहम्मद निवासी मंदवाडा को जेल भेज दिया है। बुढ़ाना कोतवाल सुभाष अत्री के नेतृत्व में बुढ़ाना कोतवाली के एसएसआई ललित शर्मा ने टीम के साथ सफलता हासिल की है।

# कुरीतियों को दूर कर शिक्षा को अंतिम छोर तक पहुंचाए जाट समाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जाट महासभा द्वारा 26वां जाट प्रतिभा अलंकरण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं, खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं, सेवा में योगदान देने वाले वरिष्ठ नागरिकों तथा सेवा निवृत्त सैनिकों समाजसेवियो वह विभिन्न क्षेत्रो की प्रतिभाओ को सम्मानित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मेजर जनरल सेवा निवृत्त डॉ. बी. एस. पंवार उपस्थित रहे। उनके साथ अमित चौधरी, चेयरमैन वसुंधरा रेजिडेसी, कुंवर विजयराज सिंह, सचिन राणा वेदांता गुप, उमेश मलिक पूर्व विधायक, सुभाष चौधरी, शकरसिंह, भोला सिंह, सुरेंद्र मलिक एडवोकेट तथा श्री चंद्रविर सिंह निर्वाल भी शामिल हुए। सभी अतिथियों ने समाज की प्रगति और युवाओं की उपलब्धियों पर अपने विचार साझा किए।



मेजर बीएस पंवार ने कहा कि जाट समाज सामाजिक बुराईयो को दूर करे तथा शिक्षा उत्थान की अलंग गांव व शहर के अतिम छोर तक ले जाए। शिक्षा और खेल के क्षेत्र में उपलब्धियों के लिए डॉ. देवाशेष चौधरी, अमित राठी, अभिषेक सेहरावत, लेफ्टिनेंट विश्जीत, कार्तिक सेहरावत को बॉलीबॉल में, अधित्य मलिक को शूटिंग में, कुमारी संध्या को एम.एससी. में उत्ख्रष्ट परिणाम पर, देवाश दुहन को शूटिंग में, सारन चौधरी को बॉलीबॉल में, उजवल बालियान को नीट एम.बी. बी.एस. में सफलता पर, कुमारी आयुषी को स्टेट एथलेटिक में, कुमारी विशाखा को एथलेटिक में, खुशी चौधरी को बॉलीबॉल में तथा अधित्य राठी और उमंग बालियान को फुटबॉल में उत्ख्रष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों ने युवाओं से अनुशासन, परिश्रम और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ते रहने का आह्वान किया। समारोह में बड़ी संख्या में समा. जजन उपस्थित रहे और सभी ने मेधावी युवाओं तथा सेवा में योगदान देने वाले वरिष्ठ नागरिकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम मे जगदीश बालियान सतोष कुमार वर्मा मागेराम वर्मा देवेद अहलावत चेयरमैन श्यामपाल प्रकाशवीर, ओमपाल सिह, केडीवर्मा, करण सिह, रामपाल, महकार सिंह, तेजपाल सिंह, प्रवीण जावला, मनोज कुमार, तेजवाल सिह, सुघोष आर्य, धर्मवीर मलिक, मनोज कुमार, सागर, अमित राठी, मनोज बालियान, बिटु हरपाल, निर्वाल, देवेद तोमर, मांगे राम नरेंद्र, देवेश, जगदीश मलिक, रणधीर सिह, धीर सिह, अजय ओमपाल, आर्य ब्रनपाल, ब्रह पाल परविद, हरेद, डा बेनीवाल, डा जीत सिह तोमर, बिशम्भर सिंह रतन सिंह, विनोद कुमार सुरेंद्र सिंह सुशील शुभम आर्य महेश महावीर अंजू प्राची सुदेश लाला व युद्धवीर सिंह रहे। र्यक्रम का संचालन श्याम पाल चेयरमैन व म अरविंद मलिक ने किया।

# रोहिताश को इंदौर में मिला नेशन बिल्डर अवार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मध्य प्रदेश के इंदौर में आयोजित 12 वें सम्मान समारोह में जिले के पत्रकार रोहिताश कुमार वर्मा को नेशन बिल्डर अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। जिले के पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है।

विनय उजाला के द्वारा रविवार को आनंद माथुर मोहन सभा गृह इंदौर में 12 वे नेशन बिल्डर अवार्ड 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें देश भर से चिकित्सा, कला, साहित्य, समाजसेवा और पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली वाली चयनित प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में 25 वर्षो से ग्रामीण पत्रकारिता में उत्कृष्ठ कार्य करते हुए गांव की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने पर पत्रकार रों. हताश कुमार वर्मा को नेशन बिल्डर अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह में अति विशिष्ट सुप्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेता एवं पूर्व सांसद जया प्रदा ने मप्र शासन के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, , सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव व समाजसेविका जूही भार्गव की मौजूदगी में अपने हाथों से सम्मान प्रदान किया। इससे पहले भी वर्मा को भारतीय प्रेस परिषद व मीडिया फेडरेशन आफ इंडिया द्वारा ग्रामीण पत्रकारिता, साहित्यिक संस्था प्रयागराज द्वारा कुलदीप नैयर अवार्ड व अखिल भारतीय कबीर मठ राजस्थान के द्वारा कबीर कोहिनूर अवार्ड व बिश्व संवाद केंद्र मेरठ द्वारा नारद सम्मान, हरियाणा में राष्ट्र गौरव अवार्ड, ख्वाब फाउंडेशन बिहार द्वारा जयपुर में डॉ कलाम लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है।



# ड्रोन कैमरों पर प्रतिबंध से फोटोग्राफर नाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** फोटोग्राफर समिति का वार्षिक अधिवेशन एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता समिति के जिला अध्यक्ष श्रवण मोगा ने की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार अनिल कुमार फटॉग्रफर्स क्लब विजय कुमार दिल्ली कर प्रथम दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं मंत्री अनिल कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए फोटोग्राफर की महत्वता को दर्शाया एवं जिला अध्यक्ष शरण मोगा ने अपने संबोधन में शादी विवाह आदि में ड्रोन पर लगी रोग को प्रमुखता से उठाया किसके लिए मिथलेश पाल विधायक ने स्पष्ट करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया आज के इस सफल आयोजन के लिए मुख्य अतिथियों ने करते हुए कहा कि भविष्य में इस तरह फोटोग्राफर के साथ हर समय कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष श्रवण मोघा, रॉबिन सिंघल,बृजेश कुमार, सुरेंद्र पाल, सतनाम छाबड़ा, शुभम मोघा, रजनीश जोली राकेश अरोड़ा ओंकार सिंह संजय सिंगर सुनील सैनी विकास पाल मित्र सेन, मिंकुल, गिरज. श कुमार उर्फ सोनू, नवनीत कौशिक, देशपाल राकेश अरोड़ा विश्व शर्मा ओंकार सिंह आदि मौजूद रहे।



# आकांक्षा कॉलेज में मनाया हिंदी दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आकांक्षा कॉलेज मीरापुर मुजफ्फरनगर में आज हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में कॉलेज के सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर अनुराधा मलिक ने सभी छात्र-छात्राओं को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि हिंदी भाषा को 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। इसके बाद 14 सितंबर 1953 से प्रत्येक वर्ष हम इसको हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी राजभाषा ही नहीं बल्कि हमारी संस्कृति एवं सभ्यता की आत्मा है और आज का दिन हमारी भाषा के महत्व और उसके गौरव की याद दिलाता है। इस कार्यक्रम का संचालन करते हुए कॉलेज के सहायक प्रोफेसर डॉ रणजीत सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को हिंदी दिवस के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हिंदी भाषा विश्व मे बोली जाने वाली सभी भाषाओं में तीसरे स्थान पर आती है जो हमारे लिए गर्व की बात है हिंदी भाषा को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 से 351 तक रखा गया है और इसके साथ ही संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं को भी विशेष स्थान प्राप्त है। इस कार्यक्रम में कॉलेज की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा इशिका, रेणुका,पूजा और बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा सानिया एवं उज्जवल ने भी हिंदी दिवस के बारे में कविताएं एवं भाषण के माध्यम से अपनी शानदार प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में कॉलेज के सहायक प्रोफेसर एवं कार्यक्रम अधिकारी डा .नवनीत कुमार, आशीष चौधरी, पंकज कुमार, हैदर हाशमी, मानसी शर्मा, हिमानी पाल, कुसुम साहू, टीना , ज्योति, रेखा पाल, नजमा कॉलेज के लिपिक राहुल रस्तोगी और सचिन कुमार के अलावा सभी कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# पुत्री के लापता होने की तहरीर देकर लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने मीरापुर थाने में तहरीर देकर अपनी 22 वर्षीय पुत्री के लापता होने की सूचना दी है। तहरीर के अनुसार, महिला 11 सितंबर को रिश्तेदारी में गई हुई थी। अगले दिन 12 सितंबर को घर पहुंची तो तो पता लगा कि उसकी बेटी सुबह लगभग 11 बजे बिना बताए घर से कहीं चली गई। परिजनों ने सभी रिश्तेदारी और परिचितों में पता किया, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों के अनुसार, युवती अपने साथ सोने के कुंडल-बाली, चार चांदी के कड़े, पाजेब, सोने का नेकलेस, चांदी की चेन, एक लाख रुपये नकद और कपड़े भी ले गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और युवती की तलाश जारी है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पारुल कुमार और पारुल त्यागी एक ही व्यक्ति के दो नाम है। आधार कार्ड और पेन कार्ड पर भी मेरा नाम पारुल कुमार S/0 जनार्धन त्यागी है। भविष्य में सभी उद्देश्यो के लिए मुझे पारुल कुमार S/0 जनार्धन त्यागी के नाम से ही जाना जाये।

**पारुल कुमार S/0 जनार्धन त्यागी**
**गांव व पोस्ट - पुरा**
**तहसील खतौली, जिला मुज़फ्फरनगर**
**(उ.प्र.)**

# 19 सितम्बर को भाकियू तोमर लखनऊ में करेगी महापंचायत

■ राष्ट्रीय कार्यालय पर संगठन के पदाधिकारियो को दिए दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने आज रामपुर तिराहा स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर एक पदाधिकारी और कार्यकर्ता कि सभा कि गयी सभा मे संगठन के चीफ चौधरी संजीव तोमर ने सभा मे मौजूद पद अधिकारीयो को आदेशित किया है सभी पदा. धिकारी टोपी झंडे बिल्ले के साथ 18 सितंबर को लखनऊ नौचंदी ट्रैन से किसान कूच करेगे चौधरी संजीव तोमर कहा कि हर साल कि भांति इस वर्ष भी संगठन किसानों की समस्याओं को लेकर लखनऊ महापंचायत करेगा उन्होने कहा कि 35 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन प्रदेश सरकार को सौपा जाऐगा जिसमे मुख्य मागे इस प्रकार रहैगी गंन्ने का भाव 500 रु क्विटल किया और किसानो का सम्पूर्ण कर्जा माफ किया जाऐ स्मार्ट मीटर सरकार द्वारा पूर्ण रुप से रोक लगायी जाऐ और जिन किसानों का बाढ मे जान माल का नुक़सान हुआ है।



उन्हे मुआवजा दिया जाऐ और 60 वर्ष के बाद 10000 रू महीना पेशन दी जाऐ जनपद मुजफ्फरनगर मे ऐम्स अस्पताल कि सुविधा दी जाऐ और भाजपा सरकार मे सरकारी तंत्र बेलगाम हो रहा है और किसानो के साथ दुर्व्यवहार और बडे स्तर पर शौषण किया जा रहा है। उस पर भी रोक लगायी जाऐ ऐसे मुद्दो को संगठन जोरो शोरो से उठायगा और सरकार को जगाने का काम करेगा। इस मौके पर मुख्य रुप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छम्मन खान, राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी, जिला अध्यक्ष मुजफ्फरनगर निखिल चौधरी, प्रदेश संगठन जितेन्दर सैनी, पशिचम यूपी प्रदेश अध्यक्ष रिहान चौधरी, कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष महबूब बालियान, युवा जिला अध्यक्ष सोनू चौधरी, अजय त्यागी, जमीर मुस्तफा, नौशाद, साजिद, मोनू धीमान , ईस्राईल, हसीर, रियाज राणा, आजम, शानू, लोकेश शर्मा, शिराजू फारूख, सोनू, नौशाद, शिकलेन्दर तोमर, मुशरफ प्रधान, शुभान , आसिफ, सुहैल, अमित, नौशाद आदि मौजूद रहे।

# झूठी शिकायतों पर ईंट निर्माता समिति की ने जताई चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आंदोलन जन कल्याण के संयोजक और ईंट निर्माता कल्याण समिति अध्यक्ष प्रमोद बालियान के आवास पर मुख्यमंत्री पोर्टल और थानों में बढती झूठी शिकायतों पर चिंता व्यक्त की गई। प्रमोद कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा दी गई आईजीआरएस की सुविधा अपने आप में बेहतरीन है लेकिन इसके दुरुपयोग से बहुत बड़ी तादाद में लोग त्रस्त हैं।

झूठी शिकायतों के निस्तारण में सरकारी मशीनरी और पुलिस का समय बर्बाद हो रहा है इसलिए इस न्याय प्रणाली का पुनरावलोकन जरूरी हैं। जाट महासभा के जिला अध्यक्ष ब्रजवीर सिंह ने कहा कि समाज में झूठी शिकायतों की संख्या बढ़ना चिंता का विषय है और कुछ लोग अपने अनैतिक कार्य को छुपाने तथा नाजायज फायदा उठाने के लिए उत्पीड़न करने पर उतारू है। समिति प्रवक्ता हाजी जियाउर्रहमान ने कहा कि भट्ठा मालिक कई तरीके से झूठी शिकायतों के शिकार हैं।



प्रवीण कुचछल ने कहा कि वर्तमान में श्रमिकों द्वारा सबसे ज्यादा झूठी शिकायतें श्रम विभाग में की जा रही है। चर्चा के बाद प्रमोद कुमार ने कहा कि वह इस विषय को सुधारात्मक कदम उठाने के लिए मुख्यमंत्री और शासन को लिखकर भेजेंगे। बैठक में जाट महासभा के जिला अध्यक्ष ब्रजवीर सिंह, समिति प्रवक्ता हाजी जियाउर्रहमान, प्रवीण कुचछल, अनित्य कुचछल, आकाश राठी सोंटा, संजय पंवार, रामपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

**आवश्यकता है**

टोल प्लाजा छपार जिला मुजफ्फरनगर हेतु अधिकारी, शिफ्ट इंचार्ज, सुपरवाइजर, टिकट कलेक्टर, गार्ड, आर्मी रिटायर्ड गनमैन, आईटी इंजीनियर, ऑडिटर, इलेक्ट्रिशियन की। इच्छुक पुरुष व महिला अपने 2 फोटो, बायोडाटा व शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित इंटरव्यू हेतू आवेदन करें दिनांक 17-09-2025 को प्रात: 10 बजे सरकुलर रोड सिद्धार्थ बैंकेट हॉल मुजफ्फरनगर में उपस्थित हों। समय का विशेष ध्यान रखें।

**इंटरव्यू: सरकुलर रोड, सिद्धार्थ बैंकेट हॉल मुजफ्फरनगर, यूपी। मोबाइल नंबर: 9829765397, 7248158095**

# तीन लुटेरों ने तमंचे दिखा दादा-पोते से जेवर लूटे

■ दोनो को बंधक बनाकर ईख के खेत में डाला

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** मोटर साइकिल पर सवार होकर अपने घर जा रहे दादा व पोत्र को 3 तमंचेधारी लुटेरों ने उनकी बाइक रुकवाकर उनके पास से सोने चांदी के जेवरात, 4 हजार रूपये और मोबाइल लूट लिया। घटना के बाद बदमाशों ने दोनों को ईंख के खेत में बंधक बनाकर डाल दिया और जंगल के रास्ते फरार हो गये। लूट की घटना की सूचना मिलने पर बुढाना पुलिस में हड़कंप मच गया और तुरंत घटनास्थल की और दौड़ पडी। शिवम पुत्र किरणपाल वर्मा निवासी बुढ़ाना ने गांव हबीबपुर सीकरी में ज्वैलरी की दुकान की हुई है। आज रविवार की प्रात



करीब 9 बजे वह अपने घर से गांव मंदवाडा के एक ग्राहक का 70 ग्राम सोना, ढाई किलोग्राम चांदी लेकर अपने दादा नेमचंद पुत्र रामनिवास के संग बाइक पर जा रहा था। जब वे सीओ आवास से कुछ ही दूरी पर मंदवाडा रोड की तरफ गये तो धीमी रफ्तार से चल रही उनकी बाइक को अचानक से ईंख के खेत से निकले 3 अज्ञात लुटेरों ने धक्का देकर गिरा दिया और दोनों दादा पोत्रो को ईंख के खेत में ले जाकर अपने साथ लाई रस्सी से बांधकर उनके पास से 70 ग्राम सोना, ढाई किलोग्राम चांदी, 4 हजार रुपये व मोबाइल लूटकर ईंख के रास्ते फरार हो गये। लुटेरों के जाने के बाद शिवम ने किसी तरह खुद को व दादा को बंधन मुक्त किया और ईंख से बाहर निकलकर शोर मचा दिया।

शोर शराबा सुनकर मौके पर आए लोगों की भीड़ जमा हो गयी। किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दी तो पुलिस ने घटनास्थल की और दौड़ लगा दी। कोतवाल सुभाष अत्री ने घटना के संबंध में शिवम से जानकारी लेकर काम्बिंग की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस ने मामला दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरु कर दी है।

### एसपी क्राइम ने भी किया घटनास्थल का दौरा

**बुढ़ाना।** दादा पोत्र से हुई लूट की घटना की खबर मिलते ही एसपी क्राइम इंदु सिद्धकर्मा सीओ गजेंद्र पाल सिंह के साथ घटनास्थल पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर कोतवाली पहुंचकर दादा पौत्र से भी बात की। घटनास्थल पर फोरेंसिक व सायबर टीम भी पहुंची। उधर स्वर्णकार समाज बुढ़ाना के अध्यक्ष संजीव वर्मा ने घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पहुंचकर एसपी क्राइम से बात कर घटना के खुलासे की मांग की। जिस पर उन्होंने एक दो दिन में ही घटना का सही खुलासा करने का आश्वासन दिया। वहीं फरार अज्ञात लुटेरों को पकड़ने को दो टीमें भी गठित की गयी हैं।

### सांसद विधायक को भी दी घटना की जानकारी

**बुढ़ाना।** स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष संजीव वर्मा ने फोन पर लूट की घटना के संबंध में मुजफ्फरनगर लोकसभा के सपा सांसद हरेंद्र मलिक और बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के रालोद विधायक राजपाल बालियान को भी अवगत कराया। जिस पर उन्होंने बुढ़ाना आने की बात कही।

## सरफिरे युवक का दुस्साहस तो देखिए........

# फिल्मी स्टाइल में किशोरी के घर किया हाई वोल्टेज ड्रामा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** एक सरफिरा युवक फिल्मी स्टाइल में दिन दहाडे दुस्साहस कर एक किशोरी के घर में घुस गया। उसने परिजनों के सामने किशोरी का हाथ पकड़ा और उसे जबरदस्ती अपने साथ ले जाने लगा। शोर सुनकर मौके पर आए परिजनों ने अपनी पुत्री को युवक के चंगुल से छुड़ाना चाहा मगर युवक ने परिजनों को धक्का दे दिया। लोगों को भी युवक ने खूब छकाया तो कुछ देर बाद युवक कोे पकडकर पुलिस को सौंप दिया। बुढ़ाना पुलिस को बीते 29 अगस्त को बुढ़ाना निवासी एक व्यक्ति ने बताया था कि उसकी नाबालिग पुत्री को शाहपुर निवासी सावेज तंग कर रहा है। 27 अगस्त को सफीपुर पटी का एक युवक उसकी पुत्री को मोबाईल देकर ये कह गया कि या तो सावेज से बात कर ले नही तो वो तेरे घर आकर तुझे मार देगा। मुझे पुत्री की जान का खतरा है। सावेज कोई भी घटना कर सकता है। मेरी पुत्री अकेली रहती है। मैं रेहडे पर कुकडी बेंचता हूं। तहरीर के बाद भी पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया तो युवक का दुस्साहस इतना बढ़ा कि वह आज रविवार को उक्त व्यक्ति के घर में घुस गया और उसकी पुत्री का हाथ पकड़कर जबरदस्ती उसे अपने संग ले जाने लगा। विरोध करने पर परिजनों को उसने धक्का दे दिया। लोगों ने उसे पकडकर पुलिस को सौंप दिया। जैसे ही पुलिस युवक को चौकी पर लाई तो युवक लघुशंका के बहाने भाग गया लेकिन तेज तर्रार हैड कांस्टेबल हरीशपाल सिंह ने बड़ी फुर्ती से भागदौड़ कर युवक को पकड़ लिया।

# दी एसडी में हिंदी सप्ताह का भव्य आयोजन

■ हम सबका अभिमान है हिंदी । भारत देश की शान है हिंदी।

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** द एसडी पब्लिक स्कूल में हिंदी सप्ताह का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इसके अंतर्गत पूरे सप्ताह हिंदी भाषा की विविधता और महत्ता को दर्शाने हेतु विद्यालय की प्रार्थना सभा में हिंदी की विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों का साहित्यिक ज्ञान परखने के लिए प्रश्नोत्तरी, टंग ट्विस्टर अर्थात बिना रुके हिंदी के कठिन शब्दों का शुद्ध व स्पष्ट पुनर्वाचन, कविता वाचन, नृत्य आदि रोमांचक गतिविधियों ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षाओं में भी अनेक गतिविधियों- शब्द भंडार प्रश्नोत्तरी, मुहावरों पर आधारित



रचनात्मक गतिविधि, संवाद कौशल, अलंकार बोध आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों ने न केवल बच्चों के ज्ञान को समृद्ध किया अपितु उनकी कल्पना शक्ति, अभिव्यक्ति क्षमता और सामूहिक कार्य कौशल को भी प्रखर बनाया। विद्यालय प्रधानाचार्या मती नीलम महाना जी ने विद्यार्थियों की सुंदर प्रस्तुति एवं गतिविधियों के लिए उनका उत्साहवर्धन किया और बच्चों को हिंदी मातृभाषा के महत्त्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा हिंदी का सम्मान करना चाहिए क्योंकि यह केवल भाषा नहीं अपितु हमारी आत्मा, संस्कृति और राष्ट्र का मान है। यह देश की एकता और पहचान का प्रतीक है।

# खतौली में युवती से छेड़छाड़, घर में घुसकर मनचले ने किया हंगामा

शाह टाइम्स सवांददाता

**खतौली।** कस्बे में कोतवाली के पीछे कॉलोनी में शनिवार देर रात एक गंभीर घटना ने हड़कंप मचा दिया। एक मनचले युवक ने अकेली युवती को निशाना बनाते हुए उसके घर में जबरन प्रवेश किया और उससे अभद्र व्यवहार करते हुए छेड़छाड़ की। युवती के विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।बताया गया कि पंजाबी कॉलोनी निवासी युवती रात में अपने घर में अकेली थी, जबकि परिजन बाहर गए हुए थे। इसी दौरान थाना दौराला क्षेत्र का युवक देर रात उसके घर के बाहर पहुँचा। बंद दरवाजे पर लात मारकर अंदर घुसा और विरोध करने पर गाली-गलौज के साथ छेड़छाड़ की।

युवती ने तत्काल अपने भाई को फोन कर घटना की जानकारी दी। कुछ ही समय में परिजन और मोहल्ले के लोग पहुँचे और आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर छेड़खानी, घर में जबरन प्रवेश, धमकी देने समेत अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी पहले भी परेशान कर चुका है और इस संबंध में महिला हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई थी।

घटना के समय आरोपी के कुछ साथी भी मौके पर पहुँचे थे, लेकिन भीड़ देख फरार हो गए। इस घटना से युवती और उसका परिवार दहशत में है। पुलिस का कहना है कि दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और कानून के तहत उसे जेल भेजा जाएगा।

# मुठभेड़ में फरार एक और आरोपी दबोचा

**बुढ़ाना।** लगभग तीन सप्ताह पहले जिस मुठभेड को फर्जी बताकर सैंकडों भाजपाईयों ने तत्कालीन बुढाना कोतवाल आनंद देव मिश्र के खिलाफ पंचायत की थी उसी मुठभेड़ में फरार हुए दो आरोपियों में से एक और आरोपी को आज रविवार के दिन बुढ़ाना पुलिस ने उसके घर से मुखबिर की सूचना पर पकड़कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार बीती 26 अगस्त को बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में परासौली नहर के समीप 3 लुटेरों ने बाइक सवार युवक को रोककर उसकी बाइक लूट ली थी और फरार हो गये थे। बाइक लूट की सूचना पीड़ित ने बुढाना पुलिस को दी तो पुलिस विभाग में जबरदस्त हड़कंप मच गया था। तब बुढ़ाना के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्रा ने भागदौड़ कर रोबिन नाम के एक लुटेरे को मुठभेड़ में घायल कर दिया था जबकि उसके दो साथी भाग जाने में सफल रहे थे। उधर इस मुठभेड़ को फर्जी बताते हुए भाजपाईयों ने तीन दिन तक जमकर हंगामा काटा था। तब बुढाना कोतवाल आनंद देव मिश्र को भाजपाईयों के दबाव में यहां से हटा दिया था। आज कोतवाल सुभाष अत्री को मुखबिर से सूचना मिली कि बाइक लूट में फरार चल रहा दूसरा आरोपी लखन पुत्र कंवर पाल सिंह निवासी ग्राम कुरथल फिलहाल अपने घर पर मौजूद है तो कोतवाल सुभाष अत्री के नेतृत्व में बायवाला चौकी प्रभारी किशन पाल सिंह यादव ने आरोपी लखन को उसके घर के बाहर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी ने खुद को बाइक लूट की घटना में शामिल होना बताया है। उधर तीसरा आरोपी कालू अभी तक फरार बताया है। पुलिस ने उसकी भी तलाश शुरु कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### दुकान से चोरी में दो महिला गिरफ्तार

**खतौली।** नगर के बड़ा बाजार में करीब 20 दिन पहले एक ज्वेलरी शोरूम से डेढ़ लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने वाली दो महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित महिलाओं से चोरी किए गए आभूषण और नकदी भी बरामद कर लिए हैं। दोनों महिलाओं से कड़ी पूछताछ के बाद उनका चालान कर दिया गया है। 21 अगस्त को नर्गिस पत्नी नाजिम और आशिया पत्नी शमशुदीन निवासी विजय नगर, जनपद गाजियाबाद, खतौली के बड़ा बाजार स्थित ज्वेलरी शोरूम में खरीदारी का बहाना बनाकर पहुंचीं। उन्होंने दो सोने की चेन और दो चांदी की पाजेब चुराकर फरार हो गईं। दुकान मालिक पंकज जैन ने शनिवार को गहनों की गिनती के दौरान चोरी का पता लगाया। दोनों महिलाओं को रविवार को रोडवेज बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आभूषण और नकदी बरामद कर आरोपित महिलाओं से पूछताछ की। वहीं, पीड़ित सर्राफ समेत अन्य व्यापारी थाने पहुंचे और महिलाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने मामले में त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार बघेल ने बताया कि महिलाओं का आपरा. धिक इतिहास खंगाला जा रहा है। पुलिस ने उनका चालान कर न्यायालय भेज दिया है।

### तीन शातिर चोर गिरफ्तार, सामान बरामद

**खतौली।** खतौली पुलिस ने रविवार को बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का सामान एवं नकद रुपये बरामद किए। इन चोरों ने हाईवे स्थित होटल रामरत्ना में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस की कड़ी पूछताछ के बाद तीनों का चालान कर जेल भेज दिया गया। सराय थाना क्षेत्र के लाडो निवासी सन्नी सेजवाल ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि उनके होटल रामरत्ना से चोरी हुई है। तहरीर लेने के बाद कोतवाल दिनेश चंद बघेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छानबीन शुरू की। सव इंस्पेक्टर नंदकिशोर, हेड कांस्टेबल अरुण, कांस्टेबल विकास, हेड कांस्टेबल मनीष शर्मा, शीतल देवी, उमेश मावी, कांस्टेबल विवेक, सौवीर और प्रदीप की टीम ने रोडवेज बस स्टैंड के पास चेकिंग के दौरान तीनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान अलीमुद्दीन पुत्र सलीम, इमरान पुत्र सलाउद्दीन और शहजाद पुत्र शाहिद निवासी मेरठ के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपियों ने होटल से चोरी की घटना कबूल करते हुए चोरी का सामान बरामद कराया। पुलिस ने उनके पास से एक डीप फ्जि, एक ओवन, तीन पंखे, एक इन्वर्टर, दो बैटरियां, तांबे का तार और 25 हजार रुपये नकद बरामद किए। इसके अलावा आरोपियों ने छपार क्षेत्र में भी तांबे के तार चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। कोतवाल दिनेश चंद बघेल ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

### निकासी न होने पर नदी के पानी ने मच्छर किए पैदा

**बुढाना।** विगत दिवस लगातार कई दिनों तक भयंकर बारिश होने के चलते उफान पर आई हिंडन नदी का गंदा पानी पुलपार सफीपुर पटी में घुस गया तो अब वह निकलने का नाम नहीं ले रहा है। वजह पानी की निकासी का नाम होना।

जिसके चलते पूरी बस्ती में जगह जगह जल भराव हो गया है और मच्छरों की संख्या में भी बेतहाशा इजाफा हो गया है। इस बस्ती में कई लोग बीमार हैं लेकिन इसकी सुध लेने वाला ना तो ग्राम प्रधान हैं और ना ही कोई भी प्रशासनिक अधिकारी जिसके चलते यहां के लोगों का जीना दुश्वार सा हो गया है। जन प्रतिनिधि तो यहां झांकते ही नहीं बस वे तो वोट लेने के लिए ही चुनाव के समय यहां का चक्कर लगाएंगे और वोट पाने की खातिर यहां की भोली भाली जनता से चुनाव बाद सुध लेने का जबरदस्त आश्वासन देंगे। इस बस्ती के गुलफाम कस्सार ने बताया कि हिंडन नदी का पानी यहां भर तो गया लेकिन निकलेगा कैसे इसे लेकर चिंता है क्योंकि इस रुके गंदे पानी ने यहां मच्छर पैदा कर कई लोगों को बीमार कर दिया है। अब अपनी व्यथा हम किससे कहें ये भी समझ से परे हैं।

### हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने की उठी मांग

**खतौली।** आर्य समाज शिवपुरी में शनिवार को हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हिंदी को राष्ट्रभाषा घोषित करने की मांग जोरशोर से उठाई गई। कार्यक्रम में आर्य समाज के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र आर्य ने कहा कि 14 सितंबर 1949 को हिंदी को राजभाषा का दर्जा तो दिया गया था, लेकिन आज तक पूरे देश में इसे सरकारी कामकाज की भाषा नहीं बनाया जा सका है। उन्होंने कहा कि कई प्रदेशों में हिंदी के विरोध की घटनाएं भी सामने आती हैं। उन्होंने सवाल उठाया, अगर हिंदी नहीं तो क्या चीनी या अंग्रेजी भाषा को स्थान दिया जाएगा? सत्येंद्र आर्य ने कहा कि हिंदी भारत की एकता का सूत्रधार है। प्रत्येक प्रदेश में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग होना चाहिए।

कार्यक्रम में भगवान सिंह ने कहा कि आज हिंदी में अंग्रेजी और अरबी शब्दों का जबरन प्रयोग बढ़ गया है, जिससे भाषा के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा है। इस अवसर पर छात्राओं देवांशी आर्य, वेदांशी आर्य और डी. डी. आर्य दीक्षा धीमान ने काव्य पाठ कर उपस्थित जनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में चरण सिंह आर्य, शोभाराम आर्य, सेवानिवृत्त तहसीलदार चुन्नीलाल आर्य, सुशील आर्य, विकास आर्य, राजकुमार आर्य, प्रधान जगदीश सिंह, मास्टर जयपाल सिंह, राजेंद्र सिंह खारी, शशिपाल, धीरेंद्र आर्य, करण सिंह आर्य, देवदत्त आर्य, अमरीश आर्य, प्रवीण आर्य, पुरुआर्य, पंडित रामदेव शास्त्री, विना. द फोटोग्राफर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अव्यवस्थाओं के बीच बच्चों ने सांस्कृतिक संध्या से जीता दिल

■ गर्मी में पानी न मिलने से परेशान रहे बच्चे, शिक्षक और अभिभावक

शाह टाइम्स संवाददाता

**खतौली।** नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित बाल सांस्कृतिक संध्या में बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। ऐतिहासिक श्रावणी मेला छड़ियान के तहत शनिवार को पालिका प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति, धार्मिक, पारंपरिक नृत्य, नाटक और फिल्मी गीतों पर शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ रालोद प्रदेश महासचिव तासीर हसन द्वारा फीता काटकर तथा खंड शिक्षा अधिकारी पंकज अग्रवाल द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। पालिका अध्यक्ष



शाहनवाज अली की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन अखिलेश पंडित ने किया। मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी राजकुमार भारती और विशिष्ट अतिथि रालोद संगठन महामंत्री अजित राठी ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की प्रतिभा निखरती है और समाज में सांस्कृतिक चेतना को बल मिलता है। शिशु शिक्षा निकेतन जूनियर हाई स्कूल द्वारा सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद रेड रोज जूनियर हाई स्कूल ने देशभक्ति नृत्य, कल्याणी विद्या मंदिर ने पारंपरिक नृत्य, एकता पब्लिक स्कूल ने 'परीक्षा' पर आधारित नाटक और लार्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल ने 'मेड इन इंडिया' पर प्रस्तुति दी। वहीं, प्यारी बच्ची आयजा नाज ने हसबसे प्यार हिंदुस्तान लिखूंह कविता सुनाकर सबका दिल जीत लिया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। हालाँकि, कार्यक्रम के दौरान अव्यवस्था देखने को मिली। पालिका प्रांगण में क्षतिग्रस्त पानी की टंकी से गिरते मलबे के कारण बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों को पानी तक नहीं मिल सका। तेज गर्मी में पानी न मिलने से कई लोग परेशान दिखे। इसके साथ ही, व्यवस्थाओं की कमी के चलते दर्शकों की संख्या भी अपेक्षाकृत कम रही। अंततः अव्यवस्थाओं के कारण कार्यक्रम को रात 10:30 बजे ही समाप्त कर दिया गया। कार्यक्रम संयोजक असमा परवीन ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार जताया। सह-संयोजक सुमन वाल्मीकि, सभासद डॉ. आशीष कुमार, मौ. दानिश सिद्दीकी, प्रभारी सिराज फातिमा, सह-प्रभारी रंजीत कुमार सहित पालिका अधिकारियों व कर्मचारियों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में विशेष योगदान दिया। इस दौरान अखिलेश पंडित, कांता स्वरूप सिंघल, जसवीर राणा, चिराग सिंघल, मास्टर अब्दुल मालिक, नदीम अंजुम, अमित त्यागी, विशाल तोमर, दानिश मुल्तानी, वकील मंसूरी, नौशाद पालि. का, जावेद पठान, नबील कुरैशी, अभिषेक गोयल एडवोकेट, शादाब जाट, आदिल मोहसिन, समद मिर्ज़ा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कार्यक्रम के अंत में कहा कि ऐसे मंच बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने नियमित रूप से सांस्कृतिक आयोजनों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।

## मेजिक डांस एकेडमी ने दिया प्रशिक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** श्री राधाकृष्ण वेल्फेयर ट्रस्ट के बैनर पर आयोजित मेजिक डांस एकेडमी ने मध्य प्रदेश, ग्वालियर से आए लोगों को डांस का प्रशिक्षण दिया। एकेडमी संस्थापक मोहन अरोरा ने बताया कि कार्यक्रम में इंजिनियर क्लब के सचिव बंसत कुमार गोयल, राकेश अरोरा, अंजू अरोरा, शगुन, रोनक, अनन्या, कायरा, सुहानी, निशा चौधरी, भूमि, गुंजन, कामाख्या, विधि अरोरा, रिंकु वादवा, सुरभी, अंजली शर्मा, सिद्धी शुक्ला का सहयोग रहा।



# जौला में धूमधाम से मना 168वां शहीदी दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** बीते सन 1857 की क्रांति में गांव जौला और आसपास के गांवों के करीब 200 लोग शहीद हुए थे। उनकी याद में गांव में स्मारक बनाया हुआ है। रविवार को सैंकड़ों लोगों ने यहां एकत्रित होकर देश के उपर अपने प्राण न्यौछावर करने वाले इन सब शहीदों को याद कर खिराजे अकीदत पेश की। यहां सबने शहीद मीर खां जौला व नवाब खां खैराती परासोली समेत कई शहीदों के कार्यो को याद किया। यहां सपा नेता वसीम राणा, प्रधान हाजी जमशेद, बाबा मोम. ीन हसन, गुलरेज राणा एडवोकेट, महबूब हसन, इकबाल राणा, शाहिद राणा, कासिम मलिक, मुनव्वर, शाबान व नाजिम आदि ने स्मारक स्थल पर तिरंगा फहराया। बताया जाता



है कि प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में बुढ़ाना क्षेत्र के लोग पीछे नही रहे। बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव परासौली में जमीदार नवाब खां खैराती ने अंग्रेजों का विरोध कर टैक्स व मालगुजारी देने से मना कर अंग्रेजों को खदेडा था। इसका असर ये हुआ कि खैराती खां व जौला गांव के मीर पठान के नेतृत्व में क्षेत्रीय लोगों ने तहसील पर कब्जा कर लिया था तो गोरे पीठ दिखाकर भाग गये थे। मेरठ में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का आगाज होने के बाद आसपास के जिलों में तेजी से क्रांति का सूत्रपात हुआ। क्षेत्र के गांव परासौली में जमींदार नवाब खां खैराती के नेतृत्व में लोगों ने विद्रोह किया और सरकारी देय व मालगुजारी देने से मना कर दिया। गांव परासौली में विद्रोह की खबर सुनकर अंग्रेज अधिकारियों ने पुलिस व घुड़सवार सैनिकों को विद्रोह का दमन करने के लिए भेजा। इस दौरान भयंकर युद्ध हुआ और क्षेत्र के लोगों ने अंग्रेज सैनिकों के घोड़े तक छीन लिए और उन्हें पीट पीटकर भगा दिया।

255 वीरांगनाएं पकड़ी गयी तो उन्हें फांसी दी गई। थानाभवन की काजी खानदान की असगरी बेगम को अंग्रेजों ने जिंदा जलाया। कुल मिलाकर बुढ़ाना क्षेत्र के करीब 200 लोग इस संग्राम में देश के लिए शहीद हुए थे।

# आम लोगों की सेवा इंसानियत की मिसालः चौधरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद की स्मृति में एमआरडी पब्लिक स्कूल सांझक में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ समा. जसेवी मनीष चौधरी और विशिष्ट अतिथि तहसीन अली असरवी रहे। शिविर में सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण और निःशुल्क नेत्र जांच का लाभ लिया। शिविर की अध्यक्षता असद फ़ारूकी ने की।

कार्यक्रम के संयोजक हकीम अत्ता-उर-रहमान अजमली और तनसीर चौधरी ने अतिथियों का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी मनीष चौधरी ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ ही उन ग्रामीणों को भी सम्मानित किया, जिन्होंने पंजाब में आई बाढ़ के दौरान राहत सामग्री भेजकर मानवीय संवे.



दनाओं का परिचय दिया। बच्चों को साम्प्रदायिक सौहार्द्र और श्रमदान की सीख देना गर्व की अनुभूति कराता है। आज का यह कार्यक्रम उन लोगों को भी संदेश देने वाला है, जो हिंदू-मुस्लिम के नाम पर समाज को बांटने का प्रयास करते हैं। शिविर में अल नासिर चेरिटेबल हैल्थ सेंटर तावली, मौलाना रोजोदीन कासमी चेरिटेबल हैल्थ सेंटर सांझक, खैर ए खिदमत ट्रस्ट और ए एंड एस फार्मेसी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में हकीम अत्ता-उर-रहमान अजमली, चौधरी अमन तावली, मास्टर मुहम्मद तनसीर (प्रधानाचार्य एमआरडी मेमो. रियल पब्लिक स्कूल), मुफ्ती मुहम्मद मुनव्वर और कारी मुहम्मद अफ्फान विशेष रूप से मौजूद रहे।

## किशोरी को ले जाने वाला धरा गया

**बुढ़ाना।** एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने वाले एक फरार आरोपी को पुलिस ने मात्र 24 घंटे में ही अरेस्ट कर जेल भेज दिया।

बताया जाता है कि बीती शाम बुढ़ाना निवासी एक महिला ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया था कि उसकी नाबालिग पुत्री को एक युवक बहला फुसलाकर कहीं ले गया है। तब बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष अत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों और मोबाइल की लोकेशन्स के आधार पर उक्त फरार आरोपी को आज रविवार के दिन भसाना शुगर मिल के पास से अरेस्ट कर जेल भेज दिया। बुढ़ाना पुलिस ने युवक से पूछताछ की तो आरोपी ने अपना नाम अरबाज उर्फ बिट्टू पुत्र गुलफाम निवासी जामियानगर गेट छप्पर वाली मस्जिद खालापार मुजफ्फरनगर बताया।

# भीम आर्मी के सम्मेलन में नशा उन्मूलन पर जोर

शाह टाइम्स संवाददाता

**छपार।** आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भारत की उन्नति जब तक नहीं होगी जबतक किसान मजदूर की उन्नति न हो। राजनीतिक ताकते सत्ता धर्म से बाहर नहीं निकलने दे रही है। जिन लोगों को खड़ा होना चाहिए था। वे धर्म की अफीम खाये हुए हैं उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने की नसीहत दी। गांव घुमावटी में अभिषेक त्यागी के आवास पर आजाद समाज पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं से भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि देश में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं हो रहा है अगर देश में एक दिन की रिश्वत रोक दी जाये तो सभी सडके रबड़ की बन सकती है। देश की तरक्की किसान मजदूर की तरक्की पर निर्भर है।दिल्ली के किसान आंदोलन में हजारों किसान मारे गए। जिन स्कूलों में गरीब किसान



मजदूर के बच्चे पढ़ते हैं। उन्हें सरकार बंद कर रही है। किसानों को सरकार से जो मदद मिलनी चाहिए थी वह नहीं मिल रही है। व्यवस्था खराब है। युवा खड़े होंगे तो व्यवस्था ठीक होगी। देश में एक जैसे स्कूल होने चाहिए जिससे डीएम सीएम व गरीब के बच्चे एक साथ पढ़ेंगे तब पता चलेगा ताकतवर कौन है। बच्चों को संविधान पढ़ाना जरुरी है। रजत निठारिया जिलाध्यक्ष, अक्षु त्यागी राष्ट्रीय अध्यक्ष त्यागी ब्राह्मण महासभा, उस्मान अंसारी, मयंक त्यागी, रितिक त्यागी, अंकुर त्यागी, विवेक त्यागी, ओम लम्बदार, मोनू, रिषभ, प्रमोद त्यागी, रघुनंदन आदि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मुर्गी फार्म के अंदर चल रहा थी पटाखा फैक्ट्री

## आग लगने के बाद पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** गत दिवस क्षेत्र के गांव कुड़ाना स्थित मुर्गी फार्म हाउस में अवैध रूप से संचालित की गई पटाखा फैक्ट्री में आग लगने की घटना के बाद कोतवाली पुलिस ने मुर्गी फार्म मालिक सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने अवैध रूप से पटाखा फैक्ट्री संचालित करने वाले लोगों की तलाश शुरू कर दी है।

गत शनिवार दोपहर करीब तीन बजे शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव कुड़ाना रोड स्थित मुर्गी फार्म हाउस में अवैध रूप से संचालित पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग लग गई थी। सूचना पर कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक नीरज कुमार मौके पर पहुंची थी। हादसे में किसी भी जनमानस की कोई हानि नहीं हुई है और मौके पर उक्त फैक्ट्री को संचालित करने वाला कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था। बाद समाप्त आग मुर्गी फार्म का अन्दर जाकर निरीक्षण किया गया तो जले हुए पटाखों में से शेष 12 काटन कोरसेर लेपर्ड किंग ओरजिनल कम्पनी के स्टिक बम प्रत्येक काटन में 48 डिब्बे हैं व सफेद रंग की पन्नी में करीब 3 किलो पीले रंग का पदार्थ व एक सफेद पन्नी में काले रंग का करीब 2 किलो दानेदार पदार्थ, एक सफेद पन्नी में करीब 1.5 किलो सफेद रंग का पदार्थ, 3 अदद सैलो टेप कटर बरामद हुए थ। वरिष्ठ उप निरीक्षक नीरज कुमार ने मुर्गी फार्म के मालिक दुष्यन्त मलिक पुत्र स्व बलबीर सिंह निवासी ग्राम कुड़ाना, सहयोगी भूरा पुत्र आसकीन निवासी तिलपनी बागपत व काला उर्फ आमिर के खिलाफ अवैध रूप पटाखा फैक्ट्री को चलाने तथा कोई लाईसेंस न पाए जाने पर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए तलाश शुरू कर दी है।

# शव पोस्टमार्टम से आने के बाद गमगीन माहौल में किया सुपुर्द-ए-खाक

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल में तीन दिन पूर्व हुई विविवाता की संदिग्ध मौत के बाद शव पीएम से आने के बाद परिजन शव अपने साथ ले गए। शव गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है। कस्बा झिंझाना के मोहल्ला चंदनपुरी निवासी रियाजुद्दीन की पुत्री गुलशना की शादी नो वर्ष पूर्व कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी जावेद के साथ हुई थी।

विगत शनिवार को विवाहिता की घर पर ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। विवाहिता की मौत की खबर सुनते ही विवाहिता के मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए थे और पति सहित ससुराल वालों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मृतक महिला के शव का पंचनामा भरकर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। रविवार को शव पोस्टमार्टम से आने के बाद मायके पक्ष के लोग शव अपने साथ ले गए और गमगीन माहौल में शव को ले जाकर सुपुर्द ए खाक कर दिया है। घटना के तीन दिन बीत जाने के बाद भी परिजनों ने थाने पर तहरीर नहीं दी पुलिस पीएम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

# पड़ोसी पर पुत्र के साथ मारपीट का लगाया आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सरवरपीर कालोनी निवासी इनाम पुत्र इकराम ने पुलिस का तहरीर देकर बताया कि गत 12 सितंबर को शाम करीब 7 बजे 15 वर्षीय पुत्र अनस मौहल्ले की मस्जिद में नवाज पढ़ने के लिए गया था। जैसे ही नवाज पढ़कर बाहर आया तो मौहल्ले के ही अनस पुत्र नानू कबाडी ने किसी बात को लेकर कहासुनी की और गाली गलौच करते हुए मारपीट की। उसके कुछ समय बाद अनस का पिता नानू वहां पर आया और आते ही पुत्र के साथ लाठी डंडो से मारपीट की और धक्का देकर नीचे गिरा दिया। जिससे पुत्र के बाए हाथ की हड्डी टूट गई। पुत्र ने वहीं से भागकर जान बचाई। घटना के बाद उक्त लोगों ने घर पर आकर भी जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# 52वें विशाल नेत्र जांच कैंप का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** आज समर्पण सेवा ट्रस्ट एवं जगत बन्धु सेवा ट्रस्ट शामली के तत्वाधान में 52 वे विशाल फ्री नेत्र जांच कैम्प का आयोजन शामली जनपद के ग्राम कुड़ाना में कन्या इंटर कॉलेज पर किया गया, कैम्प में वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ योगेन्द्र मालिक जी के द्वारा 326 मरीजों की फ्री जाँच की गई साथ ही सभी मरीजों को आंखों से संबंधित रोगों की दवाईयां भी फ्री वितरित की गई, जांच में 28 व्यक्तियों को सफेद मोतियाबिंद पाया गया। सभी चयनित मरीजों के ऑपरेशन संस्था के द्वारा फ्री कराए जाएंगे। संस्था के संस्थापक अमन नामदेव द्वारा बताया गया कि संस्था बढ़ चढ़ कर सामाजिक कार्यों में भाग लेती है। उन्होंने बताया की गांव में अनेकों मरीज ऐसे है, जिनको अच्छे से नहीं दिखाई देता है, परंतु पैसे का अभाव होने के कारण वो अपनी जांच एवं ऑपरेशन कराने में सक्षम नहीं है। उन्होंने बताया कि इस कैम्प के आयोजन में रालोद छात्र सभा के जिला अध्यक्ष आर्यन राणा जी बहुत सहयोग रहा। संस्था के माध्यम से संस्था सभी मरीजों का ऑपरेशन फ्री कराएगी। इस अवसर पर अमन नामदेव, संदीप उपाध्याय विशाल उपाध्याय, प्रशांत शर्मा, पुनीत कुमार लक्ष्य बालियान, क्षीतीज चौधरी, निखिल, राहुल बेदी, विशाल उपाध्याय, रेणु नामदेव, सचिन कुमार, उपस्थित रहे।





# साइबर ठगों ने युवक के खाते से उड़ाए सवा लाख रुपये

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला काजीवाड़ा निवासी मुनीर बेग पुत्र खालिद बेग ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पीड़ित के केडिट कार्ड से एक जुलाई 2025 को रात्रि करीब 10 बजे दो ट्रजक्शनों में 116300.29 रुपये काट लिए गए थे।

उसके बाद पीडित ने बैंक में प्रार्थनापत्र दिया और टोलफ्री नम्बर पर बात कर अपना खाता ब्लोक करा दिया था। उसके बाद खाते में 75 हजार रूपये रिफन्ड दिखा दिए, लेकिन बैंक ने खाते में कोई पैसा नहीं दिखाया। उसके बाद अपने खाते की स्टेटमेन्ट भी बैंक से निकलवा ली, लेकिन अब तक कोई पैसा बैंक में नहीं आया है। पीडित ने बैंक से हुई 1.16 लाख की ठगी के मामले में मुकदमा दर्ज कराते हुए कार्यवाही की मांग की है।

## एक नजर

### नि:शुल्क चश्मा कैंप का आयोजन कर, 96 जरूरमद को चश्मा वितरण किया



शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शहर के अस्पताल रोड स्थित कुलदीप मेडिकल स्टोर पर रविवार को 91वे निशुल्क चश्मा वितरण कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें अनुभवी आई चिकित्सक द्वारा 149 मरीजों की जांच कर 96 मरीजों को निशुल्क चश्मों का वितरण किया गया। रविवार को लोक स्वास्थ्य सेवा समिति शामली द्वारा अस्पताल रोड स्थित कुलदीप मेडिकल स्टोर पर 91वे निशुल्क आंखों की जांच एव चश्मे वितरण कैम्प का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ शहर के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डा। कुंवर महबूब ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ऐसे कैंपों से जरूरतमंदों की सेवा होती है और जो लोग चश्मे नहीं खरीद पाते है उनको आसानी से चश्मे मिल जाते है। कैंप में आई चिकित्सक डा। अब्दुल बासिद ने करीब 149 मरीजों की आंखों की जांच की, जिसमें 96 मरीजों को चश्मों का वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष कुलदीप गोयल, नवीन, मुकेश, रवि संगल, उस्मान, नबील आदि मौजूद रहे।

### पति पर लगाया मारपीट का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक महिला ने अपने पति पर मारपीट करते हुए घर से निकलने का आरोप लगाते हुए आरोपी पति के विरुद्ध थाने पर तैयारी दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी महिला फरजाना पत्नी इमरान ने बताया कि उसका पति आए दिन पीड़िता के साथ मारपीट करता है पीड़िता पर अवैध संबंधों का शक करता है। पीड़ित महिला ने अपने पति पर आरोप लगाया कि उसने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया। पति की प्रताडना से तंग महिला ने थाने पहुंचकर आरोपी पति के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### ईको गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति घायल, गंभीर हालत मे रेफर

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** मुजफ्फरनगर जनपद के थाना खतौली क्षेत्र के गांव सरधन निवासी नवीन पुत्र कृष्णचंद्र पानीपत जिले के कस्बा सिभांलखा की एक चीनी फैक्ट्री में मुनीम की नौकरी करता है। पीड़ित के अनुसार वह कई दिन पूर्व छुट्टी लेकर अपने गांव में आया था रविवार को छुट्टी पूर्ण होने के बाद बाइक पर सवार होकर वापस फैक्ट्री में नौकरी करने के लिए जा रहा था। बाइक सवार जैसे ही थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रहे एक ईको गाड़ी के चालक ने लापरवाही से बाइक में टक्कर मार दी। कार की बाइक में टक्कर लगने के बाद बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।आसपास के लोगों ने सूचना 108 एंबुलेंस को दी। 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ईको गाड़ी को अपना कब्जा में लेकर चालक को हिरासत में लिया है।

### चाचा के साथ खेत पर गए युवक पर जानलेवा हमला, गम्भीर



शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** कस्बे के मोहल्ला आलकलां निवासी इसरान ने कोतवाली पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि रविवार सुबह करीब सात बजे वह बाइक पर सवार होकर अपने चाचा महफूज के साथ में कस्बे के जहानपुरा मार्ग पर स्थित खेत पर गया था। जहां पर उसे साजिद उर्फ भूरा व उसके पुत्र जैद व आरिश निवासीगण मोहल्ला खेलकलां रामड़ा रोड तथा अहसान निवासी गांव मोहम्मदपुर राई अपने खेत में पानी चलाते हुए मिले। उन्होंने कई जगह उसके खेत में पानी तोड़ रखा था। आरोप है कि जब उसने खेत में टूटे हुए पानी को बंद करने को कहा तो आरोपी आग-बबूला हो गए। आरोपियों ने उसके साथ में गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से उसके सिर पर प्रहार किया, जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल होकर नीचे जा गिरा। चीख-पुकार सुनकर रिठान पर मौजूद उसका चाचा मौके पर पहुंचा। आरोपियों ने उसके ऊपर भी देशी तमंचे से फायर झोंक दिया, जिसमें वह बाल-बाल बच गया। फायर की आवाज सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर आ गए, जिस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। वहीं, आरोपियों के हमले में घायल युवक इसरान को खेत पर मौजूद लोगों की सहायता से उपचार के लिए कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे गम्भीर हालत के चलते हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। उधर, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### थानाभवन सीओ ने किया थाने का निरीक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**थाना भवन।** थाना भवन क्षेत्राधिकारी जितेंद्र सिंह यादव ने रविवार को थाना भवन थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने असलाह, रजिस्टर, अभिलेखों सहित मालखाना आदि का गहनता से अवलोकन किया। इस दौरान सीओ ने थाने में साफ-सफाई व्यवस्था पर भी ध्यान दिया और पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।सीओ ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से बारी-बारी से जानकारी ली और थाने में आने वाले फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की पहली प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# सैनी समाज ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** रविवार को शहर के कैराना रोड स्थित एक बारातघर में सैनी समाज सेवा समिति द्वारा प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यमंत्री जसवंत सैनी, कार्यक्रम अध्यक्ष नरेश कुमार सैनी, विशिष्ट अतिथि साहब सिंह सैनी, राजपाल सैनी, धर्म सिंह सैनी व अध्यक्ष बाबूराम सैनी ने संयुक्त रूप से महाराजा भगीरथ के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सैनी समाज में अनेकों प्रतिभाएं छिपी है, जिनको सामने लाने की आवश्यकता है। समाज को एकजुट करने के लिए भी को आगे आना होगा। समाज में फैली बुराईयों को दूर करें और राजनीति के क्षेत्र में भी समाज को आगे बढाने का प्रयास करें। जिससे समाज का उत्थान हो सके। इस दौरान समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्राफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुरनचंद सैनी, सुनील कुमार सैनी, रविन्द्र सैनी, वतन सिंह सैनी, सुभाषचंद सैनी, बिजेन्द्र सैनी, दीपक सैनी, रामकुमार सैनी, इन्द्रवीर सैनी, राजकुमार सैनी, जनेश्वर सैनी, सुरेश सैनी, कृपाल सैनी, मनोज सैनी, अमर सिंह सैनी, श्यामकुमार सैनी, नितिन सैनी, पप्पू सैनी, अशोक सैनी, नीरज सैनी, बोबी सैनी, नंदकिशोर सैनी, रामनिवास सैनी, प्रवीन सैनी आदि मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर व जेसीबी की बैटरियां चुराई

**झिंझाना।** गांव पावटी खुर्द निवासी नीरज कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका ट्रैक्टर और जेसीबी मशीन ग्राम जमालपुर स्थित प्राइमरी स्कूल के पास घेर में खड़ी थी।

बताया गया कि 10 सितंबर की रात अज्ञात चोर मशीनों की बैटरियां निकालकर ले गए। सुबह घटना का पता चलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पीड़ित नीरज कुमार ने खुद अपने स्तर से आसपास के इलाके में काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। बैटरियां चोरी होने से उसे आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# समय के सदुपयोग पर मुनि ने रखे विचार



शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में आयोजित प्रवचन में 108 विवृत सागर मुनिराज ने कहा कि इंसान जीवन में सबसे अधिक समय को महत्व देता है, फिर भी धन कमाने के लिए उसी समय को नष्ट करता है। अंत समय में वही इंसान कुछ दिन और जीने के लिए करोड़ों-अरबों रूपए खर्च करने को तैयार हो जाता है।

मुनिराज ने कहा कि लोग प्रायः कहते हैं समय ही धन है, परंतु आध्यात्मिक दृष्टिकोण से यह समय ही आत्मा है। आचार्य कुंदकुंद स्वामी ने भी समय को आत्मा का दूसरा नाम बताया है। 'समयसार' का अर्थ ही आत्मा का सार है। जीव इस संसार चक्र में फंसकर अपने समय को नष्ट करता है, जो वास्तव में आत्मा का हरास है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे विवाह के अवसर पर बाराती केवल शादी तक के साथी होते हैं, वैसे ही सांसारिक संबंध भी आध्यात्मिक कल्याण में साथ नहीं देते। भगवान महावीर के विवाह का उदाहरण देते हुए मुनिराज ने कहा कि मोक्ष मार्ग में कोई भी रिश्तेदार या मित्र साथ नहीं जाता, केवल आत्मा ही अपना साथी है। प्रवचन के उपरांत चित्र अनावरण का कार्यक्रम हुआ। इसमें कुमुद जैन, मंजू जैन, ममलेश जैन ने सामूहिक रूप से चित्र का अनावरण किया। पाद प्रक्षालन का कार्य अमित जैन, आशीष जैन, दिनेश जैन और पाल जैन ने किया। शास्त्र भेंट का सौभाग्य रेणु जैन व सविता जैन को प्राप्त हुआ।

# जसाला सचिवालय में दिखा सांप

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गांव जसाला सचिवालय परिसर में एक जहरीला सांप नजर आने से सचिवालय में काम कर रहे कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति बन गई। सचिवालय में सांप निकालने की खबर से मौके पर दर्जनों ग्रामीण इकठ्ठा हो गए ग्राम प्रधान व कर्मचारियों ने सांप को सकुशल पकड़कर पास के जंगल में छोड़ दिया तब जाकर कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। सांप निकालने की सूचना पर ग्राम प्रधान शिवकुमार चौहान सचिवालय पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ मिलकर घंटों प्रयास के बाद डंडे के सहारे सांप को पकड़ लिया। ग्राम प्रधान और ग्रामीणों ने सावधानी और समझदारी से काम लेते हुए जहरीले सांप को बिना किसी नुकसान के पकड़कर सुरक्षित रूप से पास के खेत में छोड़ दिया गया।ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान की तत्परता और साहसिक पहल की जमकर प्रशंसा की। घटना के बाद ग्राम सचिवालय में तैनात कर्मचारी एवं स्थानीय लोगों ने राहत महसूस की।ग्राम प्रधान शिवकुमार चौहान ने बताया,ऐसी परिस्थितियों में घबराना नहीं चाहिए। समझदारी और संयम से काम लें। हमने पूरी सतर्कता बरतते हुए सांप को जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया है। गौरतलब है कि सांप काटने से गांव नन्हूपुरी निवासी महिला गुड्डी, एवं गंगेरू निवासी महिला सावरा को भी सांप ने डस लिया था जिसके बाद उसकी मौत हो गई थी।

# हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। नगीना रोड स्थित साकेत विहार कॉलोनी में सुनील चौहान के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

# एसपी ने ली यूपी 112 कर्मियों की बैठक



शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शनिवार देर रात पुलिस लाइन स्थित सभागार में पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने यूपी-112 पुलिस कर्मियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले कर्मियों की व्यक्तिगत समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके निस्तारण के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने कर्मियों को आमजन से सदैव मृदुभाषी व्यवहार करने और किसी प्रकार के दुर्व्यवहार से बचने की हिदायत दी। उन्होंने बताया कि जनपद में तीन पीआरवी पर महिला कर्मियों की नियुक्ति की गई है। विशेषकर रात में किसी महिला द्वारा सहायता मांगे जाने पर तत्काल मदद पहुंचाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि दिन और रात दोनों समय पीआरवी की लोकेशन श्य स्थान पर रखी जाए ताकि जनता को सुरक्षा का एहसास हो। रात में पीआरवी वाहनों की लाइट व हूटर का प्रयोग करने के भी निर्देश दिए। साथ ही जनपद के सभी ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर वहां घटना की स्थिति में न्यूनतम समय में पहुंचने पर जोर दिया गया। पीआरवी पर नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को रेस्पॉन्स समय में सुधार के निर्देश दिए गए। बैठक में एएसपी संतोष कुमार सिंह, सीओ सिटी अमरदीप मौर्य, प्रभारी यूपी-112 शामली प्रहलाद सिंह मौजूद रहे।

# तहसीन हसन दे रहे हिन्दू-मुस्लिम एकता को पहचान



शाह टाइम्स संवाददाता

**चौसाना।** पठानपुरा में शनिवार की रात सुलोचना सती की लीला का भव्य मंचन किया गया, जिसने आस्था और परंपरा के साथ-साथ हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की अनोखी मिसाल भी पेश की। सहारनपुर जिले के इस्माइलपुर माजरा इस्लामनगर निवासी मुस्लिम युवक ताहसीन हसन ने लगातार सातवें वर्ष सुलोचना सती की भूमिका निभाकर दर्शकों को भावुक कर दिया। लीला के भावुक प्रसंग में दिखाया गया कि घनघोर युद्ध के बाद लक्ष्मण मेघनाद का वध कर देते हैं। इसके बाद सुलोचना अपने पति का शीश मांगकर सतीत्व का प्रमाण देती हैं और चिता में सती हो जाती है। यह दृश्य देख उपस्थित दर्शकों की आंखें नम हो गईं और पूरे मैदान में सन्नाटा छा गया।

तहसीन हसन की प्रभावशाली और जीवंत प्रस्तुति को सभी ने सराहा और उनकी भूमिका को आपसी सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक बताया। मंचन में अन्य भूमिकाएं मनीष कुमार (मंदोदरी), सन्नी सैनी (रावण), सतपाल सैनी (मेघनाद), प्रशांत सैनी (राम), अनिकेत सैनी (लक्ष्मण), बादल प्रजापत (सीता), विशाल सैनी (सुग्रीव) और मोनू प्रजापत (हनुमान) ने निभाईं। समस्त कमेटी की मौजूदगी में हुए इस मंचन में भारी संख्या में जुटे दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया और इसे हिंदू-मुस्लिम एकता का जीवंत उदाहरण करार दिया।

# गन्ना विकास समिति की बैठक में 58 प्रस्ताव दिए



शाह टाइम्स संवाददाता

**ऊन।** सहकारी गन्ना विकास समिति की वार्षिक निकाय की बैठक आयोजित की गई जिसमें कुल 58 प्रस्ताव दिए गए समिति के सभापति ने सभी प्रस्ताव लखनऊ गन्ना विभाग को भेजने का आश्वासन दिया।

सहकारी गन्ना विकास समिति के प्रांगण में वार्षिक निकाय बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता सभापति सुनील चौधरी उर्फ नीटू भंभेड़ी ने की। बैठक में डेली गेटों से प्रस्ताव मांगे गए जिसमें भारी संख्या में आए डेलीगेट व क्षेत्र के किसानों ने अपने-अपने प्रस्ताव दिए कुल 58 प्रस्ताव दिए गए समिति के सभापति सुनील चौधरी ने सभी प्रस्ताव का अनुमोदन कर लखनऊ गन्ना विभाग को भेजने का आश्वासन दिया उन्होंने किसानो की शिकायत पर ऊन चीनी मिल के गन्ना महाप्रबंधक को गन्ना भुगतान तथा किसानों के साथ मिल गेट पर व्यवहार में सुधार लाने को कहा जिस पर मिल के गन्ना महाप्र. बंधक कुलदीप पिलानिया ने बताया कि चीनी मिल द्वारा 88 प्रतिशत गन्ना भुगतान कर दिया गया है तथा दिवाली से पहले संपूर्ण भुगतान कर दिया जाएगा उन्होंने चीनी मिल की ओर से किसानों को हुई परेशानी पर क्षमा मांगी तथा आगे सहयोग करने का वादा किया। बैठक में किसानों ने चीनी मिल को जाने वाले मार्ग की खस्ता हालत को ठीक करने, किसानों को खाद व दवाई समय पर उपलब्ध कराने, बाहर रह रहे किसानों के लिए भी खाद लेने में हो रही परेशानी को उठाया। समिति के सचिव अजीत कुमार सिंह ने बताया कि समिति पर खाद व दवाई उपलब्ध है किसानों की समस्याओं से उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर हल कराया जाएगा। चौसाना,केरटू के किसानों ने शेरमऊ चीनी मिल का क्रय केंद्र लगाने की मांग की।

शेरमऊ चीनी मिल के गन्ना महाप्रबंधक परविंदर राठी ने बताया कि उन्होंने शत प्रतिशत भुगतान कर दिया है तथा चीनी मिल की ओर से किसानों को दवाई व उन्नत किस्म के बीज की जानकारी दी जा रही है। बैठक का संचालन सचिव अजीत कुमार सिंह ने किया।बैठक में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक धीरेंद्र नाथ, आदेश कुमार, उपसभापति सतेंद्र सिंह, डायरेक्टर सतीश कुमार, धर्मपाल, अनिल कुमार, देवेंद्र सिंह,विनोद कुमार समेत क्षेत्र के सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## सामान्य निकाय बैठक में तीखी नोकझोंक

शाह टाइम्स संवाददाता

**ऊन।** सामान्य निकाय बैठक में चीनी मिल द्वारा किसानों को अपने-अपने पक्ष में करने की होड़ मची रही जिससे किसान दो भागों में बटे नजर आए तथा बैठक में तीखी नोक-झोंक भी हुई जिस पर सभापति सुनील चौधरी ने दोनों पक्षों को अपनी बात रखने तथा अपने प्रस्ताव देने की बात कहकर शांत किया तथा मिल के कर्मचारियों को हड़काया। उन्होंने किसानों द्वारा दिए प्रस्ताव ही उच्च अधिकारियों को भेजने का आश्वासन दिया।

# एक लाख रंगदारी व फर्जी एससी, एसटी केस में दबंगों पर मुकदमा दर्ज, जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के ग्राम कनियान निवासी सेवानिवृत्त गन्ना निरीक्षक ने गांव के दबंगों पर एक लाख रूपए की अवैध रंगदारी मांगने के साथ-साथ झूठे एससी,एसटी एक्ट के तहत फंसाने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव कनियान निवासी सेवानिवृत्त गन्ना निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने न्यायालय में अपनी शिकायत प्रस्तुत करते हुए बताया कि वे अकेले अपने गांव में रहता हैं और उनके पास कृषि भूमि द्धखसरा नंबर 895, है, जो सीढ़ीनुमा व बरसाती नाले के किनारे स्थित होने के कारण उपयोग में नहीं थी। उन्होंने विभागीय अनुमति लेकर वहां से वैधानिक रूप से रेत व मिट्टी का खनन कार्य शुरू कराया था। पीड़ित ने आरोप लगाया कि गांव के ही मांगेराम, ओमपाल, हरेन्द्र उर्फ बबलू और रूपेन्द्र ने पहले तो खनन कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया, फिर एक लाख रूपए की रंगदारी की मांग की। पूर्व में उन्हें दस हजार रूपए भी भुगतान करने पर मजबूर किया गया था। दबंगों ने ट्रैक्टर चालकों व मजदूरों को धमकाकर खनन कार्य रूकवा दिया, साथ ही खेत तक जाने वाले रास्ते में मिट्टी डालकर बाधा भी उत्पन्न की।पीड़ित व्यक्ति ने कई बार थाना व प्रशास. निक अधिकारियों को शिकायतें दीं, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। आरोपियों द्वारा पुलिस को भी गुमराह करने की कोशिश की गई थी, परंतु जांच में आरोप झूठे साबित हुए।न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना कांधला को मामले का पंजीकरण कर उचित जांच करने का निर्देश दिया। इसके बाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर मांगेराम, ओमपाल, हरेन्द्र उर्फ बबलू व रूपेन्द्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि न्यायालय का आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने किया कमाल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** संकल्प शिक्षा सेवा उत्थान समिति ट्रस्ट द्वारा शहर के बीएसएम स्कूल में शिक्षा क्षेत्र के अग्रणी प्रयासों के अंतर्गत संकल्प द्वितीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विज्ञान के क्षेत्र में विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाना, नवाचार को प्रोत्साहित करना तथा वैज्ञानिक सोच को विकसित करना रहा।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सुरेश राणा, विधायक प्रसन्न चौधरी, कार्यक्रम अध्यक्षत सूर्यवीर सिंह, व चेयरमैन अरविन्द संगल ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने सरस्वती वंदना, गणेश वंदना, स्वागत गीत व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बीएसएम विद्यालय के जूनियर वर्ग छात्रों ने पॉल्यूशन कंट्रोल एनवायरमेंट फेंडली हेल्दी सोसायटी मॉडल विषय पर प्रस्तुति की। जिले के लगभग 50 स्कूलों ने भाग लिया। सभी ने घ्अपना विज्ञान मॉडल तैयार करके प्रदर्शित किया। प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया किया। कार्यक्रम का संचालन संस्थापक सुनील अरोड़ा व डॉ। अजय चौधरी ने किया। इस अवसर पर कमलवीर वर्मा, रामकुमार वर्मा एडवोकट, राकेश शर्मा, डॉ। नीरज वशिष्ठ, दिव्य प्रभाकर, रुचिर गोयल, नितिन एडवोकेट, रजनीश नामदेव, विनय कौशिक, अध्यक्ष श्यामलाल एडवोकेट, डॉ। अजय वर्मा, रवि संगल, स्कूल के प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह मौजूद रहे।

## एक नजर

### बसपा की विधानसभा स्तरीय बैठक सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** बहुजन समाज पार्टी की विधानसभा स्तर की बैठक आज थाना भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर लखनऊ में आयोजित होने वाली विशाल रैली को सफल बनाने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि रैली को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों। बैठक की अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष बीरपाल सिंह कुड़ाना ने की। इस अवसर पर मंडल कोर्डिनेटर जनेश्वर प्रसाद, सचिव हरपाल सिंह, विधानसभा अध्यक्ष हरिओम गौतम, ऋषिपाल विकसित, भागमल, जयभगवान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बैठक में कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत बनाने एवं पार्टी की विच. ारधारा जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी दिलाया गया।

# पुलिस की बड़ी कामयाबी, साइबर ठगी की शिकार महिला को मिले 16,000 रुपए वापस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** साइबर ठगी से पीड़ित एक महिला को पुलिस की त्वरित कार्रवाई से बड़ी राहत मिली है। थाना थानाभवन की साइबर सेल ने साइबर अपराधियों द्वारा निकाली गई रु. 16,000 की धनराशि वापस दिलवाई। बेबी रानी पत्नी प्रेमचंद निवासी मौहल्ला रोगनग्राम, थाना थानाभवन, जनपद शामली के भारतीय स्टेट बैंक खाते से 16,000 रूपए की साइबर ठगी कर ली गई थी। इस संबंध में पीड़िता ने दिनांक 11 मार्च 2025 को ऑनलाइन साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी।शिकायत के आधार पर थाना थानाभवन की साइबर सेल ने त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित बैंक से पत्राचार किया और धनराशि को होल्ड कराकर पीड़िता के खाते में वापस कराया।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक शामली, अपर पुलिस अधीक्षक शामली एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के निर्देशन और निकट पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस अधिका. रियों ने बताया कि साइबर अपराध की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई करना ही सबसे बड़ा हथियार है। जनता से अपील की गई है कि किसी भी तरह की ऑनलाइन ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर या साइबर क्राइम पोर्टल www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

# यातायात नियमों का पालन करने को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक शामली के नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी यातायात के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस शामली द्वारा प्रतिदिन की भांति जनपद में यातायात नियमों के अनुपालन हेतु चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई, जिसके अंतर्गत आज कुल 194 वाहनों के चालान किए गए। यातायात पुलिस शामली द्वारा यह अभियान प्रतिदिन लगातार संचालित किया जा रहा है। प्रतिदिन औसतन सैकड़ों चालान किए जा रहे हैं, ताकि सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित किया जा सके और आमजन को सुरक्षित यातायात व्यवस्था उपलब्ध हो। साथ ही, NO HELMET NO FUEL अभियान के अंतर्गत जनपद के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर चेकिंग की गई, जिसमें बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल उपलब्ध न कराए जाने के संबंध में जागरूक किया गया। यातायात पुलिस द्वारा यह भी अपील की गई कि सभी नागरिक सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें, ओवरस्पीडिंग, गलत दिशा में वाहन चलाना, मोबाइल फोन का प्रयोग आदि से बचें, जिससे दुर्घटनाओं की रोकथाम हो सके तथा जनपद में सुरक्षित व सुव्यवस्थित



यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

# हिंदी दिवस पर काव्य गोष्ठी

**हल्दौर।** नगर में स्थित एक बैंक्वेट हॉल में हिंदी दिवस के उपलक्ष पर बीती देर शाम रोटरी क्लब द्वारा एक भव्य काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। कवियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। गोष्ठी में नगर व आसपास क्षेत्रों से पहुंचे प्रसिद्ध कवि सियाराम, प्रमोद कुमार, जितेंद्र मारवाड़ी, प्रवीण रस्तोगी, अनुज मारवाड़ी, हेमचंद राणा एवं राजीव शरण शर्मा ने अपनी-अपनी काव्य रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# इण्डस केयर मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल का शुभारम्भ, विधायक अशरफ अली खान ने फीता काटकर किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जलालाबाद।** कस्बे के दिल्ली-सहारनपुर रोड स्थित इण्डस केयर मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल का शुभारम्भ थानाभवन विधायक अशरफ अली खान ने फीता काटकर किया इस अवसर पर उन्होने कहा कि उक्त हास्पिटल के खुलने से क्षेत्र को एक अच्छी मैडिकल सुविधा मिल सकेगी। जलालाबाद मे मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल के शुभारम्भ अवसर पर थानाभवन विधायक अशरफ अली बधाई देते हुए कहा कि अस्पताल के खुलने से लोगो को दूर शहरो मे अपने मरीज को ले जाने मे होने वाली परेशानी से निजात मिलेगी समय से इलाज मिल सकेगा, अपने गृह नगर में इण्डस केयर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के खुलने पर खुशी जताई । इस मौके पर पूर्व सांसद अमीर आलम खान ने क्षेत्र के लोगो को समय पर अच्छा व सस्ता ईलाज देने के लिए अस्पताल के संचालको से अपनी इच्छा जताई। जिससे क्षेत्र के गरीब लोगो को भी अस्पताल का लाभ मिल सके। अस्पताल के संचालक डा0 ओसामा खान ने सभी का आभार जताते हुए क्षेत्र के लोगो को भरोसा दिया कि उनका प्रयास रहेगा कि लोगो को उनके अस्पताल में एक अच्छा ईलाज मिल सके। इस दौरान डा0 अकबर खान, हुमायूं खान, ठा0 शेर सिंह राणा , चेयरमैन जहीर मलिक, जयपाल प्रधान, सतेन्द्र प्रधान, शेर खान, पूर्व चेयरमैन अब्दुल गफफार, मौलाना आरजू मिया शेरवानी, समेत क्षेत्र के गणमान्य लोगो अस्पताल के शुभारम्भ अवसर पर मौजूद रहे।

# राष्ट्र निर्माण में हिंदी की भूमिका

**बिजनौर।** हिंदी भारत की बहुभाषी आबादी को जोड़ने वाली एक संपर्क भाषा है। यह भाषा साहित्य, मीडिया और विज्ञान के माध्यम से देश की सामाजिक संस्कृति के सभी तत्वों को व्यक्त करने का माध्यम बनती है। राष्ट्र के निर्माण में हिंदी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

सांस्कृतिक संपर्क स्थापित करना, राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना तथा सरकारी व सामाजिक कार्यों में एक समान माध्यम के रूप में कार्य करना। हिंदी भारत की संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों की संवाहक है, जो भारत की विविधता को एक सूत्र में पिरोती है।

# एसडीएस कॉन्वेंट स्कूल में हिंदी दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** करनाल रोड स्थित एसडीएस कान्वेंट स्कूल में शनिवार को हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में भाषा को सुदृढ़ करने और विद्यार्थियों में मातृभाषा के प्रति प्रेम जगाने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने कविता, भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हिंदी की समृद्धि और राष्ट्र की एकता में इसके योगदान को रेखांकित किया। सर्वप्रथम प्री-प्राइमरी स्तर पर कविता गायन प्रतियोगिता हुई जिसमें माधव व आरस ने प्रथम, अरविल व अविका मलिक ने द्वितीय तथा संगम, अनंत और यशस्वी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में हिंदी आशु भाषण प्रतियोगिता हुई जिसमें निधि पवार प्रथम, रिया व मन्नत द्वितीय तथा हादिया व गुरवीर तृतीय स्थान पर रहीं। इसी क्रम में सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता में हरलीन कौर ने प्रथम, आदित्य ने द्वितीय और अनोखी व एलिस वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश भटनागर ने विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं और उन्हें अपनी मातृभाषा हिंदी पर गर्व करना चाहिए। उन्होंने सभी से भाषा को समृद्ध करने के लिए सतत प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सुमित चौहान, रितिक चौहान, अलका सैनी, पंकज कुमार गर्ग, भुजवीर सिंह, प्रदीप कुमार शर्मा, लोकेश शर्मा, डिंपल सरोहा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# पंजाब बाढ़ पीड़ितों को कांधला से राहत सामग्री का बड़ा योगदान





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली/कांधला।** समाज सेवा के क्षेत्र में अहम भूमिका निभा रही कस्बे की मुस्लिम गुर्जर युवा सेवा समिति ने एक बार फिर अपने सामा. जिक सरोकार का परिचय दिया। हाल ही में पंजाब में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र के लोगों की सहायता के लिए समिति की 15 सदस्ईय टीम पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पहुंची। समिति के सदस्यों ने पीड़ित परिवारों के घर-घर जाकर राहत सामग्री वितरित की। राहत सामग्री में खाद्य पदार्थ, वस्त्र, आवश्यक दवाइयां और दैनिक उपयोग की अन्य सामग्री शामिल थी, जिससे बाढ़ से त्रस्त परिवारों को महत्वपूर्ण मदद मिली।

समिति के सभी सदस्यों ने पंजाब के शाही इमाम से मुलाकात की पंजाब के शाही इमाम हजरत मौलाना उस्मान साहब लुधियानवी ने मुस्लिम गुर्जर युवा सेवा समिति की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि ऐसे समाजसेवी संगठन आपदा के समय लोगों के लिए न केवल सहारा बनते हैं, बल्कि समाज में भाईचारे और एकजुटता की मिसाल भी पेश करते हैं। मौलाना साहब ने युवाओं के इस नेक प्रयास को सराहा और भविष्य में ऐसे कार्यों को और अधिक बढ़ावा देने की अपील की।समिति के प्रमुख कार्यकर्ता एडवोकेट नावेद जंग ने कहा, ष्पंजाब में आई इस भीषण बाढ़ ने जहां लाखों लोगों की जिंदगी प्रभावित की है, मुस्लिम गुर्जर युवा सेवा समिति ने पूरी ईमानदारी व लगन से पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित की है। हम सभी मानते हैं कि समाज सेवा केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि कार्यों के माध्यम से अपने फर्ज को निभाना चाहिए। हमारी यह छोटी सी कोशिश प्रभावित परिवारों के लिए सहारा बन सके, यही हमारी प्राथमिकता रही। मुस्लिम गुर्जर समिति की इस सराहनीय पहल से क्षेत्र में भी विशेष प्रशंसा हो रही है। कस्बा और क्षेत्रवासी समिति के कार्यकर्ताओं को प्रेरणादायक बताया है। समाज के अन्य वर्गों से जुड़े लोग भी इस कदम की सराहना कर रहे हैं।

# घर में घुसकर हमला कर रहा गुलदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** कस्बे के निकटवर्ती गांव बाटपुरा में गुलदार के हमले से दहशत का माहौल बन गया। बीती रात आबादी क्षेत्र के पास एक मकान के बाहर बंधी बछिया पर गुलदार ने हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया।

ग्रामीणों के अनुसार गांव निवासी मामराज शर्मा के घर के बाहर बछिया बंधी हुई थी। अचानक गुलदार ने धावा बोलकर उस पर हमला कर दिया। बछिया के दर्द भरे रंभाने की आवाज सुनकर परिजनों ने शोर मचाते हुए अन्य ग्रामीणों को सूचना दी। देखते ही देखते मौके पर लाठी-डंडे लेकर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। शोरगुल सुनकर गुलदार मौके से भागकर जंगल की ओर चला गया। हमले में घायल हुई बछिया का उपचार कराया गया है। घटना के बाद से गांव में भय और चिंता का माहौल है। ग्रामीण रोहित कुमार, सोहित कुमार, जोगिंदर सिंह, मुक. ेश शर्मा, राकेश शर्मा, दीपक कुमार आदि ने बताया कि इस घटना से गांव के लोग सहमे हुए हैं।

# कैराना बार भवन में पशिचमी उत्तर-प्रदेश के अधिवक्ताओं का सम्मलेन आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** रविवार को न्यायालय परिसर में स्थित बार भवन में अधिवक्ताओं का एक दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन संपन्न हुआ, जिसमें पशिचमी उत्तर-प्रदेश के जनपद सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मेरठ, बुलंदशहर और बागपत आदि जनपदों के अधिवक्ता संघों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन का आयोजन भागीदारी और शांति पर वैश्विक समझौता नामक अंतर्राष्ट्रीय संगठन ने कैराना अधिवक्ता संघ के सहयोग से किया। इस दौरान निम्न एवं मध्यम वर्ग को सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित करने तथा परिवारों को टूटने से बचाने और समाज में संतुलन बनाए रखने के लिए कानूनी एवं संवैधानिक सुधारों समेत विभिन्न बिंदुओं पर गहन मंथन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह यादव ने कहा कि विश्वात्मा द्वारा चलाई जा रही पुनर्जागरण यात्रा का संदेश आज देश की बड़ी जरूरत है। उन्होंने आर्थिक आधार पर आरक्षण की वकालत की। कहा कि श्महंगे चुनावों के कारण संसद और विधानसभाओं में देश की 97 प्रतिशत से अधिक निम्न व मध्यम वर्ग की जनसंख्या का प्रतिनिधित्व नहीं हो पा रहा है। इसका समाधान केवल जनसंख्या के अनुपात में आर्थिक आरक्षण लागू करने में है। सर्वोच्च न्यायालय के जाने-माने अधिवक्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे प्रशांत भूषण ने कहा कि न्यायपालि. का की स्वतंत्रता के लिए आमजन एकजुट हों। उन्होंने न्यायमूर्तियों के नियुक्ति में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया और पूर्णकालिक न्यायिक आयोग के गठन की वकालत की। राजनीतिक एवं आर्थिक सुधारों पर दर्जनों पुस्तकों के लेखक और मिशन फॉर



ग्लोबल चेंज के संस्थापक विश्वात्मा ने कहा कि भविष्य में हर क्षेत्र में मशीनें काम करेंगी, जिससे बेरा. ेजगारी बढ़ेगी। इसलिए रोजगार के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाने के लिए संविधान संशोधन होना चाहिए।

भविष्य में इंसान मशीनों की कमाई पर निर्भर होगा। उन्होंने अनुस. ूचित जाति व जनजातियों के आरक्षण में क्रीमी लेयर और उपवर्गीकरण पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को लागू करने की वकालत की। रामपुर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सतनाम सिंह मट्टू ने कहा कि प्रत्एक बेरोजगार को सरकारी क्षेत्र में रोजगार की गारंटी मिलनी चाहिए और जब तक रोजगार न मिले तब तक राष्ट्र की औसत आय की आधी राशि प्रतिमाह दी जानी चाहिए। शामली जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजपाल सिंह ने व्यभिचार को अपराध घोषित करने और 100 करोड़ से अधिक संपत्ति के उत्तराधिकार पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने राजनीति व न्यायपालिका से वंशवाद खत्म करने के लिए राजनीतिक उत्तराधिकार उन्मूलन कानून लागू करने की मांग की। दिग. ंबर जैन डिग्री कॉलेज के राजनीति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष स्नेहवीर सिंह पुंडीर ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के चुनाव पद्धति पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षा और चिकित्सा का निजीकरण समाप्त करके राष्ट्रीयकरण किए जाने की वकालत की। साथ ही, किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य कानून लागू किए जाने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर पशिचमी उत्तर-प्रदेश के अलग-अलग जिलों से पहुंचे विभिन्न बार प्रतिनिधियों एवं अधिवक्ताओं ने अपने विचार रखे।

# आंगनबाड़ी व सहायिकाओं का सम्मेलन

**धामपुर।** आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर से कार्यकर्ता शामिल हुए।

मुन्नी देवी मंदिर प्रांगण में स्थित हॉल में सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में की प्रदेश अध्यक्ष शीशि बाला ने कहा कि बाल विकास योजना को 50 वर्ष पूर्ण हो गए हैं।

# पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक को दी श्रद्धांजलि

**कोतवाली देहात।** अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के तत्वाधान में ग्राम बरूकी स्थित एक बैंकट हॉल में पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा से पूर्व हवन यज्ञ किया गया। श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के जाट समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अमन



सिंह ने कहा कि सतपाल सिंह पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के अनुयाई रहे। वह किसानों और मजदूरों के हमदर्द और किसानों की आवाज को बुलंद करते रहे।श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों ने सरकार द्वारा पूर्व राज्यपाल को कोई भी मान सम्मान ना दिए जाने की निंदा की। इस अवसर पर सतपाल मलिक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान नितिन मौर्य, विकुल मलिक, सुरेश आर्य, गजेंद्र सिंह, चरण सिंह, विनीत मौर्य, धर्मवीर सिंह, रूपेंद्र सिंह देवेंद्र सिंह, मास्टर नरेश कुमार, डा. पुखराज सिंह मलिक, चौधरी कुंवर सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।

# हिन्दी दिवस पर वाद-विवाद प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज के वाणिज्य व प्रबंधन विभाग में हिन्दी दिवस के उपलक्ष में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ कॉलेज प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार व निदेशक योजना व विकास डा. एस.सी जैन व कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा के द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने हिन्दी हमारी राष्ट्र भाषा या राज भाषा के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त किये। जिसमें छात्र-छात्राओं ने हिन्दी हमारी राष्ट्र भाषा के पक्ष में अपने विचार रखते हुए कहा कि प्रति वर्ष 14 सितंम्बर को भारत में हिन्दी दिवस मनाया जाता हैं।

# बैंडबाजों के साथ निकाली भव्य ध्वज यात्रा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** श्री विष्णु कला मंडल के तत्वावधान में आयोजित होने वाले रामलीला महोत्सव से पूर्व रविवार को नगर में बैंडबाजों के साथ भव्य ध्वज यात्रा निकाली गई।

प्राचीन श्री हनुमान मंदिर से यात्रा का शुभारंभ किया गया। यहां बलवंत मित्तल ने ध्वजों की पूजा संपन्न कराई। यात्रा नगर के सर्राफा बाजार, मेन बाजार और अनाजमंडी होते हुए रामलीला भवन पहुंची। जहां मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व नगराध्यक्ष गजराज राणा ने विधि विधान से ध्वज स्थापित किया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम चंद्र का जीवन अनुकरणीय है। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इसके उपरांत समाजसेवी योगेंद्र गोयल एवं आशुतोष गुप्ता द्वारा बल्ली पूजन कराया गया। मंडल अध्यक्ष नितिन गुप्ता एवं प्रभारी विजेश कंसल ने



अतिथियों का अभिनंदन किया। रामलीला का मंचन 16 सितंबर से रामलीला भवन में शुरू होगा। नितिन मित्तल, प्रबंधक अजय बंसल, गगन मित्तल, निखिल अग्रवाल, मनमोहन गर्ग, विपिन गर्ग, मनमोहन गर्ग, अमन मित्तल, सतीश माहेश्वरी, प्रवीण गर्ग आदि शामिल रहे।

# महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसने वाला युवक गिरफ्तार

**पुलिस ने वांछित वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया वहीं एंटी रोमियो टीन ने अश्लील फब्तियां कसने वालो के खिलाफ चलाया अभियान**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** अपराधियों की धरपकड़ को चलाए जा रहे अभियान के तहत अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत कोतवाली क्षेत्र के गांव फलौदा रहमतपुर निवासी जोगेंद्र और फलौदा मानकपुर आदमपुर निवासी प्रवेश को न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर गिरफ्तार कर अदालत के समक्ष रविवार को पेश किया गया। जहां उसे उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपियो के खिलाफ एनआईएक्ट की धारा 138 के अंतर्गत न्यायालय से वारंट जारी किए गए थे। **उधर,** कोतवाली की एंटी रोमियो टीम ने बाजार में महिलाओं और युवतियों को देखकर अश्लील फब्तियां कसने के आरोप में मोहयुद्दीनपुर गांव निवासी नीरज कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी बाजार से गुजर रही महिलाओं ओर युवतियों को देखकर अश्लील शब्दों का प्रयोग कर रहा था। जिसके चलते उसे गिरफ्तार किया गया। रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान किया गया है।

# कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाएं: अग्रवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** लोक जनशक्ति पार्टी द्वारा गांव सलूनी माजरी में नव संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इसमें पार्टी की मजबूती और गांव दर गांव पहुंच लोगों को पार्टी से जोडने का आह्वान किया गया।

युवा राष्ट्रीय महासचिव राघवदास अग्रवाल ने कहा कि लोक सर्वजन का हित लोक जनशक्ति पार्टी में सुरक्षित है। है। कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। उनकी मेहनत की बदौलत दिनों दिन पार्टी का जनाधार बढ़ रहा है। कहा कि कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वह पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाए और ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोडने का काम करें।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी मुखिया चिराग पासवान के हाथों को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस



अवसर पर ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं ने राघव दास अग्रवाल का फूल मलाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर युवा जिलाध्यक्ष प्रवेश सैनी, मुकेश अग्रवाल, आशीष मित्तल, राहुल गर्ग, नवनीत, अजय जाटव, राजीव सैनी, मनीष, राजीव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पितरों के बिना सृष्टि ही नहीं चल सकती: स्वामी

**देवबन्द।** श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति में श्राद्ध की सनातन परंपरा है, ताकि हम अपने पितरों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त कर जीवन में आगे बढ़ सके। रविवार को कथा सुनने के लिए भाजपा के फायरब्रांड नेता संगीत भी गांव रणखंडी पहुंचे।

रणखंडी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक स्वामी रसिक महाराज ने पितृ मोक्ष की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि शास्त्रों के मुताबिक पितरों के बिना सृष्टि ही नहीं चल सकती है। संतानोत्पत्ति के पश्चात ही वह पितृ ऋण का शोधन कर पाता है। कहा कि पूर्वजों की पूजा करने का विधान देवी देवताओं से पृथक नहीं है, क्योंकि पूर्वजों की आत्मा अपने स्वजन के आसपास ही विचरण करती है। पूर्वजों का उद्धार प्रत्येक मानव का दायित्व है। अपनों को श्रद्धा भावना से युक्त होकर श्राद्ध कर्म अवश्य करना चाहिए। रविवार को कथा सुनने के लिए सरधना के पूर्व विधायक संगीत



सोम गांव रणखंडी पहुंचे और नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज का आर्शिवाद लिया। इस मौके पर कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष पूर्व ब्लाक प्रमुख ठाकुर अनिल पुंडीर, बजरंग दल नेता विकास त्यागी, किशोर आनंद, अमरीश राणा, सुधीर राणा, तेजपाल राणा, प्रवीण पुंडीर, राजीव राणा, अमित धीमान, बादल राणा, गौरव, मिनू राणा आदि मौजूद रहे।

# इस्लाम में एक साथ एक्सरसाइज करना जायज नहीं: गोरा

**देवबन्द।** जमीयत दावतुल मुसलीमीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने जिम में मर्द और औरत के एक साथ एक्सरसाइज करने पर एतराज जताया है। कहा कि यह तरीका शरीयत और इस्लामी उसूलों के खिलाफ है। मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने रविवार को जारी बयान में कहा कि आजकल जिम और एक्सरसाइज का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है। मर्द भी इस में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और औरतें भी। सेहत की देखभाल करना यकीनन इस्लाम की तालीमात के मुताबिक है, क्योंकि मजबूत और तंदरुस्त मोमिन अल्लाह के नजदीक ज्यादा पसंदीदा है, मगर अफसोस की बात यह है कि इस ट्रेंड ने हमारे समाज में नई मुश्किलें पैदा कर दी हैं। उन्होंने कहा कि देखा जा रहा है कि मर्द और औरतें जिन में एक साथ एक्सरसाइज कर रहे हैं, जो शरीयत और इस्लामी उसूलों के खिलाफ है, क्योंकि पर्दा सिर्फ औरत के लिए ही नहीं, बल्कि मर्द के लिए भी जरुरी है, जब पर्दे की हिफाजत छोड़ दी जाती है तो समाज में गुनाह और बेशर्मी फैलती है यही वह रास्ता है जो हमें धीरे-धीरे दीन से दूर ले जाता है। कहा कि समय के साथ चलना बुरा नहीं है, लेकिन मजहबी उसूलों को तोड़कर आधुनिकता के नाम पर हराम चीजों को हलाल कर लेना न तो अक्लमंदी है और न ही इस्लाम की रुह के मुताबिक है। इसलिए मुसलमानों को चाहिए कि वह सेहत का ख्याल रखने के साथ-साथ दीन और ईमान की सेहत का भी ख्याल रखें।

# दारूल उलूम की अर्द्धवार्षिक परीक्षा में शामिल हुए दो हजार छात्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** इस्लामी तालीम के प्रमुख केंद्र दारुल उलूम में अर्द्धवार्षिक परीक्षा रविवार से शुरु हो गई। पहले दिन विभिन्न कक्षाओं के दो हजार से अधिक छात्र शामिल हुए।

संस्था की नवीन लाइब्रेरी के हाल में शुरु हुई लिखित व मौखिक परीक्षा 25 सितंबर तक चलेंगी। शिक्षा प्रभारी मौलाना हुसैन अहमद हरिद्वारी ने बताया कि पहले दिन अरबी कक्षा तीन, अरबी कक्षा चार, अरबी कक्षा पांच, अरबी कक्षा छह, अरबी कक्षा सात की श्रेणी के छात्रों की लिखित परीक्षा आयोजित की गई। इसमें दो हजार से अधिक छात्रों ने भाग लिया। उन्होंने छात्रों को चेताया कि छात्र अपने साथ परीक्षा हॉल में कोई किताब, सादा कागज, अखबार या किसी भी तरह की लिखावट न लाएं। परीक्षा हॉल में मोबाइल फोन या स्मार्ट वॉच लाने की भी सख्त मनाही है। चेताया यदि किसी के पास मोबाइल परीक्षा पत्र से संबंधित कोई भी लिखी हुई सामग्री पाई जाती है तो परीक्षा रद्द कर दी जाएगी।

# खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडिल किए अपने नाम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** कुश्ती एवं बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडिल जीतने पर होनहार बेटियों को पटका पहनाकर सम्मनित किया गया।

डा. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम सहारनपुर में आयोजित जिला कुश्ती प्रतियोगिता में नगर की होनहार बेटी लक्की पहिवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 राउंड खेलकर जीत हासिल कर गोल्ड मेडिल अपने नाम किया। वहीं बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोरी पहिवाल ने तीन राउंड खेलकर जीत दर्ज कराते हुए मेडिल पर अपना कब्जा जमाया। दोनो होनहार खिलाड़ियों की सफलता पर भगवाल वाल्मीकि मंदिर सेवा समिति द्वारा आयोजित



सम्मान समारोह में दोनो होनहार खिलाड़ियों को बुके व पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष मास्टर दीपक, सोनू झंझरवाल, जसवीर वाल्मीकि, बिरला सूद, नरेंद्र चौहान, सोरव पहिवाल, दिनेश टांक, सचिन पहिवाल, विजय टांक, रविंद्र, अशोक आनंद, रंजीत वाल्मीकि, अमन पहिवाल, कुलदीप लहरी, मनीष मास्टर, साजन, विशाल, नितिन, राजन, रोहन, दीपक कालरा, मोनू, राजू, गोकुल, संदीप आदि शामिल रहे।

# आयकर पोर्टल फेल होने के कारण रिटर्न फाइल की बढ़ाई जाए तिथि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** टैक्स एडवोकेट रितेश बंसल ने कहा कि पिछले 15 दिनों से आयकर पोर्टल लगातार फेल हो रहा है और पिछले तीन दिनों से बिल्कुल ठप है जिसके कारण रिटर्न फाइल नहीं हो पा रही है। उन्होंने सरकार से समस्या को ध्यान में रखते हुए रिटर्न फाइल करने की अंतिम तिथि बढ़ाए जाने की मांग की है।

टैक्स एडवोकेट रितेश बंसल ने बताया कि व्यक्तिगत आयकर विवरणी 2024-25 बिना ऑडिट के भरने की अंतिम तिथि 15 सितम्बर है। लेकिन पिछले 15 दिन से आयकर पोर्टल लगातार फेल हो रहा है और पिछले तीन दिनों से पूरी तरह बंद है। सरकार को टैक्स प्रोफेशनल द्वारा अंतिम तिथि बढ़ाने के लिए पूरे देश से ट्वीट किए जा रहे हैं परंतु सरकार तिथि नहीं बढ़ा रही है जो निंदनीय है। कहा कि 15 सितंबर के बाद एक हजार से पांच हजार तक लेट फीस लगनी शुरू हो जाएगी शायद सरकार यही चाहती है, क्योंकि सरकार का राजस्व वास्तव में देखा जाए तो लेट फीस व अर्थदंड से ही बढ़ रहा है। बंसल ने कहा कि पोर्टल सरकार का नहीं चल रहा है और गलती व्यापारी या आयकरदाता की हो जाएगी और सीधा आरोप टैक्स प्रोफेशनल पर आ जाएगा कि समय से काम नहीं किया। उन्होंने समस्या को ध्यान में रखते हुए सरकार से रिटर्न फाइल करने की अंतिम तिथि बढ़ाए जाने की मांग की है।

# ई-रक्शा के कारण बाजार में हो रही है जाम की समस्या

**देवबन्द।** भ्रष्टाचार निवारण समिति के अध्यक्ष पुनीत गर्ग बाला ने प्रशासन से ई-रिक्शा के कारण बाजार में हर दिन लगने वाले जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा के कारण बाजार में लोगों को पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है, ऊपर से बेतरतीब खड़े किए जाने वाले दुपहिया वाहन भी दुकानदारों और लोगों की परेशानी का सबब बने हुए हैं। इनकी वजह से अक्सर बाजारों में दुकानदारों के साथ झगड़े भी हो रहे हैं। जिससे शांति व्यवस्था भंग होने का खतरा बना हुआ है। पुनीत गर्ग ने पुलिस प्रशासन से समस्या को गंभीरता से लेकर इससे निजात दिलाने की मांग की है।

# उत्तर प्रदेश वरिष्ठ नागरिक समिति की मासिक बैठक



शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश वरिष्ठ नागरिक समिति की मासिक बैठक आयोजित हुई। जिसमें सदस्यों की समस्याओं पर विचार हुआ और एक कवि सम्मेलन आयोजित करने पर सहमति बनी। पंजाबी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में बैठक आयोजित बैठक में सदस्यों की समस्याओं पर विचार विमर्श हुआ। 1 अक्टूबर को आर्य समाज मंदिर में कवि सम्मेलन आयोजित करने पर सहमति बनी। कवि सम्मेलन की रूपरेखा बनाई गई। डॉ. सारंगा देश असीम ने हिंदी दिवस होने पर सबको हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करने और हिंदी अपनी मातृभाषा का प्रचार प्रसार करने का आह्वान किया। बैठक में राकेश चंद चमोली, जगदीश प्रसाद चौहान, डॉ. हरिकांत सुमन, शिव कुमार आदि ने विचार रखें।

# धामपुर विधानसभा में लगेंगी 32 हाई मास्ट लाइटें

## सांसद चंद्रशेखर आजाद के प्रयासों से कब्रिस्तानों और सार्वजनिक स्थलों पर होगी रोशनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** धामपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को अब अंधेरे में परेशानियों से जूझना नहीं पड़ेगा। नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर आजाद के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र के कई कब्रिस्तान और सार्वजनिक स्थान हाई मास्ट लाइटों की रोशनी से जगमगाने जा रहे हैं। सांसद ने अपनी निधि से कुल 32 हाई मास्ट लाइटें लगवाने की स्वीकृति दी है।

धामपुर के अंसारियान, धोबियान, मुगल पठान तथा मनीहारान स्थित कब्रिस्तानों पर हाई मास्ट लाइट लगाने का कार्य शुरू किया गया। इसके अलावा सुहागपुर धर्मशाला चौक एवं सुहागपुर बंदे के पास भी हाई मास्ट लाइटें लगाई जाएंगी। सांसद प्रतिनिधि विवेक





सेन ने स्थानीय लोगों की मौजूदगी में पहला हाई मास्ट लाइट लगवाकर इस कार्य की शुरुआत कराई।

अब तक मुस्लिम समाज के लोगों को रात के समय जनाजे के दौरान कब्रिस्तानों में अंधेरे की समस्या का सामना करना पड़ता था। लोगों को मोबाइल टॉर्च या अस्थायी इंतजामों का सहारा लेना पड़ता था। हाई मास्ट लाइट लगने से न केवल इस दिक्कत से निजात मिलेगी, बल्कि क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से भी बड़ा लाभ होगा।

सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन ने बताया कि सांसद चंद्रशेखर आजाद क्षेत्र की हर जरूरत और जनता की भावनाओं को प्राथमिकता देते हैं। उन्हीं के प्रयास से यह योजना साकार हुई है। आने वाले समय में विधानसभा के अन्य हिस्सों में भी ऐसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। स्थानीय लोगों ने सांसद और उनके प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम वास्तव में आमजन की समस्याओं को समझकर उठाया गया है। कब्रिस्तान और अन्य अंधेरे क्षेत्रों में अब रोशनी फैलने से लोगों को काफी राहत मिलेगी। इस दौरान नगर अध्यक्ष मुंशी नसीम अहमद, सलमान सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# एसपी ने पैदल गश्त कर अपराध नियंत्रण का जायजा लिया

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा कस्बा झिंझाना में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण का लिया गया जायजा। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह द्वारा थाना झिंझाना क्षेत्रान्तर्गत कस्बा झिंझाना में पैदल गश्त की गई। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना झिंझाना सहित पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहा। पैदल गश्त के दौरान पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण का जायजा लिया। उन्होंने मुख्य बाजार, सार्वजनिक स्थल एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया तथा आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें पुलिस की सतर्कता और सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया। गश्त के दौरान पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्रवासियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की । पुलिस का उद्देश्य जनता को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है और इसके लिए पुलिस हर समय



तत्पर है। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक महोदय ने पुलिस बल को निर्देशित किया कि वे क्षेत्र में नियमित रूप से पैदल गश्त एवं चेकिंग अभियान चलाते रहें, जिससे अपराध पर अंकुश लगाया जा सके तथा आमजन में सुरक्षा की भावना बनी रहे। पैदल गश्त से जनता में पुलिस की दृश्य उपस्थिति बनी रहती है, जिससे असामाजिक तत्वों पर भी अंकुश लगता है। महोदय द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना झिंझाना को किसी भी प्रकार की अराजकता, अपराध या शांति भंग करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है ।

# द एसडी पब्लिक स्कूल में हिंदी सप्ताह का भव्य आयोजन

**मु.नगर।** द0 एस0डी0 पब्लिक स्कूल में हिंदी सप्ताह का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इसके अंतर्गत पूरे सप्ताह हिंदी भाषा की विविधता और महत्ता को दर्शाने हेतु विद्यालय की प्रार्थना सभा में हिंदी की विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों का साहित्यिक ज्ञान परखने के लिए प्रश्नोत्तरी, टंग ट्विस्टर अर्थात बिना रुके हिंदी के कठिन शब्दों का शुद्ध व स्पष्ट पुनर्वाचन, कविता वाचन, नृत्य आदि रोमांचक गतिविधियों ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षाओं में भी अनेक गतिविधियों- शब्द भंडार प्रश्नोत्तरी, मुहावरों पर आधारित रचनात्मक गतिविधि, संवाद कौशल, अलंकार बोध आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों ने न केवल बच्चों के ज्ञान को समृद्ध किया अपितु उनकी कल्पना शक्ति, अभिव्यक्ति क्षमता और सामूहिक कार्य कौशल को भी प्रखर बनाया। विद्यालय प्रधानाचार्या मती नीलम महाना जी ने विद्यार्थियों की सुंदर प्रस्तुति एवं गतिविधियों के लिए उनका उत्साहवर्धन किया और बच्चों को हिंदी मातृभाषा के महत्त्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा हिंदी का सम्मान करना चाहिए क्योंकि यह केवल भाषा नहीं अपितु हमारी आत्मा, संस्कृति और राष्ट्र का मान है। यह देश की एकता और पहचान का प्रतीक है



# एसपी ने थाना झिंझाना का किया निरीक्षण

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह द्वारा थाना झिंझाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने में अभिलेखों का रख-रखाव, महिला हेल्प डेस्क, कम्प्यूटर कक्ष, भोजनालय, थाने की साफ-सफाई, बंदी गृह आदि व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने थाना प्रांगण में साफ-सफाई एवं अनुशासन व्यवस्था को और अधिक सु.दृढ़ बनाए रखने हेतु संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने महिला हेल्प डेस्क एवं कम्प्यूटर कक्ष में उपलब्ध सुविधाओं का भी निरीक्षण किया तथा आमजन की



समस्याओं के त्वरित व पारदर्शी निस्तारण के निर्देश दिए।' बंदी गृह की सुरक्षा एवं भोजनालय की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिए जाने हेतु भी उन्होंने संबंधित को सचेत किया। महोदय द्वारा समस्त पुलिसकर्मियों को जनसाधारण से सौम्य व्यवहार बनाए रखने, थाने में आने वाले प्रत्एक व्यक्ति की समस्याओं को प्राथमिकता पर सुनने तथा अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए सतर्क एवं संवेदनशील रहकर कार्य करने के निर्देश दिए । निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक झिंझाना जितेन्द्र शर्मा व अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# हांगकांग को हरा सुपर-4 में पहुंचना चाहेगी श्रीलंका



## मीनाक्षी-जैस्मीन ने मुक्केबाज में जीते स्वर्ण पदक

**लिवरपूल, वार्ता।** जैस्मीन (57 किग्रा) और मीनाक्षी (48 किग्रा) ने लिवरपूल में विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीत लिए। जैस्मीन ने पोलैंड की स्ज़ेरमेटा जूलिया (पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता) को 4:1 से हराकर स्वर्ण जीता और यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह वाली पहली भारतीय बन गईं। मीनाक्षी (48 किग्रा) ने कजाकिस्तान की नाजिम काइज़ेबे (पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता) के खिलाफ 4:1 से जीत हासिल की और चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय बन गईं। नुपुर (80 किग्रा) ने रजत पदक जीता जबकि पूजा रानी (80 किग्रा) ने कांस्य पदक के साथ समापन किया।

- **चरिथ असलंका की अगुवाई में श्रीलंका की टीम पहले मैच में बांग्लादेश को हराकर आत्मविश्वास से भरी हुई है**




**दुबई, वार्ता।** श्रीलंका एशिया कप 2025 के आठवें मैच में हांगकांग को हराकर सुपर फोर में पहुंचना चाहेगी। वही टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी हांगकांग सम्मान के साथ विदाई के लिए संघर्ष करेगी। चारिथ असलांका की अगुवाई श्रीलंका की टीम अपने पहले मैच में बांग्लादेश को छह विकेट से हराने के बाद आत्मविश्वास से भरी हुई है। उनकी बल्लेबाजी में टीम के रूप में लय में दिख रही है। 34 गेंदों पर 50 रनों की सहज पारी खेलने वाले पथुम निसांका एक अलग ही स्तर पर बल्लेबाजी करते दिख रहे हैं।

जबकि बांग्लादेश के खिलाफ कामिल मिशारा की नाबाद 46 रनों की पारी ने उनकी उम्र से कहीं अधिक संयम दिखाया। कुसल मेंडिस और कुसल परेरा शीर्ष क्रम में स्थिरता प्रदान करते हैं, और कप्तान असलांका के साथ कामिंदु मेंडिस अंतिम ओवरों में मजबूती प्रदान करते हैं।

वहीं गेंदबाजी की बात की जाये तो श्रीलंका के पास दुष्मंथा चमीरा और नुवान तुषारा ने गति और सटीकता का मिश्रण है। दुबई की पकड़ी पिचों पर वानिंदु हसरंगा की शानदार लेग स्पिन एक सिद्ध मैच-विजेता गेंदबाज बनी हुई है, और प्रबंधन परिस्थितियों के अनुसार, स्पिन आक्रमण में एक और परत जोड़ने के लिए महेश थीक्षाना को लाने पर विचार कर सकता है। हांगकांग की बात की जाये तो अफगानिस्तान और बांग्लादेश से हार के बाद अब तक उन्हें सफलता नहीं मिली है, लेकिन यासिम मुर्तजा की टीम एक चुनौतीपूर्ण प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। जीशान अली, अंशुमान रथ और बाबर हयात बल्लेबाजी की जिम्मेदारी का भार संभालेंगे, जबकि अतीक इकबाल ने शानदार इकॉनमी से तीन विकेट लेकर गेंद से उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन किया है। दुबई की पिच से तेज गेंदबाजो को शुरुआती मूवमेंट मिलने की उम्मीद है, जिसके बाद यह एक भरोसेमंद बल्लेबाजी ट्रैक बन जाएगी। अनुशासन के साथ खेलने वाले स्पिनर बीच के ओवरों में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। बाद में ओस की संभावना है। यहां टॉस मैच के फैसले को प्रभावित कर सकता है।

श्रीलंका की संभावित टीम : पथुम निसांका, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), कामिल मिशारा, कुसल परेरा, चैरिथ असलांका (कप्तान), कामिंदु मेंडिस, दासुन शनाका, वानिंदु हसरंगा, दुष्मंथा चमीरा, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना और महेश थीक्षाना।

## पहली जीत दर्ज करने पर होंगी यूएई और ओमान की नजरें

**पहली जीत दर्ज करने पर होंगी यूएई और ओमान की नजरें**

**अबु धाबी, वार्ता।** एशिया कप के 7वें मैच में यूएई का सामना सोमवार को ओमान से होगा। यूएई को अपने पहले मैच में भारतीय टीम से 9 विकेट से करारी हार झेलनी पड़ी थी। इसी तरह ओमान को टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ 93 रन से बड़ी हार मिली थी। ऐसे में दोनों टीमें पहली जीत की तलाश में होंगी।

## ओलंपिक मेडलिस्ट अमन सहरावत रेसलिंग विश्व चैंपियनशिप से डिस्क्वालिफाई



- **1.7 किग्रा ओवरवेट होने के कारण निकले अमन सहरावत**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पेरिस ओलिंपिक में ब्रॉन्ज जीतने वाले भारतीय पहलवान अमन सहरावत जाग्रेब में चल रही वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप से डिस्क्वालिफाई हो गए हैं। वे रविवार को मुकाबले से पहले ओवरवेट पाए गए। अमन पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा इवेंट में हिस्सा लेने वाले थे, लेकिन उनका वजन 1.7 किलोग्राम ज्यादा था। अमन से इस चैंपियनशिप में मेडल की उम्मीद थी। उनके पास वजन कम करने के लिए पर्याप्त समय था। वे भारतीय पहलवानों के साथ 25 अगस्त को तैयारी के लिए क्रोएशिया के जाग्रेब पहुंच गए थे। एक अधिकारी ने नाम उजागर न करने की शर्त पर कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण और आश्चर्यजनक है कि अमन अपना वजन कंट्रोल नहीं कर पाए। जब वे वजन मापने के लिए खड़ा हुआ तो उसका वजन 1700 ग्राम ज्यादा था। यह स्वीकार्य नहीं है। उसका वजन इतना ज्यादा कैसे हो गया, यह हमारी समझ से परे है।

# सात्विक-चिराग फाइनल में हारे

**हांगकांग, वार्ता।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी आज हांगकांग में जीत के करीब पहुंच गए थे, लेकिन यहां पुरुष युगल के खिताबी मुकाबले में चीन के लियांग वेइकेंग और वांग चांग से 62 मिनट में 21-19, 14-21, 17-21 से हार गए। शुरुआत से ही, भारतीय जोड़ी में एक उद्देश्यपूर्ण भावना थी।

उन्होंने स्पष्ट सर्विस और रिटर्न किया, समझदारी से रैलियां बनाईं और गेम पॉइंट पर एक शांत हॉकआई चैलेंज की मदद से पहला गेम 21-19 से अपने नाम कर लिया। यह इस बात का संकेत था कि उन्होंने अपनी ताकत और स्थिर निर्णय को कितनी अच्छी तरह से संयोजित करना सीख लिया है। हालांकि, चीनी जोड़ी ने दूसरे गेम में अपनी लय हासिल कर ली। लियांग के तीखे स्मैश और वांग के तेज इंटरसेप्शन ने भारतीयों को बार-बार बचाव करने पर मजबूर कर दिया। 21-14 का स्कोरलाइन न केवल दूसरी टीम के दबाव को दर्शाता है, बल्कि सात्विक-चिराग की लंबाई और रोटेशन की



- **पुरुष युगल के खिताबी मुकाबले में चीन के लियांग वेइकेंग और वांग चांग से 62 मिनट में हार गए**

गुणवत्ता में भी थोड़ी गिरावट दर्शाता है। जैसा कि अक्सर उच्चतम स्तर पर होता है, निर्णायक गेम शुरुआती कुछ आदान-प्रदानों पर निर्भर था।

लियांग और वांग ने शुरुआत में ही हमला बोला और भारतीयों के संभलने से पहले ही स्कोर 6-0 कर दिया। हालांकि सात्विक और चिराग ने बीच में ही अपनी लय पकड़नी शुरू कर दी और साहसिक खेल और तेज पूर्वानुमान के साथ 10-18 से 17-20 पर पहुंच गए, लेकिन अंतर बहुत ज्यादा साबित हुआ। तीसरे मैच पॉइंट पर लियांग के क्लीन विनर ने एक घंटे से ज्यादा चले मुकाबले को पक्का कर दिया। भारतीय टीम तीसरे गेम को थोड़े अफसोस के साथ, लेकिन साथ ही उत्साह के साथ भी देखेगी। वे कभी भी किसी से कमतर नहीं रहे, बस कुछ जगहों पर उनसे आगे निकल गए। उनका आक्रामक इरादा, खासकर सात्विक के फ्लैट स्मैश और चिराग का नेट पर नियंत्रण, हर शीर्ष जोड़ी को परेशान करता रहा। उन्हें निर्णायक मुकाबलों में शुरुआती झटकों का सामना करने के लिए स्थिरता की जरूरत है, यह एक ऐसा सबक है जो हाल के महीनों में एक से ज्यादा बार सामने आया है। थाईलैंड में जीत के बाद से भले ही वे खिताबों से दूर रहे हों, लेकिन इस अभियान ने यह स्पष्ट कर दिया कि वे विश्व युगल में शीर्ष पर क्यों हैं।

## गैरस्टीड 2025-26 घरेलू सत्र के लिए आंध्र प्रदेश नियुक्त

**हैदराबाद, वार्ता।** न्यूजीलैंड को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब दिलाने वाले गैरी स्टीड को 2025-26 घरेलू सत्र के लिए आंध्र प्रदेश की टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। वह टीनू योहानन की जगह लेंगे।

गैरी स्टीड को टीम का कोच बनाए जाने पर आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) ने सोशल मीडिया पर लिखा कि आंध्र क्रिकेट उनके मार्गदर्शन में एक नए युग में प्रवेश कर रहा है, और इस सत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने और शीर्ष स्तर का प्रदर्शन करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। 53 वर्षीय स्टीड, न्यूजीलैंड के सबसे सफल कोच हैं। उन्होंने तीन वैश्विक सीमित ओवरों के फाइनल (2019 एकदिवसीय विश्व कप, 2021 टी-20 विश्व कप और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी) में टीम को पहुंचाया और भारत में 3-0 से ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीत हासिल की है। इससे पहले, उन्होंने न्यूजीलैंड महिला टीम को 2009 एकदिवसीय विश्व कप और 2010 टी-20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचाया था। उन्होंने 2013 से 2017 तक कैंटरबरी को तीन खिताब और न्यूजीलैंड की घरेलू रेड-बॉल प्रतियोगिता प्लंकेट शील्ड के फाइनल में भी कोचिंग दी थी। बतौर खिलाड़ी स्टीड न्यूजीलैंड के लिए पांच टेस्ट मैच खेले और 34-75 की औसत से 278 रन बनाए। उन्होंने 101 प्रथम श्रेणी और 103 लिस्ट ए मैच भी खेले, जहां उन्होंने क्रमश: 4984 और 2173 रन बनाए। आंध्र 2024-25 रणजी ट्रॉफी में सात मैचों में से केवल एक जीत के साथ अपने ग्रुप में छठे स्थान पर रहा था।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## हांगकांग को हराकर सुपर फोर में पहुंचना चाहेगी श्रीलंका

**दुबई, वार्ता।** श्रीलंका एशिया कप 2025 के आठवें मैच में हांगकांग को हराकर सुपर फोर में पहुंचना चाहेगी। वही टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी हांगकांग सम्मान के साथ विदाई के लिए संघर्ष करेगी। चारिथ असलांका की अगुवाई श्रीलंका की टीम अपने पहले मैच में बांग्लादेश को छह विकेट से हराने के बाद आत्मविश्वास से भरी हुई है। उनकी बल्लेबाजी में टीम के रूप में लय में दिख रही है। 34 गेंदों पर 50 रनों की सहज पारी खेलने वाले पथुम निसांका एक अलग ही स्तर पर बल्लेबाजी करते दिख रहे हैं, जबकि बांग्लादेश के खिलाफ कामिल मिशारा की नाबाद 46 रनों की पारी ने उनकी उम्र से कहीं अधिक संयम दिखाया। कुसल और कुसल परेरा शीर्ष क्रम में स्थिरता प्रदान करते हैं, व कप्तान असलांका के साथ कामिंदु अंतिम ओवरों में मजबूती प्रदान करते हैं।

## रयान क्राउसर की गोला फेंक में खिताबी हैट्रिक

**टोक्यो, वार्ता।** संयुक्त राज्य अमेरिका के रयान क्राउसर ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोला फेंक में 22.34 मीटर की थ्रो के साथ लगातार तीसरा विश्व खिताब जीता। विश्व रिकॉर्ड धारक और तीन बार के ओलंपिक चैंपियन ने मेक्सिको के उज़्एिल मुनोज को 37 सेंटीमीटर से पीछे छोड़ा। मुनोज ने 21.97 मीटर के साथ रजत पदक जीता और इटली के लियोनार्डो फैब्री ने 21.94 मीटर की थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। संयुक्त राज्य अमेरिका ने मिश्रित 4x400 मीटर रिले में भी जीत हासिल करने के बाद पहले दिन दो स्वर्ण पदकों के साथ समापन किया। सुबह के सत्र में, स्पेन की पेरेज ने 35 किमी रेस वॉक में अपना खिताब बरकरार रखा, जबकि कनाडा के इवान ने पुरुषों की स्पर्धा में अपना पहला विश्व खिताब जीतने के लिए देर से बढ़त हासिल की।

## सौरव गांगुली-हरभजन सिंह सहित कई खिलाड़ी वार्षिक आम बैठक में शामिल होंगे

- **हरभजन वार्षिक आम बैठक में पंजाब क्रिकेट संघ का प्रतिनिधित्व करेंगे**

नई दिल्ली, वार्ता। सौरव गांगुली (सीएबी), जयदेव शाह (सौराष्ट्र), अरुण सिंह धूमल (एचपीसीए) और राजीव शुक्ला (यूपीसीए) जैसे नियमित नामों के अलावा, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में भाग लेने वाले अधिकांश अन्य सदस्य भी आम तौर पर संदिग्ध होते हैं।

हरभजन सिंह, निश्चित रूप से, आम सभा की बैठक के लिए राज्य प्रतिनिधियों की विशिष्ट सूची में एक अलग नाम के रूप में उभरे हैं। जैसा कि पहले बताया गया था, वह वार्षिक आम बैठक में पंजाब क्रिकेट संघ (पीसीए) का प्रतिनिधित्व करेंगे, जिससे बीसीसीआई के शीर्ष पद के लिए उनके संभावित उम्मीदवार के रूप में उनकी संभावनाओं को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। 103 टेस्ट मैच खेल चुके पूर्व भारतीय स्पिनर ने अपनी योजनाओं के बारे में चुप्पी साध रखी है, लेकिन उनके करीबी लोगों का कहना है कि उनका नामांकन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से उनकी नजदीकी से जुड़ा है और इसके ज्यादा मायने नहीं निकाले जा सकते। लेकिन यह संभावना नहीं है कि यह मामला सिर्फ पंजाब के मुख्यमंत्री के साथ उनकी दोस्ती तक ही सीमित रहेगा। यह तय है कि इसमें और भी कुछ है।

हरभजन और उनके पूर्व भारतीय कप्तान गांगुली के अलावा, राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय खेल का अनुभव रखने वाले अन्य प्रतिनिधियों में जयदेव शाह, रघुराम भट्ट (कर्नाटक) और मिथुन मिन्हास (जेकेसीए) शामिल हैं। पूर्व बीसीसीआई दिग्गज और दिल्ली क्रिकेट के कद्दावर नेता दिवंगत अरुण जेटली के बेटे रोहन जेटली को दिल्ली ज़िला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने नामित किया है। उन्हें बीसीसीआई में एक प्रभावशाली व्यक्ति माना जाता है। बीसीसीआई के पूर्व कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी हरियाणा क्रिकेट संघ (एचसीए) का प्रतिनिधित्व करेंगे। संबंधित राज्य संघों द्वारा नामांकित होना महत्वपूर्ण है क्योंकि केवल वही प्रतिनिधि 28 सितम्बर को होने वाले चुनाव में भाग ले सकते हैं। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष के पदों के लिए चुनाव होंगे और यह लगभग तय है कि सचिव देवजीत सैकिया (असम), कोषाध्यक्ष प्रभतेज सिंह भाटिया (छत्तीसगढ़) और संयुक्त सचिव रोहन देस्सा (गोवा) अपने पदों पर बने रहेंगे।

# मेघरा ने एयर राइफल में जीता कांस्य



- **फाइनल में मेघना सज्जनार ने 230-0 का स्कोर किया जबकि नॉर्वे की दिग्गज जेनेट हेग डुएस्टाड ने रजत जीता**

**निंगबो, वार्ता।** एक ऐसे फाइनल में जहां चीन की नई सनसनी पेंग शिनलु ने विश्व रिकॉर्ड तोड़ा, भारत की मेघना सज्जनार ने आठ साल बाद अपना पहला विश्व फाइनल खेलते हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक जीता।

यह उनका पहला वर्ल्ड कप पदक है। इस पदक की मदद से भारत ने निंगबो, चीन में आयोजित सीजन-एंड्गि इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल को एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक के साथ पांचवें स्थान पर समाप्त किया। फाइनल में मेघना ने 230-0 का स्कोर किया जबकि नॉर्वे की दिग्गज जेनेट हेग डुएस्टाड ने रजत जीता और पेंग ने 255-3 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। यह स्कोर उनकी साथी वांग ज़ीफेई के पूर्व विश्व रिकॉर्ड 254-8 से बेहतर था। ईशा सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को निंगबो वर्ल्ड कप का पहला पदक दिलाया था। घरेलू रैंकिंग में चौथे से छठे स्थान के खिलाड़ियों से बनी भारतीय टीम ने विश्व स्तरीय प्रतिस्पर्धा में सराहनीय प्रदर्शन किया। चीन तीन स्वर्ण पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर रहा जबकि नॉर्वे दो स्वर्ण पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। कुल 10 स्वर्ण पदकों के लिए मुकाबला हुआ। रविवार सुबह दूसरे क्वालिफिकेशन राउंड में शूटिंग करते हुए मेघना ने 632-7 का मजबूत स्कोर बनाकर सातवां स्थान हासिल किया। पेंग 637-4 के शानदार स्कोर के साथ शीर्ष पर रही। चीन की खिलाड़ी ने फाइनल की 24 शॉट्स की सीरीज की शुरुआत ही परफेक्ट 10-9 के साथ की। पहले पांच शॉट्स की सीरीज के बाद मेघना आठ महिला खिलाड़ियों में सबसे पीछे थीं। दूसरी सीरीज में 52-3 के स्कोर ने उन्हें छठे स्थान पर पहुंचा दिया। अगले 10 शॉट्स में उन्होंने 10-2 से कम स्कोर नहीं किया, जिसमें 12वें शॉट में एक अहम 10-9 भी शामिल था। इस तरह लगभग एक दशक की मेहनत के बाद उन्होंने इस स्तर पर पहला पदक पक्का कर लिया। 19वें शॉट से पहले व्यक्तिगत न्यूट्रल एथलीट मारिया वासिलेवा उनसे सिर्फ 0-3 अंक आगे थीं। लेकिन मेघना के लगातार दो 10-4 स्कोर ने मारिया की उम्मीदों को खत्म कर दिया। भारत ने दिन का दूसरा फाइनल भी हासिल किया, जो निंगबो में चौथा फाइनल था। किरण अंकुश जाधव ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन क्वालिफिकेशन राउंड में 590 का स्कोर कर चौथा स्थान प्राप्त किया। हालांकि फाइनल में पहले नीलिंग (घुटने) और फिर प्रोन पोजीशन (लेटकर) में खराब शुरुआत के कारण वे आठवें स्थान पर रहे।

# सुमित के दम पर भारत ने स्विट्जरलैंड को हराया



**बील, वार्ता।** भारतीय पुरुष टेनिस टीम ने डेविस कप 2025 विश्व ग्रुप आई मुक. ाबले में स्विट्जरलैंड को 3-1 से हराकर

- **32 साल में पहली बार किसी यूरोपीय देश के खिलाफ भारत की पहली डेविस कप जीत**

बील में इतिहास रच दिया। यह 32 वर्षों में किसी यूरोपीय देश के खिलाफ भारत की पहली डेविस कप जीत थी, आखिरी बार 1993 में फ्रांस के खिलाफ आई थी। सुमित नागल ने निर्णायक उलट एकल मुकाबले में स्विट्जरलैंड के हेनरी बर्नेट पर 6-1, 6-3 से शानदार जीत के साथ जीत सुनिश्चित की। डेविस कप स्टैंड्गि में 37वें स्थान पर काबिज भारत ने नौवीं वरीयता प्राप्त स्विट्जरलैंड (24वें स्थान) को हराकर 2026 विश्व ग्रुप क्वालीफायर के पहले दौर में जगह बनाई। पहले दिन भारत ने स्विस टेनिस एरेना में मुकाबले पर नियंत्रण कर लिया था। डेविस कप में पदार्पण करते हुए दक्षिणेश्वर सुरेश ने शुरुआती एकल मुक. ाबले में घरेलू पसंदीदा जेरोम किम को 7-6(4), 6-3 से हराया। 626वीं रैंकिंग के सुरेश ने उल्लेखनीय धैर्य दिखाया और सीधे सेटों में मैच जीतने से पहले कई ब्रेक प्वाइंट बचाए। बाद में, भारत के अगुआ सुमित नागल ने दो बार के ओलंपियन मार्क-एंड्रिया ह्यूस्लर को 6-3, 7-6(4) से हराया। नागल ने पहले सेट में दो बार ह्यूस्लर की सर्विस तोड़ी और दूसरे सेट के टाईब्रेक में अपना धैर्य बनाए रखा, जिससे भारत को पहले दिन के बाद 2-0 की बढ़त मिल गई। जैकब पॉल और हेनरी बर्नेट की स्विस जोड़ी ने वापसी करते हुए एन श्रीराम बालाजी और रित्विक बोल्लीपल्ली को युगल मुकाबले में हराया। पहले उलट एकल में 18 वर्षीय बर्नेट का सामना करते हुए, भारत के नंबर एक खिलाड़ी नागल ने शुरुआत में ही ब्रेक लिया और बेसलाइन से दबदबा बनाया। यह जीत 1993 के बाद से किसी यूरोपीय देश पर भारत की पहली डेविस कप जीत है, एक ऐसा परिणाम जो टीम के लचीलेपन और गहराई को दर्शाता है।

यह 2019 में शुरू किए गए नए डेविस कप प्रारूप के तहत भारत की पहली विदेशी सफलता भी है। यह जीत भारत की 2026 विश्व ग्रुप क्वालीफायर के पहले दौर में प्रगति सुनिश्चित करती है, जबकि स्विट्जरलैंड को 2026 विश्व ग्रुप ए प्ले-ऑफ में भाग लेना होगा। तीन बार का डेविस कप उपविजेता (1966, 1974, 1987) भारत अब प्रतियोगिता के एलीट चरणों में वापसी की अपनी खोज में इस गति को बनाए रखने की कोशिश करेगा।

# केन्या की चेबेट ने विश्व एथलेटिक्स में 10000 मी. दोड़ में जीता पहला खिताब

- **दौड़ में बीट्राइस चेबेट के साथ हमवतन एग्नेस चेबेट एथियोपिया की गुडाफ और फोटियन व इटली की नादिया भी थी**



**टोक्यो, वार्ता।** केन्या की बीट्राइस चेबेट ने यहां 2025 विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की 10,000 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 30 मिनट 37:61 सेकंड में अपना पहला विश्व खिताब जीता। 25 वर्षीय विश्व रिकॉर्ड धारक चेबेट ने 4,000 मीटर स्प्लिट के बाद बढ़त बना ली, उनके साथ हमवतन एग्नेस जेबेट नेगेटिच, इथियोपिया की गुडाफ त्सेगे और फोटियन टेस्फे, और इटली की नादिया बट्टोक्लेट्टी भी थीं। हालांकि गत चैंपियन त्सेगे 9,200 मीटर स्प्लिट के बाद आगे निकल गईं, लेकिन दो बार की ओलंपिक चैंपियन चेबेट ने निर्णायक अंतिम दौड़ में 30 मिनट और 37:61 सेकंड में स्वर्ण पदक हासिल किया। पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता बैटोक्लेट्टी 30:38:23 सेकंड में दूसरे स्थान पर रहीं और उन्होंने एक नया इतालवी राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। त्सेगे 30:39:65 सेकंड में तीसरे स्थान पर रहीं, जो इथियोपियाई खिलाड़ी का इस सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। चेबेट ने कहा कि यह एक कठिन, बहुत ही रणनीतिक दौड़ थी, लेकिन मैंने आखिरी 800 मीटर बहुत मेहनत से दौड़ा। त्सेगे ने बहुत ज़ोर लगाया और मुझे लगातार दौड़ते रहना था। मैं उस स्वर्ण पदक को बहुत चाहती थी। मैंने विश्व चैंपियनशिप में कभी स्वर्ण पदक नहीं जीता था, इसलिए मुझे यकीन था कि मुझे इसे हासिल करना ही होगा। दौड़ के दौरान यही बात मेरे दिमाग में चल रही थी। शायद, लॉस एंजे. लिस (2028 ओलंपिक) के बाद, मैं मैराथन में भाग लूंगी। लेकिन अभी के लिए, मैं ट्रैक पर ही रहूंगी।

डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब, सहारनपुर द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन, यूपी सरकार ने 2047 तक प्रदेश को विकसित राष्ट्र के विजन में शामिल करने का लिया संकल्प

# कांवड़ यात्रा आस्था और विश्वास का अद्भुत संगम : देवेंद्र चौहान









**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व महानिदेशक देवेंद्र चौहान ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने 2047 तक देश प्रदेश को विकसित राष्ट्र के विजन में शामिल करने का जो संकल्प लिया है। वह ऐतिहासिक है और प्रत्येक वर्ग के विकास को संकल्पबद्ध है। उन्होंने कावड़ यात्रा के सकुशल संपन्न होने पर अधिकारियों के सतर्कता और जनता के सहयोग के परिणाम की प्रंशसा की।

पूर्व महानिदेशक देवेंद्र चौहान एक होटल के सभागार में डीपीसी न्यूज नेटवर्क के तत्वाधान में कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न करने वाले पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। पूर्व डी जी पी देवेंद्र चौहान ने कावड़ यात्रा को आस्था और विश्वास का अद्भुत संगम बताते हुए कहा कि लाखों शिव भक्त जब पैदल यात्रा पर निकलते हैं यह केवल धार्मिक यात्रा नहीं रह जाती बल्कि पुलिस और प्रशासन के लिए समन्वय धैर्य की परीक्षा भी बन जाती है। उन्होंने कहा की कावड़ यात्रा को शांति सुरक्षा और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया है वह अधिकारी और जनता के सहयोग का उदाहरण है। पूर्व डीजीपी देवेंद्र चौहान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि प्रदेश को कार्य करने वाला मुख्यमंत्री मिला है। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश बुनियादी ढांचे और सुशासन के मामले में देश में उदाहरण बन चुका है । उन्होंने प्रदेश के कानून व्यवस्था को बेहतर बताते हुए कहा कि आज प्रदेश में प्रशासन और पुलिस केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है बल्कि विकास की योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वयन करने महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

पूर्व डीजीपी देवेंद्र चौहान ने जनपद में अपने कार्यकाल संस्मरण की याद ताजा करते हुए कहा कि उन्हें जनपद से बेहद लगाव है और कभी भी वह सहारनपुर प्यार में स्नेह को नहीं भूल सकते। उन्होंने डीपी सी न्यूज नेटवर्क को पत्रकारिता क्षेत्र का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए कहा कि यह नेटवर्क बड़ी जिम्मेदारी के साथ अपने भूमिका का निर्वहन करते हुए जनता तक जानकारी तुरंत पहचाने का कार्य कर रहा है जो जिले में विश्वास की पहचान बन चुका है।

मुजफ्फरनगर के सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि कावड़ यात्रा कुशल संपन्न कराने में जनपद एक मिसाल बन चुका है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता की सुरक्षा और सेवा को हमेशा सर्वोपरि रखें किसी दबाव या पक्षपात से बचते हुए अपने कार्यों को अंजाम दें। नगर विधायक राजीव गुम्बर ने कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराए जाने पर पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि अधिकारियों के मनोबल और धैर्य के बल पर ही यह कार्य सफलतापूर्ण संपन्न हुआ है। डीपीसी के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान ने आए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कावड़ यात्रा में पुलिस कार्य शैली की सरहना की। डीपीसी के चेयरमैन जावेद साबरी ने सभी अतिथियों का सम्मान करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम निरंतर जारी रहेगा और प्रतिवर्ष यह आयोजन किया जाएगा।



इससे पूर्व पूर्व डीजीपी देवेंद्र चौहान सांसद हरेंद्र मलिक, नगर विधायक राजीव गुम्बर, पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, डीपीसी के चेयरमैन जावेद साबरी, डीपीसी के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरुआत की। डीपीसी जिला संयोजक अबूबकर शिब्ली ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण स्वागत किया।

इस दौरान विधायक देवेंद्र निम, विधायक मुकेश चौधरी, भाजपा नेता अभय राणा, पूर्व सांसद राघव लखन पाल, पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल, पूर्व विधायक नरेश सैनी, ननौता नगर पंचायत अध्यक्ष अफजल खान, एएसपी मनोज यादव, एसपी ट्रैफिक सिद्धार्थ वर्मा, एसपी सिटी व्योम बिंदल, एसपी देहात सागर जैन, जिला सूचना अधिकारी दिलीप गुप्ता और शहर काजी नदीम अख्तर पूर्व मंत्री सरफराज खान उद्योगपति सुधाकर अग्रवाल, कार्तिकेय राणा सहित अनेक विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।

जिले के अधिकारियों को कावड़ यात्रा सकुशल संपन्न कराने पर सम्मानित किया अधिकारियों में सागर जैन (एसपी देहात), व्योम बिंदल (एसपी सिटी), सिद्धार्थ वर्मा (एसपी ट्रैफिक), मनोज यादव (एएसपी), मुनीश चंद्र (सीओ प्रथम), अभितेष सिंह (सीओ देवबंद), अमित कुमार श्रीवास्तव (सीओ सहारनपुर), रूची गुप्ता (सीओ), शैलेंद्र गौतम (सीओ अपराध शाखा), अशोक सिसोदिया (सीओ नकुड़), प्रिया यादव (सीओ सदर), प्रताप सिंह (चीफ फायर ऑफिसर) के साथ सभी थाना प्रभारी भी शामिल रहे। संजीव कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना जनकपुरी, रोजंत त्यागी प्रभारी निरीक्षक थाना मंडी, अमित तोमर प्रभारी यातायात पुलिस, नरेंद्र शर्मा प्रभारी निरीक्षक थाना देवबंद, सुनील नागर प्रभारी निरीक्षक थाना मिर्जापुर, कपिल देव प्रभारी निरीक्षक थाना सदर, हृदय नारायण सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना कुतुबशेर, विनोद कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना सरसावा, नेमचंद सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर, सत्येंद्र नागर प्रभारी निरीक्षक थाना रामपुर मनिहारान, सुवे सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात, , जावेद खान प्रभारी निरीक्षक सहारनपुर क्राइम शामिल रहे। इसके अलावा जिला सूचना अधिकारी दिलीप गुप्ता और दिल्ली से आए नौशाद खान को भी विशेष सम्मान दिया गया।

कार्यक्रम में डॉ अनुपम मलिक डॉ पंकज खन्ना, डॉ आर एस त्यागी, डॉ करण सैनी, डॉ मनीष खान, आदेश सिसोदिया प्रिंसिपल डी पी एस स्कूल, संजीव जैन प्रिंसिपल पाइनवुड, एमपी सिंह चावला समाजसेवी, रवि सैनी समा. जसेवी हेम सिंह राणा भाजपा नेता व्यापारी नेता, प्रोफेसर बीके शर्मा, अमित गर्ग केतन विरमानी, के एल अरोड़ा, गौरव गाबा, मसूद बदर, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष आरिफ खान, पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस मुजफ्फर तोमर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी पार्षद दिग्विजय सिंह चौहान इमरान सैफी, फहाद सलीम कलीम अहमद, अब्दुल खालिक एहसान मलिक, नदीम अंसारी, डॉक्टर खुर्शीद आलम, मोहर्रम अली पप्पू मोहतसिन, परवेज मलिक, एहसान कुरैशी आजाद समाज पार्टी, फुरकान मलिक समाजसेवी, इमरान बैटरी, खालिद मलिक, गुलाम रब्बानी, पत्रकार मनोज मिड्ढा, डॉक्टर राव मुस्तकीम, जकरिया खान, सुरेश कुमार, धर्मेंद्र अनमोल, दीपक अरोड़ा, जिया अब्बास जैदी, डॉक्टर शाहिद जुबेरी, अब्बास जैदी, श्रवण शर्मा, सुरेंद्र अरोड़ा अरविंद टेबक, सोहेल खान, शमीम मंसूरी, दिनेश पुंडीर मोहम्मद मुकर्रम अली, शहजाद सिद्दीकी, सुनील चौधरी, मनसब अली, परवेज, अजय कुमार बबली, राव शमीम, सोनू राणा , सरदार कुलदीप सिंह, जसबीर यादव, खुर्शीद आलम, धीरज चौधरी, सोनू कुरेशी, तहरीर अब्बास जैदी, अभय सिंह, नदीम निजामी, नदीम अहमद, कुलदीप कुमार सहित कई पत्रकार एवं गणमान्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।





# ब्राह्मण समाज के हरिओम व अमित गौतम सम्मानित



**सहारनपुर।** परशुराम दल ने ब्राहमण समाज के लिये उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले अमित गौतम व हरिओम मिश्रा को सम्मानित किया गया।

अंबाला रोड स्थित एक होटल में भारतीय ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हर्षवर्धन शर्मा ने सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में मुरादाबाद मंडल के प्रभारी अमित गौतम और सहारनपुर से हरिओम मिश्रा का स्वागत कर अभिनंदन किया गया। परशुराम दल जिलाध्यक्ष पंडित नीरज पाराशर, महानगर अध्यक्ष अमित शर्मा और समस्त टीम ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान संगठन की गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक मे राजेश पंडित, दिनेश शर्मा, राकेश मोहन शर्मा, उमंग शर्मा गंगोह, सुशील वत्स नकुड़, आशीष शर्मा अम्बेहटा पीर, आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।

# पत्रिका का विमोचन, मेधावी बच्चे सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री विश्वकर्मा जनकल्याण समिति ने पत्रिका विमा. ेचन कर समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए आगे बढने के लिए प्रेरित किया।




आईएमए भवन में आयोजित पत्रिका विमोचन एवं पत्रिका अलंकरण समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी मुख्य अतिथि गंगेश्वर प्रसाद ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर माला पहनाकर किया। जिसके उपरान्त भारतीय धीमान ब्राहमण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुन्दरलाल धीमान,विधायक राजीव गुम्बर, पूर्व भाजपा महानगर अध्यक्ष राकेश जैन, सत्यार्थ प्रकाश पार्षद कपिल धीमान, वरूण शर्मा, हरीश मलिक, अनिल कुमार, डा. विनोद कुमार, डा. मंजुल धीमान, रविदत्त धीमान, अशोक शर्मा, डा. ज्ञानेन्द्र धीमान, मनोज धीमान, प्रकाश चंद धीमान, नरेश धीमान, विजेन्द्र धीमान, अरूण शर्मा, श्यामलाल धीमान ने समिति की पत्रिका शिल्प प्रकाश का विमोचन करते हुए मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। जिसमें पार्थ शर्मा, रोहन शर्मा, आध्य शर्मा, छायांकन धीमान, प्रियांशु धीमान, गायत्री धीमान, केशव धीमान, प्रियाशी धीमान, रिधि शर्मा, राघव शर्मा, आदित्य धीमान, अवनि धीमान, शौर्य, कबीर शताक्षी, अर्थव, तनिष्का, कबीर आदि शामिल रहे। मुख्य अतिथिगंगेश्वर प्रसाद ने कहा कि समाज को चाहिए कि वह अपने बच्चों को उच्च एवं आधुनिक शिक्षा दिलाकर राष्ट्र और समाज सेवा के लिए तैयार करे।

समिति संरक्षक डॉ. एस. सी. धीमान ने युवाओं को समाज सेवा व शिक्षा के क्षेत्र में आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संच. ालन अरुण धीमान ने किया। इस अवसर पर समिति संरक्षक डॉ. एस. सी. धीमान, ब्रहमदत्त शर्मा, बजमोहन धीमान, मुकेश कुमार, ब्रजभूषण धीमान, रमेश सोहल, सुशील धीमान, विनोद शर्मा, अवनीश नाथ धीमान, ललित शर्मा, सन्दीप धीमान, अशोक श्रीमान, राजेन्द्र कुमार सीडकी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# मारपीट की घटनाओं मे 5 घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांव में हुई मारपीट की घटनाओं में एक महिला समेत पांच लोग घायल हो गए । पुलिस ने सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण कराते हुए पीड़ितों की तहरीर पर मामला दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

शनिवार रात 10 बजे गांव भाटखेड़ी मे एक पक्ष के धर्मवीर ने पुलिस को बताया कि उसके छोटे भाई सुमित की शादी के कार्यक्रम में रात के समय डीजे बजाकर खुशियां मना रहे थे। पड़ोस के रहने वाले दो भाई शराब पीकर डीजे में आकर हुड़दंग मचाने लगे। जब उन्हें समझने का प्रयास किया तो उन्होंने गली गलौच करते हुए मुझे मारना पीटना शुरू कर दिया। बचाव में आया मेरे लड़का कमल के साथ भी उन दोनों भाइयों ने लाठी डंडों से मारपीट की है ।घटना में हम दोनों पिता पुत्र घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष की सुनीता ने पुलिस को बताया कि रात को मेरा लड़का मनीष पड़ोस में बज रहे डीजे को देखने के लिए गया था । वहां मौजूद चार भाइयों ने अपने पिता के साथ मिलकर मेरे बेटे मनीष को बिना किसी वजह के लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। बचाव में गया मेरे दूसरे लड़के मोहित को भी उन सभी ने बेरहमी से पीटा है।

इसके अलावा गांव उमाही निवासी अंजुम ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि शनिवार शाम करीब 7 बजे बच्चों में कहा सुनी को लेकर एक परिवार के दो भाइयों ने अपनी बुआ के साथ मिलकर उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद सिंह ने बताया कि गांव भाटखेड़ी में हुई मारपीट की घटना में चारों घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और दोनों पक्षों की तहरीर पर एक दूसरे के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जा रही है ।

# पिछले 11 साल से देशवासी भयभीतः मुजतबा मलिक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट ने मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुये कहा कि इन 11 सालों में देश का जो हाल किया है उससे हर देशवासी भयभीत है देश के नागरिकों को अपने भविष्य को लेकर संशय नजर आ रहा है। युवा बेरोजगारी की चर्म पर है उन्हें भारत के भीतर अपना कोई भविष्य नजर नहीं आ रहा है। यही कारण है कि भारत छोड़कर विदेशो में भागने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

यह बात मुजतबा मलिक ने अपने आवास पर पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि ये कांग्रेस पार्टी और में नहीं बोल रहा हूं बल्कि कुछ दिनों पहले केंद्र सरकार ने खुद राज्यसभा में बताया कि पिछले साल यानी 2024 में 2 लाख से ज्यादा भारतीयों ने भारत की नागरिकता छोड़ दी है। ये कोई छोटी नहीं बल्कि बहुत बड़ी संख्या है। इससे पहले ये खबर आई थी कि 2024 में अकेले 4,300 करोड़पति भारतीयों ने भारत छोड़ दिया है।कांग्रेस ओबीसी के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तराखंड प्रभारी मुजतबा एडवोकेट ने कहा कि जो भी लोग भारत छोड़ रहे हैं उनमें से ज्यादातर दुबई, लंदन, कनाडा, सिंगापुर, मलेशिया और यहां तक कि दक्षिण अफ्रीका और कुवैत जाकर बस जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा एक जानकारी ये भी सामने आई है कि 2025 में 3,500 से अधिक भारतीय करोड़पति देश छोड़कर विद. ेश में बसने जा रहे है ये चिंता का विषय है ये सब पलायन सरकार की विफलता को दर्शाता है अगर ऐसा



होता है तो देश का बड़ा नुकसान संभावित है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि उधोग धंधे बंद होते जा रहे है छात्रो को उनकी योग्यता के आधार पर नौकरी नहीं मिल रही है। देश के लिये ये सिर्फ बुरी नहीं डरावनी खबर है जो लगातार पिछले 11 सालों लाखों लोग देश छोड़ रहे हैं...केंद्र सरकार अपने चुनाव के समय किए गए वादो में शुरुआत से पिछड़ती आ रही है झूट के बाद झूट बोलने में माहिर ये सरकार अब पूरी तरह विफल सरकार साबित हो चुकी है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों का देश छोड़ना बताता है कि मोदी सरकार में लोग अपने भविष्य को लेकर डरे हुए हैं लोगों का सरकार की नीतियों से भरोसा उठ चुका है क्रोनी कैपिटलिज्म की चपेट में आकर टैलेंटेड लोगों का करियर तबाह हो रहा है पहले धार्मिक और अब जातीय नफरत बढ़ती जा रही है। लोग मोदी सरकार के टैक्स टेरर से घबरा गए हैं, किसान को फसल के वाजिब दाम नहीं मिल रहे है, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं चरमरा गई है, देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो रही है, प्रदूषण रिकॉर्ड तोड़ रहा है, देश की एक भी नदी साफ नहीं बची है, अमृतकाल में अपराध का रफ्तार बंदे भारत से ज्यादा हो चुका है, देश अमीरी और गरीबी की गहरी खाई में फंसकर खोखला हो रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार अगर नौकरी नहीं दे रही तब युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दे। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही ठश्रच सरकार का ध्यान आने वाले कल के बारे में योजनाएं बनाने से ज्यादा औरंगजेब और नेहरू की गलतियां गिनाने में है। अन्य देश आकाश छू रहे है हमारा देश आज भी मस्जिद मंदिर मजार हिंदू मुस्लिम मेंव्यस्त है। आज देश में नफरत और सांप्रदायिकता का जो हाल है, उससे लगता है कि हमारे पूर्वजों का गौरवशाली भारत सोमा. लिया और युगांडा बन चुका है। हर जगह हिंदू-मुसलमान होने से देश का भविष्य खतरे में है। देश में रोजगार के अवसर समाप्त होते जा रहे है।

# खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर कराटे एसोसिएशन आफ सहारनपुर के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय कराटे कलर बेल्ट प्रतियोगिता में खिलाडियों ने अपना दमखम दिखाते हुए पसीना बहाया।

डा.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि विधायक राजीव गुंबर, क्रीडा अधिकारी राहुल चोपडा, हाथरस के उप क्रीडाधिकारी काशी नरेश यादव, मंडल ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव डा.अशोक कुमार गुप्ता ने खिलाडियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। रायबरेली से पहुंचे अंर्तराष्ट्रीय कराटे कोच व मेन एग्जामिनर राकेश कुमार कुमार गुप्ता ने कहा कि कराटे एसोसिएशन आफ उत्तर प्रदेश के महासचिव जसपाल सिह के नेतृत्व में यूपी के खिलाडी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहे है। कराटे एसोसिएशन आफ सहारनपुर के महासचिव नंदकिशोर ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाडियों को आगे बढने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट में मनीषा त्यागी, प्रीति सादिया, प्रीति, रिया, निशा, करण, सूर्य प्रताप, हिमांशी, सिमरन कुमारी, इशिका यादव, अक्षा, आरजू, तनु, डोली, सिमरन, जकिया, रिया, अंशिका, प्रिया, जहीन ने येलो बेल्ट, साक्षी, निधि चौरा, निधि तोता, अंशिका, काव्या अग्रवाल, कार्तिक, विनायक प्रेरणा, राधिका, प्रिया ने ओरेंज बेल्ट, गणेनना व योगेश ने ब्लू तथा अंकुर, पुष्कर ने ब्लैक बैल्ट प्राप्त की।

# सांस्कृतिक संध्या में दिखी देवभूमि की झलक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** परस्पर सौहार्द व सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रतीक श्री जाहरवीर गोगा महाराज की स्मृति में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में नगर निगम द्वारा जनमंच सभागार में 'देवभूमि उत्तराखण्ड सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महामंत्री दीप्ति रावत, नगर विधायक राजीव गुंबर, विधायक देवेंद्र निम, पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, पूर्व महानगर अध्यक्ष हेमंत अरोड़ा व राकेश जैन, मेला चेयरमैन नीरज शर्मा, उपसभापति मयंक गर्ग तथा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री नूतन शर्मा व गढवाल सभा के प्रधान चिरंजीव देवरानी आदि ने पेशावर काण्ड के नायक चंद्रसिंह गढ़वाली, अमर शहीद देवसुमन व भारत के प्रथम रक्षा प्रमुख (सीडीएस) बिपिन रावत के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित और रिबन काटकर किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि दीप्ति रावत ने कहा कि अपनी संस्कृति को जीवित रखने के लिए ऐसे आयोजन आवश्यक हैं। उन्होंने अपने गांव-संस्कृति से जुडेछ रहने के लिए लोगों से गांव में आने-जाने का सिलसिला बनाये रखने का भी आह्वान किया। इससे पूर्व कार्यक्रम संयोजक व पार्षद वीरेन्द्र उपाध्याय, सहसंयोजक संदीप रावत आदि ने मुख्य अतिथि दीप्ति रावत सहित अन्य सभी अतिथियों व पार्षदों का पटके पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन नरेश रावत व सीमा कात्यायनी ने किया।

# कोर्ट के आदेश पर वारंटी पकड़ा

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने अदालत के आदेश पर अवैध शस्त्र रखने के मामले में फरार चल रहे एक वारण्टी को गिरफ्तार किया है।

रविवार को थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा एक वारण्टी विकल उर्फ विकास पुत्र लाल सिंह निवासी ग्राम रघुनाथपुर उर्फ छोटी पठेड थाना चिलकाना को आरोपी के मकान ग्राम रघुनाथपुर उर्फ छोटी पठेड से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व से ही अवैध शस्त्र रखने का मामला दर्ज है जिस सम्बन्ध में न्यायालय द्वारा आरोपी के खिलाफ गिरफ्तारी वारण्ट जारी किए गए थे।प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी ने बताया है कि गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। गिरफ्तारी टीम में एसआई सन्दीप कुमार, हैड कांस्टेबल संजीव कुमार व कांस्टेबल सोनू तोमर शामिल रहे।

# वन कर्मियों की मिली भगत से हो रहे खैर का कटान पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** शिवालिक वन प्रभाग की शाकंभरी रेंज की टीम ने एक फॉर्म हाउस पर छापेमारी कर प्रतिबंधित बेशकीमती खैर की पांच कुंतल लकड़ी पकड़ी है। आरोप है कि विभागीय कर्मचारी ही इस लकड़ी को इकठ्ठा कर हरियाणा तस्करी करा रहे है। वन विभाग की टीम मामले को लेकर गंभीरता से जांच पड़ताल और कार्यवाही में जुट गई है।

दरअसल, एक ओर जहां प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में वृहद रूप से वृक्षारोपण अभियान चलाया गया और प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधे रोपित किए गए वही वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी ही प्रति. बंधित बेशकीमती पेड़ों का कटान कराने के जुट हुए है। ताजा मामला शिवालिक वन प्रभाग की शाकंभरी रेंज का बताया जा रहा है जहां शाकंभरी रेंजर सचिन कुमार, बादशाही बाग रेंजर की अगुवाई में डिप्टी रेंजर राहुल त्यागी, फॉरेस्ट गार्ड श्रवण कुमार, सुनील कुमार और दरोगा गजेंद्र सिंह की टीम ने बड़कला चौकी क्षेत्र में स्थित किसान बाबू के फॉर्म हाउस पर छापेमारी कर 5 कुंतल बेशक. ीमती खैर की लकड़ी पकड़ी है। बताया जाता है कि यह बेशकीमती लकड़ी जंगल से काटकर यहां इकट्ठा की गई है और इसे इकट्ठा करने में वन विभाग में ही तैनात वन दरोगा और मुंशी शामिल है। उक्त फार्म पर बड़कला का पूर्व प्रधान देखभाल करता है। सूत्रों का कहना है कि विभाग के कर्मचारियों के द्वारा लकड़ी यहां इकठ्ठा कराई जाती है और यहां से हरियाणा में तस्करी कर भेजी जाती है। छापेमारी के दौरान वन विभाग की टीम ने मौके पर मिली 5 कुंतल खैर की लकड़ी को बरामद कर अपने कब्जे में ले लिया है और जंगल में जांच के दौरान काटे गए पेड़ों के ठूठ भी मिले है। वन विभाग के अधिकारी मामले को लेकर कार्यवाही में जुटे है। जब इस बारे में शाकंभरी रेंज के वन क्षेत्राधिकारी सचिन कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान करीब 5कुंतल खैर की लकड़ी और जंगल में काटे गए पेड़ों के ठूठ बरामद हुए है।





विभाग के ही कुछ कर्मचारियों के शामिल होने की बात सामने आई है। पूरे मामले की गहनता से जांच कर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# सम्पादकीय

सोमवार, 15 सितम्बर 2025

## मणिपुर को सौगात

मणिपुर में 2023 में हिंसा भड़कने के बाद पहली बार पीएम मोदी मणिपुर की राजधानी इम्फाल पहुंचे। वहां उन्होंने जहां कुकी बाहुल चूड़ा चांदपुर जिले में जनसभा को संबोधित किया, वहीं इम्फाल में 1200 करोड़ की 17 परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने वहां लोगों से शांति स्थापित करने की अपील की, वहीं साथ ही कहा कि यहां के लोग विकास को प्राथमिकता देते हैं और राज्य में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। उनका कहना था कि कहीं भी विकास के लिए शांति जरूरत है। पिछले 11 सालों में पूर्वोत्तर में कई संघर्ष और विवाद सुलझ गए हैं, लोगों ने शांति का रास्ता चुना है और विकास को प्राथमिकता दी है। शांति प्रयासों से लेकर उन्होंने कहा कि केंद्र ने जो प्रयास किए हैं वह राज्य में साफ दिखाई दे रहे हैं।

उन्होंने हाल ही में पहाड़ी और घाटी में विभिन्न समझौतों के साथ समूहों में बातचीत को प्राथमिकता दी। जहां तक बात विपक्ष की है, विशेष रूप से कांग्रेस पीएम मोदी की मणिपुर की यात्रा को इस समय गैर जरूरी बता रही है। उसकी नजर में अब मणिपुर जाने का कोई मतलब नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने साफ कहा है कि पीएम मणिपुर जाकर घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। उनका मकसद लोगों के दुख में शामिल होना नहीं बल्कि बड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन करना मकसद है ताकि उनको प्रचार मिल सके। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हालांकि उनकी मणिपुर की यात्रा का स्वागत किया, लेकिन यह बेहद देर से उठाया गया कदम भी बताया। उनका कहना था कि पीएम मोदी को बहुत पहले यहां आना चाहिए था। वैसे विपक्ष के तमाम नेता समय-समय पर पीएम मोदी से वहां का दौरा करने की मांग करते रहे हैं, लेकिन वह तमाम मांगों को अनसुना कर मणिपुर नहीं गए।

जैसाकि खड़गे ने कहा कि जब से मणिपुर में हिंसा हुई है तब से पीएम मोदी दर्जनों विदेश यात्रा कर चुके हैं, लेकिन उन्होंने मणिपुर की कभी सुध नहीं ली। विपक्ष का यह आरोप अतार्किक भी नहीं कहा जा सकता। पीएम होने के नाते मोदी को वहां बहुत पहले जाना चाहिए था। निश्चित रूप से मणिपुर के दंगे बेहद सिरहन पैदा करने वाले हैं, क्योंकि कुकी और मेतेई समुदाय के बीच जिस तरह की दुश्मनी देखने मे आई, वह राज्य व देश के लिए बेहद खतरनाक है और वर्तमान में भी हम देख रहे हैं कि वहां हिंसा में कमी आई है। मेतेई और कुकी नेता आपस में बातचीत भी कर रहे हैं, लेकिन अभी पूरी तरह शांति नहीं कही जा सकती। निसंदेह महिलाओं के साथ जिस तरह दुराचार की खबरें आई हैं, उसने पूरे देश को ही एक तरह से हिलाकर रख दिया। बात यहीं खत्म नहीं होती, मणिपुर को लेकर पीएम मोदी ने कोई बड़ा बयान दिया हो ऐसा भी याद नहीं आता, लेकिन देर से ही सही, अगर पीएम मोदी इस समय मणिपुर गए हैं, तो उसका भी स्वागत किया जाना चाहिए और जिन बड़ी परियोजनाओं की उन्होंने घोषणा की है वह भी राज्य के लिए बड़ी बात है। हर चीज को राजनीति के चश्मे से देखना ठीक नहीं है। विपक्ष को भी समझना होगा कि अगर पीएम मोदी मणिपुर को बड़ा पैकेज दे रहे हैं, तो इससे राज्य के लोगों का ही भला होगा।

## पीडीए के कारण नेपाल में हो गया तख्तापलट



भाजपा सरकार में लगातार पीडीए का अपमान और उपेक्षा हो रही है, पीडीए के कारण ही नेपाल में आग लगी और तख्तापलट हो गया। इसे ध्यान में रखना चाहिए, भाजपा ने लोकतंत्र और संविधान को बहुत नुकसान पहुंचाया है विधानसभा चुनाव में भाजपा को हटाना ही लोकतंत्र और जनता के हित में है, पीडीए एकजुट हो रहा है, सपा बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर और डॉ. राममनोहर लोहिया की विचारधारा और नेताजी के संघर्ष के रास्ते पर चलकर गैरबराबरी, आर्थिक और सामाजिक असमानता के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है, भाजपा सरकार में आर्थिक और सामाजिक असमानता बढ़ती जा रही है। गरीबी-अमीरी के बीच खाई गहरी हो गई है। भाजपा सरकार में हर स्तर पर पीडीए की उपेक्षा हुई है, पीडीए को हिस्सेदारी नहीं मिली। **-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# क्यों कूटा गया नेपाल में भारतीय मीडिया



**पवन सिंह**

प्यार तो होना ही था। प्यार तो होना ही था। बेशक गाने की ये लाइनें फिल्मी हैं लेकिन कभी यह गाना भारतीय मीडिया के संदर्भ में खांचे में फिट होता था। अखबारों में छपी खबर को जनता इस हद तक सच मानती थी और विश्वास करती थी जितना कि सुबह फिर से सूरज उगेगा का सच। भारतीय मीडिया के लिए वह प्यार व सम्मान हम जैसों ने देखा है। 1980 के दशक के हमारे जर्नलिज्म के जो साथी हैं और हम लोगों के दौर से पहले के जो वरिष्ठ पत्रकार जीवित हैं, जर्नलिज्म से जुड़ी इस पीढ़ी को जाकर उनसे पूछना चाहिए कि ऐसा क्या हुआ कि सब बदल गया।

अब प्यार तो होना ही था गाने को अगर बदल दें तो यह ऐसे गाया जाएगा पिटना ही था। पिटना ही था। ये आखिर हुआ क्यों? भारतीय पत्रकार थपड़ियाए क्यों गए। बेहतर होता अगर इसकी पड़ताल और समीक्षा की जाती। घटना पर भारतीय पत्रकारों का गुस्सा बेशक जायज है, लेकिन सवाल फिर वहीं आकर खड़ा होता है कि आखिरकार भारतीय मीडियाकर्मियों को नेपाली जनता ने थपड़ियाया क्यों? अकारण और बेवजह ऐसी घटना का होना स्वाभाविक नहीं है?

नेपाल में मेरा काफी दिन रहना हुआ। उस दौरान मैं दैनिक हिन्दुस्तान में संवाददाता था। फैलोशिप पर मारीशस अध्ययन के बाद भारत लौटा तो नेपाल जाने का मौका मिला। यहां मुझे पर्यटन अध्ययन संस्थान, लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से भेजा गया था। वर्ष, 2000 में पर्यटन अध्ययन संस्थान लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए पुस्तक लिखी। चूंकि आने-जाने और अध्ययन का खर्चा लखनऊ विश्वविद्यालय से ही दिया गया था लिहाजा विश्वविद्यालय ने ही किताब प्रकाशित करवाई। नेपाल को जितना मैं समझ पाया मैं वह लगातार भारत से दूर हुआ है। भारत से लगी नेपाली सीमाओं में रह रहा मधेशी जितना भारत के करीब है, उतना ही नेपाली राजनीति में मजबूत पकड़ रखने वाला पहाड़ क्षेत्र का नेपाली भारत को पसंद नहीं करता है। इस वर्ग में ताकतवर नेपाली ब्राह्मण व क्षत्रिय लॉबी है। यह ठीक वैसे ही है जैसे पाकिस्तान की सत्ता व सेना में केवल पंजाबियों का जबरदस्त वर्चस्व है और शेष हाशिए पर हैं।

मूल विषय यह है भारतीय मीडिया पिटा क्यों? भारतीय मीडिया इसलिए पिटा क्योंकि जैसे भारत में यह चैनलीय रिपोर्टर सत्ता को खुश करने के हथकंडे अपनाते हैं, इन्होंने यही हरकत काठमांडू में करने की कोशिश की। वहां भी हिन्दू राष्ट्र और मोदी जैसा पीएम चाहिए की लंतरानी लेकर नैरेटिव सेट करने लग गए। कुछ नेपाली नागरिक पकड़े, बताते हैं उनको पैसे दिए और कहा कि बाइट दे दें कि नेपाल में भी चाहिए मोदी जैसा पीएम। चूंकि नेपाल के ऊपरी क्षेत्र में पहले से ही भारत विरोधी माहौल चल रहा है, यह दांव दूसरे देश में उल्टा पड़ गया और लाइन लगा कर भारतीय पत्रकार कूटे गए। यह अपनी करनी से कूटे गए। विशुद्ध पत्रकारिता कर रहे होते तो न कुटते जैसे अन्य देश के मीडियाकर्मी रिपोर्टिंग कर रहे थे, लेकिन विदेशी धरती पर भी जब चरण चूरन फांकने लगे तो नेपाली जनता ने भी चरणरज का प्रसाद वितरित किया।

**भारतीय मीडिया इसलिए पिटा क्योंकि जैसे भारत में यह चैनलीय रिपोर्टर सत्ता को खुश करने के हथकंडे अपनाते हैं, इन्होंने यही हरकत काठमांडू में करने की कोशिश की। वहां भी हिन्दू राष्ट्र और मोदी जैसा पीएम चाहिए की लंतरानी लेकर नैरेटिव सेट करने लग गए। कुछ नेपाली नागरिक पकड़े, बताते हैं उनको पैसे दिए और कहा कि बाइट दे दें कि नेपाल में भी चाहिए मोदी जैसा पीएम। चूंकि नेपाल के ऊपरी क्षेत्र में पहले से ही भारत विरोधी माहौल चल रहा है, यह दांव दूसरे देश में उल्टा पड़ गया और लाइन लगा कर भारतीय पत्रकार कूटे गए। यह अपनी करनी से कूटे गए। विशुद्ध पत्रकारिता कर रहे होते तो न कुटते जैसे अन्य देश के मीडियाकर्मी रिपोर्टिंग कर रहे थे, लेकिन विदेशी धरती पर भी जब चरण चूरन फांकने लगे तो नेपाली जनता ने भी चरणरज का प्रसाद वितरित किया।**

आप कौन होते हैं दूसरे देश में जाकर, वहीं की जनता के बिहाफ पर यह कहने वाले कि किस देश को किस तरह का प्रधानमंत्री चाहिए? आप किसी दूसरे देश कि राजनीति की दिशा तय करने वाले कौन होते हैं? कौन सा देश हिन्दू राष्ट्र बनेगा या मुस्लिम या इसाई देश। आप कौन होते हैं? उस देश की जनता और उस देश के राजनीतिक नेतृत्व को तय करने दीजिए। आप खामखां कौन? और जब आप जबरिया किसी देश के आंतरिक मामलों में घुसेंगे तो पिटेंगे और वही हुआ। आप पिटे भी। नमस्ते ट्रंप और अबकी बार ट्रंप सरकार टाइप्स की हरकतें जब करेंगे तो रिश्ते दरकेंगे। क्योंकि यह सीधे-सीधे किसी भी संप्रभु राष्ट्र राजनीति में हस्तक्षेप का मामला बनता है। साहेब को लगा कि ट्रंप दोबारा आएगा लेकिन आए जो. बाइडेन अब मामला गले में फंसी हड्डी जैसा हो गया। उधर साहेब पहुंचे अमेरिका, अमेरिकी मीडिया ने छापा कि साहेब अपने पुराने दोस्त से जरूर मिलेंगे और ट्रंप ने भी बयान जारी किया कि उनका दोस्त मिलने आएगा, लेकिन दोस्त गायब हो गया। अमेरिकी मीडिया में ट्रंप का जबरदस्त मजाक बना। लेकिन घूमकर ट्रंप फिर आ गया और इस बार आप देख ही रहे हैं। रिश्ते दरक गए और आज जग-हंसाई अलग से हो रही है। भारतीय मीडिया का मजाक और उस पर मीम्स अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में जाए हुए हैं, क्योंकि आपने कलम को लिपिस्टिक बना लिया है और पत्रकारिता को कोठा, जहां पत्रकारिता आज मुजरा कर रही है। नेपाल में भारतीय मीडिया रिपोर्टिंग करने नहीं एजेंडा सेट करने गया था और जब आप पत्रकारिता से इतर एजेंडा सेट करने दूसरे देश में जाएंगे तो पिटेंगे ही और आप ठीक-ठाक बेइज्जत हुए और थपड़ियाए भी गए।

आइए समझते हैं नेपाल की नाराजगी- नेपाली अब यह मानने लगा कि भारत उसका शोषण करता है। भारत अकारण नेपाल की राजनीति में हस्तक्षेप करता है। एक नेपाली पत्रकार साथी बताते हैं कि 26 मई, 2006 को बीजेपी के तत्कालीन अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने नेपाल के संदर्भ में टिप्पणी की कि नेपाल की मूल पहचान एक हिंदू राष्ट्र की है और इसे मिटने नहीं देना चाहिए और बीजेपी को इससे प्रसन्नता नहीं होगी कि नेपाल अपनी मूल पहचान माओवादियों के दबाव में खो दे। यहीं से माओवादियों और चीन प्रभावित नेपाली लॉबी खुलकर चीन की ओर आ गई। नेपालियों ने माना कि यह सीधा-सीधा हस्तक्षेप है।

इसके बाद रॉ प्रमुख सामंत कुमार गोयल, पीएम ओली से मिले और भारत के सेना प्रमुख जनरल नरवणे ओली से मिलने पहुंच गए। फिर विदेश सचिव आए। इसके तुरंत बाद बीजेपी के विदेशी मामलों के प्रभारी विजय चौथाई भी ओली से मिले। ये सारी मुलाकातें गोपनीय हुई लेकिन नेपाली मीडिया खबरें करता रहा। जनता को आधिकारिक रूप से कोई भी जानकारी नहीं दी गई। अचानक पीएम ओली ने संसद को भंग कर दिया जबकि ओली के पास बहुमत भी नहीं था। नेपाली मीडिया और राजनीतिक दलों ने यह कह कर तूल दिया कि भारत नेपाल में अस्थिरता फैलाना चाहता है। ओली यह सब भारत की शह पर कर रहे हैं। समय बीता और वर्ष, 2015 में भारत के विदेश सचिव एस जयशंकर नेपाली नेतृत्व के सामने अजीब से कड़े तेवर में नजर आए। यह नेपाल की राजनीतिक पार्टियों को बुरा लगा और यह सब तब हो रहा था जब नेपाल इतिहास में पहली बार लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में अपना संविधान लागू कर रहा था। हां नया संविधान था और इस बात की संभावनाएं थीं कि इसमें कुछ कमियां हो सकती हैं लेकिन समय के साथ यह संवैधानिक कमियां दूर हो जातीं। भारत की मधेसियों को लेकर जो चिंता थी वह सही थी लेकिन कोई दूसरा देश, किसी दूसरे संप्रभु देश को यह कैसे कह सकता है कि संविधान को लागू करने से रोक दीजिए। एस जयशंकर के इसी रवैये के बाद नेपाल के सभी राजनीतिक दल एक हुए और भारत के दबाव को दरकिनार कर संविधान को लेकर आम सहमति बनाई। नाराज भारत ने नाकेबंदी कर दी और इससे नेपाल में मानवीय संकट खड़ा हो गया और यही वह भारत विरोधी माहौल था जब चीन ने सीधे-सीधे इसे अपने पक्ष में किया। नेपाल के लोग आज भी उस नाकेबंदी को याद करते हैं जब वर्ष 2015 में नेपाल को पूरी तरह से तोड़ दिया गया था। पेट्रोल व डीजल की मीलों लंबी लाइनें थीं। नमक के पैकेट तक की मारा-मारी थी। सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता था। रसोईयों के चूल्हे बंद हो चुके थे, क्योंकि गैस सप्लाई तक बंद थी। यहीं से नेपाल ने उस रास्ते को तलाशना शुरू कर दिया कि चीन से ट्रांजिट रूट को कैसे मजबूत हो। बस सब कुछ पलटता चला गया। नेपाल के एक पत्रकार साथी कहते हैं कि भारत के लद्दाख और अरुणाचल में सेना घुसी हुई है, भारत को पहले अपने आंतरिक मामले देखने चाहिए, नेपाल में हस्तक्षेप करने से बचना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मातृभाषा का राष्ट्र भ्रमण

**व्यंग्य**

**हिन्दी सप्ताह पर मौलिक प्रस्तुति**

**हिन्दी ने निश्चय किया कि अपनी इस संतान से भेंट करने संसद जाना चाहिए। अगली सुबह की गाड़ी पकड़कर हिन्दी संसद पहुंच गई और राष्ट्रपिता की तस्वीर को सलामी देकर एक दीवार पर हिन्दी भाषा राजभाषा की तख्ती बनकर लटक गई। संसद की कार्यवाही शुरू हो गई। एक सांसद ने मराठी में मंत्री जी से कोई सवाल किया। हिन्दी मुस्कराई।**



**अज़ीम राजा**

स्टेशन पर लगी दो फुट की तख्ती पर मोटा-मोटा लिखा देख हिन्दी खुश हो गई। उसके दिल में देशवासियों के प्रति ममता हिलौरे लेने लगी। प्रेम के वशीभूत हिन्दी इधर-उधर नजरें घुमाने लगी। आनन्द आ रहा था, अपनी सन्तान को देखकर। प्लेटफार्म के एक कोने पर दिखा। एक कागज बोतल चुगने वाला बालक कोट-पैंट धारी थुलथुले साहब की आधी पीकर फेंकी हुई फ्रूटी पी रहा था।

हिन्दी माता खुश हो गई। दिल से निकला वाह क्या भाईचारा है। मेरी संतान मिल बांटकर खाती-पीती है। बालक फ्रूटी पीकर खड़ा हुआ तो एक सज्जन से टकरा गया। सज्जन को गुस्सा आ गया और बोला हराम खोर देखकर नहीं चल सकता, कपड़े खराब कर दिए और बालक को थप्पड़ जड़ दिया। हिन्दी एक दम सकते में आ गई। फिर दिल को दिलासा दिया कि एकाध संतान तो चलो बिगड़ भी जाती है। पर हिन्दी का मन अब स्टेशन पर नहीं लगा वह बाहर आ गई। चलते-चलते एक कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। वहां कोई पुरस्कार वितरण कार्यक्रम चल रहा था। मंच की पीछे की दीवार पर एक बड़ा सा बैनर लगा था। जिस पर लिखा था जिला स्तर पर हिन्दी सेवियों का सम्मान। हिन्दी माता के चेहरे की मुस्कान बढ़ गई। चुपके से जाकर दूसरी पंक्ति में खाली पड़ी एक कुर्सी पर बैठ गई। मंच पर संचालक ने माइक से बोलना शुरू किया। Ladies and gentlemen our next prise goes to mr RED MOON

देखिए इनका नाम तो लालचंद है, लेकिन नए दौर को देखते हुए इन्होंने अपना नाम अंग्रेजी में ट्रांसलेट करके रेडमून कर लिया है। इनकी उपलब्धियों में डाकू चमेली फिल्म का गाना अपने होठों की खिला दे रसमलाई जैसे हिन्दी गीत हैं। संचालक आगे भी कुछ-कुछ बोलता जा रहा था, लेकिन हिन्दी के कानों से सिर्फ इतना ही सुनकर खून बहने लगा। आगे सुनने की शक्ति समाप्त होने लगी। उबकाई आने लगी तो समारोह छोड़कर बाहर आ गई और लम्बे-लम्बे सांस भरने लगी। सड़क पर एक चाय की दुकान पर रखे टीवी में एक नेताजी का इंटरव्यू चल रहा था। नेताजी कह रहे थे हम चाहते हैं कि स्कूलों में केवल हिन्दी ही पढ़ाई जाए। विदेशी फिल्में पूरी तरह प्रतिबंधित कर दी जाएं। अगर हम सत्ता में आते हैं तो हम इसको पूरे देश में लागू कराएंगे। हिन्दी ने सोचा चलो कोई तो है स्वभाषा प्रेमी। जो भी हो नेताओं में अभी हिन्दी प्रेम सबसे ज्यादा है।

हिन्दी ने निश्चय किया कि अपनी इस संतान से भेंट करने संसद जाना चाहिए। अगली सुबह की गाड़ी पकड़कर हिन्दी संसद पहुंच गई और राष्ट्रपिता की तस्वीर को सलामी देकर एक दीवार पर हिन्दी भाषा राजभाषा की तख्ती बनकर लटक गई। संसद की कार्यवाही शुरू हो गई। एक सांसद ने मराठी में मंत्री जी से कोई सवाल किया। हिन्दी मुस्कराई। अपनी छोटी बहन को सुनकर। मंत्री जी दक्षिण से थे। जवाब देने के लिए खड़े हो गए। मन उत्साहित हो उठा। वाह-वाह। अब दूसरी बहन से भी भेंट होगी, लेकिन मंत्री जी ने तो अंग्रेजी में बोलना शुरू कर दिया। हिन्दी की मुस्कराहट कुछ कम हो गई। मंत्री जी जवाब दे ही रहे थे कि एक दूसरे सदस्य खड़े हो गए और बोले मंत्री जी आप अंग्रेजी में जवाब क्यों दे रहे हैं। हिन्दी माता ने सर सम्मान से उठाकर देखा। मंत्री जी बोले फिर कैसे जवाब दूं। टोकने वाले एमपी साहब बोले अजी मलयालम में दीजिए। यह सुनकर सदन में ठहाका गूंजा। हिन्दी को लगा जैसे उसकी छोटी बहन का मजाक उड़ाने के लिए यह बात कही गई है। देखिए आप जानते हैं मुझे यह भाषा नहीं आती मंत्री जी ने जवाब दिया। कुछ सांसदों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। एक ने कहा मंत्री जी बात केवल हिन्दी में कीजिए। मंत्री जी बोले लगता है आपको हिन्दी की बीमारी लग गई है। यह शब्द सुनकर हिन्दी रोने लगी। संसद में हंगामा खड़ा हो गया। एक तरफ से आवाज आई। रास्कल, बास्टर्ड। दूसरी तरफ कोई चीखा। हरामी कुत्ते। पहली बार संसद पहुंचे एक नौजवान सांसद ने एक पुराने नेता से पूछा यह क्या हो रहा है जी?? क्या ये लोग भाषा के सम्मान के लिए लड़ रहे हैं। जवाब मिला नहीं आज हमारा काम करने का मूड नहीं था। इसलिए हंगामा खड़ा किया है। इतने में संसद में जूते-माइक हवा में चलने लगे। एक सनसनाता माइक आया और दीवार पर टंगे हिन्दी भाषा राजभाषा के बोर्ड पर लगा। हिन्दी नीचे गिरकर बेहोश हो गई और कोमा में पहुंच गई।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# उत्तराखंडी पकवान, व्यंजन स्वास्थ्य का खजाना



**डा. जयंती प्रसाद नौटियाल**

उत्तराखंड की संस्कृति भारत की प्राचीनतम संस्कृतियों में से एक है। उत्तराखंड में ज्ञान, विज्ञान, कला, संस्कृति तथा खानपान का एक समृद्ध इतिहास रहा है, लेकिन गढ़वाल से निरंतर हो रहे पलायन और आधुनिकता के परिणाम स्वरूप नई पीढ़ी अपनी संस्कृति को भुलाती जा रही है और आज अपनी मूल संस्कृति से दूर होती जा रही है। यहां तक कि हमारे सामान्य रीति-रिवाज और परम्पराएं भी धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही हैं। इसलिए आज आवश्यक का इस बात की है कि हम अपनी इस प्राचीन ज्ञान परंपरा को सहेज कर रखें ताकि आने वाले समय में यह ज्ञान का लुप्त होने से बच जाए। इस प्राचीन ज्ञान को समेटते हुए ज्ञान का एक संचित कोष तैयार करना होगा ताकि हम अपने नई पीढ़ी को बता सकें की हमारी प्राचीन ज्ञान परंपरा और विरासत कितनी समृद्ध थी। यद्यपि यह संतोष का विषय है कि उत्तराखंड के साहित्यिक, सांस्कृतिक विषयों पर काफी कुछ लिखा जा रहा है लेकिन उत्तराखंड कि समृद्ध खान-पान कि परंपरा प्रायः लुप्त होने के कगार पर है। इस लुप्त होती ज्ञान परंपरा को सहेजने की एक श्रंखला के रूप में आज हम आपको उत्तराखंड के खान-पांच संबंधी पकवानों एवं व्यंजनों के बारे में बताने जा रहे हैं। उत्तराखंड के यह पकवान जहां स्वास्थ्य के लिए हितकर हैं वहीं स्वाद से भरपूर हैं। ये व्यंजन हमारे आयुर्वेद के सिद्धांतों के अनुरूप भी हैं। आपने यह देखा होगा की पहाड़ों में जो बुजुर्ग पुरुष या महिलाएं आपको दिखाई देगी वे जीवन के अंतिम समय तक सुंदर एवं कर्मठ रहते रहती हैं। उनके चेहरे पर लालिमा भरी आभा दिखाई देती है वृद्धावस्था में भी वे शक्ति की पुंज दिखाई देते हैं। इस स्वस्थ शरीर के पीछे उत्तराखंड के खान-पान का महत्व सर्वाधिक है साथ ही उत्तराखंड वासियों का प्रदूषण रहित पर्वत श्रंखलाओं में रहना, स्वच्छ जल और उनके संघर्षमय जीवन को और भी अधिक सक्रिय बना देता है। मैंने देखा है कि उत्तराखंड का भोजन परोसने वाले होटलों में भी बहुत ही सीमित प्रकार के उत्तराखंडी व्यंजन मिलते हैं। यद्यपि उनका यह प्रयास सराहनीय है, लेकिन इन होटेलों में भी केवल प्रचलित किस्म के ही पकवान परोसे जाते हैं। इसका कारण ही यह है कि उत्तराखंड के व्यंजनों के बारे में जन सामान्य की जानकारी बहुत कम होती जा रही है।

जहां तक उत्तरखंडी भोजन का स्वस्थ्य से संबंध है तो इस विषय मे आपको एक सच्ची घटना बताना छहता हूं। उत्तराखंड में उफल्डा नाम की सब्जी होती है। यह छोटी-छोटी पत्तियों की सब्जी होती है। यह भी उत्तराखंड के जंगलों में घास की तरह उगती है। यह बहुत ही स्वादिष्ट और आंखों के लिए इतनी कारगर होती है कि यदि एक माह इसका सेवन कर लिया जाए तो आंखों की ज्योति इतनी बढ़ जाएगी की आपको कभी जीवन में चश्मा लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके बारे में एक छोटी सी कहानी आपको बताना चाहूंगा एक बार एक अंग्रेज इस उफल्डा की पत्तियों की सब्जी अपने रसोइए से बनवाता था और रोज खाता था उसका खानसामा सब्जी बनाने से पहले जब पत्तियां निकाल लेता था तो उन डंठल अलग रख लेता था और बाद में उन डंठलों की सब्जी अपने लिए बना लेता था।



एक बार वह अंग्रेज के साथ शिकार पर गया अंग्रेज ने बहुत दूर सड़क में पड़े हुए एक मरे हुए हिरण को देखा। सामान्य लोगों उतनी दूर नहीं दिखाई दे सकता है, चूंकि अंग्रेजउफल्डा की सब्जी खाता था इसलिए वह इतनी दूर देख पाया।

इस अंग्रेज में अपने खानसामा से कहा जरा देखो तो सही मुझे काफी दूरी पर एक हिरण मारा हुआ दिख रहा है, क्या तुम्हें भी दिखाई दे रहा है? तब खानसामा (रसोइए) ने कहा वह मरा हुआ तो है ही साथ ही वह सड़ चुका है, क्योंकि उसके ऊपर मक्खियां और कीड़े रेंग रहे हैं। अंग्रेजी या सुनकर आश्चर्यचकित हुआ और इस तथ्य की सच्चाई जानने के लिए उसने कहा चलो वहां चलकर देखते हैं।

जब भी वहां पहुंचे तो देखते हैं की हिरण मरा हुआ है उस से दुर्गंध निकल रही है और छोटे-छोटे कीड़े और मक्खियां उसके ऊपर रेंग रहे हैं। उस अंग्रेज ने खानसामा से कहा कि तुम यह बताओ कि तुम्हारी नजर इतनी तेज कैसे हैं जो मैं नहीं देख पाया वह तुम कैसे देख पाए तब उस रसोइए ने कहा हुजूर जो सब्जी आप खाते हैं मैं उसके डंठल अपने लिए रख लेता हूं और उन डंठलों की सब्जी में खा लेता हूं क्योंकि मुझे मालूम था कि इस सब्जी में आंखों कि ज्योति को बढ़ाने कि क्षमता है। आइए हम आपको ले चलते हैं उत्तराखंड के उन व्यंजनों की ओर जो स्वास्थ्य का खजाना हैं। इनसे प्रौढ़ एवं बुजर्ग उत्तराखंड वासी तो शायद परिचित होंगे परंतु नई पीढ़ी इन व्यंजनो मे से अधिकांश व्यंजनों से परिचित नहीं होगी।

**उत्तरखंडी मुख्य भोजन**

उत्तराखंड में दाल, रोटी, सब्जी, पराठा, जैसे सामान्य व्यंजन तो खाए ही जाते हैं, साथ ही पंजाबी, गुजराती, दक्षिण भारतीय, बंगाली पकवान भी उत्तराखंड में प्रचलित हैं, लेकिन इसके अतिरिक्त कुछ ऐसे विशिष्ट व्यंजन भी होते हैं जो आपको केवल उत्तराखंड में ही खाने को मिलेंगे। इनके बारे में संक्षिप्त जानकारी निम्नवत है-

**नाश्ता**

उत्तराखंड में नाश्ते में आधुनिक नाश्ते के सभी व्यंजन खाए जाते हैं। उत्तराखंड की विशेषता यह है की यहां के निवासी चाय के साथ परांठा या रोटी भी खा सकते है। चाय की मात्रा गिलास भर कर होती है। आजकल आचार, दही के साथ नाश्ते का प्रचलन है। पारंपरिक रूप में चाय, रोटी, सब्जी, परोठा, आचार और दही के साथ हरी मिर्च या भूट्वा मिर्च प्रचलित है इन आधुनिक पकवानो के अलावा उत्तराखंड में नाश्ते में निम्नलिखित विशिष्ट भोजन बनाए जाते हैं इनकी जानकारी अगले अंक में देंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नेपाल हिंसा में मरने वालों को मिलेगा शहीद का दर्जा

## अंतरिम पीएम बोलीं: पीड़ितों को 10 लाख का मुआवजा देंगे, मृतकों का आंकड़ा 72 हुआ



■ कार्की ने भ्रष्टाचार को खत्म करने का भी संकल्प लिया, नेपाल में पहली बार 27 घंटे तक लगातार आंदोलन हुआ

**काठमांडू।** नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि जेईएन-आंदोलन में मारे गए लोगों को शहीद घोषित किया जाएगा। पीड़ितों के परिजनों को 10-10 लाख नेपाली रुपये का मुआवजा भी दिया जाएगा। नेपाल हिंसा में मरने वालों की संख्या 72 हो गई है, इनमें 1 भारतीय महिला भी शामिल है।

कार्की ने भ्रष्टाचार को खत्म करने का भी संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि नेपाल में पहली बार 27 घंटे तक लगातार आंदोलन हुआ। कार्की बोलीं, श्मैं 6 महीने से ज्यादा समय तक सत्ता में नहीं रहूंगी और नवनिर्वाचित संसद को अधिकार सौंप दूंगी। 12 सितम्बर को पीएम पद संभालने के बाद कार्की को नेपाल में 5 मार्च 2026 को आम चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई थी। हिंसा के बाद नेपाल के तीन पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली, शेर बहादुर देउबा और पुष्प कमल दहल प्रचंड बेघर हो गए हैं। जेईएन-प्रदर्शनकारियों ने 9 सितम्बर को इनके घरों को फूंक डाला था। फिलहाल ये सभी आर्मी के कैंपों में रह रहे हैं। इनके समर्थक अपने नेताओं के लिए किराए के मकान ढूंढने में जुटे हुए हैं। ये नेता कुछ दिन काठमांडू से बकिग्रार के किग्रारों जैसे पोखरा में रहना चकिग्राते हैं, ताकि फिर से जेईएन-के गुस्से का सामना नहीं करना पड़े। प्रदर्शनकारियों ने 9 सितम्बर को प्रधानमंत्री ओली के घर में आग लगा दी थी। वहीं, पीएम बनने के बाद सुशीला कार्की मंत्रिमंडल बनाने पर काम कर रही हैं। काठमांडू पोस्ट के मुता. बिक, कार्की 15 से ज्यादा मंत्रियों के साथ एक मंत्रिमंडल बना सकती हैं। मंत्री पदों के लिए जिन नामों पर विचार किया जा रहा है उनमें कानूनी विशेषज्ञ ओम प्रकाश आर्यल, पूर्व सेना अधिकारी बालानंद शर्मा, सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति आनंद मोहन भट्टराई, माधव सुंदर खड़का, अशीम मान सिंह बसन्यात और ऊर्जा विशेषज्ञ कुलमान घीसिंग शामिल हैं। साथ ही डा. भगवान कोइराला, डा. संदुक रुइत, डा. जगदीश अग्रवाल और डा. पुकार चंद्र श्रेष्ठ जैसे लोगों के नामों पर विचार चल रहा है। जेन- के सदस्य भी इस फैसले में शामिल हो रहे हैं। इसके लिए वे ऑनलाइन वोटिंग का सहारा ले रहे हैं। अगर इन नामों पर आम सहमति बन जाती है तो मंत्रिमंडल रविवार शाम तक शपथ ले सकता है। हालांकि इसे सोमवार तक के लिए टाला भी जा सकता है।

## नेपाल के प्रमुख दलों को कार्की का नेतृत्व स्वीकार

**काठमांडू।** नेपाल में सुशीला कार्की के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के गठन के बाद राजनीतिक स्थिरता के साथ शांति और सामान्य जनजीवन बहाल होने लगा है। पूरे देश से कर्फ्यू हटा दिया गया है। सोमवार से सभी शिक्षण संस्थान भी खुल जाएंगे। नेपाली कांग्रेस समेत सभी प्रमुख दल कार्की सरकार को स्वीकार करते दिख रहे हैं, पर संसद भंग करने के फैसले का दलों ने कड़ा विरोध किया है। इसे असां. विधानिक, मनमाना और लोकतंत्र के लिए गंभीर झटका बताया है। नेपाली कांग्रेस, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी सेंटर), राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी, जनता समाजवादी पार्टी, जनमत पार्टी और लो. कतांत्रिक समाजवादी पार्टी समेत आठ दलों ने साझा बयान में संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा को भंग करने की आलोचना की है। उन्होंने इसे संविधान की भावना और सर्वोच्च न्यायालय की व्याख्या के विरुद्ध करार दिया। नेपाली कांग्रेस ने कहा कि इससे लोकतांत्रिक उपलब्धियां खतरे में पड़ जाएंगी। बयान में सभी दलों ने संसद का सत्र तत्काल बुलाने की मांग की है, ताकि लोगों एवं आंदोलनकारी समूहों की मांगों को पूरा किया जा सके।



मुंबई। भारत-पाकिस्तान एशिया कप क्रिकेट मैच के विरोध में शिवसेना (यूबीटी) कार्यकर्ता अपने सिंदूर लगे हाथ दिखाते हुए।

## जापान में एक लाख बुजुर्गों की आयु 100 से अधिक

■ 55वीं बार बनाया रिकॉर्ड, दुनिया की सबसे ज्यादा बुजुर्ग आबादी वाला देश बना, बुजुर्ग दिवस आज

**टोक्यो।** जापान में करीब 1 लाख लोगों ने 100 साल से ज्यादा की उम्र पूरी कर ली है। जापान के स्वास्थ्य मंत्री ताकामारो फुकोका ने शुक्रवार को बताया कि 87784 महिलाओं और 11979 पुरुषों की उम्र 100 साल से ज्यादा है। महिला और पुरुष को मिलाकर कुल 99763 बुजुर्ग 100 साल की उम्र पूरी कर चुके हैं, जिसमें 88 प्रतिशत महिलाएं हैं। यह देश की कुल आबादी 12.4 करोड़ का 0.81 प्रतिशत है। जापान ने लगातार 55वें साल यह रिकॉर्ड बनाया है। जापान में 15 सितम्बर को बुजुर्ग दिवस मनाया जाता है। इस दिन जापानी पीएम 100 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को बधाई पत्र और चांदी का गिलास देते है। इस बार 52310 बुजुर्गों को यह सम्मान दिया जाएगा। देश की सबसे बुजुर्ग महिला 114 साल की शिगेको कागावा हैं और सबसे बुजुर्ग पुरुष 111 साल के कियोताका मिजुनो हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो इजरायल पहुंचे

**वाशिंगटन/यरूशेलम।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो शनिवार को एक आधिकारिक यात्रा पर इज़रायल पहुंचे। रुबियो की यह यात्रा इजरायल के कतर की राजधानी दोहा में हमास नेताओं पर हवाई हमले के एक हफ्ते से भी कम समय के बाद हो रही है। प्रधानमंत्री बेंजामिनं नेतन्याहू के कार्यालय के अनुसार वह और रुबियो रविवार को यरूशलेम में एक साथ वेस्टर्न वॉल का दौरा करेंगे। इजरायल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री के कार्यालय ने दोनों नेताओं के लिए औपचारिक कार्य बैठक के लिए योजना की घोषणा नहीं की। दोनों नेता गाजा में इज़रायल के अभियान के भविष्य पर तथा साथ ही वेस्ट बैंक को पूरी तरह से कब्जे की प्रस्तावित योजना पर भी चर्चा करेंगे।

### इक्वाडोर: गोलीबारी में सात लोगों की मौत, तीन घायल

**क्विटो।** इक्वाडोर के सैंटो डोमिगो डे लॉस त्साचिलास स्थित एक पूल हॉल में गोलीबा. री में कम से कम सात लोग मारे गये और तीन अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। स्थानीय समाचार पत्र प्रिमिसियास की रिपोर्ट के अनुसार सैनिकों के वेश में एक वाहन में आए हमलावरों ने शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार रात लगभग 10:30 बजे नुएवो अमानेसर इलाके में स्थित पूल हॉल में ग्राहकों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। गौरतलब है कि सैंटो डोमिगो डे लॉस त्साचिलास प्रांत के एक पूल हॉल में एक महीने से भी कम समय में यह दूसरी सामूहिक गोलीबारी थी। पुलिस ने बताया कि 17 अगस्त को इसी तरह के एक हमले में सात लोग मारे गए थे।

### इक्वाडोर ने सरकारी मुख्यालय को लाताकुंगा स्थानांतरित किया

**क्विटो।** इक्वाडोर के राष्ट्रपति डैनियल नोबोआ ने शनिवार को कार्यकारी शाखा के मुख्यालय को अस्थाई रूप से कोटोपैक्सी प्रांत की राजधानी लाताकुंगा शहर में स्थानांतरित करने का आदेश दिया। सरकारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। नोबोआ ने एक आदेश में कहा कि इस कदम का उद्देश्य लोगों के करीब पहुंचना और ज़मीनी स्तर पर उनकी ज़रूरतों को पूरा करना है। आदेश में उप राष्ट्रपति मारिया जोस पिटो को अस्थाई रूप से उत्तरी इम्बाबुरा प्रांत के ओटावालो शहर से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया है।

# श्रीलंका में प्रांतीय चुनाव में अभी और देर

## परिसीमन रिपोर्ट को संसद से मंजूरी के बाद ही होगी तैयारी

■ चुनाव के लिए बजट में पहले से धन भी सुरक्षित रखा गया है
■ श्रीलंका में 1988 से अब तक प्रांतीय चुनाव आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत होते आए हैं

**कोलंबो।** श्रीलंका के नौ प्रांतों की परिषदों के लंबे समय से टलते आ रहे चुनाव जल्द होने की उम्मीद नहीं हैं। रविवार को श्रीलंका के चुनाव आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि ये चुनाव तभी कराए जा सकते हैं, जब संसद 2018 की परिसीमन रिपोर्ट को अपनाए।

पिछले हफ्ते जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की बैठक के दौरान इन चुनावों को जल्द कराने की अपील की गई थी। चुनाव आयोग के महानिदेशक समन रत्नायके ने रविवार को मीडिया से कहा कि जब तक संसद 2018 की परिसीमन रिपोर्ट को स्वीकार नहीं करती, तब तक चुनाव नहीं कराए जा सकते। उन्होंने कहा कि जैसे ही संसद जरूरी बदलावों को मंजूरी देगी, आयोग चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू कर देगा। चुनाव के लिए बजट में पहले से धन भी सुरक्षित रखा गया है। 2017 में एक नया कानून लाया गया था, जिसमें आनुपातिक प्रतिनिधित्व और फर्स्ट पास्ट द पोस्ट दोनों प्रणाली अपनाई गई। लेकिन उस कानून के तहत परिसीमन समिति की रिपोर्ट को कभी संसद में पेश नहीं किया गया। जब तक इस रिपोर्ट को संसद से मंजूरी नहीं मिलती, तब तक चुनाव नहीं हो सके। श्रीलंका में 1988 से अब तक प्रांतीय चुनाव आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत होते आए हैं। लेकिन अब कई राजनीतिक दल बिना परिसीमन के पुराने तरीके में लौटने की मांग कर रहे हैं।

यूएनएचआरसी की बैठक में भारत ने भी अपना पक्ष दोहराया और कहा कि श्रीलंका को जल्द प्रांतीय चुनाव कराने चाहिए। भारत की प्रतिनिधि अनुपमा सिंह ने जिनेवा में कहा, भारत लगातार यह कहता आया है कि श्रीलंका को अपने संविधान को पूरी तरह और प्रभावी तरीके से लागू करना चाहिए और प्रांत की परिषदों के चुनाव जल्द से जल्द कराने चाहिए और राजनीतिक शक्ति का अर्थपूर्ण विकेंद्रीकरण किया जाना चाहिए।

# इमरान की गिरफ्तारी का मामला यूएन पहुंचा

## मानवाधिकार उल्लंघनों के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र (यूएन) से हस्तक्षेप की मांग की



पाक की मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह अपील पर्सियस स्ट्रैटेजीज ने इमरान खान की ओर से दायर की है

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की कानूनी टीम ने उनकी हिरासत में हो रहे कथित मानवाधिक. ार उल्लंघनों के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र (यूएन) से हस्तक्षेप की मांग की है। टीम ने यूएन के टॉर्चर पर विशेष प्रतिवेदक के समक्ष अपील दाखिल की है।

इसमें दावा किया गया है कि खान को जिस तरह कैद में रखा जा रहा है, वह न केवल अमानवीय है, बल्कि पाकिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय संधियों का उल्लंघन भी है। पाकिस्तान की मीडिया की रिपोर्ट के मुता. बिक, यह अपील पर्सियस स्ट्रैटेजीज ने इमरान खान की ओर से दायर की है। इसमें कहा गया है कि खान के साथ व्यवस्थित तरीके से बुरा व्यवहार किया जा रहा है। अपील में एक पैटर्न का जिक्र है, जिसमें लंबे समय तक एकांत कारावास, चिकित्सा सुविधाओं से वंचित करना, दूषित भोजन देना और वकीलों व परिवार से मिलने पर पाबंदी शामिल है। खान की कानूनी टीम ने कहा कि इन हालातों से पाकिस्तान ने जिस 'कन्वेंशन अगेंस्ट टॉर्चर' (कैट) और 'इंटरनेशनल कॉवेनेंट ऑन सिविल एंड पॉलिटिकल राइट्स' (आईसीसीपीआर) पर हस्ताक्षर किए हैं, उनका उल्लंघन होता है। टीम का कहना है कि यह सीधा-सीधा अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून की धज्जियां उड़ाने जैसा है। इस अपील में शामिल बयान में इमरान खान के बेटे सुलेमान खान ने कहा कि उनके पिता को जिन परिस्थितियों में रखा गया है, वे किसी भी इंसान के लिए असहनीय हैं। उन्होंने इसे सीधा-सीधा यातना करार दिया। वहीं, उनके दूसरे बेटे कासिम खान ने कहा कि यूएन पहले ही मान चुका है कि इमरान खान की गिरफ्तारी अवैध है। अब उन्हें जिस तरह से तोड़ने की कोशिश हो रही है, वह उनकी हिम्मत नहीं तोड़ पाएगी। इमरान खान के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के सलाहकार जुल्फी बुखारी ने कहा कि यह अपील खान की दृढ़ता को रेखांकित करती है। उन्होंने कहा कि खान अवैध कैद और अपमानजनक बर्ताव झेल रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद वे साहस और शांतिपूर्ण प्रति. रोध का प्रतीक बने हुए हैं। खान की टीम ने संयुक्त राष्ट्र से अपील की है कि वह पाकिस्तान सरकार पर दबाव बनाए ताकि इमरान खान की शारीरिक और मानसिक स्थिति सुरक्षित रहे।

# मैड्रिड वार्ता से पहले चीन का बड़ा एक्शन

## अमेरिका की चिप कंपनियों पर शुरू की जांच, बढ़ा दोनों के बीच व्यापारिक तनाव



■ इससे पहले दोनों देश मई में जेनेवा, जून में लंदन और जुलाई में स्टाकहोम में बातचीत कर चुके हैं
■ बेसेन्ट ने पिछली बातचीत को बहुत गहन और सकारात्मक बताया था

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका के साथ टैरिफ, व्यापार और सुरक्षा को लेकर चल रहे तनाव की बीच एक बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत चीन ने अमेरिका की सेमीकंडक्टर (चिप) कंपनियों के खिलाफ दो बड़ी जांचें शुरू कर दी हैं। ये कदम स्पेन के मैड्रिड में होने वाली अहम बातचीत से ठीक पहले उठाया गया है। मामले में चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने बताया कि अमेरिका से आयात की जाने वाली कुछ एनालाग चिप्स (जैसे कि इंटरफेस और गेट ड्राइवर चिप्स) पर एंटी-डंपिंग जांच शुरू की गई है।

ये चिप्स टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स और ऑन सेमीकंडक्टर जैसी अमेरिकी कंपनियां बनाती हैं। इसके साथ ही चीन ने अमेरिका द्वारा चीन की चिप इंडस्ट्री के खिलाफ भेदभावपूर्ण रवैये की भी जांच शुरू की है। बता दें कि यह कदम ऐसे समय पर उठाया गया है जब अमे. रिका ने शुक्रवार को 23 चीनी कंपनियों को एंटिटी लिस्ट में शामिल कर लिया है, जिन पर अमेरिका के सुरक्षा और विदेश नीति हितों के खिलाफ काम करने का आरोप है। इस सूची में चीन की प्रमुख चिप कंपनी (एसएमआईसी) के लिए उपकरण खरीदने वाली दो कंपनियां भी शामिल हैं। मैड्रिड में रविवार से बुधवार के बीच अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेन्ट और चीन के उप-प्रधानमंत्री हे लिफेंग के बीच बात. चीत होगी। यह मुलाकात दोनों देशों के बीच चल रही चर्चाओं की एक कड़ी है, जिनका मकसद ट्रेड वार को टालना और आपसी संतुलन बनाना है। इससे पहले दोनों देश मई में जेनेवा, जून में लंदन और जुलाई में स्टाकहोम में बातचीत कर चुके हैं। हालांकि अब तक कई बार 90 दिनों के लिए नई टैरिफ (आयात शुल्क) रो. कने पर सहमति बनी है। वहीं बेसेन्ट ने पिछली बातचीत को बहुत गहन और सकारात्मक बताया था। उन्होंने कहा था कि हमें सिर्फ कुछ रणनीतिक इंडस्ट्रीज जैसे रेयर अर्थ, सेमीकंडक्टर और दवाओं में जोखिम कम करने की जरूरत है। हम दोनों देश इस दिशा में साथ मिलकर काम कर सकते हैं। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन दोनों ने चीन की उन्नत चिप टेक्नोलाजी पर कड़ी पाबंदियां लगाई हैं, जिसमें चिप बनाने वाले उपकरणों की बिक्री पर रोक भी शामिल है।

## खैबर पख्तूनख्वा में 19 सैनिकों की मौत, 45 आतंकी मार गिराए

**इस्लामाबाद/पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच झड़पों में कम से कम 19 सैनिक और 45 आतंकी मारे गए हैं। प्रधानमंत्री किग्राबाज शरीफ ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई पूरी ताकत से जारी रहेगी। पाकिस्तानी सेना के मुताबिक, 10 से 13 सितम्बर के बीच खैबर पख्तूनख्वा के तीन अलग-अलग हिस्सों में हुई झड़पों में कम से कम 45 आतंकियों को ढेर किया गया। प्रधानमंत्री शकिग्राबाज शरीफ ने सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ बन्नू का दौरा किया और आतंकवाद-रोधी कार्रवाइयों पर एक उच्च स्तरीय बैठक में भाग लिया। रेडियो पाकिस्तान के अनुसार, शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद का पूरी ताकत से जवाब देना जारी रखेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह की अस्पष्टता या समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पीएम शरीफ ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान में हो रहे हमलों के पीछे बैठे आतंकी सरगना और उनके मददगार अफगानिस्तान की जमीन से काम कर रहे हैं। शरीफ ने दावा किया कि कई आतंकी वारदातों में अफगान नागरिकों की संलिप्तता पाई गई है।

# डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ चेतावनी पर भड़का ड्रैगन

**कहा: चीन किसी युद्ध का हिस्सा नहीं, जंग से समस्याएं नहीं सुलझतीं और प्रतिबंधों से हालात और बिगड़ते हैं**

**स्लोवेनिया।** अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। कारण है कि बीते दिनों राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन पर 50 प्रतिशत से 100 प्रतिशत टैरिफ करने की चेतावनी दी थी।

ऐसे में अब ड्रैगन ने भी ट्रम्प की चेतावनी पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने कहा कि जंग से समस्याएं नहीं सुलझतीं और प्रतिबंधों से हालात और बिगड़ते हैं। बता दें कि डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रूथ सोशल पर लिखा कि नाटो को चीन पर 50-100 प्रतिशत टैक्स लगाना चाहिए और यह टैक्स रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म होने तक जारी रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि चीन का रूस पर मजबूत नियंत्रण है, और ये ताकतवर टैक्स उस पकड़ को तोड़ सकते हैं। स्लोवेनिया में वहां की डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री तान्या फयोन से मुलाकात के बाद प्रेस कान्फ्रेंस में वांग ई ने अमे. रिकी चेतावनी का जवाब दिया।

उन्होंने कहा कि चीन किसी भी युद्ध में भाग नहीं लेता और न ही उसकी कोई योजना है। चीन हमेशा शांति वार्ता और राजनी. तिक समाधान को बढ़ावा देता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतिबंध और टैरिफ से हालात नहीं सुधरते, बल्कि और उलझते हैं। इसके साथ ही वांग ई ने कहा कि चीन और यूरोप को प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि सहयोगी बनना चाहिए। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों को साथ मिलकर सुरक्षित रखने की बात कही।

## यूक्रेन का रूस की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमला

**मास्को।** यूक्रेन के ड्रोन हमलों ने रूस की एक सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया, जिससे वहां आग लग गई। रूसी अधिका. रियों और यूक्रेनी सेना ने यह जानकारी दी। यह हमला रूस के उत्तर-पश्चिमी लेनिनग्राद क्षेत्र में स्थित कीरीशी रिफाइनरी पर किया गया। यह वही रिफाइनरी है, जिसे पिछले कई हफ़्तों से यूक्रेन रूसी तेल ढांचे पर हो रहे हमलों की कड़ी में देख रहा है। यूक्रेन का कहना है कि तेल आपूर्ति से रूस की युद्ध क्षमता को ताकत मिल रही है, इसलिए ऐसे ठिकानों को निशाना बनाया जा रहा है। यह रिफाइनरी हर साल करीब 1.77 करोड़ मीट्रिक टन या करीब 3.55 लाख बैरल कच्चे तेल का उत्पादन करती है। यूक्रेन के जनरल स्टाफ के मुताबिक, वहां कई धमाकों और आग की सूचना मिली। उन्होंने एक तस्वीर भी साझा की, जिसमें रात के अंधेरे में आग की लपटें और धुएं के गुबार दिखाई दे रहे हैं। लेनिनग्राद क्षेत्र के गवर्नर अलेक्जेंडर डोजडेनको ने कहा कि कीरीशी इलाके में तीन ड्रोन को मार गिराया गया, लेकिन उनके गिरने से रिफाइनरी में आग लग गई।

# लंदन में अवैध प्रवासी मुद्दे पर प्रदर्शन, 1 लाख लोग जुटे

## मस्क भी जुड़े, कहा: लड़ो या मरो, प्रोटेस्ट के समय पीएम कीर स्टार्मर फुटबॉल मैच देख रहे थे




**लंदन।** ब्रिटेन में अवैध अप्रवासियों की बढ़ती आबादी के खिलाफ लंदन में प्रदर्शन हुआ। इसमें 1 लाख से ज्यादा लोग शामिल हुए।

इस प्रोटेस्ट को 'यूनाइट द किंगडम' नाम दिया गया, जिसे एंटी-इमिग्रेशन नेता टामी राबिन्सन ने लीड किया। इसे देश की सबसे बड़ी दक्षिणपंथी रैली माना जा रहा है। इस प्रदर्शन में टेस्ला मालिक इलान मस्क वीडियो के जरिए शामिल हुए। मीडिया चैनल 'द इंडिपेंडेंट' के मुताबिक उन्होंने टामी राबिन्सन से बात की। मस्क ने कहा कि हिंसा तुम्हारे पास आ रही है। या तो लड़ो या मरो। मस्क ने ब्रिटेन में संसद भंग करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार बदलनी होगी। वही, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर उस वक्त फुटबाल मैच देख रहे थे। वे अपने बेटे के साथ लंदन के एमिरेट्स स्टेडियम में थे, जब किग्रार में हिंसा हो रही थी। इस प्रदर्शन का मकसद ब्रिटेन में अवैध अप्रवा. सन (इलीगल इमीग्रेशन) के खिलाफ आवाज उठाना था। प्रदर्शनकारी मांग कर रहे थे कि अवैध प्रवासियों को देश से बकिग्रार किया जाए। इस साल 28 हजार से ज्यादा प्रवासी इंग्लिश चैनल के रास्ते नावों में ब्रिटेन पहुंचे थ इसी दिन 'स्टैंड अप टू रेसिज्म' नामक एक विरा. ेधी प्रदर्शन भी हुआ, जिसमें लगभग 5000 लोग शामिल थे। दोनों समूहों के बीच टकराव रो. कने के लिए पुलिस ने घेराबंदी कर रखी थी। मेट्रोपालिटन पुलिस ने मीडिया को बताया कि 'यूनाइट द किंगडम' मार्च के दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस का घेरा तोड़ने की कोशिश की और विरा. ेधी समूह की ओर बढ़ने का प्रयास किया। इस दौरान कई पुलिसकर्मियों पर हमला हुआ। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए 1600 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया, जिनमें 500 अन्य क्षेत्रों से बुलाए गए थे।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108



# धामी बने सबसे लंबे कार्यकाल वाले भाजपाई मुख्यमंत्री

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राज्य के सबसे युवा मुख्यमंत्री हैं, और दोबारा निर्वाचित होने वाले पहले मुख्यमंत्री भी। पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड राज्य के अब तक के बीजेपी के सभी मुख्यमंत्रियों में सबसे लंबा कार्यकाल पूरा करने वाले मुख्यमंत्री भी बन गए हैं। वे पहली बार 04 जुलाई 2021 को मुख्यमंत्री बने थे और तब से लगातार दूसरी बार 2022 में चुनाव जीतकर मुख्यमंत्री पद पर रहकर राज्य के लिए काम कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में उत्तराखंड एक निर्णायक मोड़ पर है, जहाँ तेज गति से निर्णय, डिजिटल परिवर्तन और जनता से सीधा संवाद प्राथमिकता में हैं।

## धामी के कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियां:

**विकास योजनाएं:** उत्तराखंड वैश्विक निवेश सम्मेलन (2023): जिसमें रु. 3 लाख करोड़ से अधिक निवेश प्रस्ताव आए। जिसमें एक लाख करोड़ रुपये की निवेश की ग्राउंडिंग करने की उपलब्धि भी हासिल कर ली है। विकासनगर-यमुनोत्री टनल, घनानंद-मसूरी सुरंग, और चारधाम कनेक्टिविटी जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स भी अहम उपलब्धी है।

**कानून-व्यवस्था सुधार:** यूनिफॉर्म सिविल कोड (UCC) को लागू करने वाला पहला भाजपा-शासित राज्य बनने की दिशा में अग्रसर। महिला सुरक्षा, नशा मुक्ति और युवाओं में अपराध नियंत्रण को लेकर कई ठोस कदम। अवैध धर्मांतरण रोकने वाला कानून, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा के लिए कानून, भू-कानून जैसी कई उपलब्धियां हासिल की।

## नेतृत्व में विश्वास और विकास का समर्पण

**युवाओं के लिए रोजगार:** पारदर्शी नौकरी चयन प्रक्रिया सुनिश्चित की गई। प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक की घटनाओं पर कठोर कार्रवाई और नकल विरोधी नया कानून। 24 हजार से ज्यादा युवाओं को नौकरियां प्रदान की जा चुकी हैं।

**डिजिटल उत्तराखंड:** e-Governance को बढ़ावा, डिजिटल हेल्थ कार्ड, ऑनलाइन भूमि रजिस्ट्रेशन, e-FIR सुविधा का विस्तार। **आपदा प्रबंधन:** जोशीमठ भू-धसाव, मानसून आपदाओं जैसे मामलों में तुरंत प्रतिक्रिया, पुनर्वास और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाया गया। आपदा बचाव एवं राहत कार्यों में तीव्रता के लिए प्रबंधन तंत्र को मजबूती प्रदान करने का कार्य।

## एकजुट होकर आगे बढ़ें

उत्तराखंड की यह रजत जयंती यात्रा संघर्ष, संकल्प और सफलता का प्रतीक है। यह राज्य हिमालय की ऊंचाइयों जैसा अडिग, गंगा की धारा जैसा प्रवाही और अपनी सांस्कृतिक विरासत जैसा गहराई लिए हुए है। इसी तरह शाह टाइम्स भी इन 25 वर्षों में न केवल समाचार जगत का स्तंभ बना रहा, बल्कि राज्य के विकास में जन-जागरूकता, पारदर्शिता और पत्रकारिता की भूमिका को सशक्त बनाता रहा। रजत जयंती के इस विशेष अवसर पर यह आवश्यक है कि हम अतीत की उपलब्धियों से प्रेरणा एवं सी लें, वर्तमान में पूरी शक्ति लगाएं, और भविष्य को सशक्त बनाने के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ें।

**भविष्य की दिशा:** हरित विकास मॉडल: जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए सतत विकास की रणनीति पर कार्य। ग्राम्य विकास: स्वरोजगार, ग्रामीण पर्यटन, कुटीर उद्योग और महिला स्वयं सहायता समूहों को और अधिक सशक्त बनाना। शिक्षा और तकनीकी कौशल: युवाओं को हाई-टेक स्किल्स के लिए तैयार करना।

### अवसंरचना विकास

राज्य गठन के बाद सबसे बड़ी चुनौती थी। दुर्गम भौगोलिक क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाएं पहुंचाना। सड़कों, पुलों, जल-विद्युत परियोजनाओं, और ग्रामीण संपर्क मार्गों में निरंतर विकास हुआ है। आज लगभग हर ब्लॉक मोटर सड़कों से जुड़ा है।

### शिक्षा और स्वास्थ्य

राज्य बनने के बाद स्कूल, इंटरमीडियट कॉलेज और तकनीकी संस्थानों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। चिकित्सा के क्षेत्र में एम्स ऋषिकेश, कई मेडिकल कॉलेज और टेलीमेडिसिन सेवाओं की शुरुआत की गई।

### पर्यटन और तीर्थाटन

उत्तराखंड का सबसे बड़ा प्राकृतिक संसाधन है। उसका आध्यात्मिक व प्राकृतिक पर्यटन। चारधाम यात्रा, हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी जैसे स्थलों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने का कार्य हुआ। चारधाम ऑल वेदर रोड और हेली सेवा जैसी योजनाएं राज्य के राजस्व और रोजगार को सशक्त बना रही हैं।

### कृषि व पलायन पर नियंत्रण

कृषि विविधीकरण, जैविक खेती और बागवानी को बढ़ावा देने के प्रयास किए गए। "रिवर्स पलायन" को संभव बनाने के लिए होम स्टे नीति, वोकल फॉर लोकल जैसी योजनाएं लाई गईं।

# उत्तराखंड @25 yrs पहाड़ों से प्रगति तक की एक रजत यात्रा



मौ. फहीम 'तन्हा'

**देहरादून।** उत्तराखंड, भारत का 27वां राज्य, 9 नवंबर 2000 को उत्तर प्रदेश से अलग होकर अस्तित्व में आया। हिमालय की गोद में बसे इस राज्य का जन्म एक जन आंदोलन से हुआ था, जिसमें पहाड़ी क्षेत्र की भौगोलिक, सामा. जिक और आर्थिक विशिष्टताओं को ध्यान में रखते हुए पृथक राज्य की मांग की गई थी। 25 वर्षों में उत्तराखंड ने खुद को एक प्रगतिशील, पर्यावरण-संवेदनशील और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राज्य के रूप में स्थापित किया है। इसी तरह, इस वर्ष दैनिक शाह टाइम्स भी अपनी रजत जयंती मना रहा है। जो उत्तराखंड के साथ-साथ बढ़ता रहा, राज्य के हर पड़ाव का साक्षी बना। उत्तराखंड ने अपने गठन के बाद राजनीतिक अस्थिरता के कई दौर देखे। कई बार नेतृत्व में अस्थिरता आई, परन्तु हर मुख्यमंत्री ने अपनी समझ और दृष्टिकोण के अनुसार राज्य के विकास में योगदान देने का प्रयास किया।




# अब तक 11 मुख्यमंत्रियों ने संभाली बागडोर



नित्यानंद स्वामी 9 नवम्बर 2000 – 29 अक्टूबर 2001

भगत सिंह कोश्यारी 30 अक्टूबर 20011–मार्च 2002

नारायण दत्त तिवारी 2 मार्च 2002–7 मार्च 2007

भुवन चंद्र खंडूरी 7 मार्च 2007–26 जून 2009

रमेश पोखरियाल 'निशंक' 27 जून 2009 –10 सितम्बर 2011

भुवन चंद्र खंडूरी (द्वितीय) 11 सितम्बर 2011–12 मार्च 2012

विजय बहुगुणा 13 मार्च 2012 –31 जनवरी 2014

हरीश रावत 1 फरवरी 2014–18 मार्च 2017

त्रिवेन्द्र सिंह रावत 18 मार्च 2017–10 मार्च 2021

तीरथ सिंह रावत 10 मार्च 2021–4 जुलाई 2021




# उत्तराखंड की आर्थिक यात्रा

## @25 वर्षों में आत्मनिर्भरता की ओर



मौ. फहीम 'तन्हा'

देहरादून। वर्ष 2000 में जब उत्तराखंड राज्य अस्तित्व में आया था, तब न तो राज्य पास संसाधनों की भरमार थी, न ही आर्थिक शक्ति का कोई विस्तृत आधार। एक सीमांत राज्य के रूप में अपनी यात्रा शुरू करते हुए उत्तराखंड ने इन 25 वर्षों में जिस प्रकार आर्थिक, सामाजिक और प्रशासनिक मोर्चों पर तरक्की की है, वह न केवल प्रेरक है बल्कि देश के अन्य नवगठित राज्यों के लिए एक मिसाल भी बन चुकी है।



### राज्य गठन के समय की आर्थिक स्थिति

उत्तराखंड राज्य के गठन के समय वार्षिक बजट लगभग 4,500 करोड़ रुपये के आसपास था। राज्य की सकल घरेलू उत्पाद (GSDP) मात्रा 14,501 करोड़ रुपये थी, और प्रति व्यक्ति आय लगभग 15,285 रुपये थी। यह वह दौर था जब बुनियादी ढांचे की कमी, सीमित औद्योगिक गतिविधियां और संसाधनों का अभाव था। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं भी पहाड़ी इलाकों में सीमित पहुंच में थीं।

### 2025-26 का आर्थिक परिदृश्य

वर्तमान में उत्तराखंड का कुल वार्षिक बजट 1,01,175.33 करोड़ तक पहुंच चुका है। यह 25 वर्षों में राज्य के बजट में लगभग 22 गुना वृद्धि को दर्शाता है। राज्य की अनुमानित सकल घरेलू उत्पाद (GSDP) 4,29,308 करोड़ के आंकड़े को पार कर चुकी है। वहीं प्रति व्यक्ति आय भी बढ़कर लगभग 2,95,751 रुपये तक पहुंच गई है।

### लक्ष्यः आत्मनिर्भर और समावेशी उत्तराखंड

उत्तराखंड सरकार ने 2027 तक राज्य की जीडीपी को दोगुना करने और प्रति व्यक्तिगत आय को 5 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए आधारभूत ढांचे में निवेश, पर्यटन को वैश्विक स्तर पर ले जाना, स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देना, और हर गांव तक आधुनिक सुविधाएं पहुंचाना प्रमुख प्राथमिकताएं हैं। उत्तराखंड की 25 वर्षों की आर्थिक यात्रा एक ऐसे राज्य की कहानी है जिसने सीमित संसाधनों से शुरुआत कर आज आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए हैं। यह न केवल आंकड़ों की सफलता है, बल्कि जनभागीदारी, दूरदर्शिता और सतत विकास की नीति का प्रतिफल है। आज जब उत्तराखंड अपने रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुका है, यह लेख उस आर्थिक यात्रा का साक्षी है जो कठिनाइयों के बावजूद निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर रही। यह वही उत्तराख्संड है जो आज ना केवल पर्वतों का प्रहरी है, बल्कि आर्थिक समृद्धि की चोटी की ओर भी अग्रसर है।

### चुनौतियों के बीच संतुलित अर्थव्यवस्था

**उत्तराखंड प्राकृतिक आपदाओं से जूझता रहा है-** उत्तरकाशी एवं चमोली की आपदाएं हों, चाहे 2013 की केदारनाथ त्रासदी हो या बाद की वर्षा व भूस्खलन की अनगिनत घटनाएं, लेकिन इन सभी आपदाओं के बावजूद राज्य ने विकास की रफ्तार थमने नहीं दी है। वर्ष 2025-26 के बजट में राजस्व अधिशेष का होना यह दर्शाता है कि राज्य संतुलित वित्तीय अनुशासन के साथ आगे बढ़ रहा है। साथ ही, वित्तीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात में नियंत्रित रखा गया है।

### तुलनात्मक आर्थिक तालिकाः उत्तराखंड 2000 बनाम 2025

| आर्थिक मानक | वर्ष 2000 | वर्ष 2025-26 (अनुमानित) |
|---|---|---|
| वार्षिक बजट | 4,500 करोड़ | 1,01,175.33 करोड़ |
| राज्य की GSDP | 14,501 करोड़ | 4,29,308 करोड़ |
| प्रति व्यक्ति आय | 15,285 रुपये | 2,95,751 रुपये |
| वित्तीय घाटा | | 12,604.92 करोड़ |
| राजस्व अधिशेष | | 2,585.89 करोड़ |

### आर्थिक नीतियों व योजनाओं का योगदान

उत्तराखंड की सरकारों ने बीते दो दशकों में पर्यटन, ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ग्रामीण विकास और औद्योगिक निवेश के क्षेत्रों में विशेष योजनाएं लागू कीं। विशेषकर चारधाम यात्रा, हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स, ऑर्गेनिक खेती और महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहित करने वाले कार्यक्रमों ने राज्य को आर्थिक मजबूती दी। राज्य की भौगोलिक विषमताओं के बावजूद, योजनाएं स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप ढाली गईं। यही कारण है कि पहाड़ों में अब सड़कें, बिजली, पेयजल और डिजिटल कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में सुधार स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।





# देवभूमिः पर्वतों की गोद से बहती शिक्षा की धारा

## 'ज्ञान की गंगा' बनकर भारत के भविष्य को सिंचित कर रहा उत्तराखण्ड

**उत्तराखंड, जिसे देवभूमि के नाम से जाना जाता है, सदियों से आस्था, प्रकृति और संस्कृति का केंद्र रहा है। पिछले 25 वर्षों में इस पर्वतीय राज्य ने शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दिया है, वह किसी भी प्रगतिशील राज्य के लिए प्रेरणास्पद है। ब्रिटिश काल में जहां मसूरी, नैनीताल, अल्मोड़ा, देहरादून और रुडकी जैसे शहर शिक्षा के केंद्र बने, वहीं उत्तराखंड राज्य के गठन के बाद उच्च शिक्षा, कोचिंग, अनुसंधान और सैन्य प्रशिक्षण जैसे क्षेत्रों में जबरदस्त विकास हुआ। आज उत्तराखंड भारत में शिक्षा के सबसे मजबूत केंद्रों में से एक बन चुका है, यहां के स्कूलों से लेकर विश्वविद्यालयों तक, देश के भविष्य को गढ़ने वाले छात्र तैयार हो रहे हैं। यहां के पारंपरिक बोर्डिंग स्कूलों से लेकर आधुनिक विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों और कोचिंग सेंटरों तक, यह राज्य अब भारत के युवाओं के लिए एक आशा की किरण बन चुका है। पर्वतों की गोद में पला-बढ़ा यह राज्य अब केवल पर्यटन या तीर्थाटन के लिए नहीं जाना जाता, बल्कि शिक्षा के नए तीर्थ के रूप में भी पहचान बना चुका है।**



मौहम्मद शाह नजर

## प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उत्तराखंड का उभार

पिछले दो दशक में उत्तराखंड के कई शहर खासकर देहरादून, हल्द्वानी, रुड़की, और हरिद्वार प्रतियोगी परीक्षाओं के मुख्य केंद्र के रूप् में स्थापित हुए है। यहा खुले कोचिंग संस्थान युवाओं के लिए एक आशा की किरण बनकर उभरे हैं। यह षहर कोचिंग का हब बन गये है, अब छात्र दिल्ली और कोटा के स्थान पर देहरादून, हल्द्वानी में रह कर कोचिंग करने को प्राथमिकता दे रहे हैं। आईएएस, पीसीएस, नीट, जेईई के लिए देशभर के छात्र यहां आकर तैयारी करते हैं। यही नही एनडीए, सीडीएस, और एएफसीएटी के लिए यहां विशेष संस्थान हैं जो छात्रों को फिजिकल से लेकर इंटरव्यू तक की तैयारी कराते हैं। आईएएस, पीसीएस और पीसीएस जे जैसी प्रशासनिक सेवाओं के लिए भी यहा प्रयाग आईएएस अकादमी जैसे विशेष कोचिंग सेंटर स्थापित हुए हैं। यहा आकाष, एलन, बलूनी कोचिंग सेंटर भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। इन शहरों में छात्रों के लिए छात्रावास, पुस्तकालय, कैफे, साइलेंट जोन, स्मार्ट क्लासरूम और साइंस लैब्स जैसे संसाधनों में तेजी से सुधार हुआ है।

## ब्रिटिश काल से ही शिक्षा का केंद्र रहा दून

ब्रिटिश शासन के दौरान उत्तराखंड के शांत वातावरण और प्राकृतिक सौंदर्य ने अंग्रेजों को आकर्षित किया, जिससे यह क्षेत्र शिक्षा के लिए आदर्श माना गया। कई प्रमुख स्कूल इसी काल में स्थापित हुए, जिनमें आज भी गुणवत्ता की परंपरा कायम है। सतीश संजन दास की और से 1935 में स्थापित दून स्कूल भारत के जाने-माने निजी/स्वतंत्र विद्यालयों मे से एक है। इस विद्यालय का उद्देश्य युवा भारतीयों को एक उदारवादी शिक्षा प्रदान करना है, जिससे उनमें धर्मनिरपेक्षता, अनुशासन और समानता के सिद्धांतों के प्रति आदर भाव जागे। दून स्कूल केवल भारत ही नहीं, बल्कि एशिया के सर्वश्रेष्ठ बोर्डिंग स्कूलों में गिना जाता है। इसे 'भारत का ईटन' कहा जाता है। यहां से निकले छात्र देश-विदेश में राजनीति, साहित्य, सेना, व्यापार और प्रशासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। राजीव गांधी, रामचंद्र गुहा और विक्रम सेठ जैसे कई प्रसिद्ध नाम इस स्कूल से जुड़े हैं। वेल्हम बॉयज और गर्ल्स स्कूल, दून स्कूल के समान ही, वेल्हम स्कूल्स ने भी लड़कों और लड़कियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और जीवन मूल्य प्रदान किए हैं। ये स्कूल अनुशासन, सौम्यता और आधुनिकता का संगम हैं। शेरवुड कॉलेज, नैनीताल की स्थापना 1869 में हुई। नैनीताल स्थित यह स्कूल उत्तर भारत के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित बोर्डिंग स्कूलों में से है। इसकी स्थापत्य भव्यता, अनुशासन और पाठ्यक्रम का संतुलन इसे विशेष बनाता है। फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ और सुपर स्टार अभिनेता अमिताभ बच्चन जैसे व्यक्तित्व यहीं से निकले हैं। सैनिक स्कूल, घोड़ाखाल की स्थानप 1966 में हुई।यह स्कूल भारतीय सेना के लिए भविष्य के अधिकारी तैयार करता है। गरीब और ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्रों को अफसर बनने का सुनहरा अवसर देता है। यह स्कूल केवल एक संस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला है। इसके अलावा प्रदेष भर में स्कूली षिक्षा के हजारों केंद्र छात्रों का भविश्य संवार रहें हैं।

## विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों का जाल

उत्तराखंड में उच्च शिक्षा का विस्तार उत्तराखंड राज्य गठन के बाद तेजी से हुआ। आज यहां दर्जनों नीजी विश्वविद्यालय और सैकड़ों कॉलेज हैं जो हर क्षेत्र में शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। वहीं,सरकारी शिक्षण केंद्र भी भविष्य संवार रहे हैं। आज उत्तराखंड में दर्जनों विश्वविद्यालय और सैकड़ों कॉलेज हैं। जीबी पंत विवि का मतलब गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय है, जो भारत का पहला कृषि विश्वविद्यालय है, इसकी स्थापना 1960 में उत्तर प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय के नाम से हुई थी, जिसका बाद में नाम बदलकर गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विष्वविद्यालय कर दिया गया। इसे भारत में हरित क्रांति का अग्रदूत माना जाता है। भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इसका उद्घाटन 17 नवंबर, 1960 में किया था। इसका नाम भारत के महान स्वतंत्रा सेनानी गोविन्द बल्लभ पंत के नाम पर रखा गया है। यह भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच सफल साझेदारी का प्रतीक है। कुमाऊं विष्वविद्यालय, नैनीताल, 1973 में स्थापित यह विष्वविद्यालय कुमाऊं क्षेत्र के छात्रों के लिए उच्च शिक्षा का बड़ा केंद्र है। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विष्वविद्यालय, श्रीनगर, एक केंद्रीय विष्वविद्यालय के रूप में मान्यता प्राप्त यह संस्थान गढ़वाल क्षेत्र के शैक्षणिक और शोध गतिविधियों का केंद्र है। उत्तराखंड तकनीकी विष्वविद्यालय (अब वीर माधो सिंह भंडारी टेक्निकल यूनिवर्सिटी) यह विष्वविद्यालय इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, फार्मेसी जैसे क्षेत्रों में तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराता है, जिससे सैंकड़ों कॉलेज संबंद्ध है। दून विष्वविद्यालय,देहरादून में स्थित यह राज्य सरकार का विष्वविद्यालय सामाजिक विज्ञान, भाषा, पर्यावरण और मीडिया जैसे क्षेत्रों में शिक्षा और शोध कार्य करता है। इसके अलावा श्री देव सुमन उत्तराखंड विष्वविद्यालय, उत्तराखण्ड आयुर्वेद विष्वविद्यालय, उत्तराखण्ड आवासीय विष्वविद्यालय, उत्तराखण्ड मुक्त विष्वविद्यालय, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली उत्तराखंड बागवानी और वानिकी विष्वविद्यालय, सोबन सिंह जीना विष्वविद्यालय हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विष्वविद्यालय आदि उत्तराखण्ड का गौरव बढ़ा रहें है।

### निजी विश्वविद्यालयों का भी अहम योगदान

उत्तराखण्ड में सरकारी षिक्षण संस्थानों के साथ-साथ नीजी षिक्षण संसथान भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज (यूपीईएस), दून ग्रप ऑफ कालेजेज देहरादून, एमीटी यूनिवर्सिटी देहरादून, आईएमएस विश्वविद्यालय देहरादून, श्री गुरू राम राय विष्वविद्यालय देहरादून, ईकफाई विष्वविद्यालय देहरादून, स्वामी राम हिमालयन विष्वविद्यालय देहरादून, उत्तराँचल यूनिवर्सिटी देहरादून, सरदार भगवान सिंह विष्वविद्यालय देहरादून, हिमगिरि जी विश्वविद्यालय देहरादून, रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय देहराद. ून, हिमालयीय विश्वविद्यालय डोईवाला देहरादून, देवभूमि उत्तराखण्ड विष्वविद्यालय देहरादून, पतंजलि विष्वविद्यालय हरिद्वार, देव संस्कृति विष्वविद्यालय हरिद्वार, क्वांटम विष्वविद्यालय रूड़की, मदरहुड विष्वविद्यालय रूड़की, यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एडं टैक्नोलॉजी रूडकी,हिमालयन गढ़वाल विष्वविद्यालय पोखड़ा, भगवन्त ग्लोबल विष्वविद्यालय कोटद्वार, सूरजमल विश्वविद्यालय किच्छा, कोर विष्वविद्यालय रूड़की आदि शामिल है। ये विष्वविद्यालय आधुनिक शिक्षा, वैष्विक एक्सपोजर और प्लेसमेंट के लिहाज से अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## तकनीकी व उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां स्थापित कर रहा उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड स्कूली शिक्षा ही नही तकनीकी और उच्च षिक्षा के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यहा आईआईटी, आईआईएम से लेकर विष्वविद्यालयों और कोचिंग संस्थानों की बड़ी तादात यह साबित करने के प्रयाप्त है कि प्रदेष अब उच्च षिक्षा के क्षेत्र में नये अयाम स्थापित करने की दिषा में अग्रसर है। आईआईटी रुड़कीः आईआईटी रुड़की का इतिहास भारतीय इंजीनियरिंग शिक्षा के इतिहास से जुड़ा है। पहले थॉमसन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के नाम से जाना जाता था, यह एशिया का सबसे पुराना तकनीकी संस्थान है। स्वतंत्रता के बाद इसे यूनिवर्सिटी ऑफ रुड़की और फिर 2001 में आईआईटी का दर्जा मिला। यह संस्थान सिविल इंजीनियरिंग, जल संसाधन, कंप्यूटर साइंस, मैकेनिकल और बायोटेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में अग्रणी है। यहाँ से निकले अभियंता देश-विदेश की बड़ी कंपनियों और सरकारी संगठनों में नेतृत्व कर रहे हैं। इंडियन मिलिट्री अकादमी (आईएमए) देहरादून की स्थापना 1932 में हुई। आईएमए भारत की सेना के लिए अफसर तैयार करने वाला प्रमुख संस्थान है। इस अकादमी से अब तक हजारों सैन्य अधिकारी निकल चुके हैं जिन्होंने देश की सीमाओं की रक्षा की है। आईएमए केवल प्रशिक्षण नहीं देता, बल्कि यह नेतृत्व, साहस और समर्पण का प्रतीक हैं, यहा देष के साथ-साथ मित्र देषों के सैनिकों को भी प्रषिक्षण दिया जाता है। फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट (एफआरआइ), देहरादून वन अनुसंधान और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत यह संस्थान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है। इसकी भव्य इमारत और परिसर इसे एक आकर्षक शैक्षणिक केंद्र बनाते हैं। वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया यह संस्थान वन्यजीव अनुसंधान, संरक्षण और जैव विविधता पर कार्य करता है। दुनियाभर के शोधार्थी यहां अध्ययन और फील्ड वर्क के लिए आते हैं। वहीं, भारतीय प्रबंधन संस्थान काशीपुर, भारत सरकार द्वारा 2011 में स्थापित दूसरी पीढ़ी का आईआईएम है। यह नवीन शिक्षण विधियों का उपयोग करके, उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान को बढ़ावा देकर और स्थायी नेतृत्व का अभ्यास करके प्रबंधन के क्षेत्र में नाम स्थापित कर रहा है, इन षिक्षण संस्थानों का लाभ उत्तराखण्ड ही नही देष-दुनिया के छात्र उठा रहे हैं।



# उत्तराखंड : शिखर की ओर

निवेश संबंधी पहल से निखर रहा उत्तराखंड



"यह उत्सव केवल वित्तीय निवेश का प्रतीक नहीं है, बल्कि उत्तराखंड की संभावनाओं, उद्यमशीलता और समावेशी विकास का भी प्रतिबिंब है। 3.56 लाख करोड़ रुपये के एमओयू साइन हुए हैं, जिनमें से 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जा चुका है। उत्तराखंड निवेश, नवाचार और औद्योगिक विकास के नए आयाम छू रहा है। निवेशक हमारे ब्रांड एंबेसडर हैं। उनके सकारात्मक अनुभव उत्तराखंड की छवि को देश और दुनिया में सशक्त बना रहे हैं।"

— **पुष्कर सिंह धामी,** मुख्यमंत्री, उत्तराखंड

## उत्तराखंड निवेश उत्सव 2025: निवेश और विकास का नया युग

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी विजन और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सक्षम मार्गदर्शन में राज्य ने हाल ही में रुद्रपुर में भव्य निवेश उत्सव- 2025 का आयोजन कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। इस अवसर पर 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश को धरातल पर उतारने की सफलता का उत्सव मनाया गया, जो उत्तराखंड के औद्योगिक विकास और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा और सकारात्मक कदम है**

PICS: DIPR, UTTARAKHAND GOVERNMENT







गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी के साथ रुद्रपुर में निवेश उत्सव में बाबा रामदेव और अन्य गणमान्य व्यक्ति



"मैं उत्तराखंड सरकार को पिछले कुछ वर्षों में हासिल की गई उपलब्धियों के लिए बधाई देता हूं। यह पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर निरंतर नीतिगत प्रोत्साहन और इस पर ध्यान देने से ही संभव हुआ है। साथ ही, राज्य ने बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जो सतत विकास के लिए नए मानक स्थापित करता है। अपने प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग और पर्यटन को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता ने न केवल यहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है, बल्कि वैश्विक मंच पर राज्य ने अपनी क्षमता को प्रदर्शित किया है। मैं समावेशी विकास के लिए राज्य के समर्पण की सराहना करता हूं और आने वाले वर्षों में इसकी निरंतर सफलता की आशा करता हूं।"

-**नरेन्द्र मोदी,** प्रधानमंत्री

उत्तराखंड के औद्योगिक परिदृश्य में ऐतिहासिक पल तब आया जब रुद्रपुर के स्पोर्ट्स स्टेडियम में भव्य 'उत्तराखंड निवेश उत्सव 2025' का आयोजन किया गया। यह आयोजन दिसंबर 2023 में आयोजित 'उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' के बाद 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने की सफलता का प्रतीक बना।

इस अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

### बुनियादी ढांचे को बढ़ावा

**₹1.86 लाख करोड़**

पिछले एक दशक में केंद्र सरकार द्वारा आवंटित राशि, जिसमें शामिल हैं

**₹31,000 करोड़**

सड़क के लिए

**₹40,000 करोड़**

रेल के लिए

**₹100 करोड़**

हवाई अड्डे के विकास के लिए

"1 लाख करोड़ रुपये के निवेश को धरातल पर उतारना सराहनीय उपलब्धि है। आमतौर पर 5 से 10 प्रतिशत एमओयू ही साकार हो पाते हैं, लेकिन उत्तराखंड ने 30 प्रतिशत सफलता हासिल की है। किसी पर्वतीय राज्य में निवेश लाना पहाड़ चढ़ने जितना कठिन है, लेकिन धामीजी ने इस सोच को गलत साबित कर दिया है। यह निवेश अब तक अधिकाधिक रोजगार सृजित कर चुका है और संबद्ध उद्योगों से 2.5 लाख और रोजगार सृजन की संभावना है। उत्तराखंड ने विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच बेहतरीन संतुलन किया है, जिसमें पारदर्शी नीतियां, त्वरित क्रियान्वयन और दूरदर्शी सोच की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।"

— **अमित शाह,** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री

गृहमंत्री ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने वादों को वास्तविकता में बदलकर दिखाया है। अमित शाह ने इस उपलब्धि को 'सच्चे पराक्रम का परिचायक' बताया और राज्य को मोदी सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।




### 'टीम धामी' को अमित शाह का समर्थन

गृहमंत्री अमित शाह ने दोहराया कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य में निवेश लाना शिखर पर चढ़ने जैसा कठिन काम है, लेकिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस धारणा को पूरी तरह तोड़ दिया है। उन्होंने राज्य सरकार की इस बात के लिए सराहना की कि विकास और पर्यावरणीय संरक्षण के बीच संतुलन का विशिष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री की पारदर्शी नीतियों, त्वरित क्रियान्वयन और दूरदर्शी नेतृत्व की खुले मन से प्रशंसा की।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का आधारभूत ढांचा मजबूत हुआ है। पिछले 10 वर्षों में नेशनल हाईवे की लंबाई में 60% की वृद्धि हुई है। 8 लाख किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़कों का निर्माण हुआ है। 333 जिलों को वंदे भारत ट्रेनों से जोड़ा गया है और 88 नए हवाई अड्डों का उद्घाटन किया गया है।

### उत्तराखंड से विकसित भारत का विजन

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने के लिए उत्तराखंड का विकास जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब तक छोटे राज्यों और पूर्वोत्तर भारत का समग्र विकास नहीं होगा, तब तक विकसित भारत का लक्ष्य पूरा नहीं हो सकता है। उन्होंने उत्तराखंड की रणनीतिक और आध्यात्मिक महत्ता को ध्यान में रखते हुए कहा कि यह राज्य ज्योतिर्लिंगों, शक्तिपीठों, पंचकेदार और पंचप्रयागों की भूमि है, इसलिए भी इस पावन राज्य का विकास अनिवार्य हो जाता है। उन्होंने उत्तराखंड में चल रही कई मेगा परियोजनाओं का उल्लेख किया, जिनमें चारधाम ऑल वेदर रोड, केदारनाथ और हेमकुंड साहिब तक रोपवे, पर्यटन, एमएसएमई, स्टार्टअप्स और फिल्म नीति में निवेश शामिल हैं। निवेश से जुड़ी ये बातें इस बात का संकेत दे रही हैं कि उत्तराखंड निरंतर विकास की ओर अग्रसर है।

### सरकारी प्रयासों की उद्योग जगत ने की सराहना

उत्तराखंड उद्योग संघ (IAU) ने राज्य में हुए इस विकास का स्वागत करते हुए 30% निवेश धरातलीकरण दर को 'असाधारण' बताया, जो कि राष्ट्रीय औसत 5–10% की तुलना में कहीं अधिक है। IAU के अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने इसे सकारात्मक विकास बताया, जिसका प्रभाव दीर्घकालिक होगा। उन्होंने इसकी सफलता का श्रेय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व को दिया, जिन्होंने राज्य को निवेश-अनुकूल बनाने में निर्णायक भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि सरकार की आर्थिक रणनीति केवल औद्योगिक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि ऊर्जा, आवास और पर्यटन जैसे क्षेत्रों को भी समाहित करती है।

### एक आशाजनक राह की ओर

पिछले एक दशक में केंद्र सरकार ने उत्तराखंड को ₹1.86 लाख करोड़ से अधिक की राशि आवंटित की है, जिसमें ₹31,000 करोड़ सड़क विकास, 40,000 करोड़ रेलवे परियोजनाओं और ₹100 करोड़ हवाई अड्डा विकास के लिए शामिल है। गृहमंत्री अमित शाह ने आश्वासन दिया कि शेष निवेश लक्ष्यों को भी पूरा करने के लिए केंद्र हर स्तर पर उत्तराखंड सरकार के साथ भागीदारी के लिए तैयार है। हम हर कदम पर आपके साथ खड़े हैं।

### मुख्यमंत्री धामी: निवेशक हमारे ब्रांड एंबेसडर हैं



मुख्यमंत्री धामी ने प्रमुख अधिकारियों के साथ निवेश की समीक्षा की

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 'निवेश उत्सव' केवल पूंजी का उत्सव नहीं, बल्कि उत्तराखंड के समावेशी विकास मॉडल का प्रतीक है, जो उद्यमशीलता, जनसहभागिता और नवाचार पर आधारित है। इस अवसर पर उन्होंने ₹1,342 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान ₹3.56 लाख करोड़ के एमओयू साइन किए गए थे, जिनमें से ₹1 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव पहले ही धरातल पर उतर चुके हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड अब निवेश, नवाचार और औद्योगिक विकास के नए शिखर छू रहा है।

उन्होंने यह भी बताया कि वोकल फॉर लोकल, मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी नीतियों के जरिए देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने उद्योग, लॉजिस्टिक्स, एमएसएमई और स्टार्टअप सहित 30 से अधिक नीतियों के क्रियान्वयन की जानकारी दी।

राज्य सरकार ने ₹200 करोड़ का स्टार्टअप वेंचर फंड स्थापित किया है और काशीपुर में एरोमा पार्क, सितारगंज में प्लास्टिक पार्क तथा खुरपिया में इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी जैसी परियोजनाएं शुरू की हैं। अब राज्य में 260 से अधिक बिजनेस सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं और उत्तराखंड 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में अचीवर तथा 'स्टार्टअप रैंकिंग' में अग्रणी राज्य के रूप में मान्यता प्राप्त कर चुका है।

## उत्तराखंड राज्य सौर नीति 2023: स्वच्छ ऊर्जा की ओर सशक्त कदम बढ़ाता हिमालयी राज्य



**उत्तराखंड राज्य सौर नीति 2023 में वर्ष 2027 तक 2,500 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का महत्वाकांक्षी रोडमैप प्रस्तुत किया गया है, जिससे राज्य को हिमालयी क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा के अग्रणी प्रदेश के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य है।**

सात जून 2023 को मंजूर की गई उत्तराखंड राज्य सौर नीति 2023 राज्य सरकार की एक दूरदर्शी पहल है। इसका उद्देश्य सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देकर पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता को कम करना है। यह नीति देश के व्यापक स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों के अनुरूप तैयार की गई है और 2027 तक 2,500 मेगावाट सौर क्षमता विकसित करने का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करती है।

### इस नीति का उद्देश्य:

इस नीति के अंतर्गत राज्य के पहाड़ी और मैदानी दोनों क्षेत्रों में उपलब्ध सौर क्षमता का प्रभावी उपयोग शामिल है। इसके माध्यम से ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना और निजी निवेश को आकर्षित करना है, ताकि स्थानीय रोजगार के अवसरों को बढ़ावा दिया जा सके। यह नीति सोलर पार्क, रूफटॉप सोलर सिस्टम, फ्लोटिंग सोलर प्लांट्स व हाइब्रिड परियोजनाओं को बढ़ावा देती है, जो सौर ऊर्जा को अन्य नवीकरणीय स्रोतों से जोड़ती है। विकेन्द्रित नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों (डीआरई) को बढ़ावा देना नीति का प्रमुख फोकस है, जिससे दूर-दराज और वंचित क्षेत्रों तक ऊर्जा की पहुंच सुनिश्चित की जा सके। यह उत्तराखंड की भौगोलिक चुनौतियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### प्रोत्साहन और सुविधा

इस नीति के अंतर्गत निवेशकों और परियोजना डेवलपर्स के लिए कई वित्तीय और नियामक प्रोत्साहनों की व्यवस्था की गई है।

- बिजली शुल्क और क्रॉस-सब्सिडी अधिभार से छूट
- सौर परियोजनाओं के लिए प्रयुक्त भूमि पर स्टाम्प शुल्क से छूट
- त्वरित अनुमोदन के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम
- प्राथमिकता के आधार पर ग्रिड कनेक्टिविटी और भूमि बैंकिंग सहायता, जो उत्तराखंड अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (उरेडा) के माध्यम से प्रदान की जाएगी।

साथ ही, प्राथमिकता के आधार पर ग्रिड कनेक्टिविटी और लैंड बैंकिंग सहायता, जो उरेडा (उत्तराखंड अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी) के माध्यम से प्रदान की जाएगी। वहीं, यह नीति पीपीपी मॉडल, सरकारी भवनों पर रूफटॉप सोलर और निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देती है। साथ ही यह स्थानीय रोजगार सृजन और क्षमता निर्माण के लिए प्रशिक्षण को भी अनिवार्य करती है।

### सतत विकास की ओर अग्रसर

उत्तराखंड राज्य सौर नीति 2023 एक असरदार रणनीति और सहायक बुनियादी ढांचे के साथ यह हिमालयी क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है। यह नीति न केवल राज्य की जलवायु परिवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करती है, बल्कि उत्तराखंड को पर्वतीय क्षेत्रों में नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने का एक आदर्श मॉडल भी बनाती है। यह नीति उत्तराखंड के भविष्य को ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में अग्रसर करती है।

## उत्तराखंड पर्यटन नीति 2023: सतत विकास और निवेश को प्रोत्साहित करता सशक्त रोडमैप

**उत्तराखंड पर्यटन नीति 2023 एक परिवर्तनकारी खाका प्रस्तुत करती है, जिसका उद्देश्य राज्य को एक प्रमुख सतत और निवेश-अनुकूल पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। यह नीति नवाचार, बुनियादी ढांचे के विकास और समावेशी वृद्धि को बढ़ावा देने पर आधारित है।**

उत्तराखंड पर्यटन नीति 2023 राज्य को वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक व्यापक और परिवर्तनकारी दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है। यह नीति 31 मार्च 2030 तक प्रभावी रहेगी और पर्यटन आधारित विकास को गति देने के साथ आर्थिक समावेशन, पर्यावरणीय स्थिरता और निवेशक अनुकूलता सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गई है।

इस नीति के अंतर्गत सभी अनुमोदन और प्रोत्साहन दावों को सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा। इसमें केवल उन्हीं परियोजनाओं को लाभ मिलेगा, जिनकी वाणिज्यिक परिचालन तिथि (सीओडी) नीति की अवधि के अंतर्गत होगी।



### संस्थागत ढांचा और नीति की प्राथमिकताएं

यह नीति पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) को सक्षम बनाने और हॉस्पिटैलिटी, वेलनेस, एडवेंचर, हेरिटेज और ग्रामीण पर्यटन जैसे विविध क्षेत्रों में निवेश लाने पर केंद्रित है।



नीति के क्रियान्वयन के लिए उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड (यूटीडीबी) को नोडल एजेंसी बनाया गया है। इसमें 50 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं के लिए राज्य स्तरीय सशक्त समिति (एसएलईसी) का गठन किया गया है। साथ ही, 50 करोड़ रुपये तक की एमएसएमई परियोजनाओं के लिए जनपद स्तरीय सशक्त समितियां (डीएलईसी) बनाई गई हैं। वहीं, परियोजनाओं की भौतिक जांच और सत्यापन के लिए जनपद स्तरीय पर्यटन समितियां (डीएलटीसी) गठित की गई हैं।

### योग्य परियोजनाएं और निवेश प्रोत्साहन

इस नीति के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की पर्यटन इकाइयों को योग्य माना गया है। इसमें होटल, रिसॉर्ट, विरासत भवन, रोपवे, ईको-लॉज, योग एवं वेलनेस सेंटर, मनोरंजन पार्क, साहसिक पर्यटन सुविधाएं आदि शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक श्रेणी के लिए न्यूनतम निवेश और बुनियादी ढांचे की शर्तें तय की गई हैं, जिससे गुणवत्ता और निवेश को बढ़ावा मिले। साथ ही, सभी इकाइयों को राष्ट्रीय सुरक्षा मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा।

### पूंजीगत और गैर-पूंजीगत प्रोत्साहन

इस नीति के तहत निवेशकों को दो श्रेणियों में प्रोत्साहन दिए जाएंगे। इसके अंतर्गत प्रोत्साहनों को पूंजी निवेश सब्सिडी और अतिरिक्त प्रतिपूर्ति में विभाजित किया गया है, जैसे कि-

- एसजीएसटी की वापसी (नेट आउटपुट लायबिलिटी पर)
- भूमि पट्टे और मॉर्गेज दस्तावेजों पर स्टांप शुल्क से छूट
- नई इकाइयों के लिए विद्युत शुल्क में छूट
- ब्याज अनुदान और विपणन सब्सिडी, व्यय के आधार पर
- प्रशिक्षण और कौशल विकास प्रोत्साहन
- देशी पर्यटकों, MICE कार्यक्रमों और ऑनलाइन बुकिंग के आधार पर प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहन

पिछड़े और दुरस्थ क्षेत्रों में स्थापित इकाइयों को पूंजीगत परिसंपत्तियों की लागत पर 50% तक की सब्सिडी दी जाएगी, जिससे क्षेत्रीय असंतुलन को दूर किया जा सके।

## उत्तराखंड स्टार्टअप नीति 2023: नवाचार और समावेशी विकास की ओर सकारात्मक पहल

**उत्तराखंड स्टार्टअप नीति 2023 एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य राज्यभर में रोजगार सृजन और स्टार्टअप्स को सशक्त बनाकर एक मजबूत उद्यमशील पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है।**

उत्तराखंड स्टार्टअप नीति 2023 राज्य सरकार की एक दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य हर साल 1,000 नए स्टार्टअप की शुरुआत कर सशक्त उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना है। यह नीति नवाचार को प्रोत्साहित करने, रोजगार के अवसर बढ़ाने और स्थानीय प्रतिभा को आगे लाने का सशक्त माध्यम है।

इस नीति के माध्यम से वित्तीय सहायता और प्रोत्साहन प्रदान की जा रही है। नीति के तहत स्टार्टअप्स को विभिन्न चरणों में यह सहायता दी जाती है। इसमें प्रति माह 15,000 का भत्ता, विशेष श्रेणियों (SC/ST/दिव्यांग) के लिए 20,000 रुपये प्रति माह प्रदान की जाती है। वहीं 15 लाख रुपये तक का सीड फंड भी उपलब्ध कराया जाता है, जिससे शुरुआती दौर में स्टार्टअप के संचालन को स्थिरता मिलती है।

इसके साथ ही इस पॉलिसी के माध्यम से इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स के लिए भी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय पेटेंट में आवेदन करने के लिए 1 लाख रुपये तक की सहायता, अंतरराष्ट्रीय पेटेंट कराने के लिए 5 लाख रुपये तक की सहायता, वहीं ट्रेडमार्क और इंडस्ट्रियल डिजाइन के लिए 10,000 रुपये तक की सहायता प्रदान की जाती है।

यह नीति उन्हीं स्टार्टअप्स को कवर करती है, जो 10 वर्षों की अवधि के अंदर स्थापित हुए हों और उत्पाद, सेवा या प्रक्रिया में नवाचार या सुधार ला रहे हों। इसके अलावा रोजगार और संपत्ति सृजन की मजबूत क्षमता रखते हों।

इस नीति के अंतर्गत राज्य सरकार हर जिले में इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित कर रही है, जो कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराती है। मेंटरशिप और नेटवर्किंग के अवसर, बुनियादी ढांचा और तकनीकी सहायता व प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं। यह नीति उत्तराखंड को स्टार्टअप इंडिया अभियान में प्रमुख रूप से स्थापित करने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम है।



## उत्तराखंड लॉजिस्टिक्स नीति 2023: बेहतर और स्थिर लॉजिस्टिक्स तंत्र की नींव

**इस नीति से व्यापार को मिलेगा बल, लागत घटेगी और तकनीक-संचालित भविष्य की ओर तेजी से बढ़ेंगे कदम**

उत्तराखंड लॉजिस्टिक्स नीति 2023 का उद्देश्य राज्य में एक एकीकृत, पर्यावरण-अनुकूल और निवेश-उन्मुख लॉजिस्टिक्स तंत्र बनाना है। यह नीति लॉजिस्टिक्स की लागत घटाने, निर्यात बढ़ाने और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स इंडेक्स में रैंकिंग सुधारने पर आधारित है।


यह नीति वित्तीय और गैर-वित्तीय प्रोत्साहनों के माध्यम से नए और मौजूदा दोनों प्रकार के लॉजिस्टिक्स उद्यमों का समर्थन करती है। इसमें विशेष रूप से रणनीतिक और उच्च घनत्व वाले औद्योगिक क्षेत्रों में लॉजिस्टिक्स पार्क, कोल्ड चेन, ट्रक टर्मिनल, एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स और अंतर्देशीय कंटेनर डिपो के विकास को शामिल किया गया है। यह नीति ग्रीन लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा देती है, सार्वजनिक-निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करती है और एआई, ब्लॉकचेन व स्मार्ट इंवेंटरी सिस्टम्स जैसी उन्नत तकनीकों को एकीकृत करती है।


यह नीति PPP मॉडल के तहत निजी निवेश को प्रोत्साहन देती है, जिसमें सिंगल विंडो क्लीयरेंस, पंतनगर जैसे मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क और औद्योगिक कॉरिडोर के माध्यम से राज्य को पड़ोसी राज्यों के लिए आदर्श लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित करने का प्रयास करती है।

Text by Taresh Dutta

## उत्तराखंड मेगा इंडस्ट्रियल और इन्वेस्टमेंट नीति 2025: बड़े निवेश और औद्योगिक विकास की नई दिशा

**इस नीति का उद्देश्य हिमालयी राज्य को निवेशकों की पहली पसंद बनाने के लिए तैयार करना है**





उत्तराखंड मेगा इंडस्ट्रियल और निवेश नीति 2025 का उद्देश्य राज्य को बड़े पैमाने पर निवेश के लिए पसंदीदा गंतव्य बनाना है। यह नीति सूचना की तारीख से पांच वर्षों तक प्रभावी रहेगी।

यह नीति सिंगल-विंडो सिस्टम के माध्यम से आवेदन करने वाली इकाइयों को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है। इसमें उद्यमों को चार निवेश श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिसमें बड़े (50-200 करोड़ रुपये), अल्ट्रा लार्ज (200-500 करोड़ रुपये), मेगा (500-1000 करोड़ रुपये) और अल्ट्रा मेगा (1000 करोड़ रुपये से अधिक) को शामिल किया गया है। इसमें से हर एक के लिए रोजगार और निवेश सीमाएं पहले से ही तय की गई हैं। इस नीति में 10% से 20% तक की पूंजीगत सब्सिडी शामिल है, जो संचालन के 8वें से 15वें वर्ष तक किश्तों में वितरित की जाती है। पहाड़ी जिलों (श्रेणी ए और बी) में निवेश के लिए 1-2% की अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान की जाती है। यह स्टांप शुल्क प्रतिपूर्ति में 50 लाख रुपये तक की पेशकश भी करता है।

#ExploreUttarakhand

@DIPR_UK

READER ENGAGEMENT INITIATIVE

# 'आंचल डेयरी' का कायाकल्पः तीन वर्षों में मिली नई पहचान



**देहरादून ।** उत्तराखंड की सहकारी दुग्ध विपणन संस्था आंचल डेयरी (UCDF & Uttarakhand Cooperative Dairy Federation) ने बीते तीन वर्षों (वर्ष 2022 से अगस्त 2025) के दौरान नवाचार, उत्पाद विविधता, ब्रांड विस्तार और किसानोन्मुखी नीतियों के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है । दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा की पहल और सक्रिय दिशा-निर्देशों के चलते आंचल ब्रांड ने खुद को सिर्फ दूध उत्पादक इकाई तक सीमित न रखते हुए उपभोक्ताओं के साथ सीधे जुड़ने का प्रयास किया है । विगत तीन से अधिक वर्षों के इस कालखंड में जहां 'आंचल' ब्रांड के अंतर्गत नए उत्पाद बाजार में उतारे गए, वहीं 'आंचल कैफे' जैसी अभिनव अवधारणाओं ने शहरी युवाओं और पर्यटकों के बीच इसे लोकप्रियता की नई ऊंचाई तक पहुंचाया है । आइए, जानते हैं कि आँचल डेयरी ने इस अवधि में कौन-कौन सी प्रमुख उपलब्धियां अर्जित की हैं ।



नवीन बधानी

## दुग्ध उत्पादन मेलेः किसानोन्मुखी पहल

अक्टूबर 2024 में आंचल डेयरी द्वारा रानीपोखरी में एक दुग्ध उत्पादन मेला आयोजित किया गया, जिसमें दुग्ध उत्पादकों को सम्मानित किया गया और उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप दो-दो हजार रुपये की राशि के चेक वितरित किए गए । इस मेले में मंत्रात्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि 'आंचल ब्रांड' अब केवल उत्तराखंड तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जाएगी । उन्होंने यह भी घोषणा की कि आगामी वर्षों में इस प्रकार के मेले हर जिले में आयोजित किए जाएंगे, जिससे छोटे और सीमांत पशुपालकों को सीधा लाभ मिलेगा ।

## आंचल कैफेः एक नई पहल

दिसंबर 2022 में देहरादून के घंटाघर स्थित एमडीडीए परिसर में उत्तराखंड का पहला "आंचल मिल्क कैफे" उद्घाटित किया गया। यह पहल दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा के नेतृत्व में शुरू की गई, जिसके अंतर्गत राज्य में 100 मिल्क कैफे खोलने का प्रारंभिक लक्ष्य तय किया गया। इस कैफे श्रृंखला का उद्देश्य केवल आंचल ब्रांड के दूध और दुग्ध उत्पादों को बेचना नहीं था, बल्कि युवाओं, महिलाओं, सैनिकों के परिजनों और दिव्यांग. जनों को स्वरोजगार उपलब्ध कराना भी था। कैफे के माध्यम से उपभोक्ता को फ्रेश दूध, छाछ, लस्सी, पनीर, घी, मिठाइयां और आंचल के अन्य उत्पाद सहजता से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वर्ष 2023 में इस पहल को और विस्तार देते हुए उधम सिंह नगर जिले के रुद्रपुर में दो नए आंचल कैफे खोले गए। वहीं, राज्य सरकार ने वर्ष 2025 तक 500 मिल्क कैफे खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जून 2023 में योजना के दूसरे चरण की शुरुआत हुई, जिसमें देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल और उधमसिंह नगर जैसे जिलों को प्राथमिकता दी गई। वर्ष 2024 में बागेश्वर जिले में एक नया आंचल कैफे स्थापित किया गया, जिसे स्थानीय लोगों और पर्यटकों दोनों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली। इस प्रकार आंचल कैफे, एक नवा चार बनकर उभरा है, जो न केवल उत्पादों की बिक्री को बढ़ा रहा है, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार भी खोल रहा है।

**नवा चार, विकास और भविष्य की राहः** आंचल डेयरी की ये उपलब्धियाँ स्पष्ट रूप से दर्शाती हैं कि एक पारंपरिक सहकारी इकाई कैसे नवाचार और सशक्त नेतृत्व के माध्यम से ब्रांडिंग, विपणन और उत्पाद विविधता में नए आयाम स्थापित कर सकती है। जहां एक ओर आंचल कैफे जैसे प्रोजेक्ट राज्य में ग्रामीण से शहरी क्षेत्रों को जोड़ते हैं, वहीं टेट्रा पैक उत्पादों और नई पैकेजिंग के माध्यम से यह ब्रांड बाजार प्रतिस्पर्धा में खुद को बेहतर स्थिति में स्थापित कर रहा है। राज्य सरकार की ओर से स्पष्ट समर्थन, नीति निर्देश और बाजार की बदलती जरूरतों को समझते हुए उठाए गए ये कदम आंचल को उत्तराखंड के सफल सहकारी ब्रांडों की अग्रणी सूची में ला खड़ा करते हैं।

## सरकारी कार्यक्रमों में आंचल के उत्पाद

राज्य सरकार द्वारा आंचल उत्पादों को प्रोत्साहन देने हेतु कई प्रशासनिक निर्णय भी लिए गए। उत्तराखंड के मुख्य सचिव द्वारा निर्देश जारी किए गए कि अब से सभी सरकारी, अर्ध-सरकारी कार्यक्रमों और समारोहों में आंचल ब्रांड के दूध और दुग्ध उत्पादों का ही उपयोग किया जाए। इस निर्णय का उद्देश्य सहकारिता मॉडल को मजबूती देना, स्थानीय दुग्ध उत्पादकों को सुनिश्चित बाजार उपलब्ध कराना और राज्य के राजस्व को आंचल जैसे घरेलू ब्रांडों के माध्यम से सुदृढ़ करना था। इसके अलावा, आंचल ने अपने ऑनलाइन स्टोर और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को भी सुदृढ़ किया है। राज्य के अधिकांश शहरी क्षेत्रों में अब आंचल वैन और होम डिलीवरी सेवाएं चालू हैं, जिससे उपभोक्ताओं की पहुंच आसान हुई है।

## टेट्रा पैक से लेकर शहद तक का सफर

आंचल डेयरी ने इस अवधि में उत्पाद विविधता पर भी विशेष ध्यान केंद्रित किया। जुलाई 2023 में मंत्री सौरभ बहुगुणा द्वारा टेट्रा पैक दूध, छाछ और लस्सी को लॉन्च किया गया। यह पहली बार था जब उत्तराखंड की कोई सहकारी डेयरी इकाई अपने उत्पादों को टेट्रा पैक के माध्यम से बाजार में लेकर आई। इस कदम का उद्देश्य उत्पादों की शेल्फ लाइफ बढ़ाना, लंबी दूरी की आपूर्ति संभव बनाना, और उपभोक्ताओं को साफ-सुथरा व सुविधाजनक विकल्प प्रदान करना था। इसके अलावा, इस पहल से राज्य के दुग्ध उत्पादकों को बेहतर दाम और स्थायी मांग मिलने की संभावना बनी। वर्ष 2024 में आंचल डेयरी ने शहद और 6 किलोग्राम दूध पैकेजिंग जैसे नए उत्पाद लॉन्च किए। नैनीताल दुग्ध संघ द्वारा तैयार इन उत्पादों को किसानों और छोटे उद्यमियों के लिए नई आजीविका का स्रोत बताया गया। साथ ही, इन उत्पादों की बिक्री को राज्य के पर्यटन स्थलों और शहरी बाजारों में बढ़ावा मिला।

शाह टाइम्स रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाऐं।




1. प्रदेश में फैडरेशन द्वारा 'आंचल ब्राण्ड' का टेट्रा पैक तरल दूध, लस्सी, क्रीम एवं छांछ आदि को शहरी एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया जा रहा है।
2. फैडरेशन द्वारा 06 प्रकार की आंचल आईसक्रीम 42 प्रकार के अलग-अलग फ्लेवर में पैकिंग कर उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवायी जा रही है।
3. दुग्ध उत्पादक सदस्यों को 75 प्रतिशत अनुदान पर साईलेज एवं 50 प्रतिशत अनुदान पर भूसा पशु चारा के रुप में मुहैया कराई जा रही है।
4. जायका योजना के अन्तर्गत ग्राम स्तर पर साइलेज बनाने का प्रशिक्षण, प्रदर्शन, हरा चारा विकास एवं जागरुकता कार्यक्रम, चौफकटर, साइलोबंकर व साइलेज बनाने हेतु बैग वितरण आदि कार्य किए जा रहे हैं।
5. यूसीडीएफ0 द्वारा स्पेशल उत्पाद के रुप में बद्री काउ घी व पहाड़ी घी तैयार कर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया जा रहा है, जो जनपदीय दुग्ध संघों से सीधे एवं ऑन लाईन फ्लिपकार्ट, अमेजन व फैडरेशन की वैबसाईट से क्रय किया जा सकता है।
6. आंचल ब्राण्ड का शुद्ध शहद उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया जा रहा है।
7. यू0सी0डी0एफ0 द्वारा मुख्यमंत्री 'आंचल अमृत योजनान्तर्गत आंगनवाड़ी, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को फोर्टिफाइड मीठा सुगन्धित दुग्ध चूर्ण उन्हें उपलब्ध कराया जा रहा है।
8. केन्द्र पोषित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, एन0पी0डी0डी0 के अन्तर्गत दुग्ध पदार्थों की गुणवत्ता प्रशिक्षण हेतु प्रयोगशालाओं का आधुनिकीकरण कार्य किया जा रहा है।
9. जायका योजना के अन्तर्गत व्यवसायिक पशुचारा उत्पादन हेतु वृहद् प्रशिक्षण कार्यक्रम कराये जा रहे हैं।

(इं0 आर0एम0 तिवारी)
सामान्य प्रबंधक (प्रशा0)

# एमडीडीए की उपलब्धियाँ सस्ते घरों से अवैध निर्माण नियंत्रण तक

एम. फहीम 'तन्हा'

**देहरादून।** मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने पिछले वर्षों में कई महत्वपूर्ण पहलों को अंजाम दिया है, जिनका उद्देश्य निम्न आय वर्ग को सुलभ आवास प्रदान करना, अवैध निर्माण पर लगाम लगाना तथा नक्शा पासिंग प्रक्रिया में सुधार लाना रहा है।

## अवैध निर्माणों पर कार्रवाई

**मसूरी** देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) द्वारा पिछले चार वर्षों में अब तक अवैध निर्माणों और प्लाटिंग पर सख्त रुख अपनाते हुए बड़े पैमाने पर कार्रवाई की गई है। इस अवधि में प्राधिकरण ने न केवल सैकड़ों अवैध इमारतों को सील किया, बल्कि हजारों बीघा भूमि पर हो रही अवैध प्लाटिंग को भी ध्वस्त किया है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार देहराद. ून और मसूरी क्षेत्र में 600 से अधिक अवैध निर्माणों की पहचान की गई, जिनमें से कई को सील किया गया। इसी वर्ष जाखन और डोईवाला क्षेत्रों में अवैध रूप से निर्मित कई दुकानों और बहुमंजिला इमारतों पर बुलडोजर चला। ऋषिकेश में चल रही अवैध निर्माण गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एमडीडीए ने 14 निर्माणाधीन इमारतों को सील किया। रिस्पना नदी के किनारे 59 अवैध घरों को ध्वस्त किया गया, जो वर्ष 2016 के बाद बिना अनुमति के बनाए गए थे। शिमला बाईपास, तुन्तोवाला, बडोवाला और धर्मावाला क्षेत्रों में लगभग 5000 बीघा भूमि पर हो रही अवैध प्लाटिंग को रोका गया।



## सस्ते एवं सुलभ आवास परियोजनाएँ

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने आवासीय योजनाओं को गति देने के उद्देश्य से कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं। प्राधिकरण ने पारदर्शी, पर्यावरण अनुकूल और आमजन केन्द्रित योजनाओं को प्राथमिकता दी है। एमडीडीए ने इस अवधि में अति विक. सित और अविकसित दोनों क्षेत्रों में योजनाबद्ध विकास की दिशा में काम करते हुए कई नई हाउसिंग स्कीमें शुरू कीं। इनमें ऋषिकेश, जोगीवाला, प्रेमनगर, सहस्त्रधारा रोड और डोईवाला क्षेत्र की आवासीय योजनाएं प्रमुख हैं, जिनमें मध्यम व निम्न आय वर्ग के लिए किफायती दरों पर भूखंड और मकान आवंटित किए गए।

> "हमारा लक्ष्य है कि देहरादून को अव्यवस्थित निर्माण से मुक्त कर एक संतुलित और सुव्यवस्थित शहरी विकास मॉडल प्रस्तुत किया जाए। इसके लिए एमडीडीए पारदर्शी प्रक्रिया के साथ आवासीय योजनाएं ला रहा है, जिससे आम नागरिकों को भी भरोसा हो..."
>
> **बंशीधर तिवारी, उपाध्यक्ष, मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण**



## उपाध्यक्ष बंशीधार तिवारी के नेतृत्व में पहल

### साफ झलकती है वीसी की त्वरित एक्शन की कार्यशैली

एमडीडीए के वीसी बंशीधर तिवारी के नेतृत्व में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को सरल किया गया, साथ ही ई-नीलामी प्रणाली के माध्यम से प्लॉट्स की पारदर्शी बिक्री सुनिश्चित की गई। आवंटन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की दलाली या अनियमितता रोकने के लिए डिजिटल निगरानी प्रणाली लागू की गई है। एमडीडीए ने पर्यावरणीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए ग्रीन जोन आधारित विकास और सोलर पॉवर उपयोग प्रोत्साहन जैसे पहल भी शुरू की हैं। इसके अलावा, योजनाओं में सामुदायिक पार्क, जल संचयन प्रणाली, और हरित क्षेत्र को भी शामिल किया गया है।प्राधिकरण के अनुसार, आगामी समय में स्मार्ट कॉलोनियाँ, सस्ती दरों पर अपार्टमेंट योजनाएं, और वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगों के लिए विशेष आवास योजना भी प्रस्तावित है।एमडीडीए ने 2022, 2025 के बीच न केवल अवैध निर्माण पर शिकंजा कसा, बल्कि आवासीय योजनाओं में भी संरचित, पारदर्शी और जनख्रहितैषी सुधार किए। उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी के नेतृत्व में प्राधिकरण ने आम नागरिकों के विश्वास को पुनः प्राप्त करते हुए शहरी विकास को नई दिशा दी है।

## नक्शा पास करने की प्रक्रिया में सुधार

एमडीडीए ने विगत वर्षों में नक्शा पासिंग प्रक्रिया में व्यापक सुधार करते हुए इसे पूरी तरह ऑनलाइन, पारदर्शी और समयबद्ध बना दिया है। इन पहलों के तहत अब भवन नक्शा स्वीकृति के लिए नागरिकों को कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। ऑनलाइन मैप अप्रूवल सिस्टम के माध्यम से नक्शा जमा करना, स्थिति ट्रैक करना और अनुमोदन प्राप्त करना आसान हो गया है। साथ ही, नक्शा पासिंग की प्रक्रिया को 7 से 15 कार्यदिवस के भीतर पूरा करने की समय-सीमा निर्धारित की गई है। पंजीकृत आर्किटेक्ट्स के लिए अलग लॉगिन पोर्टल, एसएमएस/ईमेल अलर्ट, और जीआईएस आधारित निरीक्षण प्रणाली जैसी आधुनिक तकनीकों का समावेश कर प्राधिकरण ने प्रक्रिया को दक्ष और जवाबदेह बनाया है।





# पर्यटन का नया तीर्थ बना देवभूमि



तौसीफ कुरैशी

**राज्य गठन के बाद पर्यटकों की आमद में जबरदस्त इजाफा**

**राज्य बनने के बाद पर्यटन में पाँच गुना से अधिक वृद्धि दर्ज की गई**



देवभूमि उत्तराखंड अपनी प्राकृतिक सुंदरता, धार्मिक स्थलों और साहसिक पर्यटन के लिए सदियों से प्रसिद्ध रहा है। साल 2000 में उत्तराखंड राज्य बनने के बाद यहाँ पर्यटन का परिदृश्य पूरी तरह बदल गया। आँकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि बीते 24 वर्षों में उत्तराखंड पर्यटन ने नई ऊँचाइयाँ छुई हैं। उत्तराखंड अब केवल तीर्थाटन का केंद्र नहीं, बल्कि एडवेंचर, नेचर, योग, वेलनेस और वन्यजीव पर्यटन का भी वैश्विक हब बन चुका है। राज्य बनने के बाद सड़कों, हवाई संपर्क, होटल व होम-स्टे योजनाओं और प्रचार-प्रसार ने इस उछाल में अहम भूमिका निभाई। देवभूमि उत्तराखंड आज सचमुच पर्यटन का नया तीर्थ है, जहाँ हर साल करोड़ों कदम श्रद्धा, रोमांच और सुकून की तलाश में आते हैं।

## 2000 में स्थिति

सन् 2000 में, जब उत्तराखंड नया-नया राज्य बना था, यहाँ कुल मिलाकर लगभग 1.11 करोड़ पर्यटक पहुँचे थे। इनमें अधिकतर घरेलू यात्री थे जबकि विदेशी पर्यटकों की संख्या केवल 56 हजार के आसपास थी।

## लगातार बढ़ता ग्राफ

- 2005 तक यह आँकड़ा लगभग 1.63 करोड़ पर पहुँच गया है।
- 2010 आते-आते पर्यटकों की संख्या 3.11 करोड़ हो गई।
- 2015 में यह बढ़कर 2.94 करोड़ पर पहुँची और
- 2019 में पर्यटन ने चरम छुआ, 3.92 करोड़ से ज़्यादा लोग उत्तराखंड आए।

यानी राज्य बनने के दो दशक में पर्यटन में तीन गुना से अधिक वृद्धि हुई।

## कोविड का असर और फिर वापसी

2020 में कोरोना महामारी की वजह से पर्यटन पर गहरा असर पड़ा और केवल 78 लाख लोग ही राज्य पहुँच पाए। लेकिन जैसे ही हालात सामान्य हुए,

- 2022 में फिर से 5.39 करोड़ पर्यटक आए।
- 2023 में 5.96 करोड़।
- और 2024 में रिकॉर्डतोड़ 5.95 करोड़ से अधिक लोग उत्तराखंड पहुँचे।

## राज्य गठन से अब तक वर्षवार उत्तराखण्ड पहुंचे पर्यटकों का विवरण

| वर्ष | देशी | विदेशी | कुल |
|---|---|---|---|
| 2000 | 11078814 | 56766 | 11135580 |
| 2001 | 10548784 | 54701 | 10603485 |
| 2002 | 11652018 | 55974 | 11707992 |
| 2003 | 12929593 | 63499 | 12993092 |
| 2004 | 13830045 | 74761 | 13904806 |
| 2005 | 16280765 | 92744 | 16373509 |
| 2006 | 19358453 | 96264 | 19454717 |
| 2007 | 22154250 | 106150 | 22260400 |
| 2008 | 23064170 | 112423 | 23176593 |
| 2009 | 23154214 | 118243 | 23272457 |
| 2010 | 30972134 | 136459 | 31108593 |
| 2011 | 26665753 | 142687 | 26808440 |
| 2012 | 28329686 | 140524 | 28470210 |
| 2013 | 21028010 | 103596 | 21131606 |
| 2014 | 22520097 | 109948 | 22630045 |
| 2015 | 29295152 | 111094 | 29406246 |
| 2016 | 31663782 | 112799 | 31776581 |
| 2017 | 34581097 | 142102 | 34723199 |
| 2018 | 36697678 | 154526 | 36852204 |
| 2019 | 39066776 | 158964 | 39225740 |
| 2020 | 7836002 | 38763 | 7874765 |
| 2021 | 20002705 | 15410 | 20018115 |
| 2022 | 53916849 | 64489 | 53981338 |
| 2023 | 59488189 | 148412 | 59636601 |
| 2024 | 59373869 | 176408 | 59550277 |

## वन्यजीव पर्यटन की नई पहचान

उत्तराखंड केवल धार्मिक और प्राकृतिक ही नहीं, बल्कि वन्यजीव पर्यटन का भी केंद्र बना है। यहाँ के राष्ट्रीय उद्यान पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं।

### - कॉर्बेट नेशनल पार्क

- 2000 में यहाँ केवल 61 हजार लोग आए थे।
- 2019 में यह संख्या बढ़कर 2.83 लाख हो गई।
- 2024 में कॉर्बेट आए पर्यटकों की संख्या 3.61 लाख रही, जिनमें 10,120 विदेशी शामिल थे। यानी यहाँ विदेशी पर्यटकों की भारी मौजूदगी दर्ज की गई।

# पर्यटकों की खास पसंद बने कई स्थल



### हरिद्वार: हर वर्ष सबसे अधिक पर्यटक हरिद्वार ही आए

- 2000 में हरिद्वार में करीब 53 लाख लोग आए थे।
- 2019 तक यह संख्या 2.17 करोड़ हो गई।
- 2024 में हरिद्वार ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए, 3.49 करोड़ यात्री यहाँ पहुँचे।

**ऋषिकेश व नैनीताल विदेशी पर्यटकों के लिए खास पसंद बने। योग, गंगा आरती और हिमालयी अनुभवों ने ऋषिकेश को अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर स्थापित किया।**

- 2024 में ऋषिकेश आए विदेशी पर्यटकों की संख्या 4,857 रही।
- वहीं नैनीताल में 9,537 विदेशी पर्यटक पहुँचे।

### टिहरी झील और एडवेंचर टूरिज़्म ने टिहरी को नई पहचान दी।

- केवल 2024 में ही यहाँ 58,855 विदेशी पहुँचे, जो सभी स्थलों में सबसे अधिक था।

## राजाजी नेशनल पार्क

देहरादून, ऋषिकेश और हरिद्वार के बीच फैला राजाजी नेशनल पार्क भी रोमांचक अनुभव का केंद्र है। यद्यपि यहां आने वाले पर्यटकों का आँकड़ा अलग से दर्ज नहीं किया जाता। मगर बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचते हैं, जिनकी संख्या हरिद्वार और ऋषिकेश के आँकड़ों का हिस्सा बनकर सामने आती है। अनुमान है कि हर वर्ष यहाँ लाखों पर्यटक सफारी और वन्यजीव दर्शन के लिए पहुँचते हैं।

## पर्यटन को राज्य गठन ने दी नई पहचान

**आँकड़ों की सीधी तुलना बताती है**

- 2000 में कुल 1.11 करोड़ पर्यटक
- 2024 में कुल 5.95 करोड़ पर्यटक

**यानी राज्य बनने के बाद पर्यटन में पाँच गुना से अधिक वृद्धि दर्ज की गई।**

SIDDHARTHA GROUP OF INSTITUTIONS
SIDDHARTHA GROUP OF INSTITUTIONS Estd. 2003
COURSES OFFERED / ADMISSION OPEN

Mr. Durga Prasad Verma
Chairman


Siddhartha Law College
Affiliation & Approval: Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University (Govt. University of Uttarakhand) & Bar Council of India, New Delhi
BA-LL.B. - 5 yrs.
BBA-LL.B - 5 yrs.
LL.B. - 3 yrs.
LL.M. - 2 yrs.
Siddhartha Institute of Pharmacy
Affiliation: Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University (Govt. University of Uttarakhand) & Pharmacy Council of India, New Delhi.
D.Pharma - 2 yrs.
B.Pharma - 4 yrs.
B.Pharma (LE) - 3 yrs.
M.Pharma - 2 yrs.
Pharmaceutics, Pharmacology and Pharma Chemistry
Siddhartha Nursing Education & Research Institute
Affiliation & Approval: HNB Medical University, Uttarakhand Nursing Council, Dehradun and Medical Education Department, Govt. of Uttarakhand
Basic B.Sc. Nursing
4 Years (Degree Course)
Post Basic B. Sc. Nursing
2 Years (Degree Course)

Mr. Abhishek Verma
Vice Chairman

Near I.T. Park, Sahastradhara Road, Dobachi Road, Dehradun-248001 (Uttarakhand)
0135-2607784, 2607787 (Office), 9456596313, 9760434646 (Law)
9456596308, 9456596314 (Pharmacy), 9456596371, 9456596381 (Nursing)
www.siddharthagroup.co.in

St. Xavier's School
PER ASPERA AD ASTRA
DEHRA DUN
ESTD 1995
St. Xavier's School
Affiliated to the Council for the Indian School Certificate Examinations, New Delhi
Co-Educational
(Playgroup to XII)
Registration & Admission Open
Classes
Playgroup
to IX & XI
For Session (2025-26)
School Transport Facility Available
Dhoran Khas, (Near Canal Road Bridge), Dehradun
Mob: 9456596319, 9456596320
www.stxavier.co.in

THE HIMALAYAN PUBLIC SCHOOL
DEHRA DUN
LEARN TO SERVE
ESTD. 2004
The Himalayan Public School
Affiliated to the Council for the Indian School Certificate Examinations, New Delhi
(Under the aegis of The Siddhartha Group of Institutions)
Co-Educational
(Nursery to XII)
Registration & Admission Open
Classes
Nursery
to IX & XI
For Session (2025-26)
School Transport Facility Available
Kargi Grant, Chander Vihar, Patel Nagar Thana
Road Kargi, P.O. Banjarawala, Dehradun
Mob: 9027203873, 7017614683
www.thehimalayanpublicschool.com



# हमारी ताकत...

# तीन राज्य, आठ संस्करण, 19.52 लाख पाठक

### उत्तराखण्ड-गढ़वाल संस्करण ( देहरादून )



एम फहीम 'तन्हा'
एस आलम अंसारी
मौहम्मद शाहनज़र
मयूर गुप्ता
इमरान चौधरी
नवीन बधानी
विकासनगर:-एसएम आसिम, महेंद्र तोमर
चकराता:-विक्रम सिंह तोमर, संजय वर्मा
मसूरी:-अभीषेक सक्सेना
डोईवाला:-संजय अग्रवाल, सलमान राव
हरिद्वार:-डी एस वर्मा
रूडकी:-अख्तर मलिक
पौड़ी:-त्रिभूवन उनियाल
श्रीनगर:-देवेंद्र गौड, सूदेश गौड
कोटद्वार:-गोरव गोदियाल
उत्तरकाशी:- चिरंजीव सेमवाल
बडकोट:-सचिन रावत व संदीप चौहान
टिहरी:- जय प्रकाश पाण्डेय
रूद्रप्रयाग:-रोहित डिमरी
चमोली/गोपेश्वर:-रणजीत नेगी
गोचर:-देवेंद्र गुंसाई

### उत्तराखण्ड-कुमाऊं संस्करण ( हल्द्वानी )

नैनीताल-अफजल हुसैन फौजी
हल्द्वानी-शाहवेज खान, दीपक भण्डारी, डॉ.ए.एन तिवारी व आसिम जमाल
लालकुआं-मोहन जोशी, मनोज जोशी, रंजीत कुमार
बिन्दुखत्ता-जीवन गोस्वामी
कालाढुंगी-शाकिर हुसैन
अल्मोड़ा-नसीम अहमद
बागेश्वर-महीप पाण्डे
काशीपुर-नवीन अरोरा
शांतिपुरी-आकाश मेहता
रानीखेत-बलवंत रावत
उधमसिंह नगर-उस्मान अली
सुल्तानपुर-मौ.आशिक
बाजपुर-मौ. नौशाद
रूद्रपुर-कमल सुयाल, मौ. समी, समी आलम
खटीमा-मुस्तकीम मलिक
नानकमत्ता-राजीव सक्सेना
सितारगंज-धर्मेन्द्र चौधरी
किच्छा-अब्दुल राही तंहा
शक्तिफॉर्म-विक्की मंडल
चंपावत-जीवन सिंह बिष्ट
टनकपुर-आबिद हुसैन

### मुख्यालय


स्थानीय सम्पादक-चेतन गुरूंग
तौसीफ कुरैशी
ज़िया अब्बास ज़ैदी
आजम खान
शाहनूर राणा
अफसार अहमद
मौ. शारिक
रोहिताश वर्मा
नसीम राणा



कार्यकारी सम्पादक:-
आनन्द बत्रा 'सुमन'

बनबसा-अर्जुन कुमार
लोहाघाट-गणेश पाण्डे
पिथौरागढ़-खालिद पाशा
जसपुर-शरीफ खान
बाजपुर-सलमान
गदरपुर-उमर अली
रामनगर-नदीम वारसी

### उत्तर प्रदेश



लखनाऊ-विरेश तरार
सहारनपुर-अबु बकर शिब्ली
देवबंद-अतहर उस्मानी
मुजफ्फर नगर-शरद गोयल, नसीम कुरैशी
मीरांपूर-नलिन वर्मा,
खतोली- आशीष सैनी
शामली-नसीम सैफी
बागपत-चांद मिया
मेरठ- शाहवेज खान, अजय ठाकुर
गाजियाबाद-नोशाद मलिक,
मोदीनगर-विनय कुमार
नोएडा-प्रवेश चौधरी व संजय त्यागी
अलीगढ़-प्रदीप शर्मा
बुलंदशहर-मौ. नईम खान
हापुड़-चांद मिया, बिजनोर-समीउल्लाह
नजीबाबाद-सोनू आदित्य, धामपूर-अभीषेक गुप्ता
मुरादाबाद-जितेंद्र जैन, ठाकुरद्वारा-सतीश चौधरी
बरेली-इरफान मुनीम,
रामपुर-इमरान हुसैन
पीलीभीत-विकास दीक्षित
संभल-मुजफ्फर हुसैन, बहजोई-राशिद अली
चंदोसी- सक्सेना
अमरोहा-नासिर अली
मथूरा-खलील अहमद
बदायूं-कामिल खान
दिल्ली-सफदर अली व राम गौपाल


## सभी देश व प्रदेश वासियों को शाह टाइम्स रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

- सभी व्यापारी अपने हितों को सुरक्षित रखने के लिए एकजुट रहें
- छोटे व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए ज्यादा से ज्यादा दुकान से खरीदारी करें।
- समय पर जीएसटी का भुगतान किया जाए, जिससे कि किसी भी तरह की परेशानी से बचा जा सके।
- संगठन की शक्ति सदस्य हैं और सभी व्यापारी संगठन की मजबूती के लिए भी कार्यरत रहें



**प्रतीक कालिया शर्मा**

महामंत्री
भारतीय जनता पार्टी
ऋषिकेश

महामंत्री
नगर उद्योग व्यापार
प्रतिनिधि मंडल, ऋषिकेश






स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित। सम्पादक: एस.एन. राना, *कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन', देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून, 0135-2743363, R.N.I. No.UTTHIN 2001/05656, 'मोबाइल-9720007290, www.shahtimesnews.com, ' *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों/लेखों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सरोवर नगरी का 'शाह टाइम्स'

## ढाई दशक का स्वर्णिम सफर, बना जन-जन की आवाज



**नैनीताल।** उत्तराखंड की शांत सरोवर नगरी नैनीताल में 'शाह टाइम्स' ने अपने ढाई दशक के पत्रकारिता के सफर को स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज कराया है। इस प्रमुख समाचार पत्र ने न केवल स्थानीय मुद्दों को मुखरता से उठाया है, बल्कि समाज के हर वर्ग की आवाज बनकर अपनी गहरी पैठ बनाई है।



**अफजल फौजी**

ऐसे दौर में, जब अखबारी दुनिया का दायरा क्षेत्रीय स्तर तक सिमटता जा रहा है, 'शाह टाइम्स 'ने नैनीताल और इसके आसपास के क्षेत्रों की आवाज को प्रदेश स्तर तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने स्थानीय जनभावनाओं को शासन-प्रशासन तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम बनकर खुद को स्थापित किया है।

एक स्थानीय व्यवसायी रमेश चंद्र ने इस अखबार के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'शाह टाइम्स' ने हमेशा हमारी स्थानीय समस्याओं को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। यह सिर्फ एक अखबार नहीं, बल्कि हमारी आवाज है जिसे प्रदेश स्तर पर सुना जाता है। सामाजिक, राजनैतिक और व्यावसायिक वर्गों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के कारण इसकी लोकप्रियता निरंतर बढ़ती गई है। यही वजह है कि यह समाचार पत्र पाठकों का प्रिय बन चुका है।

अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए, 'शाह टाइम्स' ने नगर की हर छोटी-बड़ी समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया है और शासन-प्रशासन को उनसे अवगत कराकर समाधान की दिशा में प्रयास किए हैं। नैनीताल के एक प्रमुख पर्यटन स्थल होने के नाते, 'शाह टाइम्स' ने यहाँ पर्यटन को बढ़ावा देने और पर्यटकों की आमद को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रबंधन ने भविष्य में भी इस दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। इसके साथ ही, ऐतिहासिक सरोवर नगरी की समृद्ध संस्कृति और विरासत को जीवंत रखने में भी समाचार पत्र का योगदान उल्लेखनीय रहा है। यहाँ के तीज-त्योहारों और सांस्कृतिक आयोजनों को कलम के माध्यम से उजागर कर इसने अपनी भूमिका बखूबी निभाई है। शिक्षाविद् डॉ. अंजलि शर्मा के अनुसार, 'नैनीताल को शिक्षा का गुरुकुल कहा जाता है, जिसकी महत्ता ब्रिटिशकाल से चली आ रही है। शाह टाइम्स ने इस शशिक्षा के मंदिरश की गरिमा को बनाए रखने और इसके प्रचार-प्रसार में भी सक्रिय सहयोग दिया है।'

नगर की सामाजिक सौहार्द की अनूठी पहचान देश-विदेश में है। 'शाह टाइम्स' ने इस पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखने में भी अपना दायित्व प्रमुखता से निभाया है। अखबार प्रबंधन ने पाठकों के निरंतर स्नेह और विश्वास के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि शशाह टाइम्सश आगे भी शपत्र नहीं, मित्रश के अपने आदर्श वाक्य के साथ जनसेवा के पथ पर अग्रसर रहेगा।

### उत्तराखंड में एयरपोर्ट व एयर स्ट्रिप की सूची

1. देहरादून जौलीग्रांट एयरपोर्ट- स्थान: देहरादून (जौलीग्रांट)-स्थिति: यह राज्य का प्रमुख व सबसे व्यस्त घरेलू एयरपोर्ट है, जिसमें नया टर्मिनल अक्टूबर 2021 में खोला गया था। 2. पंतनगर एयरपोर्ट-स्थान: पंतनगर, उधम सिंह नगर जिला (कुमाऊं क्षेत्र)-स्थिति: यह एक घरेलू विमानक्षेत्र है और कुमाऊं क्षेत्र का मुख्य प्रवेश मार्ग है। भविष्य में इसे अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट में परिवर्तित करने की योजना है। 3. नैनी सैनी एयरपोर्ट (पिथौरागढ़)-स्थान: पिथौरागढ़ (नैनी-सैनी)-स्थिति: यह घरेलू एयरपोर्ट है, जो UDAN योजना के तहत विकसित किया जा रहा है। हाल ही में यहां से नियमित उड़ानें शुरू हुई हैं। 4. भारकोट (चिन्यालीसौड़) एयरस्ट्रिप, स्थान: चिन्यालीसौड़, उत्तरकाशी जिला-स्थिति: इसे मां गंगा या धरासू एयरपोर्ट भी कहा जाता है। वर्तमान में यह आईएएफ द्वारा एक एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड के रूप में उपयोग होता है। 5. गौचर एयरस्ट्रिप-स्थान: गौचर, चमोली जिला,स्थिति: यह एक एयरस्ट्रिप है यह एयरस्ट्रिप चारधाम यात्रा में हेलीकॉप्टर सेवाओं हेतु उपयोग की जाती है।

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि

विक्टोरिया क्रॉस विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन, कांवली रोड, देहरादून

विद्युत समस्याओं के निवारण हेतु 1912 (टोल फ्री) पर कॉल करें।



सार्वजनिक सूचना

- सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित करना है कि वे अपने विद्युत बिलों का Online भुगतान उपाकालि की वेबसाईट www.upcl.org के माध्यम से कर सकते हैं।
- उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड की वेबसाईट पर विद्युत बिलों का Online भुगतान निम्नलिखित मोड से किया जा सकता है : 1 क्रेडिट कार्ड (Credit card) 2 डेबिट कार्ड (Debit card) 3 नेट बैंकिंग (Net Banking)
- विद्युत बिलों का Online भुगतान प्रदेश के समस्त उपभोक्ता कर सकते हैं।
- उपाकालि से बिल सम्बन्धी अन्य जानकारी SMS के माध्यम से प्राप्त करने के लिए अपना मोबाईल नं० विद्युत बिल की Counter Foil पर लिखकर उपाकालि के किसी भी कार्यालय में जमा करा सकते हैं अथवा उपाकालि की वेबसाईट पर भी रजिस्टर कर सकते हैं।

राज्य सरकार द्वारा स्थापित सभी कॉमन सर्विस सेन्टरों (सीएससी) पर विद्युत भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। सम्मानित विद्युत उपभोक्ता इसका लाभ उठावें।

निम्न उपभोक्ता सेवा सम्बन्धित आवेदनों के लिए उपाकालि कस्टमर सर्विस सेन्टर आराघर, देहरादून में अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

1. नये संयोजन हेतु 2. नाम स्थानान्तरण हेतु 3. विद्युत भार परिवर्तन हेतु 4. विद्युत प्रकार परिवर्तन हेतु

नीचे दिये गये कोड को 9219503400 पर SMS कर जानकारी प्राप्त करें।

| | |
|---|---|
| बिल विवरण की सूचना हेतु | BD<space><13 digit Service Connection No.> |
| बिल भुगतान की सूचना हेतु | PYD<space><13 digit Service Connection No.> |
| नये संयोजन की स्थिति जानने हेतु | NC<space><12 digit Registration No.> |
| शिकायत की स्थिति जानने हेतु | CD<space><11 digit Complaint No.> |
| मोबाईल नं० पंजीकृत करने हेतु | RMN<space><13 digit Service Connection No.> |
| 13 Digit Service Connection No टाइप करने का तरीका | 3 digit खण्ड संकेत + 4 digit बुक संख्या + 6 digit कनेक्शन संख्या |

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" "बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें"

कार्यालय जिला पंचायत देहरादून

पत्रांक संख्या 769/XIII/स्टोर/जि०पं०दे०दून/2025-26 दिनांक 20/08/2025

"जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवसायरत व्यवसायियों से अनुरोध है कि जिला पंचायत द्वारा आरोपित वार्षिक विभव एंव सम्पत्ति कर व व्यवसायिक लाईसेन्स का भुगतान समय से जिला पंचायत कार्यालय में जमा करने का कष्ट करें। जिला पंचायत, देहरादून जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास हेतु सदैव तत्पर है। साथ ही समस्त व्यवसायियों एंव ग्रामवासियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे अपने घरों के साथ-साथ अपने गाँव को भी स्वच्छ रखें। घरों का कूड़ा नालों एंव सड़कों के किनारे न फेंकें तथा गीला एंव सूखा कूड़ा अलग-अलग करने के उपरान्त ही निस्तारित करना सुनिश्चित करें एंव अपने गाँव व क्षेत्र को साफ-स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करें। सिंगल यूज प्लास्टिक एंव पॉलिथीन का प्रयोग करने से बचें, तथा डेंगू, मलेरिया एंव चिकनगुनिया से बचाव हेतु अपने घर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें एंव अपने घरों के आस-पास पानी एकत्रित न होने दें। स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें एंव जनभागीदारी द्वारा अपने गाँव को स्वच्छता में प्रथम बनाने में अपना आवश्यक योगदान दें।'

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, देहरादून।

सौजन्य से

जिला पंचायत, देहरादून।

शाह टाइम्स रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाऐं।

'जल संचय' 'जीवन संचय'

उत्तराखण्ड जल संस्थान

'जल भवन', बी-ब्लॉक नेहरु कॉलोनी, देहरादून

सार्वजनिक अपील

राज्य की जनता को निरन्तर, पर्याप्त, स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के मूल उद्देश्य की प्राप्ति के लिए विभाग सतत प्रयासरत है। कतिपय नगरों/क्षेत्रों में दूषित जलापूर्ति के समाचार प्रकाशित होते हैं।

इस सम्बन्ध में नागरिकों से अनुरोध है कि निम्नानुसार सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

- पेयजल एवं सीवर में संबंधित शिकायत के लिए 'शिकायत निवारण केन्द्र' टोल फ्री नं0 1916 अथवा 1800-180-4100 से सम्पर्क करें।
- समस्या का कारण मुख्यत: पाइपलाइन में लीकेज है जो जल संस्थान की पाइप के साथ-साथ अधिकांश उपभोक्ताओं के कनेक्शन के ऐसे पाईप हैं जो नाली/आदि के अन्दर/बीच से गुजरते हैं। अपने आस-पास लगे पाइप की लीकेज पर विशेष ध्यान दें एवं छोटी से छोटी लीकेज की सूचना जल संस्थान के क्षेत्रीय कार्यालय/मुख्यालय को दें।
- विभागीय कर्मचारियों द्वारा जांच के समय यदि व्यक्तिगत कनेक्शन के पाइप में लीकेज पाई जायेगी तो बिना अन्य नोटिस के तत्काल कनेक्शन बन्द कर दिया जायेगा और अर्थदण्ड लिया जा सकता है।
- प्रदूषण की समस्या का अन्य प्रमुख कारण लाइन पर सीधे टुल्लू पम्प लगाना है। पम्प लगाने से लीकेज वाले स्थानों पर भरा गन्दा पानी पाइप लाइन में प्रवेश कर जाता है और प्रदूषण की समस्या उत्पन्न होती है।
- यदि देखने में पानी स्वच्छ न ही अथवा उसमें अशुद्धियों के कण दिखायी दें अथवा बदबू हो तो क्लोरीन टेबलेट को प्रयोग में लायें। प्राय: जलापूर्ति के आरम्भ में थोड़ी देर गन्दा पानी आने की शिकायत रहती है बाद में स्वच्छ हो जाता है। स्वच्छ पानी एकत्रित करें।
- इसके अतिरिक्त हम आपकी सेवा बेहतर कर सकें, इसके लिए हम आपसे विनम्र निवेदन करते हैं।
  1. पेयजल अमूल्य है, कृपया इसका सदुपयोग करें।
  2. पेयजल की बर्बादी तथा अवैधानिक उपयोग किसी अन्य को प्यासा रख सकता है, अत: कृपया ऐसा न करें।
  3. विभाग को देयकों का समयान्तर्गत भुगतान कर पेयजल व्यवस्था में सहयोग करें।

# देवभूमि में बदला अपराध का स्वरूप



मयूर गुप्ता

## देवभूमि में साइबर सेंध: सरिया-सब्बल से साइबर अटैक तक, उत्तराखंड में बदल गई अपराध की 'मोडस ऑपरेंडी'

देवभूमि उत्तराखंड में अपराध की दुनिया ने भी समय के साथ अपनी चाल बदल ली है। कभी जहां चोरों के हाथ में सरिया और सब्बल होता था, आज उनकी उंगलियां कीबोर्ड पर चलती हैं और निशाना सीधे आपके बैंक खाते पर होता है। राज्य गठन के पच्चीस वर्ष पूरे होने के बाद, अपराध के इस डिजिटल कायापलट ने सुरक्षा एजेंसियों के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं, जहाँ परंपरागत चोरों ने अब साइबर अपराधी का चोला ओढ़ लिया है।

## ढाई दशक पहले की अपराध तस्वीर

आज से लगभग ढाई दशक पूर्व, जब उत्तराखंड ने एक अलग राज्य के रूप में जन्म लिया था, तब अपराध की तस्वीर काफी सीधी-सादी थी। घरों और दुकानों में चोरी की वारदातें अक्सर किसी टूटे शटर या क्षतिग्रस्त ताले की गवाही देती थीं। चोरों की 'मोडस ऑपरेंडी' (कार्यप्रणाली) में सरिया, सब्बल और हथौड़े जैसे औजार शामिल होते थे, जिनसे वे भौतिक रूप से सेंधमारी करते थे। रात के अंधेरे में, शांत वादियों में, ऐसी वारदातें अक्सर ग्रामीणों और छोटे कस्बों के व्यापारियों के लिए चिंता का विषय बनती थीं।





दीपम सेठ, डीजीपी

## तकनीक ने बदली अपराध की राह: अपराधियों का 'डिजिटल अपग्रेड'

**देहरादून।** लेकिन, समय के चक्र ने तेजी से घूमना शुरू किया। देश में आधुनिकता की लहर आई और तकनीक ने हर क्षेत्र में अपनी पैठ बनाई, तो अपराधी भी भला कैसे पीछे रहते? उन्हें भी यह आभास हो गया कि सरिया और सब्बल से दुकानों के शटर और घरों के ताले तोड़ने वाले चोर, आधुनिकता के इस दौर में अपने परंपरागत अपराध के पेशे में पिछड़ जाएंगे। यह एक ऐसी क्रांति थी जिसने अपराधियों को भी अपग्रेड होने पर मजबूर कर दिया।



## अपराधियों को किसी सूरत में पैर पसारने नहीं दिया जाएगा: राजीव स्वरूप

**देहरादून।** गढ़वाल रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राजीव स्वरूप ने बताया कि रेंज के अंदर अपराधियों को पैर पसारने की छूट नहीं दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि अपराध को अंजाम देने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के सभी पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट तौर पर कह रखा है कि अपराधी चाहे वह कितनी भी पहुंच वाला क्यों न हो और राजनीति में उसकी कितनी भी दखल हो उसे बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा भी गढ़वाल रेंज के सभी सातों जिलों के एसएसपी और एसपी व सभी क्षेत्राधिकारियों के निर्देश दें रखे है कि अगर उनके क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई अपराधिक वारदात घटित होती है तो तत्काल मौके का निरीक्षण कर उसकी जानकारी से उन्हे भी अवगत करवाएं।

पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र राजीव स्वरूप ने कहा कि अपराध करने वाले की जगह या तो जेल में है या फिर वह अपने किए का स्वयं जिम्मेदार होगा। उन्होंने एक साक्षत्कार के दौरान जानकारी देते हुए कहा कि अपराध करने वाले का कोई धर्म और जाति नहीं होती वह एक अपराधि होता है और उसके साथ वैसा ही व्यवहार किया जाएगा जैसा एक अपराधि के साथ किया जाएगा।

## देहरादून पुलिस के लिए नई चुनौती: अदृश्य दुश्मन से मुकाबला

**देहरादून।** सीसीटीवी कैमरों की बढ़ती संख्या, मोबाइल सर्विलांस और डिजिटल फुटप्रिंट्स की अनिवार्यता ने अपराधियों की पुरानी योजनाओं पर पानी फेर दिया। अब ताला तोड़ने या शटर उखाड़ने की कोशिश करना, पकड़े जाने का सीधा निमंत्रण था। पुलिस की मुस्तैदी और तकनीक के उपयोग ने परंपरागत चोरों के लिए मैदान तंग कर दिया। इसी मोड़ पर अपराध की दुनिया ने एक नई करवट ली। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने इस बदलाव पर टिप्पणी करते हुए कहा, ष्पहले हमें चोरों का पीछा भौतिक रूप से करना पड़ता था, उनकी पहचान के लिए मुखबिरों पर निर्भर रहना



पड़ता था। अब चुनौती डिजिटल है। साइबर अपराधी अदृश्य दुश्मन की तरह हैं, जो कहीं भी बैठकर किसी को भी निशाना बना सकते हैं। यह हमारे लिए एक पूरी तरह से नया युद्धक्षेत्र है।

## साइबर अपराधों का बढ़ता जाल और नए हथियार

अपराध की इस दुनिया में एक सीढ़ी और आगे चढ़ते हुए, शातिर चोरों ने साइबर अपराधों की दुनिया में कदम रखा। जनता के बैंक खातों और निजी विवरण को साइबर अटैक के जरिए हैक करने का प्रचलन तेजी से बढ़ा। फिशिंग, स्पूफिंग, ओटीपी फ्रॉड और मालवेयर अटैक जैसे नए हथियार उनके तरकश में शामिल हो गए। उत्तराखंड की शांत छवि के विपरीत, साइबर अपराधियों को यहाँ की डिजिटल साक्षरता और ऑनलाइन लेनदेन में बढ़ती रुचि ने एक श्उपजाऊ भूमिश प्रदान की, जहाँ वे आसानी से भोले-भाले लोगों को अपना शिकार बना सकते थे।



## देहरादून में अपराधियों के हौसलों को हर सूरत में किया जाएगा पस्त: अजय सिंह

**देहरादून।** देहरादून जनपद के अंदर अगर कोई व्यक्ति आपराधिक चोला ओढ़कर यहां के भोले-भाले लोगों को अपनी गुण्डागर्दी के बल पर उनसे लूटपाट करना, डकैती की वारदात को अंजाम देना और उनसे उगाही करने की सोच रखता है तो यह सोच उसकी आखिरी सोच होगी। जनपदवासियों को अपराधियों से सुरक्षा प्रदान करना खाकी का कर्तव्य है और खाकी पहनकर आम जनमानस और महिलाओं की सुरक्षा करने वाले मित्र पुलिस के अधिकारी और जवान अपने कर्तव्य से पीछे हटने वाले नहीं है। यह कहना है देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह का। **शाह टाइम्स** के रजत जयंती पर अपनी बेबाक टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि दून पुलिस अपराधियों के लिए काल है और अगर कोई अपराधी यह सोचता है कि देहरादून को अपनी शरणस्थली बनाकर अपराध कर आराम से अपना जीवन व्यतीत करेगा तो यह उसकी गलत सोच है। अपराधी को उसके अंजाम तक पहुंचाने और अपराधी को शरण देने का काम करने वालों को कानून के दायर में रहकर उसकों सबक सिखाते हुए सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा का दायित्व भी पुलिस के कंधों पर है और मित्र पुलिस के जवान महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा के प्रति जागरूक हैं।

## उत्तराखंड में 'डिजिटल अरेस्ट' का आतंक: साइबर ठगी के मामले बढ़े



देवभूमि उत्तराखंड में साइबर अपराधों ने जिस तरह से अपनी जड़ें जमाई हैं, उससे राज्यवासी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। विशेषकर श्डिजिटल अरेस्टश के नाम पर डरा-धमकाकर लाखों रुपये ठगने के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। साइबर क्राइम पुलिस अधिकारियों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, राज्य के सभी जनपदों से कार्रवाई के लिए करीब 200 साइबर अपराध के मामले भेजे गए हैं। इनमें से पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 105 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया है। पूरे प्रदेश में साइबर ठगों के खिलाफ 61 मुकदमे दर्ज किए गए, जिनमें 39 अपराधियों को देश के विभिन्न राज्यों से दबोचा गया। इसके अतिरिक्त, 10 को वारंट भेजकर तलब किया गया और 56 को नोटिस तामील कराए गए। साइबर ठगों द्वारा डिजिटल अरेस्ट के अलावा, ऑनलाइन ट्रेडिंग व इन्वेस्टमेंट, फेसबुक फ्रेंड, गिफ्ट, इंश्योरेंस फ्रॉड, यूट्यूब लाइक, लोन ऐप और ऐप डाउनलोड के जरिए ठगी के मामले भी काफी तेजी से बढ़े हैं। इन बढ़ती चुनौतियों से निपटने और अपराधियों पर लगाम कसने के लिए साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन की टीमें लगातार प्रयासरत हैं।

## बढ़ते आंकड़े

**देहरादून।** बीते पांच वर्षों में उत्तराखंड में साइबर अपराध के हैरतअंगेज आंकड़े दर्ज हुए हैं, जो इस बात की पुष्टि करते हैं कि अपराध का यह नया चेहरा कितना भयावह होता जा रहा है। ये आंकड़े न केवल मामलों की संख्या में वृद्धि दर्शाते हैं, बल्कि यह भी बताते हैं कि किस तरह अपराधियों ने अपनी रणनीति को सूक्ष्म और तकनीकी रूप से उन्नत कर लिया है। अब पीड़ित को न केवल आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि उसकी निजी जानकारी भी खतरे में पड़ जाती है, जिससे मानसिक परेशानी और पहचान चोरी का खतरा भी बढ़ जाता है।साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस चुनौती का



इमरान चौधरी

सामना करने के लिए पुलिस और जनता दोनों को ही अधिक जागरूक और तकनीकी रूप से सशक्त होना पड़ेगा।

## भयावह परिणाम और आगे की राह

साइबर अपराध केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि एक सामा. जिक मुद्दा भी बन गया है, जिसके लिए व्यापक जागरूकता अभियान और तकनीकी प्रशिक्षण की आवश्यकता है। उत्तराखंड, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण के लिए जाना जाता है,




अब अपराध के एक नए मोर्चे पर खड़ा है। यह समय की मांग है कि हम इस डिजिटल अंधकार से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास करें, ताकि देवभूमि की शांति और सुरक्षा अक्षुण्ण बनी रहे

## प्रदेश में तेजतर्रार अधिकारियों की तैनाती

**देहरादून।** मित्र पुलिस अधिकारियों की रणनीति की प्रदेश को अपराध मुक्त करना है ने अमली जामा पहनना प्रारंभ कर दिया। उत्तराखंड की सीमाओं से लगती उत्तर प्रदेश की सीमाओं पर बनी कोतवालियों और थाने पर तेजतर्रार इंस्पेक्टरों और दरोगाओं की तैनाती की जाने लगी और इसका सीधा असर दिखाई देने लगा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश और अन्य जनपदों के कुख्यात डकैत और लुटेरे या तो पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने लगे या फिर उन्हे गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया गया।



उत्तराखंड पुलिस के मुखिया के तौर पर कार्यभार संभालने वाले तेज तर्रार आईपीएस अधिकारियों निवर्तमान पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार और प्रदेश के कार्यवाहक डीजीपी अभिनव कुमार ने कार्यभार संभालते ही बदमाशों को खुली चुनौती दी। अशोक कुमार ने तो अपने कार्यकाल में स्पष्ट कहा था कि बदमाश या तो प्रदेश छोड़कर चले जाए या फिर यमराज से मिलने को तैयार रहे। इसी चेतावनी को कार्यवाह पुलिस महानिदेशक रहे अभिनव कुमार ने भी दोहराया। उन्होंने भी पदभार संभालते हुए मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए दो टूक शब्दों में कहा था कि उत्तराखंड में अपराधियों और उनकों पनाह देने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने साफ तौर पर कहा था कि अपराधियों को या तो कानून के दायरे में आना होगा या फिर परिणाम भुगतने को तैयार रहे।

DREAMERS EDUHUB LTD.

# DREAMERS
EDU HUB

# ऐतिहासिक सफलता

एक माह में 35 और
एक दिन में 6 Selections देकर रचा इतिहास...

अब तक 300 से ज्यादा देश सेवा के लिए सैन्य अधिकारी दे चुका है 'ड्रीमर्स'




## NDA-CDSE:2025 RECOMMENDED FROM

ANURAG PANDEY – 11 SSB ALLAHABAD
KAMAL SINGH – 11 SSB ALLAHABAD
HIMANSHU GUNAVAT – 12 SSB BENGALURU, 1 AFSB DEHRADUN
PRINCE MEHRA – 19 SSB ALLAHABAD
ABHISHEK DANDOTIYA – 18 SSB ALLAHABAD
NIKUNJ KHANNA – 19 SSB ALLAHABAD
KASAK MEHRA – 33 SSB BHOPAL
NISHITA – 12 SSB BENGALURU
RAKESH NAIK – 11 SSB ALLAHABAD
PRASHANT UPADHYAY – 34 SSB ALLAHABAD
SUKHPREET – 34 SSB ALLAHABAD
PARMEET KAUR – 33 SSB BHOPAL
BHAWNA – 11 SSB ALLAHABAD
AYUSH – 32 SSB JALANDHAR
SUMANT RAI – 17 SSB BENGALURU
PRIYANSHU – 22 SSB BHOPAL
TUSHAR YADAV – 18 SSB ALLAHABAD
SANKALP – 31 SSB BHOPAL
NILESH DABRAL – 31 SSB JALANDHAR
MALVIKA MAROLIA – 4 AFSB VARANASI
RANVIJAY RATHORE – 4 AFSB VARANASI
EALEEN – 4 AFSB VARANASI
ANURAG – 5 AFSB GUWAHATI
MEGHA MALVI – 4 AFSB VARANASI
ATUL DAHIYA – 1 AFSB DEHRADUN
SAKSHAM YADAV – 5 AFSB GUWAHATI
ADITYA TRIPATHI – 4 AFSB VARANASI
ANIMESH NARAYAN – 4 AFSB VARANASI
SANKET SARANGI – 22 SSB BHOPAL
RAZA MURAD – 21 SSB BHOPAL
LAVIT – NSB VISAKHAPATNAM
ADARSH RAI – NSB VISAKHAPATNAM
KULDEEP – 5 AFSB GUWAHATI
NIKHIL PANDEY – 5 AFSB GUWAHATI
AJAY POONIA – NSB VISAKHAPATNAM

## ADMISSIONS OPEN : 2026-27
# NDA-CDSE-SSB

'ड्रीमर्स' देश का सबसे सफल कोचिंग संस्थान।
सीटें सीमित हैं, आज ही अपनी सीट सुरक्षित करें

## DREAMERS EDU HUB
DEHRADUN | SIKAR | LUCKNOW | JHUNJHUNU
H.O.: J.K. Tower, Sahastradhara Road, Dehradun (U.K.)

9429691488
9429691072
9403891887
(www.doondefencedreamers.com)

SCAN FOR DETAIL